सचित्र
औपपातिक सूत्र

(चतुर्दश पूर्वधर स्थविर प्रणीत प्रथम उपांग)

मूल पाठ, हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद, विवेचन तथा रंगीन चित्रों सहित

❖ प्रधान सम्पादक ❖

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज के सुशिष्य

उपप्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

❖ सह-सम्पादक ❖

श्रीचन्द सुराना 'सरस'

पद्म प्रकाशन

पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

सचित्र आगममाला का तेरहवाँ पुष्प

■ सचित्र औपपातिक सूत्र (प्रथम उपाग)

■ **प्रधान सम्पादक**
उपप्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

■ **सह-सम्पादक**
श्रीचन्द सुराना 'सरस'

■ **अंग्रेजी अनुवादक**
सुरेन्द्र बोथरा, जयपुर

■ **संशोधन**
राजकुमार जी जैन, दिल्ली

■ **प्रथमावृत्ति**
वि स २०५९, चैत्र
ईस्वी सन् २००३, अप्रैल

■ **चित्रांकन**
डॉ त्रिलोक शर्मा

■ **प्रकाशक एव प्राप्ति-स्थान**
पद्म प्रकाशन
पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

■ **मुद्रण-व्यवस्था**
सजय सुराना
श्री दिवाकर प्रकाशन
ए-७, अवागढ हाउस, एम जी रोड, आगरा-२८२ ००२
दूरभाष (०५६२) २१५११६५

■ **मूल्य**
छह सौ रुपया मात्र (६००/- रुपये)

ILLUSTRATED

AUPAPATIK SUTRA

(THE FIRST UPANGA WRITTEN BY A CHATURDASH PURVADHAR STHAVIR)

Original Text with Hindi and English Translations, Elaboration and Multicoloured Illustrations

❖ EDITOR-IN-CHIEF ❖

Up-pravartak Shri Amar Muni

(The Disciple of Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra ji M.)

❖ ASSOCIATE-EDITOR ❖

Srichand Surana 'Saras'

PADMA PRAKASHAN

PADMA DHAM, NARELA MANDI, DELHI-110 040

THE THIRTEENTH NUMBER OF THE ILLUSTRATED AGAM SERIES

- ILLUSTRATED AUPAPATIK SUTRA
  (The First Upanga)

- *Editor-in-Chief*
  Up-pravartak Shri Amar Muni

- *Associate-Editor*
  Srichand Surana 'Saras'

- *English Translator*
  Surendra Bothara, Jaipur

- *Copy Editing*
  Raj Kumar Jain, Delhi

- *First Edition*
  Chaitra, 2059 V
  April, 2003 A D

- *Illustrator*
  Dr Trilok Sharma

- *Publisher and Distributor*
  Padma Prakashan
  Padma Dham, Narela Mandi, Delhi-110 040

- *Printer*
  Sanjay Surana
  Shree Diwakar Prakashan
  A-7, Awagarh House, M G Road, Agra-282 002
  Phone (0562) 2151165

- *Price*
  Six Hundred Rupees only (Rs 600/-)

राष्ट्रसन्त पूज्य गुरुदेव
उत्तर भारतीय प्रवर्तक
भण्डारी श्री पद्मचन्द जी म.
की दीक्षा हीरक जयन्ती
के उपलक्ष्य में
सादर समर्पित
गुरुदेव का
चरण-चंचरीक
अमर मुनि
(उप प्रवर्तक)

प्रकाशकीय

हमारे मार्गदर्शक, प्रेरणा स्रोत, राष्ट्रसन्त गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म फरमाते थे– "जिसके काम मे कठिनाइयाँ नही आती उसे काम करने का आनन्द भी नही मालूम । काम करने का आनन्द उसे ही आता है, जो हर कठिनाई को साहस के साथ पार कर जाता है।"

उप प्रवर्तक श्री अमर मुनि जी म भी ऐसे ही साहसी और सकल्पबली सत है, जो हर कठिनाई से जूझना जानते है और कठिनाईयो पर विजय पाना भी सीखा है। जब से आपश्री ने सचित्र आगम प्रकाशन का महान कार्य प्रारम्भ किया, इस शुभ काम मे अनेक कठिनाईयाँ आईं, समस्याएँ आयीं। बहुत लोगो ने निराशा और हतोत्साह की बाते की। किन्तु आपश्री ने अपना एक ही सकल्प दोहराया, "मुझे मेरे गुरुदेव ने आज्ञा दी है, कि जिनवाणी के प्रचार–प्रसार मे अपना जीवन लगा दे। ससार मे सच्चे ज्ञान का प्रकाश करने के समान दूसरा कोई काम नही है। तब से मैने यह काम हाथ मे लिया है और इसे जीवन भर करते रहना है। जिन्होने प्रेरणा दी है, आज्ञा दी है वे इसे पूरा करने की शक्ति भी देगे।"

हमे प्रसन्नता है और गौरव भी है कि गुरुदेव श्री अमर मुनि जी के प्रबल पुरुषार्थ और दृढ सकल्प बल के सहारे अब तक हमने बत्तीस सूत्रो के प्रकाशन की योजना मे लगभग आधे से ज्यादा सत्रह सूत्रो का काम सम्पन्न कर लिया है। अब तक चार मूल सूत्र (उत्तराध्ययन, दशवैकालिक, नन्दी व अनुयोगद्वार), आचाराग, ज्ञाताधर्मकथा, उपासगदशा, अन्तकृद्दशा, अनुत्तरौपपातिकदशा, रायपसेणिय सूत्र, उववाइय सूत्र, निरयावलिया (पाँच सूत्र) विपाक श्रुत यो कुल १७ आगमो का कार्य सम्पन्न हो रहा है। तथा आगे भी हमारा कार्य इसी उत्साह के साथ चलता रहेगा, यह विश्वास है।

सचित्र आगमो का प्रकाशन देश–विदेश मे सर्वत्र प्रशसा व आदर प्राप्त कर रहा है। जो लोग शास्त्र के नाम से डरते थे वे भी अब इनका पठन–पाठन करने मे रुचि ले रहे हैं और पढकर प्रसन्नता प्रकट करते है। आगमो का गहन भाव व कठिन शब्दो को अग्रेजी माध्यम से वे लोग बडी सरलता के साथ समझ लेते है।

हम यही चाहते है, कि इस जिनवाणी को प्रत्येक व्यक्ति श्रद्धा और भक्ति भाव पूर्वक पढे और पढकर जीवन को उच्च आदर्शो की ओर मोडे।

इस शुभ कार्य मे गुरुदेव की प्रेरणा और प्रभाव से सहयोगी जुट रहे है और जुटते रहेगे। शुभ भावना पूर्वक किये शुभ कार्य मे कभी कोई कमी नही आती, इस विश्वास के साथ हम पाठको के हाथों मे यह आगम प्रस्तुत कर रहे है।

महेन्द्रकुमार जैन
अध्यक्ष
पद्म प्रकाशन

PUBLISHER'S NOTE

Rashtra Sant Gurudev Bhandari Shri Padma Chandra Ji M., our guide and source of inspiration, used to say—"He who does not face difficulties in doing a work remains ignorant of the joy of working. Only he enjoys working who bravely crosses every hurdle."

Up-pravartak Shri Amar Muni Ji M. is one such brave and resolute *Sant* (sage) who knows how to tackle a problem and win over it. Since his launching this great project of publication of *Illustrated Agams* he has come across many problems and difficulties. Many a people tried to discourage him and painted gloomy pictures. But on every such occasion he just reiterated his singular resolve—"My Gurudev has commanded me to devote my life to the mission of popularizing and spreading *Jinavani* (the sermon of the *Jina*). In this world there is nothing more important than spreading the light of true knowledge. Since that day I have taken up this mission and this endeavour will continue till I breathe my last. He who has inspired and commanded me will also provide the strength to accomplish the mission."

We take pleasure and pride in conveying that with the help of the unwavering perseverance and resolve of Gurudev Shri Amar Muni Ji we have successfully completed the publication of seventeen *Sutras*. This is more than half of the planned project of thirty two *Sutras*.

In this project, work on the following seventeen *Agams* has been completed—Four *Mool Sutras* (*Uttaradhyayana Sutra, Dashavaikalika Sutra, Nandi Sutra,* and *Anuyoga Dvar Sutra*), *Acharanga Sutra, Jnata Dharma Katha, Upasak-dasha, Antakrid-dasha, Anuttaropapatik-dasha, Rajaprashniya Sutra, Aupapatik Sutra, Niryavalika* (5 Sutras), and *Vipaak Sutra*. We are confident that our efforts will continue unabated in future.

The publication of *Illustrated Agams* is being lauded in the country as well as outside the country. Those who avoided even talking about scriptures are now taking interest in reading and teaching these. They express their joy and contentment after reading these editions. With the help of English rendering it has become easy for them to understand the profound and complex ideas discussed in *Agams*.

It is our earnest desire that everyone reads the sermon of the *Jina* with reverence and devotion and steers his life towards lofty ideals.

With the influence of and inspiration from Gurudev this auspicious mission is drawing assistance from all directions and will continue to do so. With the confidence that a pious deed done with pious feelings is never impeded, we present this *Agam* to our readers.

Mahendra Kumar Jain
PRESIDENT
Padma Prakashan

स्वकथ्य : प्रस्तावना

जैन आगम साहित्य का भारतीय साहित्य मे विशिष्ट स्थान है। केवल अध्यात्म एव तत्त्वज्ञान की दृष्टि से ही यह महत्त्वपूर्ण नही है, किन्तु प्राचीन भारत की सामाजिक व्यवस्था व सास्कृतिक सम्पदा को समझने के लिए, विभिन्न धार्मिक परम्पराओ व विचार धाराओ के परिज्ञान के लिए भी इसका अपना महत्त्व है। बिना जैन आगमो का अध्ययन किये, भारतीय धर्म व सस्कृति का अध्ययन अधूरा ही रहता है।

उपाग नाम की सार्थकता

प्राचीनकाल मे अर्थात् भगवान महावीर की उपस्थिति मे आगमो के दो प्रकार के वर्गीकरण थे। एक, पूर्व और अग। पूर्वो का अध्ययन विशिष्ट बुद्धिसम्पन्न, विशेष उपधान तप करने वाले श्रमण करते थे। अगो का अध्ययन सभी श्रमणो के लिए आवश्यक था। दूसरा, अग प्रविष्ट तथा अग बाह्य। अंग प्रविष्ट आगमो मे दृष्टिवाद सहित १२ अग सूत्रो की गणना थी, शेष सभी आगम अग बाह्य थे। भगवान महावीर निर्वाण के पश्चात् आगमो का जब सकलन हुआ तो उसका वर्गीकरण एक भिन्न प्रकार से किया गया। अग आगम तथा उपाग आगम। इसके पश्चात् मूल व छेद के रूप मे भी आगमो की सूची बनाई गई।

अग सूत्र बारह थे, किन्तु दृष्टिवाद लुप्त होने के पश्चात् ग्यारह अग ही विद्यमान रहे। उपांगो की सख्या बारह है। 'उपाग' शब्द से यह सूचित होता है कि इनका अगो के साथ सम्बन्ध है, किन्तु वास्तविक़ता यह है कि अगो व उपागो की विषय वस्तु मे परस्पर कोई सम्बन्ध या पूरकता जैसी बात नही है। उपागो का विषय प्राय स्वतत्र ही है। फिर इन्हे उपाग क्यो कहा गया ? यह चिन्तन का विषय है।

आगमो के टीकाकार आचार्यो के मतो का समीक्षण करके व उनके विषय को समग्र रूप मे हृदयगम करके आगमो के गम्भीर ज्ञाता और विशिष्ट व्याख्याता आचार्य श्री आत्माराम जी म ने लिखा है, कि "अगो के साथ उपागो का प्रत्यक्ष रूप मे भले ही कोई तार्किक सम्बन्ध न लगता हो, किन्तु उनकी विषय वस्तु को विशद रूप मे व विस्तार पूर्वक प्रस्तुत करने की दृष्टि से अगो के साथ उपागो का परोक्ष सम्बन्ध जुडा है। इसलिए आचार्यो ने एक–एक अग का एक–एक उपाग निश्चित किया है।"

आचारांग सूत्र प्रथम अग है और उसका उपाग है उववाइय सुत्त (औपपातिक सूत्र)। प्रत्यक्ष रूप मे आचारांग का विषय गहन अध्यात्म, अहिंसा, सयम, सम्यक्त्व आदि से सम्बन्धित है, जबकि औपपातिक में विविध विषयो का विस्तार पूर्ण वर्णन है। आचाराग सूत्रात्मक शैली मे है। छोटी–छोटी वाक्य रचना है। जबकि औपपातिक के सूत्र विस्तृत है एवं लम्बे–लम्बे समासान्त पाठ है। किन्तु गहराई से विचारने पर आचारांग सूत्र का उत्थान जिस विषय से हुआ है वह है–

एवमेगेसिं णो णायं भवति–
अत्थि मे आया ओववाइए
णत्थि मे आया ओववाइए

कुछ मनुष्यो को यह ज्ञात नही होता, मेरी आत्मा उपपात (पुनर्जन्म) लेने वाली है अथवा मेरी आत्मा पुनर्जन्म लेने वाली नही है।

इसी आदि सूत्र वचन का विस्तार सम्पूर्ण औपपातिक सूत्र मे दृष्टिगोचर होता है। औपपातिक शब्द ही आचाराग के साथ इस उपाग का सम्बन्ध सूचित करता है। आचार्य अभयदेव सूरि अपनी वृत्ति मे लिखते हैं–**उपपतनं उपपात**·। **देव–नारक–जन्म–सिद्धि गमनं च। अतः तमधिकृत्य कृतमध्ययनमौपपातिकम्**–उपपात का अर्थ है उत्पत्ति या जन्म। देवता, नारक, मानव आदि का जन्म तथा आत्मा का सिद्धिगमन, यह सब विषय 'उपपात' शब्द से ग्रहीत होते है। अत उपपात का विषय जिसमें है, वह औपपातिक सूत्र है।

इस प्रकार विषय का आन्तरिक विश्लेषण करने पर प्रथम अग आचाराग के साथ इस उपाग का सीधा सम्बन्ध सिद्ध हो जाता है।

प्रतिपाद्य विषय

औपपातिक सूत्र के दो विभाग है–प्रथम, समवसरण तथा दूसरा, उपपात।

प्रथम समवसरण विभाग मे भगवान महावीर का, उनके परम भक्त राजा कूणिक का, चम्पानगरी का, कूणिक की दर्शन यात्रा एव भगवान के श्रमणो का तथा भगवान की देशनान्तर्गत बारह प्रकार के तपो का अत्यन्त विस्तार के साथ वर्णन है। यह वर्णन बडा ही रोचक शैली व साहित्यिक अलकार पूर्ण भाषा मे है।

चम्पापति कूणिक का वर्णन इस सूत्र मे भी है और निरयावलिका मे भी। हमने निरयावलिका के परिशिष्ट में श्रेणिक एव कूणिक से सम्बन्धित पूरा वर्णन दिया है। अत यहाँ इस विषय मे अधिक कुछ नहीं लिखा है।

दूसरे विभाग मे उपपात–अर्थात् किसका जन्म कहाँ होगा। इस विषय पर गणधर गौतम की जिज्ञासा का समाधान करते हुए विविध प्रकार के मनुष्यो के स्वभाव, शील व आचार का वर्णन करके उसके अनुसार उनका आगामी भव कहाँ होगा। उनकी आत्मा किस गति मे उत्पन्न होगी, इस जिज्ञासा का समाधान है। यह विषय बहुत ही विस्तृत है। इसके अन्तर्गत उस युग मे विविध प्रकार का तप करने वाले परिव्राजको के विभिन्न मतो व शाखाओ का बडा ऐतिहासिक रोचक वर्णन है। पता चलता है, उस युग में परिव्राजक के रूप मे कितने तपस्वी, किस प्रकार का आचार–विचार रखते थे। किस प्रकार की साधना करते थे। परिव्राजकों की विभिन्न शाखाओ का जितना विस्तृत वर्णन इस सूत्र मे है, इतना विस्तृत वर्णन तो परिव्राजको की मूल वैदिक परम्परा के किसी प्राचीन ग्रन्थ मे देखने को भी नही मिलता।

अम्बड परिव्राजक व उसके सात सौ शिष्यो के आचार का वर्णन पढने से लगता है, यह परिव्राजक परम्परा श्रमण परम्परा के बहुत ही नजदीक थी एव इसके साथ इनका घनिष्ट सम्बन्ध रहा है। आचार मे कुछ भिन्नता होते हुए भी वे परिव्राजक भगवान महावीर को ही अपना आराध्य देव मानते है, उन्ही की शरण लेते है और उनके द्वारा प्ररूपित आचार के बहुत से नियमो का दृढता के साथ पालन करते है।

भगवान महावीर ने भी अम्बड परिव्राजक को श्रेष्ठ तपस्वी माना है और अगले भवो मे मोक्ष जाने की घोषणा भी की है। भगवान महावीर के प्रति उसकी अडिग आस्था थी, श्रद्धा थी। अम्बड अनेक प्रकार की चमत्कारी लब्धियो का धारक था। अवधिज्ञानी था और औद्देशिक–नैमित्तिक आहार नहीं लेता था।

पता चलता है, यह परिव्राजक परम्परा निर्ग्रन्थ परम्परा एवं वैदिक परम्परा के बीच की कोई कडी थी, जो आज प्राय· लुप्त हो चुकी है, परन्तु उस युग में बहुत व्यापक प्रचार व प्रभाव था इसका।

इसके साथ ही आजीवको का, निन्हवो का, केवलि समुद्घात का तथा सिद्धो का बहुत ही रोचक वर्णन इस सूत्र में है।

वर्णन शैली

इस सूत्र की वर्णन शैली प्राय· सभी आगमो से भिन्न विशिष्ट प्रकार की है। जिस विषय का वर्णन किया है उसका सर्वांग यथार्थ वर्णन है। जैसे भगवान महावीर के शरीर–सौष्ठव का वर्णन, चम्पानगरी का वर्णन, उद्यान का वर्णन, कूणिक राजा की दर्शन यात्रा का वर्णन आदि। इतना विस्तृत वर्णन, इतनी उपमाएँ, इतना भाषा सौन्दर्य अन्यत्र देखने मे नही मिलता। यही कारण है कि भगवती जैसे अग सूत्रो मे भी जहा उववाइए कहकर इस वर्णन को महत्त्व दिया है। आगमो मे नगर, उद्यान, राजा आदि के वर्णन मे वण्णओ– सक्षिप्त सूचन करके उववाइय सूत्रानुसार समझने की सूचना, इस सूत्र का महत्त्व सिद्ध करती है।

मूल आधार

मैने औपपातिक सूत्र का अनुवाद/विवेचन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा है कि जहाँ भी कोई कठिन पारिभाषिक शब्द आया है, उसका सरल भावानुवाद या संक्षिप्त परिभाषा वहीं दे दी जाय, जिससे पाठक उस शब्द का परम्परागत अर्थ व भाव सम्यक् रूप मे शीघ्र समझ सके। इससे विवेचन अलग लिखने की भी आवश्यकता नही रही।

इस सम्पादन मे मैने तीन प्रतियो का मुख्य आधार लिया है–(१) आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर का उववाइय सूत्र, सूत्र सख्या व मूल पाठ इसी का मान्य रखा है, (२) आचार्य अभयदेव सूरि कृत टीका आगमोदय समिति द्वारा प्रकाशित, तथा (३) आचार्य श्री घासीलाल जी म कृत सस्कृत हिन्दी टीका। अनेक पारिभाषिक शब्दो के स्पष्टीकरण मे यह टीका सहायक बनी है। अत यहाँ उक्त आगमो के सम्पादको व प्रकाशको के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

मेरे जीवन मे जिनवाणी के प्रति अडिग आस्था–विश्वास व अध्ययन करने की जिज्ञासा जगाने मे मेरे परम श्रद्धेय गुरुदेव उ भा प्रवर्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म का अविस्मरणीय उपकार है। उनके उपकारों के प्रति आभार प्रकट करना तो मात्र एक औपचारिकता होगी। सचित्र आगम प्रकाशन के कार्य मे सतत प्रेरणा देने मे उप प्रवर्तिनी श्री आज्ञावती जी म एव तपाचार्या श्री मोहन माला जी म. आदि का योगदान भी स्मरणीय है। सम्पादन व चित्राकन–प्रकाशन का दायित्व निभाने मे श्रीचन्द जी सुराना, अग्रेजी अनुवाद मे श्री सुरेन्द्र जी बोथरा व सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन का सहयोग तो सदा मिलता ही रहा है। साथ ही अनेक गुरुभक्त आगम प्रेमी दाताओ ने खर्चीले प्रकाशन कार्य का दायित्व सदैव की भाँति निभाया है। उन सबका सहयोग इस कार्य मे जुडा है। मै सभी के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

पाठक पूर्ण शुद्धता व यतनापूर्वक आगमो का स्वाध्याय करेंगे, इसी आशा के साथ · · ।

–उपप्रवर्त्तक अमर मुनि

FROM THE EDITOR'S PEN

Jain *Agamic* literature occupies a special position in Indian literature. It is important not only from the spiritual and philosophical angle but also from the angle of understanding ancient Indian social systems and cultural heritage as well as acquiring information about various diverse religious traditions and schools Without the study of Jain *Agams* the study of Indian religions and culture remains incomplete

RELEVANCE OF THE TERM UPANGA

In ancient times or during Bhagavan Mahavir's period there were two classifications of *Agams* First of which was *Purvas* (the subtle canons numbering fourteen) and *Angas* The *Purvas* were studied by exceptionally accomplished and endowed *Shramans* who indulged in special austerities and meditation The study of *Angas* was compulsory for all *Shramans* The second classification was *Anga Pravisht* (*Angas* proper) and *Anga Bahya* (other than the *Angas*) *Anga Pravisht* (*Angas* proper) *Agams* included twelve *Anga Sutras* inclusive of *Drishtivad* All the remaining *Agams* were *Anga Bahya* (other than the *Angas*) After the nirvana of Bhagavan Mahavir when *Agams* were re-compiled they were classified in a different way—*Anga Agam* (*Angas* proper) and *Upanga Agam* (Auxiliary *Angas*) Sub-categories like *Mool* and *Chhed* were evolved at a later date

As stated, originally there were twelve *Anga Sutras* However, with the extinction of *Drishtivad* only eleven *Angas* were extant The number of *Upangas* is twelve The term '*Upanga*' (auxiliary parts) implies that these texts are connected with *Angas* But there is no apparent mutual relationship or complementary nature in the subject matter of *Angas* and *Upangas* The *Upangas* mostly deal with independent subjects Why then they were called *Upangas* (auxiliary parts) ? This is a matter worth consideration

After reviewing the opinions of the commentator *acharyas* and comprehensively studying the contents of *Agams*, Acharya Shri Atmaram ji M., a profound scholar and distinguished commentator in his own right, has stated—"On a cursory look there is no apparent and logical relationship of *Upangas* with *Angas* But there certainly is an indirect relationship from the angle of a detailed and elaborate presentation of the themes of the *Agams* That is why past *acharyas* have assigned one *Upanga* to each *Anga* "

Acharanga Sutra is the first *Anga* and its *Upanga* is *Uvavaiya Sutta* (*Aupapatik Sutra*) On a cursory glance the subject matter of *Acharanga* is related to profound themes like spiritualism (*adhyatma*), ahimsa, ascetic-discipline (*samyam*), and righteousness (*samyaktva*) whereas *Aupapatik* contains elaborate descriptions of a number of varied things. *Acharanga* is in aphoristic style (*sutratmak shaili*) with short structured and non-descriptive sentences whereas *Aupapatik Sutra* contains extremely long and descriptive sentences. But on a serious contemplation we find that the introductory theme of *Acharanga* is —

'Some people are not aware of the fact Is my soul destined to reincarnate (*upapat*) ? Or is my soul not destined to reincarnate ?'

The elaboration of this introductory aphorism can be seen in the whole *Aupapatik Sutra* The title *Aupapatik* itself informs about the connection of this *Upanga* with *Acharanga* Acharya Abhayadev Suri writes in his commentary (*Vritti*)—

"*Upapat* means origination or birth The birth of a god, an infernal being, a human being and others as also the passage of soul to the status of *Siddha* (liberated soul), all these are covered by the term *upapat* Therefore, that which deals with the subject of *upapat* is called *Aupapatik Sutra* "

Thus on deeper analysis of the subject matter contained, the direct relationship between *Acharanga*, the first *Anga*, and this *Upanga* (*Aupapatik Sutra*) becomes evident

THE CONTENTS

Aupapatik Sutra has two sections—the first is *Samavasaran* and the second is *Upapat*

The first section titled *Samavasaran* contains detailed description of Bhagavan Mahavir, his great devotee king Kunik, Champa city, Kunik's going in procession to behold *Bhagavan*, the *Shraman* disciples of *Bhagavan*, and the twelve kinds of austerities (*tap*) prescribed in *Bhagavan's* sermon This description is in a lucid style and ornamental terminology

Besides *Aupapatik Sutra* the description of king Kunik, the ruler of Champa city, is also available in *Niryavalika Sutra* We have included additional information about king Shrenik and king Kunik as appendix in *Niryavalika* Therefore, detailed elaboration on that topic is not appended here

As its title suggests, the second section deals with *Upapat* or who is born where In reply to the questions of Ganadhar Gautam information about the nature, character, and conduct of different kinds of people has been given along with the destinations of their future birth This covers a wide range of topics and information It contains interesting historical information about different sects and branches of Parivrajaks (mendicants) existing during that period and their different types of penances It reveals details about the conduct of a variety of hermits moving around as Parivrajaks in those days and what kinds of spiritual practices they were involved in Such detailed description of different branches of Parivrajaks is not available even in the ancient scriptures of the *Vedic* tradition to which the Parivrajaks originally belonged

On reading the details about the praxis of Ambad Parivrajak and his seven hundred disciples, it becomes evident that this branch of Parivrajaks had affinity and close association with the *Shraman* tradition Although there were some variations in their conduct, they still considered Bhagavan Mahavir as the object of their worship They took refuge unto him and strictly followed many of the codes of conduct propagated by him

Bhagavan Mahavir has also recognized Ambad Parivrajak as an accomplished hermit and announced that he will attain liberation after some births Ambad had immense respect for and unwavering faith in Bhagavan Mahavir He was endowed with numerous miraculous powers He possessed *Avadhi-jnana* (extrasensory perception of the physical dimension, something akin to clairvoyance) and he did not accept food specifically prepared for him

These evidences indicate that the Parivrajak tradition was some long lost link between the *Nirgranth* (Jain) tradition and the *Vedic* tradition Although it is almost extinct now, it was highly influential and wide spread during that period

Besides this, *Aupapatik* contains very interesting details about Ajivak sect, *Nihnavas, Kevali Samudghat*, and *Siddhas*

STYLE OF DESCRIPTION

This *Sutra* has a unique style of description, very different from almost all other *Agams* It contains realistic description of every topic it touches Some examples are—the physical excellence of Bhagavan Mahavir's body, Champa city, garden, king Kunik's procession, etc Such elaborate description, so many metaphors, and such lucid language is

hardly seen anywhere else. That is the reason that even *Anga Sutras* like *Bhagavati Sutra* have recognized the style of description by stating '*jaha uvavaiye*' or 'as in *Aupapatik*'. While describing a city, a garden or a king almost every *Agam* just briefly mentions '*vannao jaha uvavaiye*' or 'description should be read as mentioned in *Aupapatik*'. This confirms the importance of this *Sutra*.

ORIGINAL SOURCES

While translating and elaborating *Aupapatik Sutra* I have taken special care that wherever a difficult technical term appears, its simple explanatory definition is given alongside This facilitates the reader to understand properly the traditional meaning and sense at once This also considerably reduced the need of giving separate elaborations.

While editing this edition I have taken three books as authentic sources—(1) *Uvavaiya Sutra* published by Agam Prakashan Samiti, Beawar (Prakrit text and aphorism number taken from this edition). (2) *Tika* by Acharya Abhaya Dev Suri, published by Agamodaya Samiti. (3) Sanskrit and Hindi *Tika* by Acharya Shri Ghasi Lal ji M. These commentaries (*Tika*) have been of immense help in elaborating many technical terms As such, I express my gratitude for the editors and publishers of these works

The blessings of my revered Gurudev, Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padmachandra ji Maharaj, have been the source of my unwavering faith and belief in the sermon of the *Jina*; it was he who instilled in me the curiosity for studying the same It would, indeed, be just a formality to express my indebtedness to him. I also acknowledge the contribution of Up-pravartini Shri Ajnavati ji M and Tapacharyaa Shri Mohan Mala ji M and others for their continued encouragement and support for this *Illustrated Agam* publication project. I have been continuously getting cooperation of Shri Shrichand Surana 'Saras' in editing, illustrating and publication and that of Shri Surendra Bothara and Sushravak Shri Raj Kumar Jain in English translation. Besides these, many devotees and *Agam* lovers have borne the financial responsibility of this expensive project. I once again express my heartfelt gratitude for all those who have contributed in any way towards the publication of this work

With the hope that readers will study these *Agams* sincerely, piously and carefully —

—Up-pravartak Amar Muni

अनुक्रमणिका

CONTENTS

उपपात वर्णन — **Description of Upapat**

परिशिष्ट / Appendix

सचित्र

औपपातिक सूत्र

ILLUSTRATED

AUPAPATIK SUTRA

सुयथेरमुणिपणीअं पढमं उवंगं

उववाइयसुत्तं

*

श्रुतस्थविरमुनिप्रणीत प्रथम उपाङ्ग

औपपातिकसूत्र

The First Upanga Created By Accomplished Senior Ascetics

AUPAPATIK SUTRA

श्रुत स्थविरमुनिप्रणीत प्रथम उपाङ्ग
औपपातिकसूत्र

उपोद्घात

औपपातिकसूत्र प्रथम उपाग है। (जैन परम्परा के बारह आधारभूत ग्रन्थो को अग कहते है। श्वेताम्बर परम्परा के अनुसार इनमे से ग्यारह विद्यमान है और एक लुप्त हो गया है। अगो के सहायक आगम उपाग कहे जाते है।) अगो मे जो स्थान आचारागसूत्र का है, उपागो मे वही स्थान औपपातिकसूत्र का है। इसकी शैली वर्णन-प्रधान तथा भाषा उच्च साहित्यिक समास बहुल है। इसके दो विभाग है-(१) समवसरण, तथा (२) उपपात। आचार्य अभयदेव सूरि ने 'उपपात' का अर्थ प्रकट करते हुए लिखा है-"इसमे देव-नरक गति मे जन्म (उपपात) तथा सिद्धिगमन का वर्णन होने से इसका नाम औपपातिक है।"

इस आगम की सबसे बडी विशेषता है कि जिन विषयो का वर्णन हुआ है, वह पूर्ण विस्तार के साथ और बडी सुललित भाषा मे हुआ है। एक से एक श्रेष्ठ और सुन्दर उपमाओ का भण्डार है। पढते-पढते ऐसा लगता है कोई महाकाव्य पढ रहे है। इतना विस्तृत सुन्दर वर्णन अन्य किसी आगम मे नही है, यही कारण है कि प्रज्ञापना तथा भगवती जैसे आगमो मे भी **'जहा ओववाइए'** कहकर प्रस्तुत सूत्र का वर्णन जानने की सूचना दी गई है। भगवान महावीर के शरीर का नख से शिख तक सम्पूर्ण अगोपागो का विविध उपमाओ द्वारा जितना लालित्यपूर्ण वर्णन यहाँ है, अन्यत्र कही नही है।

इस सूत्र का आरम्भ अग देश की राजधानी चम्पा नगरी के नगर-सौन्दर्य वर्णन तथा राजा कूणिक के बल-वैभव तथा उसकी धारिणी रानी का वर्णन करके फिर चम्पा मे भगवान के पधारने के वर्णन के साथ होता है।

SHRUT-STHAVIR-MUNIPRANEET PRATHAM UPANGA

AUPAPATIK SUTRA

(The First Upanga Created By Accomplished Senior Ascetics)

INTRODUCTION

Aupapatik Sutra is the first among the *Upangas* (the auxiliary explanatory works to the twelve *Angas* or the main corpus of the Jain canonical texts This consists of twelve treatises having the group name *Anga* Eleven of these are extant according to the Shvetambar tradition) *Aupapatik Sutra* occupies the same position among the *Upangas* that *Acharanga* occupies among the *Angas* It is mainly a descriptive narrative composed in highly ornamental and literary style It has two sections—(1) *Samavasaran*, and (2) *Upapat*. Explaining the title *'Upapat'* Acharya Abhayadev Suri mentions—"As it contains the description of instantaneous births (*upapat*) in divine and infernal dimensions, as also of attaining the *Siddha* status, it is called *Aupapatik* "

The most important attribute of this *Agam* is that, no matter what subject has been discussed, it includes all possible details presented in highly ornate and lucid style It abounds in most appropriate and beautiful analogies and metaphors Going through it appears as if one is reading an epic No other *Agam* contains such detailed and beautiful description That is the reason that even in elaborate works like *Prajnapana Sutra* and *Bhagavati Sutra* this work is referred to (*'jaha ovavaie'* or refer to *Aupapatik*) at places where descriptions are needed The vivid and ornate description of each and every limb and part of the body of Bhagavan Mahavir from head to toe, with the help of a variety of fitting metaphors and analogies, is found in no other work but this

This book starts with the description of the beauty of the city of Champa, the capital of Anga state, power and grandeur of king Kunik, beauty of his queen Dharini, and the arrival of Bhagavan Mahavir in Champa

समवसरण अधिकार
SAMAVASARAN ADHIKAR

चम्पा नगरी की शोभा

१. (क) तेणं कालेणं तेणं समएणं चंपा नामं नयरी होत्था, रिद्धत्थिमियसमिद्धा।

पमुइयजण–जाणवया आइण्ण–जणमणूसा।

हल–सयसहस्स–संकिट्ठ–विकिट्ठ–लट्ठ–पण्णत्तसेउसीमा।

कुक्कुड–संडेयगामपउरा, उच्छु–जव–सालि–कलिया, गो–महिस–गवेलगप्पभूया।

१. (क) उस काल–(वर्तमान अवसर्पिणी के चौथे आरे के अन्तिम समय मे) उस समय–(जब आर्य सुधर्मा इस पृथ्वी पर विचर रहे थे) चम्पा नामक नगरी थी। वह धन एव भवनो से ऐश्वर्यशाली थी। शत्रु आदि के भय से सुरक्षित थी तथा व्यापार आदि के कारण बहुत समृद्ध थी।

चम्पा के निवासी नागरिक जन और पूरे जनपद (देश) के निवासी निर्भय तथा सुखी थे। नगरी मे आमोद–प्रमोद–मनोरजन के साधन होने से वहाँ रहने वाले सदा खुश रहते थे। नगर की आबादी बहुत घनी थी।

वहाँ की भूमि बार–बार सैकडो, हजारो हलों द्वारा जोती जाने से मिट्टी, ककर, पत्थररहित मुलायम तथा उपजाऊ थी। किसानो ने अपने खेतो पर मेडे बनाकर सीमा निर्धारित कर रखी थी। इस कारण कभी उनमे विवाद नही होता था।

वहाँ (किसानों व ग्वालो के घरो मे) मुर्गे और तरुण साँडो की बहुलता थी। खेतो में–ईख, जौ तथा धान (शालि) के सुन्दर पौधे लहलहाते रहते थे। गाय और भैसो की बहुलता होने से जनता को दूध–दही आदि का अभाव नही था। भेडे भी बहुत थीं।

THE GRANDEUR OF CHAMPA CITY

1. (a) During that period (end of the fourth section of the current descending cycle of time) of time (when Arya Sudharma was living on this earth) there was a city called Champa. It was opulent both in terms of wealth and architecture. It was well protected against enemies and was affluent due to its commercial activities.

The residents of Champa and the vast population of the country were happy and secure. The citizens were ever cheerful due to the

availability of means of entertainment The city was thickly populated.

Being regularly cultivated with hundreds and thousands of ploughs, the land around was free from dirt, pebbles and rocks as also soft and fertile In order to be free of any disputes, the farmers had systematically demarcated their farms and surrounded them with mud-walls.

There was an abundance of hen and young bulls (in the households of farmers and cowherds) The farms were flush with rich crops of sugar-cane, barley and paddy Due to abundance of cows and she-buffalos there was no shortage of milk and milk products There were large herds of sheep as well

मनोरजन के साधन

१. (ख) आयारवंत–चेइय–जवइ–विविह–सण्णिविट्ठबहुला, उक्कोडियगायगंठिभेयग–भड–तक्कर–खंडरक्ख–रहिया, खेमा, णिरुवद्दवा, सुभिक्खा, वीसत्थसुहावासा अणेग–कोडिकुडुंबियाइण्ण णिव्वुयसुहा। णड–णट्टग–जल्ल–मल्ल–मुट्ठिय–वेलंबग–कहग–पवग–लासग–आइक्खग–मंख–लंख–तूणइल्ल–तुंबवीणिय, अणेगतालायराणुचरिया।

१. **(ख)** नगर के बाहर बडे–बडे सुन्दर उद्यान थे तो नगर मे तरुण युवतियो के अनेक कलात्मक भव्य भवन बने थे। वहाँ रिश्वतखोरो, गिरहकटो, बदमाशो, चोरो, बटमारो तथा खण्डरक्षको (चुगी वसूल करने वालो) का कोई भय नही था। इस कारण वहाँ के नागरिक सुख–शान्तिमय तथा उपद्रवशून्य थे। भिक्षुको को वहाँ सुखपूर्वक भिक्षा प्राप्त होती थी। अथवा **सुभिक्खा**–सुभिक्ष–उस देश मे कभी दुष्काल नही पडता था। वहाँ रहने वालो मे परस्पर विश्वास था, इसलिए सभी सुखी, आश्वस्त–भयरहित थे। वहाँ अनेक **कोटि**–भिन्न–भिन्न श्रेणी के, **कौटुम्बिक**–पारिवारिक लोगो की घनी बस्ती थी और सभी सुखी थे। **नट**–नाटक करने वाले, **नर्तक**–नाचने वाले, **जल्ल**–रस्सी आदि पर चढकर कलाबाजी दिखाने वाले, **मल्ल**–पहलवान, **मौष्टिक**–मुक्केबाज, **विडम्बक**–विदूषक, मसखरे, **कथक**–कथा करने वाले, **प्लवक**–उछलने या नदी आदि मे तैरने का प्रदर्शन करने वाले, **लासक**–रासलीला दिखाने वाले, **आख्यापक**–शुभ–अशुभ शकुन बताने वाले, **लंख**–बाँसो पर खेल दिखाने वाले, **तूणइल्ल**–(तूणावन्त) तूणा नामक वाद्य बजाकर आजीविका करने वाले, **तुंब वीणिक**–तूब वीणा–पूँगी बजाने वाले, **तालाचर**–ताली बजाकर मनोरजन करने वाले आदि अनेक प्रकार की आजीविका करने वाले रहते थे।

MEANS OF ENTERTAINMENT

1. (b) The outskirts of the city had large and beautiful gardens. The city proper had many grand and exquisite buildings meant for the youth. There was no fear of bribe-takers, pick-pockets, hooligans, thieves, bandits and octroi-collectors. Therefore, the citizens lead a peaceful and trouble free life Alms were freely available to beggars or there was complete absence of drought in that area The citizens had faith in each other and consequently an atmosphere of general contentment and security prevailed The city was densely populated with families of various status and all were very happy The citizens enjoyed the services of numerous professional entertainers, such as, *Nat* (actors; also acrobats), *Nartak* (dancers), *Jalla* (trapeze artists), *Malla* (wrestlers), *Maushtik* (boxers), *Vidambak* (comedians, clowns or jesters), *Kathak* (story-tellers), *Plavak* (gymnasts), *Lasak* (folk-dancers), *Akhyapak* (augers), *Lankh* (stilt-dancers and pole-acrobats), *Tunailla* (players of a musical instrument called *Tuna*), *Tumb Veenak* (players of drone or snake-charmer's pipe), *Taalaachar* (clappers or those who entertain by clapping) etc

नगर की सुरक्षा–व्यवस्था

१. (ग) आरामुज्जाण–अगड–तलाग–दीहिय–वप्पिण–गुणोववेया, नंदणवण–सन्निभप्पगासा, उव्विद्ध विउल गंभीर खायफलिहा, चक्क–गय–भुसुंढि–ओरोह–सयग्घि जमलकवाड–घणदुप्पवेसा, धणुकुडिल–वंकपागार परिक्खित्ता, कविसीसगवट्टरइय–संठियविरायमाणा।

अट्टालय–चरिय–दार–गोपुर–तोरण–समुण्णयसुविभत्तरायमग्गा।

छेयायरिय–रइयदढफलिहइंदकीला।

विवणि–वणिछित्त–सिप्पियाइण्णणिव्वुयसुहा, सिंघाडग–तिग–चउक्क–चच्चर–पणियावण–विविहवत्थुपरिमंडिया, सुरम्मा।

नरवइपविइण्ण–महिवइपहा, अणेगवरतुरग–मत्तकुंजर–रहपहकर–सीय–संदमाणी–आइण्णजाण–जुग्गा।

विमउल–णवणलिणिसोभियजला, पंडुरवरभवणसण्णिमहिया।

उत्ताणणयण पेच्छणिज्जा पासादीया दरिसणिज्जा, अभिरूवा पडिरूवा।

१. (ग) **(चम्पा नगरी)–आराम**–क्रीडा वाटिका, **उद्यान**–कुएँ, तालाब, बावडी, जल के छोटे–छोटे बाँध आदि से नदनवन जैसी शोभा–सम्पन्न थी। नगर के बाहर चारो तरफ गोलाकार, ऊँची, लम्बी और गहरी खाई थी। शत्रु सेना को रोकने के लिए उसका परकोटा (अवरोध) भींत की दोहरी दीवार से बना था और चक्र, गदा, भुसुडि–पत्थर फेंकने का विशेष अस्त्र (गोफन) जैसे आयुधों से युक्त था। उसके ऊपर **शतघ्नी**–यह महाशिला जैसा शस्त्र होता था जिसके गिराने से सैकडो व्यक्ति दब–कुचलकर मर जाते थे–रखी थी। नगर **गोपुर**–(प्रवेश–द्वार) के कपाट बहुत सुदृढ दुर्भेद्य थे। नगर को किले के समान घेरे यह परकोटा धनुष जैसे वक्र आकार का था। उस परकोटे पर **कपि शीर्षक**–कगूरे बने हुए थे, जिनके छोटे–छोटे छेदों से शत्रु सेना को देखा जा सकता था।

अट्टालक–परकोटे के ऊपर आश्रय स्थान (गुमटियाँ) अट्टालिकाएँ बनी हुई थी। **चरिका**–परकोटे के मध्य मे आठ हाथ चौडा राजमार्ग था। परकोटे के बीच–बीच मे छोटे–छोटे प्रवेश–द्वार बने हुए थे। वह परकोटा–गोपुरों–नगर–द्वारों, तोरणो आदि से सज्जित था। राजमार्ग पर पहुँचने के लिए अनेक छोटे–छोटे मार्ग–गलियाँ सरणियाँ बनी थी।

नगरद्वार की **अर्गला**–(पाटा) और **इन्द्रकील**–(द्वारों को बन्द करने के लिए, भाले जैसी मजबूत नुकीली कीले, डोर बोल्ट) सुयोग्य शिल्पाचार्यो–कारीगरो द्वारा बनाई हुई थी।

नगर के मार्ग **हाट**–(विपणि) **वणिक क्षेत्र**–व्यापार के क्षेत्र–बाजार आदि भीड भरे रहते थे। वहाँ अनेक **शिल्पी**–कुंभार जुलाहे आदि रहते थे जिससे जनता को सुख–सुविधा की वस्तुएँ सुलभ थी। **शृंगाटक**–तिकोने स्थानों, **त्रिक**–तिराहो, चौराहो, **चत्वरों**–जहाँ चार से अधिक रास्ते मिलते हैं, वहाँ पर दुकानें आदि बनी थी, जहाँ सभी वस्तुएँ उपलब्ध थी। दुकानों आदि से बाजार रमणीय लगते थे।

राजा की सवारी निकलने के कारण राजमार्ग पर भीड लगी रहती थी। उस नगर मे अनेक उत्तम घोडे, मदोन्मत्त हाथी, रथो के समूह, **शिविकाएँ**–पालकियाँ, **स्यन्दमानिका**–बडी पालकियाँ, **यान**–गाडियाँ, **युग्म**–डोली जैसे वाहन आदि का जमघट लगा रहता था।

जलाशय विकसित कमलों से शोभित थे। भवन सफेद चूने से पुते हुए अत्यधिक सुन्दर लगते थे।

अत्यधिक सुन्दरता व रमणीयता के कारण वह नगरी अपलक दृष्टि से **प्रेक्षणीय**–देखने योग्य, चित्त को प्रसन्न करने वाली, **दर्शनीय**–एक प्रदर्शनी की वस्तु जैसी थी वह नगरी। वह **अभिरूप**–जैसी सुन्दर होनी चाहिए वैसी ही **प्रतिरूप**–मन को लुभाने वाली थी।

CITY-SECURITY

1. (c) Facilities like *Aaram* (entertainment centers), gardens, wells, ponds, *Bavadi* (a deep and elaborate masonry tank or well with steps down to the water level), and small barrages made the city of Champa as beautiful as *Nandan-van* (the divine garden). The city was surrounded by a circular, high, wide and deep moat. To secure it from any enemy attack there was a high double walled rampart of masonry equipped with weapons like *chakra* (disk-weapon), *gada* (mace) and *bhusundi* (a sling like weapon for throwing stones). Over the wall was placed a *shataghni* (a giant catapult capable of launching large rocks that could crush hundreds of soldiers). The doors of the main gate into the city were extremely strong and impenetrable. This fortification surrounding the city had a bow like complex shape This large bulwark had battlements having small peep-holes from which attacking army could be watched

Cabins were also constructed on this rampart There was also an eight cubit wide pathway in the middle Small windows and gates could be seen all along the rampart. This city wall was made attractive with numerous gates and *torans* (ornamental entrances). There was a network of pathways and streets reaching the highway

The strong latch-chains and door-bolts were made by skilled artisans

The markets and trading centers in the city were always crowded As potters, weavers and many other artisans inhabited the city, all essential merchandise was easily available to the citizens. The city construction included shops and other such structures at triangular avenues and intersections where three, four or more roads met Everything was available in these shops and they enhanced the beauty of the markets

The main road was often crowded due to frequent movement of the king's cavalcade The city remained congested with numerous horses of good breed, majestic elephants, clusters of chariots, a variety of palanquins like *shivika* (small palanquin) and *syandamanika* (large palanquin), and other vehicles including *yugma* (a palanquin shaped vehicle).

Blooming lotuses enhanced the beauty of the ponds in the city The white-washed buildings all around looked extremely beautiful.

The exquisite beauty and glamour of the city was so pleasant and attractive that it drew and held attention of the onlookers. It was ideally beautiful and alluring.

पूर्णभद्र चैत्य

२. (क) तीसे णं चंपाए णयरीए बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए पुण्णभद्दे नामं चेइए होत्था–चिराईए, पुव्वपुरिसपण्णत्ते पोराणे, सद्दिए, वित्तिए, कित्तिए, णाए।

सच्छत्ते, सज्झए, सघण्टे, सपडागे, पडागाइपडागमंडिए, सलोमहत्थे, कयवेयड्डिए, लाउल्लोइयमहिए, गोसीस–सरसरत्तचंदण–दद्दरदिण्ण–पंचंगुलितले, उवचियचंदणकलसे, चंदणघडसुकयतोरणपडिदुवारदेसभाए।

आसत्तोसत्तविउलवट्टवग्घारियमल्लदामकलावे, पंचवण्णसरस–सुरभिमुक्क–पुप्फपुंजोवयारकलिए, कालागुरु–पवरकुंदुरुक्कतुरुक्क–धूव–मघमघंतगंधुद्धुयाभिरामे, सुगंधवरगंधगंधिए, गंधवट्टिभूए।

२. **(क)** उस चम्पा नगरी के बाहर उत्तर–पूर्व दिशा (ईशानकोण) मे पूर्णभद्र नामक एक **चैत्य**–यक्षायतन था। वह बहुत प्राचीनकाल से चला आ रहा था। **पूर्व पुरुष**–अतीत मे हुए बडे–बूढे उसकी प्राचीनता की चर्चा करते थे। दूर–दूर तक उसकी प्रसिद्धि थी। वह **वित्तिक**–वित्तयुक्त–चढावा, भेट आदि के रूप मे प्राप्त सम्पत्ति के कारण धन–सम्पन्न था, अथवा **वृत्तिक**–आश्रित लोगो को उसकी ओर से आर्थिक सहायता दी जाती थी। वह **कीर्तित**–अनेक प्रकार की दन्त–कथाओ के कारण लोगो द्वारा प्रशसित था। वह **ज्ञात**–अपने प्रभाव आदि के कारण विख्यात तथा मान्य था।

वह छत्र, ध्वजा, घण्टा तथा पताकाओ से शोभित था। उस पर छोटी और बडी झण्डियाँ सजी रहती थी। सफाई के लिए वहाँ रोममय मयूर पिच्छियॉ रक्खी थी। वेदिकाएँ बनी हुई थीं। वहाँ का आँगन गोबर आदि से लिपा–पुता था। दीवारे खडियॉ, कलई आदि से पुती हुई थी। दीवारों पर जगह–जगह गोरोचन तथा **सरस**–(गीले) लाल चन्दन के हाथ–पाँचो अगुलियों और हथेली सहित हाथ की छापे लगी थी। चारो ओर चन्दन–कलश–चन्दन से चर्चित मंगल घट रक्खे थे। उसका प्रत्येक द्वार चन्दन–कलशो और तोरणो से सजा था।

चित्र परिचय-१

Illustration No. 1

पूर्णभद्र यक्षायतन

चम्पा नगरी के बाहर ईशानकोण मे पूर्णभद्र नामक यक्ष का एक बहुत प्राचीन मन्दिर है। वहाँ पूर्णभद्र यक्ष की पत्थर की प्राचीन प्रतिमा है। जिस पर सिन्दूर–तैल चढा है। यह चैत्य चारो ओर से अनेक प्रकार के फल फूल वाले सघन छायादार वृक्षो के झुण्डो से घिरा हुआ है।

यक्ष प्रतिमा के समक्ष तरह- तरह की भेट, फल–फूल, मिष्ठान्न, धन सम्पत्ति का चढावा रखा है। धूप-अगरबत्तियाँ आदि जलती रहती है। फूल मालाएँ टँगी है। मगल घट रखे है। मन्दिर पर अनेक झण्डियाँ व पताकाएँ टँगी है।

यहाँ अर्चा-पूजा करने वाले लोगो की भीड लगी रहती है। अनेक भक्त लोग वहाँ चढावा चढाते है। कथावाचक कथा करते है। हर समय प्रसाद बँटता रहता है। भक्तो की लम्बी कतारे लगी रहती है। लोग नाचते-गाते बजाते है। दूर- दूर से लोग अनेक प्रकार की मनोकामना लिय आते रहते है।

- सूत्र २

PURNABHADRA YAKSH TEMPLE

There is an ancient temple of Purnabhadra Yaksh outside the Champa city, in the north-eastern direction In it is an ancient stone image of the deity covered with a paste of vermilion in oil The temple is surrounded by clumps of a variety of dense trees laden with flowers and fruits

Before the *Yaksh* image lie heaps of offerings such as fruits, flowers, sweets, cash and other valuables Incense sticks and powders are burning Flower garlands are hanging all around and auspicious urns are placed Numerous flags and buntings add to its beauty

It is always crowded with devotees and worshipers coming in long queues and offering gifts Story-tellers recite religious tales Offerings are distributed all the time People sing, dance, and play music People from far and near come here to seek boons and get their wishes fulfilled

—*Sutra 2*

यक्षायतन की दीवारो पर ऊपर–नीचे सर्वत्र बडी–बडी गोल तथा लम्बी अनेक पुष्पमालाएँ सजी हुई थी। पाँचों रगो के ताजे फूलो के ढेर के ढेर वहाँ चढाये हुए थे, जिनसे वह बडा रमणीय लगता था। काले अगर, उत्तम कुन्दरुष्क, लोबान तथा धूप की गमगमाती महक से वहाँ का वातावरण बडा सुगधमय था। उठते हुए सुगन्धित धुएँ की सघनता से वहाँ गोल–गोल धुएँ के छल्ले से बन रहे थे।

THE PURNABHADRA CHAITYA

2. (a) Outside the Champa city, in the north-eastern direction there was Purnabhadra *Chaitya* (*Yaksha* temple complex) It existed there since ancient times Elderly people of the past too mentioned of its antiquity. Its fame had spread far and wide It was rich in endowment properties (or, it provided help to the needy) It was praised by people due to a variety of legends attached to it. It was widely recognized for its influence

It was embellished with a canopy, a flag, a bell and banners. Small and large buntings always adorned it For wiping and cleaning, brooms of peacock feathers were placed around Platforms and seats could be seen all around. The floor was plastered with a mixture of cowdung and other ingredients The walls were white-washed with lime. On the walls were printed marks of five fingers or whole palms dipped in *gorochan* and red sandal-wood paste Urns or pitchers painted with auspicious marks in sandal-wood paste were placed all around Every door was decorated with small urns and ornamental arches.

Long garlands reaching the floor dangled from roof at every wall in the temple Heaps of multi-coloured flowers were placed at appropriate spots enhancing the beauty of the temple The atmosphere was redolent with burning incenses like black *Agar*, best *Kundarushk*, *Loban* and *Dhoop* Dense and fragrant fumes created smoke-rings while drifting upwards

२. (ख) णड–णट्टग–जल्ल–मल्ल–मुट्ठिय–वेलंबग–पवग–कहग–लासग आइक्खग–लंख–मंख–तूणइल्ल–तुंबवीणि–भुयग–मागहपरिगए।

बहुजणजाणवयस्स विस्सुयकित्तिए, बहुजणस्स आहुस्स आहुणिज्जे, पाहुणिज्जे, अच्चणिज्जे, वंदणिज्जे, नमंसणिज्जे, पूयणिज्जे, सक्कारणिज्जे, सम्माणणिज्जे, कल्लाणं, मंगलं, देवयं, चेइयं, विणएणं पज्जुवासणिज्जे।

दिव्वे, सच्चे, सच्चोवाए, सण्णिहियपाडिहेरे, जागसहस्स-भागपडिच्छए बहुजणो अच्चेइ आगम्म पुण्णभद्दचेइयं पुण्णभद्दचेइयं।

२. **(ख)** वह चैत्य नट, नर्तक, जल्ल, मल्ल, मौष्टिक, विडम्बक, प्लवक, कथक, लासक, आख्यापक, लंख, मंख, तूणइल्ल, तुम्बवीणिक, **भोजक**-भक्ति-प्रधान गीत गाने वाले तथा **मागध**-भाट आदि जनो से सदा भरा रहता था। अनेकानेक नगरो तथा जनपदो तक उसकी कीर्ति फैली थी।

बहुत से दानशील उदार पुरुष वहाँ दान करते थे इसलिए वह **आहवनीय**-दान-प्रदान करने योग्य, **प्राहवनीय**-विशिष्ट विधि-विधान किये जाने योग्य था। भक्तो के लिए वह **अर्चनीय**-चन्दन आदि सुगन्धित द्रव्यो से अर्चना करने योग्य, **वन्दनीय**-स्तुति आदि द्वारा वन्दना करने योग्य, **नमस्करणीय**-नमस्कार करने योग्य, **पूजनीय**-पुष्प आदि द्वारा पूजा करने योग्य, **सत्करणीय**-वस्त्र आदि द्वारा सत्कार करने योग्य, **सम्माननीय**-मन से सम्मान देने योग्य, **कल्याणमय**-कार्य-सिद्धिदायक या कामना पूर्ण करने वाला, मगलमय, **प्रतिहारक**-विघ्न दोष निवारक, अवाछित स्थितियाँ मिटाने वाला, **दिव्य**-दैवी शक्ति से युक्त तथा विनयपूर्वक **पर्युपासनीय**-विशेष रूप से उपासना करने योग्य माना जाता था।

वह दिव्य, सत्य एव **सत्योपाय**-अपने आराधको की सेवा को सफल करने वाला था। वहाँ **याग-भाग**-हजारो प्रकार की पूजा-उपासना भेट सामग्री प्राप्त होती थी। बहुत से लोग वहाँ आते और अपनी लौकिक कामना-पूर्ति के लिए उस पूर्णभद्र चैत्य की अर्चा पूजा करते थे।

2. (b) This *chaitya* was always filled with *Nat* (actors, also acrobats), *Nartak* (dancers), *Jalla* (trapeze artists), *Malla* (wrestlers), *Maushtik* (pugilists), *Vidambak* (comedians, clowns or jesters), *Kathak* (story-tellers), *Plavak* (gymnast), *Lasak* (folk-dancers), *Akhyapak* (augers), *Lankh* (stilt-dancers), *Mankh* (pole-acrobats), *Tunailla* (players of a musical instrument called *Tuna*), *Tumb Veenak* (players of drone or snake-charmer's pipe), *Bhojak* (singers of devotional songs) and *Magadh* (bards) Its fame had reached numerous cities and countries.

As many altruistic people gave charity there, it was a place suitable for charitable deeds (*ahvaniya*) It was also suitable for performing special rites and rituals (*prahvaniya*). For devotees it was suitable for offering scented substances (*archaniya*), to many it

was a place believed to be suitable for various activities, such as salutations by reciting panegyrics and other rites (*vandaniya*); paying homage (*namaskaraniya*); worshiping with flowers and other such things (*pujaniya*); honouring by offering clothes (*satkaraniya*); giving a place of honour in one's mind (*sammananiya*); revering as a place that is a source of boons and beatitude (*kalyanmaya*), remover of hurdles, faults and adverse conditions (*pratiharak*) and divine powers, and worthy of worship with profound devotion

It was divine and real. Desires of devotees got fulfilled there. A large variety of offerings, gifts and things of worship were available there. Throngs of people visited and worshipped at Purnabhadra *Chaitya* for fulfillment of their mundane desires.

वनखण्ड का दृश्य

३. से णं पुण्णभद्दे चेइए एक्केणं महया वणसंडेणं सव्वओ समंता परिक्खित्ते। से णं वणसंडे किण्हे, किण्होभासे, नीले, नीलोभासे, हरिए, हरिओभासे, सीए, सीओभासे, णिद्धे, णिद्धोभासे, तिव्वे, तिव्वोभासे, किण्हे, किण्हच्छाए, नीले, नीलच्छाए, हरिए, हरियच्छाए, सीए, सीयच्छाए, णिद्धे, णिद्धच्छाए, तिव्वे, तिव्वच्छाए, घणकडिअ-कडिच्छाए, रम्मे, महामेहणिकुरंबभूए।

३. वह पूर्णभद्र चैत्य चारो ओर से एक विशाल **वनखण्ड**-(अनेक जाति के वृक्षो के समूह) से घिरा हुआ था। वृक्षो की अत्यधिक सघनता के कारण वह वनखण्ड काला, काली आभा वाला, (मोर की गर्दन जैसा) नीला, नीली आभा वाला तथा (तोते की पूँछ जैसा) हरा, हरी आभा वाला दिखाई देता था। (लताओं, पौधो व वृक्षो की प्रचुरता के कारण) उसकी हवा शीतल, शीतल आभामय लगती थी। वहाँ की मिट्टी **स्निग्ध**-चिकनी, रूक्षतारहित, स्निग्ध आभामय, **तीव्र**-सुन्दर वर्ण आदि से युक्त थी। वृक्षो की शाखाओ के परस्पर मिल जाने, गुँथ जाने के कारण उसकी छाया अत्यन्त गहरी थी। उसका दृश्य ऐसा रमणीय लगता था, मानो बडे-बडे बादलो की घटाएँ घिरी हो।

DESCRIPTION OF THE GARDEN

3. The said Purnabhadra *Chaitya* was surrounded by a vast forest strip (with trees of numerous species). Due to the extreme denseness, that forest strip appeared black with a black hue, blue

with a blue hue (like the neck of a peacock), green with a green hue (like the tail of a parrot) (Due to the excess of creepers, plants and trees) the wind blowing through it was cool and soothing The soil had a nice appearance and it was smooth, slick and not dry The branches of the dense trees were so closely intertwined that they cast a deep shadow The whole area looked as attractive as low, expansive and dense clouds

वृक्षावली–वर्णन

४. (क) ते णं पायवा १. मूलमंतो, २. कंदमंतो, ३. खंधमंतो, ४. तयामंतो, ५. सालमंतो, ६. पवालमंतो, ७. पत्तमंतो, ८. पुप्फमंतो, ९. फलमंतो, १०. बीयमंतो, अणुपुव्वसुजाय–रुइल–वट्टभावपरिणया। एक्कखंधा, अणेगसाला, अणेगसाह–प्पसाह–विडिमा, अणेगनर–वामसुप्पसारिय–अग्गेज्झ घण–विउल–बद्धखंधा, अच्छिद्दपत्ता, अविरलपत्ता, अवाईणपत्ता, अणईपत्ता, निद्धूयजरढ–पंडुपत्ता, णव हरिय–भिसंत–पत्तभारंधयार–गंभीर–दरिसणिज्जा।

उवणिग्गय–णवतरुण–पत्त–पल्लव–कोमल–उज्जल–चलंत–किसलय–सुकुमाल–पवाल–सोहियवरंकुरग्गसिहरा।

४. **(क)** उस वनखण्ड के वृक्षो की जडे (मूल) जमीन मे गहरी फैली हुई थी। उनके **कन्द**–(मूल के भीतर गाँठे, जहॉ से जडे फूटती है) और **स्कन्ध**–(जहॉ से शाखाएँ फूटती है) बहुत सुदृढ थे। वे वृक्ष छाल, छोटी शाखाएँ, **प्रवाल**–नई कोपले तथा पत्र–पुष्पयुक्त थे। बीजो से भरे फल उन पर लगे थे। ये सभी वृक्ष नीचे से ऊपर छत्राकार (गोल आकार) मे विकसित थे। इनके स्कन्ध एक थे, उनसे अनेक शाखाएँ फूटी थी जो ऊपर की ओर निकली हुई थी। वृक्षो के तने इतने घने सुघड तथा विस्तृत थे जो मनुष्यो की फैली हुई भुजाओ की पकड मे नही आ सकते थे। पत्ते छेदरहित, घने और एक–दूसरे से मिले हुए बहुत सघन थे। दीखने मे स्वस्थ और नीचे लटके हुए थे। पुराने पत्ते पीले होकर झड चुके थे। उनके स्थान पर नये हरे चमकीले पत्ते आ चुके थे जिनकी सघनता से वहाँ सदा ही अँधेरा जैसा छाया रहता था।

उन वृक्षो के जो नये पत्ते निकले थे, वे कोमल तथा पूर्ण विकसित थे। उनकी कोपले कोमल, उज्ज्वल थी, उनका वर्ण ताँबे जैसा चमकदार था। इस प्रकार पत्तो, पल्लवो, कोपलो आदि से वृक्षो के ऊपर के शिखर शोभायमान लगते थे।

DESCRIPTION OF TREES

4. (a) The roots of the trees in that forest strip were deep and wide spread. Its bulbous roots and joints of branches were very strong. These trees had well developed and healthy barks, branches, sprouts and leaves. They were loaded with seed bearing fruits. All these trees had a luxurious umbrella-shaped growth. They had a single trunk with a vertical growth of numerous branches. The trunks of these trees were well shaped and large, so large that it was impossible to encircle one jointly by many persons with their extended arms There was a thick growth of healthy and dangling leaves without any visible gaps. The old and yellow leaves had already been shed and their place had been taken by fresh bright green new sprouts The denseness of all these kept the area perpetually dark

The fresh leaves of these trees were soft and fully developed The copper coloured sprouts were delicate and bright Loaded with such leaves, flowers and sprouts the tree-tops were enchanting to look at.

४. (ख) णिच्चं कुसुमिया, णिच्चं माइया, णिच्चं लवइया, णिच्चं थवइया, णिच्चं गुलइया, णिच्चं गोच्छिया, णिच्चं जमलिया, णिच्चं जुवलिया, णिच्चं विणमिया, णिच्चं पणमिया, णिच्चं कुसुमिय–माइय–लवइय–थवइय–गुलइय–गोच्छिय–जमलिय–जुवलिय–विणमिय–पणमिय–सुविभत्तपिंडमंजरिवडिंसयधरा।

सुय–बरहिण–मयणसाल–कोइल–कोभगक–भिंगारग–कोंडलग–जीवंजीवग–णंदीमुह–कविलपिंगलक्खग–कारंडचक्कवाय–कलहंस–अणेग सउणगण–मिहुण–विरइय–सदुण्णइय–महुर सरणाइए, सुरम्मे, संपिंडिय दरिय भमर–महुयरि पहकर परिलिंत–मत्तछप्पय–कुसुमासव–लोलमहुर–गुमगुमंत–गुंजंतदेसभाए।

४. **(ख)** उनमे कई वृक्ष ऐसे थे जो सब ऋतुओ मे फूलो, मजरियो, पत्तो, फूलों के गुच्छो, गुल्मो से लदे रहते थे। नवमल्लिका की बेलों से लिपटे तथा पत्तो के गुच्छो से हवा मे लहलहाते रहते थे। कई वृक्ष ऐसे थे जो एक श्रेणी में–स्थित थे। कई ऐसे थे जो सदा युगल रूप मे–दो–दो की जोडी के रूप में खडे थे। कई ऐसे थे जो पुष्प, फल आदि के भार से नित्य **विनमित**–बहुत झुके हुए रहते थे। **प्रणमित**–कई वृक्ष तो फल–फूलो के भार से नीचे जमीन तक झुके हुए थे।

(यो विविध प्रकार की अपनी-अपनी विशेषताएँ लिए हुए वे वृक्ष अपनी सुन्दर लुम्बियो तथा मंजरियो के रूप मे मानो **शिरोभूषण**-सिर पर कलगियाँ धारण किये जैसे लगते थे।)

उन वृक्षो पर तोते, मोर, मैना, कोयल, कोभगक, भिगारक, कोण्डलक, चकोर, नन्दिमुख, तीतर, बटेर, बतख, चक्रवाक, कलहस, सारस प्रभृति पक्षी सतत मधुर ध्वनियाँ करते रहते थे। वे वृक्ष गूँज रहे है, ऐसे सुरम्य प्रतीत होते थे। वहाँ पर मदमाते भ्रमरों तथा भ्रमरियों व मधुमक्खियो के समूह एव **पुष्परस**-मकरन्द के लोभ से दूर-दूर से आये हुए विविध जाति के भँवरे मस्ती से गुजन करते थे जिससे वह स्थान सदा गुजायमान रहता था।

4. (b) Some of these trees were always laden with flowers, buds, leaves, clusters of flowers and bunches of leaves Embraced by creepers like Jasmine and heavy with the flourishing greenery they swayed gracefully in the wind. Some stood in a row and others always in pairs. There were many that bent low (*vinamit*) due to the load of flowers, fruits and leaves. Some of these even touched the ground due to excessive weight

(Thus with their unique attributes these trees appeared as if they donned plumed crests in the form of beautiful buds and danglers)

All the time the forest strip resonated with sweet musical sounds of chirping and cooing of birds like parrots, peacocks, *myna* (a type of Asian starling), cuckoo, *kobhagak*, *bhingarak* (a type of bird producing humming sound like a bumble-bee), *kondalak*, *chakor* (a type of partridge), *nandimukh*, *titar* (partridge), *bater* (quail), duck, *chakravak* (Brahminy duck, Anas casarca), *kalahansa* (swan), *sarus* (crane) and many others The echo of these musical sounds enhanced the charm of these trees A multitude of intoxicated bumble-bees and honey-bees of many species, coming from far off areas in search of pollen, hovered around droning with excitement The place echoed with these sounds all the time.

४. (ग) अब्भिंतरपुप्फफले, बाहिरपत्तोच्छण्णे, पत्तेहि य पुप्फेहि य ओच्छन्नपडिवलिच्छण्णे साउफले, निरोयए, अकंटए, णाणाविह-गुच्छ-गुम्म-मंडवग-रम्मसोहिए, विचित्तसुहकेउभूए।

वावी–पुक्खरिणी–दीहियासु य सुनिवेसियरम्म–जालहरए पिंडिमणीहारिमं सुगंधिं सुहसुरभिमणहरं च महया गंधद्धणिं मुयंता, णाणाविहगुच्छ–गुम्म–मंडवग–घरग–सुहसेउकेउबहुला, अणेगरह–जाण–जुग्ग–सिविय–पविमोयणा।

सुरम्मा, पासादीया, दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा।

४. (ग) वे वृक्ष भीतर से फूलो और फलो से लदे थे तथा बाहर पत्तो से ढके थे। वे पत्तो और फूलो से सर्वथा आच्छादित थे। उनके फल स्वादिष्ट, नीरोग तथा काँटो से रहित थे। वे तरह–तरह के फलो के गुच्छो, लता–कुजों तथा मण्डपो द्वारा रमणीय और शोभित थे। उनके ऊपर भिन्न–भिन्न प्रकार की सुन्दर ध्वजाएँ फहराती थी।

उस वनखण्ड मे चौकोर, गोल तथा लम्बी बावडियो मे जाली–झरोखेदार सुन्दर भवन बने थे। दूर–दूर तक जाने वाली सुगन्ध के परमाणुओ के कारण वे वृक्ष अपनी सुन्दर महक से लोगो के मन को हर लेते थे। उनकी सुगन्ध अत्यन्त तृप्ति देने वाली थी। इस प्रकार यह क्षेत्र अनेकानेक पुष्पगुच्छ, लताकुज, मण्डप, विश्राम–स्थान आदि से युक्त था। वहाँ पताकाएँ लगी थी। अनेक मार्ग बने थे। सुन्दर वन–क्रीडा के लिए आने के लिए रथो, वाहनो, डोलियो तथा पालखियो के ठहरने के लिए उपयुक्त विस्तीर्ण स्थान थे।

इस प्रकार के वृक्ष रमणीय, मनोरम, दर्शनीय, **अभिरूप**–मन को अपने मे रमा लेने वान्ले तथा **प्रतिरूप**–मन मे बस जाने वाले थे।

4. (c) Under a dense cover of leaves the trees were richly laden with fruits They were completely covered with leaves and flowers The fruits in these trees were delicious, uncontaminated and free of thorns These dangling bunches of a variety of fruits, groves and canopies of creepers made that area beautiful and attractive It appeared as if different types of flags were furling over the trees

There were square, round and oblong water tanks with steps reaching down the water level and surrounded by beautiful buildings with lattice windows and carved stone grills These trees attracted people with the far reaching sweet fragrance that they emitted This fragrance was very pleasing and satisfying. Thus this area abounded in trees, flower beds, groves, creepers, canopies and resting places It was embellished with many flags and had many pathways. There were large vacant areas for parking of chariots, carriers, litters and palanquins belonging to the visitors.

This made it attractive, beautiful, spectacular, enchanting and mesmerizing

अशोक वृक्ष का वर्णन

५. तस्स णं वणसंडस्स बहुमज्झदेसभाए एत्थ णं महं एक्के असोगवरपायवे पण्णत्ते–कुसविकुस–विसुद्ध–रुक्खमूले, मूलमंते, कंदमंते, जाव सुरम्मे, पासादीए, दरिसणिज्जे अभिरूवे, पडिरूवे।

५. उस वनखण्ड के ठीक बीच के भाग मे एक विशाल श्रेष्ठ अशोक वृक्ष था। उसकी जडे कुश, डाभ तथा दूसरे प्रकार के तृणो से रहित थीं। वह वृक्ष उत्तम मूल, कन्द स्कन्ध आदि से युक्त था। (सूत्र ४ के वर्णन अनुसार पूरा कथन समझ लेना चाहिए)। वह अतीव रमणीय, सुखप्रद–चित्त को प्रसन्न करने वाला, दर्शनीय–अभिरूप–प्रतिरूप अर्थात् असाधारण सुन्दरता से युक्त था।

DESCRIPTION OF THE ASHOKA TREE

5. Exactly at the center of the forest there was a huge and beautiful Ashoka tree The ground where it stood was free of any weeds and grass like *kush* and *darbh* It had roots, bulbous roots etc (details same as aphorism 4-) This made it attractive, beautiful, spectacular, enchanting and mesmerizing

६. से णं असोगवरपायवे अण्णेहिं बहूहिं तिलएहिं, लउएहिं, छत्तोवेहिं, सिरीसेहिं, सत्तवण्णेहिं, दहिवण्णेहिं, लोद्धेहिं, धवेहिं, चंदणेहिं, अज्जुणेहिं, णीवेहिं, कुडएहिं, कलंबेहिं, सव्वेहिं, फणसेहिं, दालिमेहिं, सालेहिं, तालेहिं, तमालेहिं, पियएहिं, पियंगूहिं, पुरोवगेहिं, रायरुक्खेहिं, णंदिरुक्खेहिं, सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते।

६. वह उत्तम अशोक वृक्ष अनेक प्रकार के वृक्षो से घिरा हुआ था। उन वृक्षो के नाम इस प्रकार है–तिलक, लकुच, क्षत्रोप, शिरीष, सप्तपर्ण, दधिपर्ण, लोध्र, धव, चन्दन, अर्जुन, नीम, कुटज, कदम्ब, सव्य, पनस, दाडिम, शाल, ताल, तमाल, प्रियक, प्रियगु, पुरोपग, राजवृक्ष, नन्दिवृक्ष–इस प्रकार अनेक वृक्षो से परिवेष्टित बहुत ही सुरम्य प्रतीत होता था।

6. That excellent Ashoka tree was surrounded by many other trees, namely—*Tilak, Lakuch, Kshatrop, Shirish, Saptaparna, Dadhiparna, Lodhra, Dhav, Chandan, Arjun, Neem, Kutaj, Kadamb, Savya, Panas, Dadim, Shaal, Taal, Tamal, Priyak, Priyangu, Puropag, Rajavriksh* and *Nandivriksh*. Surrounded by all these trees it appeared delightful.

७. ते णं तिलया लउया जाव णंदिरुक्खा, कुसविकुस–विसुद्धरुक्खमूला, मूलमंतो, कंदमंतो, एएसिं वण्णओ भाणियव्वो जाव सिवियपरिमोयणा, सुरम्म, पासादीया, दरिसणिज्जा, अभिरूवा पडिरूवा।

७. उन तिलक, लकुच, (सूत्र ६ के अनुसार सभी वृक्षों के नाम समझें) नन्दिवृक्ष आदि इन सभी वृक्षो की जडें डाभ तथा दूसरे प्रकार के तृणो से रहित स्वच्छ थी। उनके मूल, कन्द आदि दसो अंग उत्तम कोटि के थे। वे वृक्ष बहुत ही रमणीय, मनोरम, दर्शनीय, अभिरूप–प्रतिरूप थे। (उनका वर्णन सूत्र ४ के अनुसार जान लेना चाहिए।)

7. The ground where these *Tilak*, *Lakuch*, (list same as aphorism 6) trees stood was free of any weeds and grass like ***kush*** and ***darbh***. These trees had fine roots, bulbous roots etc (details same as aphorism 4 up to -) This made them attractive, beautiful, spectacular, enchanting and mesmerizing

८. ते णं तिलया जाव णंदिरुक्खा अण्णेहिं बहूहिं पउमलयाहिं, णागलयाहिं, असोअलयाहिं, चंपगलयाहिं, चूयलयाहिं, वणलयाहिं, वासंतियलयाहिं, अइमुत्तयलयाहिं, कुंदलयाहिं, सामलयाहिं सव्वो समंता संपरिक्खित्ता।

८. (जिस प्रकार अशोक वृक्ष तिलक, लकुच आदि वृक्षो से घिरा हुआ था उसी प्रकार–) वे तिलक, नन्दीवृक्ष आदि वृक्ष भी अन्य बहुती–सी पद्मलताओ, नागलताओ, अशोकलताओ, चम्पकलताओ, आम्रलताओ, पीलुकलताओ, वासन्तीलताओ तथा अतिमुक्तकलताओ से चारो ओर से घिरे हुए थे।

8. As the Ashoka tree was surrounded by *Tilak* (same as aphorism 6 up to -) and *Nandi* trees so were these trees surrounded by a variety of creepers including *Padmalata, Naagalata, Ashokalata, Champakalata, Amralata, Pilukalata, Vasantilata* and *Atimuktakalata*.

९. ताओ णं पउमलयाओ णिच्चं कुसुमियाओ जाव पासादीयाओ, दरिसणिज्जाओ, अभिरूवाओ, पडिरूवाओ।

९. वे पद्मलताएँ आदि सब ऋतुओ मे फूलो से भरी रहती थी, [सूत्र ४ (ख) के अनुसार] जिससे ऐसा लगता था मानो वे सिर पर झुकी कलगियाँ धारण किये हो। वे रमणीय, मनोरम, दर्शनीय, अभिरूप–प्रतिरूप थी।

9. These *Padmalata* and other creepers were always laden with flowers, [read same as in aphorism 4 (b) up to -] and they appeared as if they donned plumed crests in the form of beautiful buds and danglers. This made them attractive, beautiful, spectacular, enchanting and mesmerizing.

शिलापट्टक वर्णन

१०. तस्स णं असोगवरपायवस्स हेट्ठा ईसिं खंधसमल्लीणे एत्थ णं महं एक्के पुढविसिलापट्टए पण्णत्ते–विक्खंभायाम–उस्सेहसुप्पमाणे, किण्हे, अंजण–घण–किवाण–कुवलय–हलहरकोसेज्जागास–केस–कज्जलंगीखंजण, सिंगभेद–रिट्ठय–जंबूफल–असणग–सण–बंधण–णीलुप्पलपत्तनिकर–अयसिकुसुमप्पगासे, मरगय–मसारकलित्त–णयणकीयरासिवण्णे।

णिद्धघणे, अट्ठसिरे, आयंसयतलोवमे, सुरम्मे ईहामिय–उसभ–तुरग–णर–मगर–विहग–वालग–किण्णर–रुरु–सरभ–चमर–कुंजर–वणलय–पउमलय–भत्तिचित्ते, आईणग–रूय–बूर–णवणीय–तूलफरिसे, सीहासणसंठिए, पासादीए, दरिसणिज्जे, अभिरूवे, पडिरूवे।

१०. उस अशोक वृक्ष के नीचे तने के कुछ पास एक बडा पृथ्वी शिलापट्टक–चबूतरे की भाँति जमी हुई मिट्टी पर स्थापित शिलापट्ट था। उसकी लम्बाई, चौडाई तथा ऊँचाई एक समान थी। वह कृष्ण वर्ण का था। उसका रंग अजन, बादल, कृपाण, नीले कमल, बलराम के वस्त्र, आकाश, केश, काजल की कोठरी, खजन पक्षी, भैस के सीग, रिष्टक (नील वर्ण का) रत्न, जामुन के फल, वीयक नामक वनस्पति, सन के फूल के डठल, नीलकमल के पत्तो की राशि तथा अलसी के फूल के समान नीली चमक लिए हुए था। नीलमणि, कसौटी, कमर पर बाँधने के चमडे के पट्टे तथा आँखो की कनीनिका–तारे–इनके पुँज जैसा उसका वर्ण था।

वह अत्यन्त स्निग्ध–चिकना था। उसके आठ कोने थे। वह दर्पण के समान चमकदार सुरम्य था। उस पर विविध प्रकार के चित्र बने हुए थे, जैसे–भेडिये, बैल, घोडे, मनुष्य, मगर, पक्षी, साँप, किन्नर, रुरु, अष्टापद, चमर, हाथी, वनलता और पद्मलता। मृगछाला, कपास, बूर, मक्खन तथा आक की रुई के समान उसका कोमल स्पर्श था। वह आकार मे सिहासन जैसा दीखता था। इस प्रकार वह शिलापट्टक मनोरम, दर्शनीय, अभिरूप–प्रतिरूप था।

10. Under this Ashoka tree and a little closer to its trunk there was a large stone slab installed on a sand platform. Its length, width and height were equal (it was cubical in shape). It had a black hue like that of lampblack, dark clouds, sword, blue lotus, Balaram's robe, sky, hair, room filled with collyrium, *khanjan* bird, buffalo-horn, *rishtak* gem, rose-apple, *veeyak* plant, stalk of *san* flower (the plant *Cannabis sativa*), heap of leaves of blue lotus and *alsi* (linseed) flower. Its colour was like that of blue sapphire, touchstone, black leather belt and a bunch of eye-pupils.

Its surface was very smooth It had eight corners. It had a mirror-like polish A variety of figures were engraved on it. These included wolves, bulls, horses, human beings, crocodiles, birds, snakes, *kinnars* (lower gods), *rurus*, *sarabhs* (octopuses), *chamars* (yaks), elephants, forest creepers and lotus creepers. Like chamois leather, softest cotton, *Bura* plant, fresh butter and *Aak* fibre, it was extremely soft to touch In appearance it was like a throne Thus it was attractive, beautiful, spectacular, enchanting and mesmerizing.

चम्पापति कूणिक

११. (क) तत्थ णं चंपाए णयरीए कूणिए णामं राया परिवसइ।

महयाहिमवंत–महंतमलय–मंदर–महिंदसारे, अच्चंतविसुद्ध–दीहरायकुलवंससुप्पसूए, णिरंतरं रायलक्खणविराइयंगमंगे, बहुजण–बहुमाणपूइए, सव्वगुणसमिद्धे, खत्तिए, मुइए, मुद्धाहिसित्ते, माउपिउसुजाए।

११. **(क)** उस चम्पा नगरी का राजा कूणिक था, जो वहाँ निवास करता था।

वह कूणिक राजा महाहिमवान् पर्वत के समान महान् तथा मलय, मेरु एव महेन्द्र पर्वतो के समान अनेक विशिष्टता लिए हुए था। वह अत्यन्त **विशुद्ध**–निर्दोष, प्राचीन राजवश मे उत्पन्न हुआ था। उसके सभी अग राजा के योग्य लक्षणो से शोभित थे। वह बहुत लोगो द्वारा अति सम्मानित और पूजित था। वह नीति, शौर्य आदि सर्वगुण समृद्ध था। जनता को आक्रमण तथा सकट से बचाने वाला **क्षत्रिय** था। वह सदा **मुदित**–प्रसन्न रहता था। अपनी पैतृक परम्परा द्वारा एव आज्ञानुवर्ती अन्य बहुत से राजाओ द्वारा उसका **मूर्द्धाभिषेक**–राज्याभिषेक या राजतिलक हुआ था। वह उत्तम माता–पिता का सुजात–आज्ञापालक पुत्र था।

KING KUNIK OF CHAMPA

11. (a) In Champa lived its ruler king Kunik

His stature was as lofty as the great Himalayas. He had many unique qualities like those of Malaya, Meru and Mahendra mountains. He belonged to an ancient and distinguished royal family. Every part of his body bore auspicious marks suited to a monarch. He commanded respect and adoration of many He was richly endowed with qualities like integrity and valour. He was a true *Kshatriya* (the warrior or the regal caste), the defender of masses from attack and adversity He had a charming and pleasing personality. He was installed and crowned as a monarch by the kingdom he inherited as well as many other subordinate kingdoms He was a worthy son of noble parents

कूणिक का चरित्र

११. (ख) दयपत्ते, सीमंकरे, सीमंधरे, खेमंकरे, खेमंधरे, मणुस्सिंदे, जणवयपिया, जणवयपाले, जणवयपुरोहिए, सेउकरे, केउकरे, णरपवरे, पुरिसवरे, पुरिससीहे, पुरिसवग्घे, पुरिसासीविसे, पुरिसपुंडरीए, पुरिसवरगंधहत्थी, अड्ढे, दित्ते, वित्ते।

११. (ख) वह राजा स्वभाव से दयालु था। मर्यादाओ की स्थापना करने वाला तथा उनका पालन करने वाला था। वह **क्षेमंकर**–प्रजा के लिए अनुकूल स्थितियाँ उत्पन्न करने वाला तथा **क्षेमंधर**–उन्हे स्थिर रखने वाला था। वह विपुल ऐश्वर्य के कारण मनुष्यो मे इन्द्र के समान मान्य था। वह अपने जनपद के लिए पितृतुल्य प्रतिपालक, प्रजा के हित को आगे रखने वाला, कुमार्गगामियो को सन्मार्ग पर लाने वाला, अच्छे कार्यो को करने वाला था। वह **नरप्रवर**–वैभव, सेना, शक्ति आदि की दृष्टि से मनुष्यो मे श्रेष्ठ तथा **पुरुषवर**–धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष रूप चार पुरुषार्थों मे उद्यमशील, परमार्थ-चिन्तन के कारण पुरुषो मे श्रेष्ठ था। कठोरता व पराक्रम में वह सिहतुल्य, रौद्रता मे बाघ के तुल्य तथा अपने क्रोध को सफल बनाने के सामर्थ्य मे सर्पतुल्य था। वह पुरुषो में उत्तम **पुण्डरीक**–सबके लिए सुखदायी तथा सेवाशील जनो के लिए श्वेत कमल जैसा सुकुमार था। वह पुरुषो मे गन्धहस्ती के समान–अपने विरोधी राजा रूपी हाथियो का मान-मर्दन करने वाला था। वह समृद्ध, दृप्त–दर्प या प्रभावयुक्त तथा **वित्त** या **वृत्त**–स्वदेश व स्व-धर्म के पालन मे सुप्रसिद्ध था।

THE CHARACTER OF KUNIK

11. (b) By nature he was compassionate He was a founder of moral and ethical code and a strict follower of the same. He worked

for the lasting welfare of his people (*kshemankar*). Due to his unlimited wealth and grandeur he enjoyed the status of Indra (the king of gods) among men For his kingdom he was the father-like protector. The good of his people was his first priority. He was the reformer who steered the drifters on to the right path He was a performer of good deeds In terms of grandeur, power and other such attributes he was the best among men As he sincerely pursued the four human goals of religion, wealth, procreation and liberation with altruistic thoughts he was the loftiest among men He was strong and valorous like a lion, ferocious like a tiger and efficient in dealing his wrath like a serpent He was a white lotus among men because he was soft and sensitive for those who served masses and worked for their happiness (*Pundareek*). He was a king-elephant among men because he humbled the pride of other minor kings He was affluent, influential and renowned as benefactor of his religion and country

कूणिक का वैभव

११. (ग) विच्छण्णि–विउलभवण–सयणासण–जाण–वाहणाइण्णे, बहुधण–बहुजायरूव–रयए, आओग–पओग–संपउत्ते, विच्छड्डियपउर–भत्तपाणे, बहुदासी–दास–गो–महिस–गवेलगप्पभूए, पडिपुण्णजंतकोसकोट्ठागाराउधागारे, बलवं, दुब्बलपच्चामित्ते, ओहयकंटयं, नियकंटयं, मलियकंटयं, उद्धियकंटयं, अकंटयं, ओहयसत्तुं, निहयसत्तुं, मलियसत्तुं, उद्धियसत्तुं, निज्जियसत्तुं, पराइयसत्तुं।

ववगयदुब्भिक्खं, मारिभयविप्पमुक्कं, खेमं, सिवं, सुभिक्खं, पसंतडिंबडमरं रज्जं पसासेमाणे विहरइ।

११. (ग) उसके पास बडे–बडे विशाल भवन, सोने–बैठने के आसन तथा रथ, घोडे आदि सवारियाँ, वाहन आदि विपुल मात्रा मे थे। उसके पास विपुल सम्पत्ति, सोना तथा चाँदी थी। वह **आयोग–प्रयोग**–धन लाभ के उपायो का जानकार एव धन–वृद्धि के उपायो मे अनेक प्रकार से प्रयत्नशील रहता था। उसके यहाँ भोजन कर लिए जाने के बाद बहुत खाद्य सामग्री बच जाती थी। (जो गरीबो मे बाँट दी जाती थी।) उसके यहाँ अनेक दासियाँ, दास तथा पशुशाला में गाये, भैंसे, भेडे आदि थी। उसके यहाँ **यन्त्र**–(यत्रागार), **कोष**–खजाना, **कोष्ठागार**–अन्न आदि वस्तुओ का भण्डार तथा शस्त्रागार सदा प्रतिपूर्ण–भरा रहता

था। उसके पास विशाल सेना थी। उसने अपने राज्य के सीमावर्ती राजाओ या पडोसी राजाओ को शक्तिहीन बना दिया था। अपने सगोत्र प्रतिस्पर्द्धियो–प्रतिस्पर्द्धा व विरोध रखने वालो को विनष्ट कर दिया था। उनका धन छीनकर एव उनका मान–भग कर तथा उन्हे देश से निर्वासित कर वह निष्कण्टक बन गया था। उसका कोई भी सगोत्र–विरोधी बच नही पाया था। उसी प्रकार उसने अपने (गोत्र–भिन्न) शत्रुओ को विनष्ट कर दिया था, देश से निर्वासित कर दिया था तथा राज्य के चोर, तस्कर, हिंसा प्रेमी–कॉटो को निकालकर समाप्त कर दिया था। उन सबको अपने प्रभाव से जीत लिया था, पराजित कर दिया था।

इस प्रकार वह राजा दुर्भिक्ष (दुष्काल) तथा महामारी के भय से रहित–निरुपद्रव, क्षेममय, कल्याणमय सुभिक्षयुक्त–(जहाँ भिक्षुओ को सुलभता से भिक्षा प्राप्त हो जाती) एव शत्रुकृत विघ्नरहित राज्य का शासन करता था।

THE GRANDEUR OF KUNIK

11. (c) He owned large palaces and mansions, unlimited furniture, chariots, horses and other vehicles He had abundant wealth including gold and silver. He was proficient in various methods of expanding his wealth and putting them to use with great efficiency. Large quantity of food was cooked in his royal kitchen resulting in a surplus after every meal (This was distributed among the destitute) He had innumerable servants and maids and also abundant livestock including cows, buffalos and sheep He had large and well supplied machine-shop, treasury, granary, armoury and other storehouses. He also had an immensely large army He had reduced the neighbouring kingdoms to insignificance He had also destroyed all the rival claimants to the throne as well as other competitors within the clan He had secured his rule by depriving them of their wealth and power, shattering their status and exiling them He was left with no opposition within the clan He did the same to his enemies outside the family and clan He made his kingdom free of thieves, smugglers and other anti-social elements With his great power he had defeated them, conquered them

This way he ruled over his state in peace, beatitude and abundance, without any fear of drought, epidemic and other disturbances including those caused by enemies

१२. तस्स णं कोणियस्स रण्णो धारिणी णामं देवी होत्था—सुकुमालपाणिपाया, अहीणपडिपुण्ण—पंचिंदियसरीरा, लक्खण—वंजण—गुणोववेया, माणुम्माणप्पमाणपडिपुण्ण—सुजायसव्वंगसुंदरंगी, ससिसोमाकारकंतपियदंसणा, सुरूवा।

करयल परिमिय पसत्थ तिवली वलियमज्झा, कुंडलुल्लिहिय—गंडलेहा, कोमुइय रयणियर विमलपडिपुण्ण सोमवयणा, सिंगारागारचारुवेसा, संगयगय—हसिय—भणिय—विहिय—विलास—सललियसंलाव—णिउणजुत्तोवयारकुसला, पासादीया, दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा।

कोणिएणं रण्णा भंभसारपुत्तेण सद्धिं अणुरत्ता, अविरत्ता, इट्ठे सद्द—फरिस—रस—रूव—गंधे पंचविहे माणुस्सए कामभोए पच्चणुभवमाणी विहरइ।

१२. राजा कोणिक की रानी का नाम धारिणी था। उसके हाथ—पैर सुकोमल थे। शरीर की पाँचो इन्द्रियाँ प्रतिपूर्ण—रचना की दृष्टि से अखण्डित, सम्पूर्ण, अपने—अपने विषयो को ग्रहण करने मे सक्षम थी। वह उत्तम **लक्षण**—सौभाग्यसूचक हाथ की रेखा आदि, **व्यजन**—उत्कर्षसूचक, तिल, मस आदि चिह्न तथा **गुण**—शील, सदाचार आदि गुणो से युक्त थी। मान, उन्मान, प्रमाण अर्थात् शरीर का विस्तार, वजन, ऊँचाई आदि की दृष्टि से वह परिपूर्ण, श्रेष्ठ तथा सर्वांग सुन्दरी थी। उसका आकार चन्द्र के समान सौम्य तथा देखने मे कमनीय था। वह परम रूपवती थी।

उसकी देह का मध्य भाग कमर **करतल परिमित**—मुट्ठी मे आ सके इतनी पतली थी। उसका उदर पेट पर पडने वाली उत्तम तीन रेखाओ से युक्त था। उसके दोनो कपोल कुण्डलो से **उद्दीप्त**—सुशोभित थे। उसका मुख शरद पूर्णिमा के चन्द्र के सदृश निर्मल, सौम्य था। उसकी सुन्दर वेशभूषा ऐसी थी, मानो शृगार रस का घर हो। उसकी **गति**—चाल, **स्मित**—मद हँसी, **भणित**—बोली, **कृति**—व्यवहार एव **विलास**—दैहिक चेष्टाएँ **संगत**—समुचित चातुर्यपूर्ण थीं। लालित्यपूर्ण आलाप—सलाप मे वह निपुण थी। यथायोग्य लोक—व्यवहार मे वह कुशल थी। वह मनोरम, दर्शनीय, अभिरूप तथा प्रतिरूप थी।

वह रानी अपने पति भभसार—(श्रेणिक) के पुत्र कोणिक राजा के प्रति सदा **अनुरक्त**—अनुकूल रहती। क्रोधित होने पर भी कभी **विरक्त**—प्रतिकूल नही होती। पति के साथ शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गंध रूप पाँचों इन्द्रियो के मन इच्छित काम—भोग भोगती हुई अपना जीवन सुखपूर्वक बिता रही थी।

QUEEN DHARINI

12. The name of king Kunik's consort was Dharini She had tender and delicate limbs All her five sense organs were flawless, well developed and perfect in performance. She was well endowed with all auspicious signs (like a good fate-line in the palm etc.) and marks (like moles and birth marks) as well as virtues (like good character and conduct). In terms of height, weight and figure she was perfectly, exquisitely and absolutely beautiful. Her personality was charming and delightful like moon She was the epitome of supreme beauty

Her waist was so slender that it could be held in a fist. Her abdomen had three delicately formed lines. Her ear-rings enhanced the beauty of her cheeks. Her face was pure and soothing like the moon. Her exquisite dress was like the abode of amatory sentiment (*shringar rasa*) Her gait (*gati*), smile (*smit*), speech (*bhanit*), behaviour (*kriti*), and movement (*vilas*) were perfectly graceful (*snagat*). She evinced eloquence in her speech and dignity in her behaviour. She was, indeed, attractive, spectacular, enchanting and mesmerizing

She had unwavering adoration for her husband king Kunik, the son of Bhambhasar (Shrenik Bimbisar) She was not offended even when he was angry She lead a happy life, enjoying with her husband all the desired pleasures of the five sense organs (speech, touch, taste, vision and smell)

कोणिक की राज्य सभा

१३. तस्स णं कोणियस्स रण्णो एक्के पुरिसे विउलकयवित्तिए भगवओ पवित्तिवाउए भगवओ तद्देवसियं पवित्तिं णिवेदेइ।

१३. राजा कोणिक के यहाँ एक ऐसा वार्त्ता-निवेदक पुरुष-(समाचार देने वाला) पर्याप्त वेतन पर नियुक्त था, जो भगवान महावीर के प्रतिदिन के विहार आदि के समाचार (प्रवृत्तियाँ) सूचित करता रहता था।

THE SERVANT

13. King Kunik had appointed a reporter, at good salary, who was assigned the duty of reporting about the day-to-day activities of Bhagavan Mahavir including his movements.

१४. तस्स णं पुरिसस्स बहवे अण्णे पुरिसा दिण्णभतिभत्तवेयणा भगवओ पवित्तिवाउया, भगवओ तद्देवसियं पवित्तिं णिवेदेंति।

१४. उसने अपने सहायक के रूप में अन्य अनेक व्यक्तियो को भोजन तथा वेतन पर नियुक्त कर रखा था, वे भगवान की प्रतिदिन की प्रवृत्तियो के सम्बन्ध में उसे यथायोग्य सूचना देते रहते थे।

14. This reporter, in turn, had put in place a network of assistants appointed on wages and allowances. This network provided him up-to-date information about Bhagavan Mahavir's daily activities

१५. तेणं कालेणं तेणं समएणं कोणिए राया भंभसारपुत्ते बाहिरियाए उवट्ठाणसालाए अणेग–गणणायग–दंडणायग–राईसर–तलवर–माडंबिय–कोडुंबिय–मंति–महामंति–गणग–दोवारिय–अमच्च–चेड–पीढमद्द–नगरनिगम–सेट्ठि–सेणावइ–सत्थवाह–दूय–संधिवाल–सद्धिं संपरिवुडे विहरइ।

१५. एक समय की बात है, भभसार पुत्र कोणिक बाहरी **उपस्थानशाला**–(राजसभा) मे बैठा था। उसके पास अनेक **गणनायक**–विशिष्ट जनसमूहो के नेता, **दण्डनायक**–उच्च आरक्षि–अधिकारी, **राजा**–माडलिक (मडलाधिकारी) नरपति, **ईश्वर**–ऐश्वर्यशाली एव प्रभावशाली–पुरुष, **तलवर**–राज्य–सम्मानित विशिष्ट नागरिक, **माडंबिक**–जागीरदार, भूस्वामी, **कौटुम्बिक**–बडे परिवारो के प्रमुख, मत्री, **महामन्त्री**–मन्त्रिमण्डल के प्रधान, **गणक**–ज्योतिषी, द्वारपाल, **अमात्य**–राज्य कार्यो मे परामर्शक (अठारह श्रेणियो के प्रमुख), चेड–सेवक, **पीठमर्द–परिपार्श्विक**–हर समय राजा के साथ रहने वाले अंगरक्षक, नागरिक, व्यापारी, श्रेष्ठी–लक्ष्मी के चिह्न से अकित स्वर्णपट्ट से जिनका मस्तक सुशोभित रहता था वे श्रेष्ठी कहे जाते थे। **सेनापति**–रथ, हाथी, घोडे तथा पैदल चतुरगिणी–सेना के अधिनायक, **सार्थवाह**–दूसरे देशो मे व्यापार करने वाले व्यवसायी, **दूत**–दूसरो के तथा राजा के आदेश–सन्देश पहुँचाने वाले, **सन्धिपाल**–राज्य की सीमाओ के रक्षक–सीमारक्षक अथवा शत्रु राजाओं के साथ सन्धि करने मे चतुर आदि अनेक विशिष्ट जन बैठे थे।

15. During that period of time king Kunik, the son of Bhambhasar, was holding court in the outer assembly hall. In his attendance were a variety of prominent people including chieftains (*gananayag* or *gananayak*), administrators (*dandanayag* or *dandanayak*), princes and kings (*raisar* or *rajeshvar/yuvaraj*),

nobles, knights of honour (*talavar* or *pattadhari*); landlords (*madambiya* or *jamindar*), heads of prominent families and village-heads (*kodumbiya* or *chowdhary*), ministers (*manti* or *mantri*); chief ministers (*mahamanti* or *mahamantri*); astrologers (*ganaga* or *ganak*), gatekeepers or guards (*dovariya*), counselors heading eighteen different sections (*amachch* or *amatya*), attendants and servants (*ched* or *sevak*), bodyguards who are always at the back of the king (*peedhamadda* or *peethmard* or *pariparshvik*); citizens (*nagarnigam* or *nagarik*); merchants, specially those who wore golden headband marked with the sign of Lakshmi, the goddess of wealth (*setthi* or *shreshthi*); commander of the armed forces including the four sections of chariot, elephant, horse and foot-soldiers (*senavai* or *senapati*), caravan chiefs (*satthavaha* or *saarthavah*), emissaries and ambassadors (*duya* or *doot*), and border guards and diplomats (*sandhival* or *sandhipal*)

भगवान महावीर

१६. (क) तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे आइगरे, तित्थगरे, सहसंबुद्धे, पुरिसुत्तमे, पुरिससीहे, पुरिसवरपुंडरीए, पुरिसवरगंधहत्थी, अभयदए, चक्खुदए, मग्गदए, सरणदए, जीवदए, दीवो, ताणं, सरणं, गई, पइट्ठा, धम्मवरचाउरंतचक्कवट्टी, अप्पडिहयवरनाणदंसणधरे, विअट्टच्छउमे, जिणे, जाणए, तिण्णे, तारए, मुत्ते, मोयए, बुद्धे, बोहये, सव्वण्णू, सव्वदरिसी, सिवमयलमरुय-मंणतमक्खय-मव्वाबाह-मपुणरावत्तअं सिद्धिगइणामधेज्जं टाणं संपाविउकामे, अरहा, जिणे, केवली।

१६. **(क)** उस समय श्रमण भगवान महावीर **आदिकर**–अपने युग मे धर्म के आदि प्रवर्त्तक, तीर्थकर–चतुर्विध धर्मतीर्थ–के प्रतिष्ठापक, स्वय–सबुद्ध, **पुरुषोत्तम**–पुरुषो मे उत्तम, **पुरुषसिंह**–आत्म–शौर्य मे पुरुषो मे सिह–सदृश, **पुरुषवरपुंडरीक**–मनुष्यो के बीच रहते हुए कमल की तरह निर्लेप, **पुरुषवरगन्धहस्ती**–पुरुषो मे उत्तम गन्धहस्ती के समान (जिस प्रकार गन्धहस्ती के पहुँचते ही सामान्य हाथी भाग जाते है, उसी प्रकार किसी क्षेत्र मे जिनके प्रवेश करते ही दुर्भिक्ष, महामारी आदि अनिष्ट दूर हो जाते थे), **अभयदायक**–सभी प्राणियो के लिए अभयदान देने वाले, **चक्षुप्रदायक**–आन्तरिक नेत्र रूप सद्ज्ञान देने वाले, **मार्गप्रदायक**–सम्यक् ज्ञान, दर्शन, चारित्र रूप साधनामार्ग के उद्बोधक, **शरणप्रद**–जिज्ञासु

तथा मुमुक्षु जनों के लिए आश्रयभूत, **जीवनप्रद**–आध्यात्मिक जीवन के सहायक, **दीपक** के सदृश समस्त वस्तुओं के प्रकाशक अथवा संसार–सागर में भटकते जनो के लिए **द्वीप** के समान आश्रय–स्थान, प्राणियों के लिए आध्यात्मिक उद्‌बोधन देने वाले **शरण**, **गति** एव **आधारभूत**, **धर्म चक्रवर्ती**–चक्रवर्ती के समान लोक मे धर्मचक्र का प्रवर्त्तन करने वाले, **अप्रतिघात**–बाधा या आवरणरहित उत्तम ज्ञान, दर्शन आदि के धारक, **व्यावृत्तछद्‌मा**–अज्ञान आदि आवरण रूप छद्‌म से मुक्त, **जिन**–राग आदि के जेता, **ज्ञायक**–ज्ञाता अथवा ज्ञापक–राग आदि को जीतने का पथ बताने वाले, **तीर्ण**–ससार–सागर को पार कर जाने वाले, **तारक**–ससार–सागर से पार उतारने वाले, **मुक्त**–बाहरी और भीतरी ग्रन्थियो से मुक्त अज्ञान ग्रन्थियो से, **मोचक**–दूसरो को छुडाने वाले, **बुद्ध**–बोध प्राप्त, **बोधक**–दूसरो के बोध ज्ञान देने वाले सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, **शिव**–कल्याणमय, **अचल**–स्थिर, **अरुज**–रोगरहित, अन्तरहित, क्षयरहित, बाधारहित, **अपुनरावर्तक**–जहाँ से फिर जन्म–मरण रूप संसार मे आगमन नहीं होता, ऐसी **सिद्धगति**–सिद्धावस्था नामक स्थिति पाने के लिए प्रवृत्त, **अर्हत्**–तीन लोक मे पूजनीय एव रागादि विजेता, जिन, केवली–केवलज्ञानयुक्त।

BHAGAVAN MAHAVIR

16. (a) At that period of time Shraman Bhagavan Mahavir arrived in Champa city. He was the first propounder of the *shrut dharma* (Jainism) of his time (*aaigare* or *aadikar*); the religious ford-maker or founder of the four-fold religious order (*Titthagare* or *Tirthankar*); the self-enlightened one (*sahasambuddhe* or *svayam-sambuddh*), supreme among men (*purisuttame* or *purushottam*); a lion among men because of his spiritual valour (*purisasihe* or *purush-simha*), unspoiled among men like a white lotus (*purisavar-pundariye* or *purushvar-pundareek*), a glorious elephant among men (*purisavar-gandhahatthi* or *purushvar-gandhahasti*) [ordinary elephants abandon the area where a bull elephant comes, likewise drought, epidemic and other such misfortunes disappeared from areas where he went] He dispelled fear (*abhayadaye* or *abhayadayak*), gave spiritual vision (*chakkhudaye* or *chakshupradayak*); showed the path of liberation in the form of right knowledge, perception and conduct (*maggadaye* or *margapradayak*); provided refuge to the seekers of the right path (*sarandaye* or *sharanprad*), listed spiritual meaning to life (*jivadaye* or *jivanprad*) Like a lamp/island (*divo* or *deepak/dveep*),

he was an anchor (*paittha* or *pratishtha*) of refuge (*saranam* or *sharanam*), succour (*taanam* or *tran*) and movement (*gai* or *gati*) for those fumbling in the darkness/sea of cycles of rebirth He was the propagator of *dharma* in all corners of the world like the conquest of an emperor (*dhamma chakkavatti* or *dharma chakravarti*); the holder of unlimited unveiled knowledge and perception (*appadihaya* or *apratighat*), free of masks of ignorance and ambiguities (*viattachhaume* or *vyavrittachhadma*), the conqueror of attachment and aversion (*jine* or *jina*), the lamp of knowledge and beacon on the path of victory over attachment and aversion (*janaye* or *jnata/jnapak*) He had crossed the ocean of cycles of rebirth (*tinne* or *tirna*), and helped crossing the ocean of cycles of rebirth (*taraye* or *tarak*) He was the liberated (*mutte* or *mukta*), the liberator (*moyaye* or *mochak*), the enlightened (*buddhe* or *buddha*), the giver of enlightenment (*bohaye* or *bodhak*), all-knowing (*savvannu* or *sarvajna*), all-seeing (*savva dariso* or *sarvadarshi*); the epitome of beatitude (*siva* or *Shiva*), steadfast (*ayal* or *achal*), free of ailments (*arua* or *aruja*), infinite and eternal (*anant*), free of decay (*akkhaya* or *akshaya*), beyond all obstructions (*avvavaha* or *avyabadh*), the aspirant of and destined to attain the state of ultimate perfection (*siddha gai* or *siddha gati*) from where there is no return to the cycles of rebirth (*apunaravattiam* or *apunaravartak*), the object of worship in the three worlds (*araha* or *arhat*), the *Jina* and the omniscient (*kevali*)

भगवान का शरीर सौष्ठव

१६. (ख) सत्तहत्थूस्सेहे, समचउरंससंठाणसंठिए, वज्जरिसहनारायसंघयणे,

अणुलोमवाउवेगे कंकग्गहणी कवोय-परिणामे,

सउणिपोसपिट्ठंतर रोरू-परिणए,

पउमुप्पलगंधसरिस निस्साससुरभिवयणे,

छवी, निरायंक-उत्तम-पसत्थ-अइसेयनिरुवमपले,

जल्ल-मल्ल-कलंक-सेय-रय-दोसवज्जियसरीरनिरुवलेवे,

छाया–उज्जोइयंगमंगे, घण–निचिय–सुबद्ध–लक्खणुण्णय–कूडागारनिभ–पिंडियग्गसिरए,

सामलिबोंड–घणनिचियच्छोडिय–मिउविसय–पसत्थसुहुम–लक्खणसुगंधसुंदर–भुयमोयग–भिंग–नील–कज्जल–पहट्ठ भमरगणणिद्ध–निकुरुंबनिचियकुंचिय–पयाहिणावत्तमुद्धसिरए,

दालिमपुष्फप्पगास तवणिज्ज सरिसनिम्मलसुणिद्धकेसंत–केसभूमी,

छत्तागारुत्तिमंगदेसे,

णिव्वण–सम–लट्ठ–मट्ठ–चंदद्धसमणिडाले,

उडुवइपडिपुण्णसोमवयणे, अल्लीणपमाणजुत्तसवणे, सुस्सवणे,

पीण–मंसल–कवोलदेसभाए,

आणामिय चाव रुइल–किण्हब्भराइ–तणु कसिणणिद्ध भमुहे,

अवदालिय–पुंडरीयणयणे,

कोआसिय धवल–पत्तलच्छे,

गरुलाययउज्जतुंग–णासे,

उवचियसिलप्पवाल–बिंबफल–सण्णिभाहरोट्ठे,

पंडुर–ससिसयल–विमलणिम्मलसंख–गोक्खीरफेण–कुंद–दगरय–मुणालिया–धवलदंतसेढी,

अखंडदंते, अप्फुडियदंते, अविरलदंते, सुणिद्धदंते, सुजायदंते,

एगदंतसेढी विव अणेगदंते,

हुयवह–णिद्धंतधोयतत्ततवणिज्ज रत्ततलतालुजीहे,

अवट्ठियसुविभत्तचित्तमंसू,

मंसल–संठिय–पसत्थ–सद्दूलविउलहणुए,

चउरंगुल सुप्पमाण कंबुवरसरिसग्गीवे,

वरमहिस–वराह–सीह–सद्दूल–उसभ–नागवर–पडिपुण्णविउलक्खंधे,

जुगसन्निभपीण–रइयपीवरपउट्ठ–सुसंठिय–सुसिलिट्ठ–विसिट्ठ–घण–थिर–सुबद्धसंधिपुरवर–फलिहवट्टियभुए,

भुयगीसरविउलभोग आयाणपलिह उच्छूढदीहबाहू,

रत्ततलोवइय–मउय–मंसल–सुजाय–लक्खणपसत्थ–अच्छिद्दजालपाणी, पीवरकोमल–वरंगुली,

आयंब तंब तलिण–सुइरुइलणिद्धणखे,

चंदपाणिलेहे, संखपाणिलेहे, चक्कपाणिलेहे, दिसासोत्थियपाणिलेहे, चंद–सूर–संख–चक्क–दिसासोत्थियपाणिलेहे,

कणगसिलायलुज्जल – पसत्थ – समतल – उवचियविच्छिण्णपिहुलवच्छे, सिरिवच्छंक्यिवच्छे,

अकरंडुय कणग रुययनिम्मल सुजायनिरुवहयदेहधारी,

अट्ठसहस्सपडिपुण्णवरपुरिसलक्खणधरे,

सण्णयपासे, संगयपासे, सुंदरपासे, सुजायपासे, मियमाइय–पीणरइयपासे,

उज्जुय–समसहिय–जच्च–तणु–कसिण–णिद्ध–आइज्ज–लउह–रमणिज्जरोमराई,

झस–विहग–सुजायपीणकुच्छी,

झसोयरे, सुइकरणे,

पउमवियडणाभे, गंगावत्तगपयाहिणावत्त–तरंगभंगुर–रवि–किरण–तरुण–बोहियअकोसायंत–पउमगंभीर–वियडणाभे,

साहयसोणंद–मुसल दप्पण णिकरियवर–कणगच्छरुसरिसवरवइरवलियमज्झे, पमुइयवरतुरग–सीहवर–वट्टियकडी,

वरतुरग सुजाय सुगुज्झदेसे,

आइण्णह उव्वणिरुवलेवे,

वरवारण तुल्लविक्क–मविलसियगई,

गय–ससणसुजायसन्निभोरू,

समुग्ग–णिमग्गगूढजाणू, एणी–कुरुविंदावत्तवट्टाणपुव्वजंघे,

संठियसुसिलिट्ठगूढगुप्फे,

सुप्पइट्ठियकुम्मचारुचलणे,

अणुपुव्वसूसंहयंगुलीए,

उण्णयतणुतंबणिद्धणक्खे,

रत्तुप्पल–पत्तमउयसुकुमालकोमलतले,

अट्ठसहस्सवरपुरिसलक्खणधरे,

नग–नगर–मगर–सागर–चक्क–कवरंग–मंगलंकियचलणे,

विसिट्ठरूवे, हुयवहनिद्धूमजलिय–तडितडिय–तरुणरविकिरणसरिसतेए।

१६. (ख) **सत्तहत्थूस्सेहे**–भगवान महावीर के शरीर की ऊँचाई सात हाथ थी, उनका सस्थान समचौरस था तथा शरीर की रचना वज्र–ऋषभ–नाराच–सहननयुक्त था।

अनुकूल वायुवेग–देह के अन्तर्वर्ती पवन के उचित वेग–गतिशीलता से युक्त, कक पक्षी की तरह निर्दोष गुदाशययुक्त एव कबूतर की तरह पाचन–शक्तियुक्त था।

उनका अपान–स्थान उसी तरह निर्लेप था जैसे पक्षी का, पीठ और पेट के नीचे के दोनो पार्श्व तथा जघाएँ सुपरिणित–सुन्दर–सुगठित थे।

उनका मुख पद्म–कमल अथवा पद्म नामक सुगन्धित द्रव्य तथा उत्पल–नीलकमल जैसे सुरभिमय नि:श्वास से युक्त था।

उनका शरीर, छवि–उत्तम छविमान्–दीप्तिमान, नीरोग, उत्तम, प्रशस्त, अत्यन्त श्वेत मॉसयुक्त था।

जल्ल–(कठिनाई से छूटने वाला मैल), **मल्ल**–(आसानी से छूटन वाला मैल), **कलंक**–(दाग, धब्बे), **स्वेद**–पसीना तथा **रज–दोष**–मिट्टी लगने से विकृति–वर्जित, अतएव निरुपलेप–अत्यन्त स्वच्छ था।

प्रत्येक अग दीप्ति से उद्योतित था। उनका मस्तक अत्यधिक सघन, सुबद्ध, स्नायुबध सहित, उत्तम लक्षणमय पर्वत के शिखर के समान उन्नत था।

उनके मस्तक के बाल बारीक रेशो से भरे सेमल के फल फटने से निकलते हुए रुई के रेशो जैसे कोमल, प्रशस्त, सूक्ष्म, श्लक्ष्ण–मुलायम, सुरभित, सुन्दर तथा भुजमोचक, नीलम,

भीग, नील, कज्जल, **प्रहृष्ट**–सुपुष्ट भ्रमरवृन्द जैसे चमकीले काले, घने, घुँघराले और छल्लेदार कुण्डलाकार थे।

जिस त्वचा पर उनके बाल उगे हुए थे, वह अनार के फूल तथा सोने के समान दीप्तिमय, लाल, निर्मल और चिकनी थी।

उनका उत्तमाग–मस्तक का ऊपरी भाग सघन, भरा हुआ और छत्र की तरह गोलाकार था।

उनका ललाट **निर्व्रण**–फोडे–फुन्सी आदि के घाव–चिह्न से रहित, समतल तथा सुन्दर एव अर्द्ध–चन्द्र के समान भव्य था।

उनका मुख पूर्ण चन्द्र के समान सौम्य था। उनके कान मुख के साथ सुन्दर रूप मे सयुक्त और समुचित आकृति के थे, अत वे बडे सुहावने लगते थे।

उनके कपोल माँसल और परिपुष्ट थे।

उनकी काली एव स्निग्ध भौहे वक्र धनुष के समान सुन्दर–टेढी, काले बादल की रेखा के समान पतली थी।

खिले हुए पुण्डरीक–(सफेद कमल) के समान उनके नयन थे।

ये बरौनी (पत्रल) युक्त धवल आँखे अर्द्ध–विकसित कमल जैसी लगती थी।

उनकी नासिका गरुड की चोच की तरह लम्बी, सीधी और उन्नत थी।

उनके होठ सस्कारित या सुघटित मूँगे की पट्टी जैसे या बिम्ब फल के सदृश थे।

उनके दाँतो की श्रेणी शुभ निष्कलक चन्द्रमा के टुकडे, निर्मल से भी निर्मल शख, गाय के दूध, फेन (झाग), कुद पुष्प, जलकण और कमल–नाल के समान उज्ज्वल थी।

दाँत अखण्ड, परिपूर्ण, अस्फुटित–सुदृढ, टूट–फूटरहित, अविरल–परस्पर सटे हुए थे। वे सुस्निग्ध–चिकने–आभामय, सुजात–सुन्दराकार दीखते थे।

अनेक दाँत एक दन्त–श्रेणी की तरह प्रतीत होते थे।

जिह्वा और तालु अग्नि मे तपाकर जल से धोये हुए स्वर्ण के समान लाल थे।

उनकी दाढी–मूँछ **अवस्थित**–कभी नही बढने वाली, **सुविभक्त**–(दो भागो मे बराबर) बहुत हल्की–सी तथा अद्‌भुत सुन्दरता लिए हुए थी।

ठुड्डी माँसल–सुगठित, प्रशस्त तथा चीते की तरह विस्तीर्ण थी।

ग्रीवा–गर्दन चार अगुल प्रमाण, चार अगुल चौडी तथा उत्तम शख के समान तीन रेखाओ से युक्त एव उन्नत थी।

उनके सुपुष्ट कन्धे भैंसे, सूअर, सिंह, चीते, साँड तथा उत्तम हाथी के कन्धो जैसे परिपूर्ण एव विस्तीर्ण थे।

उनकी भुजाएँ **युग**—गाडी के जुए अथवा **यूप**—यज्ञ स्तम्भ—यज्ञ के खूँटे की तरह गोल और लम्बी, सुदृढ़ दीखने मे आनन्दप्रद, सुपुष्ट कलाइयों से युक्त, **सुश्लिष्ट**—सुसगत, विशिष्ट, **घन**—ठोस, सुगठित, स्थिर, स्नायुओ से यथावत् रूप मे सुबद्ध तथा नगर की अर्गला—आगल के समान गोलाई लिए हुए थी।

उनके दीर्घ बाहु ऐसे लगते थे जैसे इच्छित वस्तु प्राप्त करने के लिए नागराज का फैला हुआ विशाल शरीर हो।

उनके **पाणि**—कलाई से नीचे के हाथ के भाग उन्नत, कोमल, माँसल तथा सुगठित एव शुभ लक्षणो से युक्त थे। अगुलियॉ मिलाने पर उनमें छिद्र दिखाई नही देते थे।

हाथो की अँगुलियाँ पुष्ट, कोमल एव सुन्दर थी। किचिद् रक्त—कुछ लाली लिए पतले, शुद्ध, सुन्दर एव चिकने नख थे।

उनके तल—हथेलियॉ ललाई लिए हुए, पतली, उजली, रुचिर—देखने मे रुचिकर, स्निग्ध, सुकोमल थीं। उनकी हथेली मे चन्द्र, सूर्य, शख, चक्र, दक्षिणावर्त, स्वस्तिक की शुभ रेखाएँ थी।

उनका वक्षस्थल—स्वर्ण—शिला के तल के समान उज्ज्वल, प्रशस्त, समतल, माँसल, विस्तीर्ण, चौडा, पृथुल—(विशाल) था, उस पर **श्रीवत्स**—स्वस्तिक का शुभ चिह्न था।

देह की माँसलता या परिपुष्टता के कारण रीढ की हड्डी **अकरण्डुक**—दिखाई नहीं देती थी।

उनका शरीर स्वर्ण के समान कान्तिमान्, निर्मल, सुन्दर, **निरुपहत**—रोग—दोष—वर्जित था तथा उसमे उत्तम पुरुष के १००८ लक्षण पूर्णतया विद्यमान थे।

उनकी देह के पार्श्व भाग—दोनो पसवाडे नीचे की ओर क्रमश· सँकरे, देह के प्रमाण के अनुरूप, सुन्दर, सुनिष्पन्न, अत्यन्त समुचित परिमाण मे माँसलता लिए हुए मनोहर थे।

उनके वक्ष और उदर पर रमणीय बालो (रोम राजि) की पक्ति थी, जिनमे बाल सीधे, **समान संहित**—एक—दूसरे से मिले हुए, उत्कृष्ट कोटि के, सूक्ष्म—हल्के, काले, चिकने, उत्तम, लावण्यमय थे।

उनके कुक्षि—प्रदेश—उदर के नीचे के दोनो पार्श्व **मत्स्य**—मछली और पक्षी के समान **सुजात**—सुन्दर रूप मे अवस्थित तथा परिपुष्ट थे।

उनका उदर मत्स्य जैसा सुन्दर और पतला था, उनके उदर का **करण**—आँतो का समूह **शुचि**—स्वच्छ और निर्मल था। (चूँकि आँतें सामान्यत मलप्रवाही होती है, किन्तु भगवान के अतिशय के प्रभाव से आँतें मलरहित थी।)

उनकी नाभि कमल की तरह **विकट**–गूढ, गगा के भॅवर की तरह गोल, दाहिनी ओर चक्कर काटती हुई तरगो की तरह घुमावदार, सुन्दर, चमकते हुए सूर्य की किरणो से विकसित होते कमल के समान खिली हुई थी।

उनकी देह का मध्य भाग, त्रिकाष्ठिका, मूसल व दर्पण के हत्थे के मध्य भाग के समान, तलवार की मूठ के समान तथा उत्तम वज्र के समान (पतला) था।

उनकी कमर गोल घेराव लिए रोग, शोकादि रहित स्वस्थ उत्तम घोडे तथा उत्तम सिह की कमर के समान थी।

उत्तम घोडे के सुगठित गुप्ताग की तरह उनका गुह्य भाग था।

आकीर्ण जाति के उत्तम अश्व की तरह उनका शरीर 'मल–मूत्र' विसर्जन की क्रिया से निर्लेप था, उनकी **गति**–चाल श्रेष्ठ हाथी के समान पराक्रम और गम्भीरता लिए थी।

हाथी की सूॅड की तरह उनकी जघाएँ सुगठित थी।

उनके घुटने डिब्बे के ढक्कन की तरह **निगूढ** थे–माँसलता के कारण अच्छी प्रकार ढॅके हुए–बाहर नही निकले हुए थे। उनकी पिण्डलियॉ हरिणी की पिण्डलियो, कुरुविन्द घास तथा कते हुए सूत की गेढी की तरह क्रमश उतार सहित गोल आकार की थी।

उनके टखने सुन्दर, सुगठित और निगूढ थे।

उनके चरण **सुप्रतिष्ठित**–सुन्दर रचनायुक्त तथा कछुए की तरह उठे हुए होने से मनोज्ञ प्रतीत होते थे।

उनके पैरो की अगुलियाँ क्रमश **आनुपूर्वीयुक्त**–क्रमिक छोटी–बडी एव **सुसंहत**–सुन्दर रूप मे एक–दूसरे से सटी हुई थी।

उनके पैरो के नख उन्नत, पतले, ताँबे की तरह लाल, स्निग्ध–चिकने थे।

उनकी पगथलियॉ लाल कमल के पत्ते के समान मृदुल, सुकुमार तथा कोमल थी।

उनके शरीर मे उत्तम पुरुषो के योग्य १००८ शुभ लक्षण थे।

उनके चरण पर्वत, नगर, मगर, सागर तथा चक्र रूप उत्तम चिह्नो और स्वस्तिक आदि मगल चिह्नों से अकित थे।

उनका रूप विशिष्ट–असाधारण था, उनका तेज निर्धूम अग्नि की ज्वाला, विस्तीर्ण विद्युत् तथा अभिनव सूर्य की किरणो के समान था।

16. (b) The height of Bhagavan Mahavir was seven cubits The structure of his body was *sam-chauramsa* or *sam-chaturasra* (the anatomical structure of a human being where parallel lines drawn from the extremities of a body sitting cross-legged form a square and all the parts of body are of standard dimensions) and the constitution was of the *vajra-rishabh-narach* class (a specific type of constitution of human body where the joints are perfect and strongest)

He had a perfectly balanced movement of air inside the body His anus was faultless like that of a *Kank* bird (white kite) and digestive system as efficient as that of a pigeon

The lower portion of his torso was as smooth as that of birds. The lower portions of his back and abdomen as also the thighs were perfectly shaped

His breath was as fragrant as the aroma of *kamal* (ordinary lotus) and *utpal* (blue lotus) flowers

His complexion was smooth and glowing His flesh was free of any infection, healthy, well formed and snow-white

His body was free of any filth (*jalla*) or dirt (*malla*), spots, sweat and dust. Thus it was absolutely clean.

Every part of his body had a dazzling sheen His head was solid, well set with sinews and nerves, and raised like the peak of a mountain bearing good signs and attributes

The hair on his head were silky, healthy, fine, soft, fragrant and beautiful like fibres exploding out of the *semal* fruit (silk-cotton) They were thick, wavy, curly and shining black like *bhuj-mochak* gem, blue-sapphire, black-bee (*bhring*), indigo plant, collyrium and excited bumble-bees

The scalp where the hair grew was bright, red, pure and smooth like pomegranate flower and molten gold

His upper part or crown of the head was compact, well developed and round like an umbrella.

His forehead was free of any scars or bruises It was flat, beautiful and grand like a crescent

His face was serene like full moon He had a pair of well set and well shaped ears that looked charming on his face.

His cheeks were fleshy and plump

His black and smooth eye-brows were beautiful and slanted like a bow and slim like a line of black clouds

His eyes were white like white lotus.

These white eyes with eyelids and eye-lashes looked like a white lotus in partial bloom.

His nose was long, pointed and prominent like the beak of an eagle (*garud*).

His lips were red like a well shaped coral or a *bimb* fruit (*kundaru*)

The rows of his teeth were spotless and brilliant white like pieces of moon, purest conch-shells, cow's milk, foam, *kund* flower, drops of water and lotus stalk

These teeth were unbroken, well formed, strong, free of cavities and cracks, and closely set They looked smooth, shining and beautifully shaped.

Many teeth in a row appeared to be a single piece (so closely set)

His tongue and palate were red like molten gold

His beard and moustache remained the same always (never growing), were well parted, light and exquisite

His chin was well defined prominent and broad like that of a cheetah.

His neck measured four fingers in width It was prominent and had three lines like the best of conch-shells

His shoulders were strong, massive and broad like those of a buffalo, boar, lion, leopard, bull and bull elephant.

His arms were long, round, strong and shapely like a yoke or a *yupa* (the ceremonial pillar in a *yajna*). With powerful wrists the arms were well shaped, solid, perfectly structured and well jointed with sinews. They looked like the round chain-bolt of a city gate

These long arms looked as if a python had extended its huge body to grab a desired object

His hands (*pani*) were full, soft, fleshy, well proportioned and bore auspicious signs When joined, there were no gaps visible between the fingers.

The fingers were stout but soft and beautiful. The nails were thin, faultless, beautiful and smooth with a pink hue.

His palms were reddish, slim, clean, attractive, soft and delicate. These palms bore auspicious lines and signs of the moon, the sun, conch-shell, wheel, left sided conch-shell and swastika

His chest was bright like the surface of a slab of gold, prominent, flat, fleshy, generous, broad and portly It had the auspicious sign of *shrivatsa*.

Due to the fleshy and muscular structure of his body the mounds of the bones of the spinal column were not visible

His complete body was radiant like gold, unblemished, beautiful, free of any ailment or deformity (*nirupahat*) and it carried all the 1008 auspicious marks and signs of a noble human being.

His flanks tapered from chest down and were well proportioned, beautiful, graceful with streamlined flesh cover and attractive.

On his chest and abdomen were rows of lovely hair that were straight, dense, gossamer, fine, black, gleaming and charming.

His groin was beautifully shaped and muscular like a fish or a bird.

His abdomen was beautiful and slim like a fish. The bulk of his intestines was pure and clean (normally the intestines carry excreta, however, in case of a *Tirthankar* they are free of excreta due to his supernatural attributes).

His navel was deep and arcane like a lotus, circular like a whirlpool in the Ganges, spiraling like waves turning clockwise and beautiful like a lotus blooming in scintillating rays of the sun.

His torso was slim like a trident, a mace, the middle of the handle of a mirror or a sword and thunder-bolt.

His waist was round like that of a healthy and unwearied horse or a lion of finest breed.

The secret parts of his body were well built like those of a horse of finest breed.

Like a horse of *Akirna* breed his body was free of the need of excretion (passing urine or stool). His gait was spirited yet composed like that of an excellent elephant.

His thighs were perfectly formed like the trunk of an elephant

His knees were like the lid of a round box. well covered with flesh and not protruding His calves were round and tapered downward like those of a doe, like the *kuruvind* grass and a spindle of cotton yarn

His ankles were beautiful, well shaped and covered

His well formed and tortoise-like convex feet looked very attractive

The well graduated digits of his feet were perfectly and closely set

The nails on his toes were prominent, tender, smooth and copper-red in colour

The soles of his feet were lovely, soft and tender like a leaf of red lotus

His body carried all the 1008 auspicious marks and signs of a great man

His feet had the best of the favourable marks including a mountain, a city, a crocodile, an ocean and a wheel (*chakra*) as also auspicious marks including the swastika.

He was exceptionally handsome. He had an aura as scintillating as a smokeless flame, extended lightening and the sun at dawn

आत्मिक वैभव

१६. (ग) अणासवे, अममे, अकिंचणे, छिन्नसोए, निरुवलेवे,

ववगयपेम–राग–दोस–मोह,

निग्गंथस्स पवयणस्स देसए, सत्थनायगे, पइट्ठावए, समणगपई,

समणगविंदपरियट्टिए,

चउत्तीसबुद्धवयणाइसेसपत्ते, पणतीससच्चवयणाइसेसपत्ते,

आगासगएणं चक्केणं, आगासगएणं छत्तेणं, आगासियाहिं चामराहिं, आगासफलियामएणं सपायपीढेणं सीहासणेणं, धम्मिज्झएणं पुरओ पकड्ढिज्जमाणेणं,

चउद्दसहिं समणसाहस्सीहिं, छत्तीसाए अज्जियासाहस्सीहिं सद्धिं संपरिवुडे,

पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे, गामाणुगामं दूइज्जमाणे, सुहंसुहेणं विहरमाणे चंपाए नयरीए बहिया उवणगरग्गामं उवागए चंपं नगरिं पुण्णभद्दं चेइयं समोसरिउकामे।

१६. (ग) वे प्राणातिपात आदि आस्रवरहित, ममतारहित अकिचन थे। वे भव-प्रवाह को नष्ट कर चुके थे-**निरुपलेप**-द्रव्य-दृष्टि से निर्मल देहधारी तथा भाव-दृष्टि से कर्मबन्ध के हेतु रूप लेप से रहित थे।

प्रेम, राग, द्वेष और मोह का क्षय कर चुके थे।

निर्ग्रन्थ-प्रवचन के उपदेष्टा, धर्म-शासन के नायक, प्रतिष्ठापक तथा श्रमणपति थे।

श्रमणवृन्द से घिरे रहते थे।

जिनेश्वरो के चौतीस बुद्ध-अतिशयो से तथा पैतीस सत्य-वचनातिशयो से युक्त थे। (विस्तार हेतु देखे-सचित्र तीर्थकर चरित्र, परिशिष्ट ३)

चक्र, छत्र, चॅवर तथा आकाश के समान स्वच्छ स्फटिक से बने पाद-पीठ सहित सिहासन एव धर्मध्वज-ये उनके आगे आकाश से अन्तरिक्ष मे चलते थे।

चौदह हजार साधु तथा छत्तीस हजार साध्वियो से **संपरिवृत**-घिरे हुए थे।

आगे से आगे चलते हुए, एक गॉव से दूसरे गाँव होते हुए, सुखपूर्वक विहार करते हुए चम्पा के बाहरी उपनगर मे पहुॅचे, जहाँ से उन्हे चम्पा मे पूर्णभद्र चैत्य मे पधारना था।

THE SPIRITUAL GRANDEUR

16. (c) He was completely free of the inflow of *karmas* (*asrava*) like those acquired through destroying life He was absolutely selfless (*mamtarahit*) and devoid of possessions (*akinchan*). He had destroyed the cyclic flow of rebirths for himself He was absolutely unspoiled, in other words he had a clean body free of any dirt and a pristine soul free of *karmic* bondage

He had risen above all sentiments of love, attachment, aversion and fondness.

He was the propagator of the *nirgranth* sermon (the tenets of Jainism). He was the leader, founder and head of the religious order

He remained surrounded by groups of ascetics

He was endowed with the thirty four unique superlative attributes of a *Tirthankar* and the thirty five unique superlative attributes of speech (For details see *Illustrated Tirthankar Charitra,* Appendix 3)

When moving he was heralded by divine felicitations in the sky, namely, a wheel, an umbrella, whisks, a throne with a footrest as transparent as clear sky and the flag of religion

Fourteen thousand male ascetics (*sadhus*) and thirty six thousand female ascetics (*sadhvis*) accompanied him

Wandering comfortably from one village to another he arrived in a suburb of Champa city on way to the Purnabhadra *Chaitya* in Champa

विवेचन—इस सूत्र मे भगवान महावीर के अत्यन्त प्रभावशाली, चित्ताकर्षक एव मनोहर व्यक्तित्व के विविध रूपो को अनेक ललित उपमाओ से मण्डित कर हूबहू शब्द चित्र उपस्थित किया गया है। विश्व के प्राय सभी धर्म-सम्प्रदायो ने अपने आराध्य महापुरुषो को सामान्य व्यक्तियो से पृथक् विशिष्ट रूप मे चित्रित किया है। वे अनुपम शारीरिक सौन्दर्य-शुभ लक्षण, बल, बुद्धि तथा विशिष्ट आत्मिक वैभव से सम्पन्न होते है। तीर्थंकर विश्व मे सबसे महान् लोकोत्तम महापुरुष होते है, उनका अद्‌भुत अद्वितीय शरीर-बल, असीम आत्म-बल होता है तथा शरीर मे एक हजार आठ शुभ लक्षण होते है।

ऐसा कहा जाता है सामान्य व्यक्ति मे एकाध शुभ लक्षण होता है। उससे बढकर किसी विरले मे बत्तीस शुभ लक्षण पाये जाते है। उत्तम पुरुषो मे एक सौ आठ शुभ लक्षण होते है। लौकिक सम्पदा के धनी चक्रवर्ती मे एक हजार आठ शुभ लक्षण होते है, परन्तु वे कुछ अस्पष्ट होते है, जबकि तीर्थंकरो के शरीर पर वे शुभ लक्षण स्पष्ट दिखाई देते है।

तीर्थंकर भगवान के ३४ अतिशय तथा ३५ वचनातिशय का विस्तृत कथन समवायागसूत्र, समवाय ३४-३५ मे उपलब्ध है तथा हिन्दी जैन तत्त्व कलिका (सम्पादक श्री अमर मुनि), प्रथम कलिका, पृष्ठ ९-१६ तक मे विस्तारपूर्वक दिया गया है। पाठक वहाँ देख ले।

Elaboration—This aphorism presents a vivid verbal illustration of the extremely impressive, magnetic and spectacular personality of Bhagavan

Mahavir, describing various facets of his personality with the help of numerous choicest metaphors. Almost all religions and sects in the world have described the great men they worship as extra-ordinary and superlative. They are endowed with unparalleled physical beauty, auspicious signs, power, intelligence and spiritual grandeur The *Tirthankars* are said to be the best among the great men in the world They have astonishing and unique physical and spiritual potency and have one thousand eight auspicious marks on the body

It is said that an ordinary individual has one or two auspicious marks There are very few who bear thirty two such marks. Highly accomplished individuals have one hundred eight such marks A *chakravarti* (emperor), the owner of maximum mundane wealth, has one thousand eight such marks but they are blurred In case of a *Tirthankar* all these marks are sharp and vivid

The detailed description of the thirty four unique superlative attributes of a *Tirthankar* and the thirty five unique superlative attributes of speech is available in *Samvayanga Sutra* (*Samvaya* 34-35) and *Jain Tattva Kalika* (First Kalika, pp 9-16) by Shri Amar Muni.

प्रवृत्ति–निवेदक द्वारा सूचना

वे श्रमण व्रतप्रधान, **गुणप्रधान**–सयम आदि गुणो की विशेषता से युक्त, **करणप्रधान**–आहारविशुद्धि आदि की विशेषता सहित, **चारित्रप्रधान**–उत्तम चारित्र–सम्पन्न–दशविध यतिधर्म से युक्त, **निग्रहप्रधान**–मन एवं इन्द्रिय आदि का निग्रह करने वाले, **निश्चयप्रधान**–सत्य तत्त्व के निश्चित विश्वासी या कर्मफल मे आस्था रखने वाले, **आर्जवप्रधान**–सरलतायुक्त, **मार्दवप्रधान**–मृदुतायुक्त (अहंकाररहित), **लाघवप्रधान**–(द्रव्य से अल्प–उपधि वाले, भाव से तीन प्रकार के गौरव से रहित), **क्षान्तिप्रधान**–क्षमाशील, **गुप्तिप्रधान**–मानसिक,

वाचिक तथा कायिक प्रवृत्तियो का विवेकपूर्वक उपयोग करने वाले, **मुक्तिप्रधान**–कामनाओ से दूर रहने वाले, **विद्याप्रधान**–ज्ञान की विविध शाखाओ के पारगामी, **मन्त्रप्रधान**–चिन्तना या विचारणायुक्त, **वेदप्रधान**–वेद आदि लौकिक, लोकोत्तर शास्त्रो के ज्ञाता, ब्रह्मचर्यप्रधान, **नयप्रधान**–**नैगम** आदि नयो के ज्ञाता, **नियमप्रधान**–नियमो के पालक, सत्यप्रधान, **शौचप्रधान**–आत्मा की शुचिता एव पवित्रतायुक्त थे एव–**चारुवर्ण**–सुन्दर वर्णयुक्त अथवा उत्तम कीर्तिमान, **लज्जा**–संयम की विराधना में लज्जालु तथा तप श्री–तप की आभा या तप के तेजयुक्त, जितेन्द्रिय थे, **शोधि**–शुद्ध या अकलुषित हृदय वाले, अनिदान–निदानरहित–**अल्पौत्सुक्य**–भोगो की उत्सुकता रहित, **अबहिःलेश्या**–लेश्याओ तथा मनोवृत्तियो को संयम से बाहर नही जाने देते थे। सदा शुभ मनोवृत्ति वाले थे। श्रमण जीवन की शुद्ध आराधना मे सलग्न थे, **दान्त**–इन्द्रिय, मन आदि का दमन करने वाले थे, वीतराग प्रभु द्वारा प्रतिपादित **प्रवचन**–धर्मानुशासन को आगे रखकर उसे ही प्रमाणभूत मानकर विचरण करते थे।

THE QUALITIES OF STHAVIRS

25. During that period of time numerous *sthavir* (senior ascetic) disciples (*antevasi*) of Shraman Bhagavan Mahavir were *jatisampanna* (belonged to high castes), *kulasampanna* (came from noble families), *balasampanna* (rich in physical strength), *roopsampanna* (handsome), *vinayasampanna* (modest), *jnanasampanna* (rich in knowledge), *darshansampanna* (having profound perception/faith), *charitrasampanna* (strict adherents of ascetic-conduct), *lajjasampanna* (shy of indulging in sinful activities) and *laghavsampanna* (having minimum possessions as well as passions).

They were brilliant and radiant with power and aura gained through austerities and ascetic-discipline, eloquent, influential and famous. They had conquered their anger, conceit, deceit, greed, senses, sleep and pain of torments. They were free of the desire of life and fear of death.

These *Shramans* were highly proficient in various fields and virtues like—self-control and ascetic-discipline, purity of actions including alms collection; the ten fold ascetic-conduct; subduing of mind and senses; faith in truth and doctrine of *karma*; simplicity, modesty, humbleness (having minimum possessions and free of

three kinds of pride); forgiveness, restraint over mental, vocal and physical indulgences, independence from ambitions, various branches of knowledge, skill of mantra and contemplation, knowledge of the *Vedas* and other scriptures; celibacy; subjects like logic and *naya* (system of variant perspectives); adherence to rules, truth and purity of soul They also had qualities like good complexion; reluctance in transgressing ascetic-discipline; aura of austerities; command over senses; purity of heart; independence from sleep and freedom from mundane curiosity. They never allowed their desires or *leshyas* (complexion of soul) to go out of control Their attitude always remained pious They immaculately followed the ascetic life with all purity and subdued their desires and senses They moved about following the word of the *Vitarag* and considering his *sermon* to be the commandment.

२६. तेसि णं भगवंताणं आयावाया वि विदित्ता भवंति, परवाया वि विदित्ता भवंति, आयावायं जमइत्ता नलवणमिव मत्तमातंगा, अच्छिद्दपसिणवागरणा, रयणकरंडगसमाणा, कुत्तियावणभूया।

परवाइपमद्दणा, दुवालसंगिणो, समत्तगणिपिडगधरा, सव्वक्खरसण्णिवाइणो, सव्वभासाणुगामिणो, अजिणा जिणसंकासा, जिणा इव अवितहं वागरमाणा संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणा विहरंति।

२६. वे स्थविर भगवान **आत्मवाद**–स्व–सिद्धान्तो मे वर्णित विविध तत्त्वों के ज्ञाता थे। **परवाद**–दूसरे के सिद्धान्तो के भी वेत्ता थे। जिस प्रकार कमलवन में पुन –पुन. क्रीडा करने वाला हाथी कमलवन से भलीभाँति परिचित रहता है उसी प्रकार वे अपने सिद्धान्तो के पुन.–पुन. अभ्यास या परावर्तना के कारण उनसे सुपरिचित थे। जब कोई उनसे प्रश्न पूछता तो वे **अच्छिद्र**–अखण्डित रूप मे उनका उत्तर देने मे समर्थ थे। वे रत्नो की पिटारी के सदृश ज्ञान, दर्शन, चारित्र आदि दिव्य रत्नो से परिपूर्ण थे। वे कुत्रिकापण तुल्य थे। (कुत्रिकापण मे जिस प्रकार सभी मन इच्छित वस्तुएँ प्राप्त होती है, उसी प्रकार वे अपने मन इच्छित कार्य पूर्ण करने मे समर्थ थे।)

वे परवादियो के मत का निराकरण (खण्डन) करने मे सक्षम थे। आचाराग, सूत्रकृतांग आदि बारह अंगो के ज्ञाता थे। समस्त गणिपिटक (जिन–प्रवचन) के धारक, अक्षरो–स्वर एवं व्यंजनों के सभी प्रकार के सयोग के ज्ञाता, सब प्रकार की भाषाओ के जानकार थे।

वे जिन–सर्वज्ञ न होते हुए भी सर्वज्ञ तुल्य थे। वे सर्वज्ञो की तरह **अवितथ**–यथार्थ प्ररूपणा करते हुए, सयम तथा तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरते थे।

26. These *Sthavır Bhagavans* (most venerated senior ascetıcs) had profound knowledge of theır own tenets and scrıptures as well as those of others Thoroughly honıng theır knowledge of their own doctrınes through repeated study, they roamed around ın theır spırıtual world lıke a bull elephant completely at ease ın a lotus forest ıt playfully frequents They were capable of answerıng all questıons put forth to them wıthout any hesıtatıon Lıke a box of gems they were rich wıth dıvıne gems ıncludıng rıght knowledge, perceptıon/faıth and conduct They were lıke a *kutrıkapan* (a dıvıne store where all coveted thıngs are avaılable)

They were capable of defeatıng theır adversarıes ın debate They were masters of the twelve *Angas* ıncluding *Acharanga* and *Sutrakrıtanga* They had all the knowledge of the complete *Ganıpıtak* (the corpus of basıc Jaın canon) They knew all the combınatıons of all the consonants and vowels as well as all languages Though not yet *Jına* themselves, they were almost lıke omnıscients Lıke omnıscıents they propagated the true fundamentals and moved about enkındlıng (*bhaavıt*) theır souls wıth ascetıc-dıscıplıne and austerıtıes

गुण–सम्पन्न अणगारो की बाईस उपमाएँ

२७. तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी बहवे अणगारा भगवंतो इरियासमिया, भासासमिया, एसणासमिया, आयाण–भंडमत्तनिक्खेवणासमिया, उच्चार–पासवण–खेल–सिंघाण–जल्ल–पारिट्ठावणियासमिया, मणगुत्ता, वयगुत्ता, कायगुत्ता, गुत्ता, गुत्तिंदिया, गुत्तबंभयारी, अममा, अकिंचणा, छिण्णगंथा, छिण्णसोया, निरुवलेवा–

१. कंसपाईव मुक्कतोया, २. संख इव निरंगणा, ३. जीवो विव अप्पडिहयगई, ४. जच्चकणगं पिव जायरूवा, ५. आदरिसफलगा इव पागडभावा, ६. कुम्मो इव गुत्तिंदिया, ७. पुक्खरपत्तं व निरुवलेवा, ८. गगणमिव निरालंबणा, ९. अणिलो इव निरालया, १०. चंदो इव सोमलेसा, ११. सूरो इव दित्ततेया, १२. सागरो इव गंभीरा,

१३. विहग इव सव्वओ विप्पमुक्का, १४. मंदरो इव अप्पकंपा, १५. सारयसलिलं व सुद्धहियया, १६. खग्गिविसाणं इव एगजाया, १७. भारंडपक्खी इव अप्पमत्ता, १८. कुंजरो इव सोंडीरा, १९. वसभो इव जायत्थामा, २०. सीहो इव दुद्धरिसा, २१. वसुंधरा इव सव्वफासविसहा, २२. सुहुय हुयासणो इव तेयसा जलंता।

२७. श्रमण भगवान महावीर के वे अन्तेवासी अनगार भगवान ईर्या समिति, भाषा समिति, एषणा समिति, आदान-भाड मात्र निक्षेपणा समिति तथा उच्चार-प्रस्रवण समिति से समित-समिति की आराधना मे यतनाशील थे। वे मनोगुप्त, वचोगुप्त, कायगुप्त-मन, वचन तथा शरीर की क्रियाओ का सयम करने वाले थे। वे गुप्त विषयो से विरक्त रागरहित-अन्तर्मुख थे, **गुप्तेन्द्रिय**-इन्द्रियो को निग्रह करने मे तत्पर, गुप्त ब्रह्मचारी-नवबाड सहित ब्रह्मचर्य का पूर्ण पालन करने वाले, **अमम**-ममत्वरहित, **अकिंचन**-परिग्रहरहित, **छिन्नग्रन्थ**-ससार से जोडने वाले पदार्थ रूप ग्रन्थियो से विमुख, **छिन्नस्रोत**-लोकप्रवाह मे नही बहने वाले, **निरुपलेप**-कर्मबन्ध के लेप से रहित थे।

जिस प्रकार (१) कॉसे के पात्र मे पानी नही लगता, उसी प्रकार वे अनगार स्नेह, आसक्ति आदि के लगाव से रहित थे, (२) शख के समान **निरंगण**-राग आदि के रग से अलिप्त (शख पर कोई रग नही लगता है, उसी प्रकार क्रोध, द्वेष, राग, प्रेम, प्रशसा, निन्दा आदि से अप्रभावित रहते थे), (३) जीव को गति करने में जैसे कही कोई अवरोध नही रहता, उसी प्रकार वे अप्रतिहतगति थे, (४) **जात्य**-उत्तम जाति के, शुद्ध स्वर्ण के समान जातरूप-निर्मल चारित्र-सम्पन्न थे, (५) दर्पण के सदृश-छल व कपटरहित शुद्ध पारदर्शी जीवन जीने वाले, (६) कछुए की तरह गुप्तेन्द्रिय-निवृत्ति-भाव मे स्थित रहने वाले, (७) कमलपत्र के समान निर्लेप, (८) आकाश के तुल्य निरालम्ब-पराश्रय से निरपेक्ष, (९) वायु की तरह निरालय-गृहरहित, (१०) चन्द्रमा के समान सौम्य लेश्यायुक्त, (११) सूर्य के समान दीप्ततेज-शारीरिक तथा आत्मिक तेजयुक्त, (१२) समुद्र के समान गम्भीर, (१३) पक्षी की तरह सर्वथा विप्रमुक्त-परिवार, परिजन आदि से मुक्त तथा निश्चित निवासरहित, (१४) मेरु पर्वत के समान अप्रकम्प-अनुकूल, प्रतिकूल परीषहो मे अविचल, (१५) शरद ऋतु के जल के समान शुद्ध हृदय, (१६) गेडे के सीग के समान **एकजात**-राग आदि भावो से रहित एक मात्र आत्मनिष्ठ, (१७) भारण्ड पक्षी के समान अप्रमत्त-प्रमादरहित, जागरूक, (१८) हाथी के सदृश शौण्डीर-कषाय आदि को जीतने मे शूरवीर, बलशाली, (१९) वृषभ के समान धैर्यशील, (२०) सिह के समान दुर्धर्ष-परीषहो व कष्टो से अपराजेय, (२१) पृथ्वी के समान सभी शीत, उष्ण, अनुकूल, प्रतिकूल स्पर्शों को समभाव

से सहने मे समर्थ, तथा (२२) घृत द्वारा भलीभाँति हवन की हुई अग्नि के समान तेज से जाज्वल्यमान–ज्ञान तथा तप के तेज से दीप्तिमान थे।

TWENTY TWO METAPHORS FOR ANAGARS

27. During that period of time numerous *sthavir* (senior ascetic) disciples (*antevasi*) of *Shraman* Bhagavan Mahavir were sincerely pursuing the practices of five *samitis* (regulations) prescribed for movement (*irya*), speech (*bhasha*), alms seeking (*eshana*), maintaining ascetic equipment including bowls (*adan-bhand-matra nikshepan*) and excreta disposal (*uchchar-prasravan*) They also practiced the three *guptis* (restraints) of mind, speech and body They were introvert and detached (*gupta*) and exercised complete restraint over sense organs (*guptindriya*). They practiced celibacy with nine fences (*gupta brahmachari*). They were selfless (*amam*) and devoid of possessions (*akinchan*) They were free from any bonds in the form of attachment for material things (*chhinnagranth*) and all other mundane activities (*chhinnapravah*) as well as the coating in the form of bondage of *karmas* (*nirupalep*)

(1) Like a bronze vessel, on which water does not stick, they were free of fondness and attachment (2) Like a conch-shell they could not be tarnished with any colour (anger, aversion, attachment, love, praise, criticism etc.) (3) Like a soul they were unhindered in their movement. (4) Like refined gold they were endowed with purity of conduct. (5) Like a mirror their life was transparent and free of any aberrations of deceit and complicity (6) Like a tortoise their senses were concealed by the cover of abstinence and introversion (7) They were unspoiled like a lotus leaf (8) Like sky they were without a support or free of any outside dependence (9) They were abodeless like air (10) Like moon they had serene and soothing glow (11) Like sun they were scintillating (physically as well as spiritually) (12) They were endowed with the depth of an ocean (13) Like birds they were untethered or free of family, friends and permanent settlement (14) Like Mount Meru they were unwavering and firm in face of afflictions (15) They were pure at heart like the autumn water (16) Like a rhinocerous horn they were uniform or

चित्र परिचय-३

Illustration No. 3

भगवान के श्रमणों की २२ उपमाएँ

श्रमण भगवान महावीर के श्रमण भगवान इस प्रकार की विशेषताओ से युक्त थे-

(१) कासे के पात्र की तरह निर्लेप।
(२) शख के समान उज्ज्वल-राग रहित।
(३) जीव के समान अप्रतिहतगति।
(४) शुद्ध स्वर्ण के समान निर्दोष चारित्रवान।
(५) दर्पण के समान प्रकट भाव वाले।
(६) कछुए के समान गुप्तेन्द्रिय।
(७) कमल के समान निर्लेप।
(८) आकाश के समान आलम्बन रहित।
(९) पवन के समान गृहरहित।
(१०) चन्द्र के समान सौम्य।
(११) सूर्य के समान तेजस्वी।
(१२) समुद्र के समान गम्भीर।
(१३) पक्षी के समान परिकर से मुक्त।
(१४) मेरु क समान अप्रकम्प।
(१५) शरद ऋतु के जल के समान स्वच्छ हृदय।
(१६) गेड के सीग के समान एकाकी।
(१७) भारण्ड पक्षी के समान अप्रमत्त।
(१८) हाथी के समान शक्तिशाली।
(१९) वृषभ के समान धैर्यशाली।
(२०) सिंह के समान पराक्रमी।
(२१) पृथ्वी के समान क्षमाशील।
(२२) यज्ञाग्नि के समान तेजोदीप्त।

सूत्र २७

TWENTY TWO METAPHORS FOR THE ASCETIC DISCIPLES OF BHAGAVAN

The ascetic disciples of Shraman Bhagavan Mahavir were endowed with these qualities

(1) Free of blemish like a bronze vessel
(2) Clean and detached like a conch shell
(3) Unhindered in movement like a soul
(4) Endowed with purity of conduct like refined gold
(5) Transparent like a mirror
(6) With concealed senses like a tortoise
(7) Unspoiled like a lotus leaf
(8) Without a support like sky
(9) Abodeless like air
(10) Soothing like the moon
(11) Scintillating like the sun
(12) Serene like an ocean
(13) Untethered like birds
(14) Unwavering like Mount Meru
(15) Pure at heart like the autumn water
(16) Unidirectional like a rhinocerous horn
(17) Ever alert like a Bharand bird
(18) Strong like an elephant
(19) Patient like a bull
(20) Invincible like a lion
(21) Tolerant like the earth
(22) Glowing like the flames of a *yajna*-pyre

—*Sutra 27*

unidirectional towards spirituality. (17) Like a *Bharand* bird they were ever alert (18) They were strong like an elephant in winning over passions. (19) They were patient like a bull. (20) Like a lion they were invincible to pain or torments. (21) In enduring heat, cold and other favourable and unfavourable conditions they were like the earth. (22) Like flames of a pyre saturated with butter they were ever glowing with the fire of knowledge and austerities.

विवेचन—ऐसा माना जाता है, भारण्ड पक्षी एक विशालकाय विशिष्ट बली पक्षी होता है। उसके एक शरीर, दो सिर, दो आँखे तथा तीन पैर होते है। उसकी दोनो ग्रीवाएँ-(मुख) अलग-अलग होती हैं। उसे अपने जीवन-निर्वाह हेतु खानपान आदि क्रियाओ मे अत्यन्त प्रमादरहित या जागरूक रहना होता है। मुनि को भारड पक्षी की तरह सदा जागरूक व अन्तर्मुख रहना चाहिए।

Elaboration—It is said that *Bharand*, a mythical bird of giant proportions, has one body, two heads, two eyes and three legs The two heads are on separate necks For sustenance it has to be extremely alert and selfish in finding and collecting food An ascetic should always be as alert and introvert as a *Bharand* bird

प्रतिबंध-मुक्त अणगार

२८. नत्थि णं तेसि णं भगवंताणं कत्थइ पडिबंधे भवइ।

से य पडिबंधे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—दव्वओ, खेत्तओ, कालओ, भावओ।

१. दव्वओ णं सचित्ताचित्तमीसिएसु दव्वेसु। २. खेत्तओ गामे वा णयरे वा रण्णे वा खेत्ते वा खले वा घरे वा अंगणे वा। ३. कालओ समए वा, आवलियाए वा, जाव (आणापाणुए वा थोवे वा लवे वा मुहुत्ते वा अहोरत्ते वा पक्खे वा मासे वा) अयणे वा, अण्णयरे वा दीहकालसंजोगे। ४. भावओ कोहे वा मायाए वा लोहे वा भए वा हासे वा। एवं तेसिं णं भवइ।

२८. श्रमण भगवान महावीर के उन श्रमण भगवतो के किसी प्रकार का प्रतिबन्ध-रुकावट या आसक्ति का बधन नही था।

प्रतिबन्ध चार प्रकार का कहा है-द्रव्य की अपेक्षा से, क्षेत्र की अपेक्षा से, काल की अपेक्षा से तथा भाव की अपेक्षा से।

(१) द्रव्य की अपेक्षा से सचित्त, अचित्त तथा मिश्रित द्रव्यों में, (२) क्षेत्र की अपेक्षा से गाँव, नगर, खेत, खलिहान, घर तथा आँगन मे, (३) काल की अपेक्षा से समय आवलिका, असख्यात

समय (आन-प्राण-एक उच्छ्वास-नि श्वास का काल), **थोव-स्तोक**-(सात उच्छ्वास-नि:श्वास का काल), **लव**-(सात थोव), **मुहूर्त्त**-(सतत्तर लव) दिन-रात, पक्ष, मास, **अयन**-छह मास एवं अन्य दीर्घकालिक संयोग में, तथा (४) भाव की अपेक्षा से क्रोध, अहकार, माया, लोभ, भय या हास्य में उनका किसी भी प्रकार का कोई प्रतिबन्ध व आसक्ति भाव नही था।

UNRESTRICTED ANAGARS

28. These *Shraman Bhagavants* of Bhagavan Mahavir's order were not encumbered by any restriction, obstruction or obsession in their spiritual pursuits

Restrictions are said to be of four kinds—related to substance, related to area, related to time and related to attitude

(1) In relation to substance the obstruction is from *sachit* (living), *achit* (non-living) and mixed substances (2) In relation to area the restriction is of village, city, farm, farm-yard, house and courtyard (3) In relation to time the restriction is of *Samaya* (the smallest indivisible unit of time), *Avalika, Asamkhyat Samaya, Stok, Lav, Muhurt,* day and night, fortnight, month, *Ayan* and other longer units of time (refer to Illustrated *Anuyogadvar Sutra*, pp 290-292 for details about these units). 4. In relation to attitude the obsession is of anger, conceit, deceit, greed, fear or mirth They were not restricted by or obsessed with any of these on the spiritual path

विहार चर्या

२९. ते णं भगवंतो वासावासवज्जं अट्ठ गिम्हहेमंतियाणि मासाणि गामे एगराइया, णयरे पंचराइया।

वासीचंदणसमाणकप्पा, समलेट्ठु-कंचणा, समसुह-दुक्खा, इहलोग-परलोग अप्पडिबद्धा, संसारपारगामी, कम्मणिग्घायणट्ठाए अब्भुट्ठिया विहरंति।

२९. वे साधु भगवान वर्षावास-चातुर्मास के चार महीने छोडकर ग्रीष्म तथा हेमन्त (शीतकाल) दोनो ऋतुओ के आठ महीनो तक किसी गाँव मे एक रात तथा नगर मे पाँच रात निवास करते थे।

वे चन्दन के समान अपना अपकार करने वाले का भी उपकार करने की वृत्ति रखते थे अथवा बसूले के समान क्रूर व्यवहार करने वाले-अपकारी तथा चन्दन के समान सौम्य व्यवहार करने वाले-उपकारी-दोनो के ही प्रति राग-द्वेषरहित समान भाव धारण किये

रहते थे। वे मिट्टी के ढेले और स्वर्ण को एक समान दृष्टि से देखते थे। सुख और दुःख में समान भाव रखते थे। वे इहलौकिक तथा पारलौकिक आसक्ति से बँधे हुए नही थे। वे ससारपारगामी–चतुर्गति रूप ससार के पार पहुँचने वाले–तथा कर्मो का **निर्घातन**–नाश करने हेतु अभ्युत्थित–प्रयत्नशील होकर विचरण करते थे।

ASCETIC PRAXIS

29. In a year, except for the monsoon-stay (four months of the monsoon season), for eight months of summer and winter seasons these *Shraman Bhagavants* never stayed in a village for more than one night and in a city for more than five nights

Like sandal-wood they were benevolent even for those who harmed them. In other words, they were beyond any feelings of attachment and aversion for things painful like a sharp edged cutting tool or soothing like sandal-wood To them a lump of sand or that of gold were same They were equanimous in pleasure and pain They were free of any obsessions related to this life and the other They were destined to cross the ocean of cycles of rebirth in the four *gatis* (dimension or realm of birth) namely, divine, human, animal and infernal They led a peripatetic life in their endeavour to destroy the bondage of *karmas*

विवेचन–प्रस्तुत सूत्र मे साधुओ के लिए ग्राम मे एकरात्रिक तथा नगर मे पचरात्रिक प्रवास का उल्लेख हुआ है। साधारणत साधुओ के लिए मासकल्प विहार विहित है।

वृत्तिकार आचार्य अभयदेव सूरि के कथनानुसार–**एतच्च प्रतिमा कल्पिकानामाश्रित्योक्तम्** (वृत्ति पत्र ३६) यह कल्प प्रतिमाधारी श्रमणो को लक्ष्य करके कहा गया है। आचार्य श्री घासीलाल जी महाराज ने अपनी टीका मे गाँव मे एक रात्रि से, एक दिन से एक सप्ताह तक तथा नगर मे पाँच रात्रि से–एक सप्ताह से पाँच सप्ताह अर्थात् उनतीस दिन तक निवास करने की प्राचीन परम्परा का उल्लेख किया है। **यस्मिन् दिवसेऽनगारा ग्राममागच्छन्ति स दिवसः पुनर्यावन्नावर्तते पर्यन्तः काल एक रात्र शब्देन गृह्यते तेनैक सप्ताह निवासिन इत्यर्थः। नगरे पचरात्रिका –यस्मिन् दिवसेऽनगारा नगरमागच्छन्ति स दिवसः पंचवारमावर्तितः पंचरात्रमुच्यते, तेवैकोनत्रिंशदिवसवासिन इत्यर्थः** (पी व टीका, पृष्ठ २००)

Elaboration—This aphorism informs about the one night village-stay and five night city-stay for ascetics However, in general the code of month long stay is in practice

According to the commentator (*Vritti*) Abhayadev Suri the aforesaid rule is for the *Shramans* who are practicing *pratimas* (special codes and resolutions for an ascetic) In his commentary (*Tika*), Acharya Ghasilal ji

M. states about the ancient tradition of village stay of one night to one week duration and city stay of five nights to five weeks duration (p 200)

तप वर्णन

३०. (क) तेसिं णं भगवंताणं एएणं विहारेणं विहरमाणाणं इमे एयारूवे अब्भिंतर–बाहिरए तवोवहाणे होत्था। तं जहा–अब्भिंतरए छव्विहे, बाहिरए वि छव्विहे।

से किं तं बाहिरए ?

बाहिरए छव्विहे पण्णत्ते। तं जहा–१. अणसणे, २. ओमोयरिया, ३. भिक्खायरिया, ४. रसपरिच्चाए, ५. कायकिलेसे, ६. पडिसंलीणया।

३०. **(क)** इस प्रकार ग्रामानुग्राम विहार करने वाले वे श्रमण भगवान आभ्यन्तर तप तथा बाह्य तपमूलक आचार का पालन करते थे। आभ्यन्तर तप छह प्रकार का है तथा बाह्य तप भी छह प्रकार का कहा है।

बाह्य तप क्या है–कौन–कौन से है ?

बाह्य तप छह प्रकार के है–यथा–(१) **अनशन**–आहार एव आहार की आसक्ति का त्याग करना, (२) **अवमोदरिका**–भूख से कम खाना या साधनो का उपयोग सीमित करके, (३) **भिक्षाचर्या**–भिक्षा से प्राप्त–सयम–जीवनोपयोगी आहार, वस्त्र, पात्र, औषध आदि शुद्ध एषणीय वस्तुएँ ग्रहण करना, इसे वृत्तिसक्षेप भी कहते है, (४) **रस–परित्याग**–सरस पदार्थो का त्याग करना, (५) **कायक्लेश**–इन्द्रिय–दमन करना तथा सुकुमारता, आरामतलबी छोडने हेतु तदनुरूप कष्टमय अनुष्ठान द्वारा शरीर को साधना के लिए तैयार करना, (६) **प्रतिसंलीनता**–अन्तर्मन की आभ्यन्तर तथा शरीर की बाह्य चेष्टाओ का सकोच करना।

AUSTERITIES

30. (a) During their wanderings from one village to another these *Bhagavants* adhered to their ascetic conduct based on inner and outer austerities. The inner austerities are of six kinds and the outer austerities are also of six kinds

What are these outer austerities ?

The outer austerities are of six kinds—(1) *Anashan* or to abandon food as well as desire for food (2) *Avamodarika* or eating less than appetite and also to limit use of other utilities (3) *Bhikshacharya* or to live on alms (prescribed and acceptable) including food, clothes, utensils etc (4) *Rasa parityag* or give up

use of tasty and desirable things (5) *Kayaklesh* or to discipline senses and undergo physical hardship avoiding comfortable and luxurious living in order to prepare body for spiritual practices (6) *Pratisamlinata* or to hold back and limit internal (of mind) as well as external (of body) efforts.

(१) अनशन तप

३०. (ख) से किं तं अणसणे ?

अणसणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. इत्तरिए य, २. आवकहिए य।

से किं तं इत्तरिए ?

अणेगविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. चउत्थभत्ते, २. छट्ठभत्ते, ३. अट्ठमभत्ते, ४. दसमभत्ते, ५. बारसभत्ते, ६. चउद्दसभत्ते, ७. सोलसभत्ते, ८. अद्धमासिए भत्ते, ९. मासिए भत्ते, १०. दोमासिए भत्ते, ११. तेमासिए भत्ते, १२. चउमासिए भत्ते, १३. पंचमासिए भत्ते, १४. छम्मासिए भत्ते, से तं इत्तरिए।

से किं तं आवकहिए ?

आवकहिए दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. पाओवगमणे य, २. भत्तपच्चक्खाणे य।

से किं तं पाओवगमणे ?

पाओवगमणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. वाघाइमे य, २. निव्वाघाइमे य नियमा अप्पडिकम्मे। से तं पाओवगमणे।

से किं तं भत्तपच्चक्खाणे ?

भत्तपच्चक्खाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. वाघाइमे य, २. निव्वाघाइमे य णियमा सपडिकम्मे। से तं भत्तपच्चक्खाणे, से तं अणसणे।

३०. (ख) अनशन तप क्या है–कितने प्रकार का है?

अनशन तप दो प्रकार का है–१. इत्वरिक–मर्यादित समय के लिए आहार का त्याग। २. यावत्कथिक–जीवनभर के लिए आहार–त्याग।

इत्वरिक तप क्या है–कितने प्रकार का है ?

इत्वरिक तप अनेक प्रकार का है, जैसे–(१) चतुर्थ भक्त–एक दिन–रात के लिए आहार का त्याग–उपवास, (२) षष्ठ भक्त–निरन्तर दो उपवास–बेला, (३) अष्टम भक्त–तीन

उपवास–तेला, (४) **दशम भक्त**–चार दिन का उपवास, (५) **द्वादश भक्त**–पाँच दिन का उपवास, (६) **चतुर्दश भक्त**–छह दिन का उपवास, (७) **षोडश भक्त**–सात दिन का उपवास, (८) **अर्द्धमासिक भक्त**–आधे महीना या पन्द्रह दिन का उपवास, (९) **मासिक भक्त**–एक महीने का उपवास, (१०) **द्वैमासिक भक्त**–दो महीनो का उपवास, (११) **त्रैमासिक भक्त**–तीन महीनो का उपवास, (१२) **चातुर्मासिक भक्त**–चार महीनो का उपवास, (१३) **पाँचमासिक भक्त**–पाँच महीनो का उपवास, (१४) **षाण्मासिक भक्त**–छह महीनो का उपवास। यह इत्वरिक तप का विस्तार है।

(आचार्य श्री घासीलाल जी महाराज के कथनानुसार भगवान आदिनाथ के शासन मे इसकी मर्यादा नवकारसी से एक वर्ष पर्यन्त, शेष बावीस तीर्थकरो के समय मे अष्टमास पर्यन्त तथा भगवान महावीर के शासन मे छह मास पर्यन्त अवधि थी।)

यावत्कथिक तप क्या है ?

यावत्कथिक (आजीवन) तप दो प्रकार का है–(१) **पादपोपगमन**–कटे हुए वृक्ष की तरह शरीर को स्थिर रखते हुए जीवन–पर्यन्त आहार का त्याग, (२) **भक्तप्रत्याख्यान**–जीवन–पर्यन्त आहार का त्याग।

पादपोपगमन तप क्या है ?

पादपोपगमन तप के दो भेद है–(१) **व्याघातिम**–व्याघातवत् या विघ्नयुक्त (सिह आदि हिंसक प्राणी या दावानल आदि का उपद्रव हो जाने पर जीवनभर के लिए आहार–त्याग करना), (२) **निर्व्याघातिम**–निर्व्याघातवत्–(विघ्नरहित–किसी प्रकार का बाह्य उपद्रव न होने पर भी मृत्युकाल समीप जानकर अपनी इच्छा से जीवनभर के लिए आहार त्याग करना।)

पादपोपगमन (अनशन) मे **प्रतिकर्म**–शरीर सस्कार, औषधोपचार हलन–चलन आदि क्रिया का त्याग रहता है। इस प्रकार पादपोपगमन यावत्कथिक अनशन होता है।

भक्तप्रत्याख्यान तप क्या है–कितने भेद है ?

भक्तप्रत्याख्यान तप के दो भेद है–(१) व्याघातिम, (२) निर्व्याघातिम। इसमे प्रतिकर्म का त्याग नही होता।

यह भक्तप्रत्याख्यान अनशन का विवेचन है।

(1) ANASHAN TAP

30. (b) What is this *Anashan tap* ?

Anshan tap or abstaining from food intake is of two types—(1) *Itvarik*—abstaining from food intake for a specific period of time or temporary fasting. (2) *Yavatkathit*—abstaining from food intake for whole life or lifelong fasting.

What is this *Itvarik tap* ?

Itvarik tap (temporary fasting) is of many types—(1) *Chaturth Bhakt*—giving up four meals or fasting for a day. (2) *Shasht Bhakt*—giving up six meals or fasting for two days. (3) *Ashtam Bhakt*—giving up eight meals or fasting for three days. (4) *Dasham Bhakt*—giving up ten meals or fasting for four days (5) *Dvadash Bhakt*—giving up twelve meals or fasting for five days (6) *Chaturdash Bhakt*—giving up fourteen meals or fasting for six days (7) *Shodash Bhakt*—giving up sixteen meals or fasting for seven days. (8) *Ardhamasik Bhakt*—fasting for a fortnight (9) *Masik Bhakt*—fasting for a month (10) *Dvaimasik Bhakt*—fasting for two months (11) *Traimasik Bhakt*—fasting for three months (12) *Chaturmasik Bhakt*—fasting for four months. (13) *Panchamasik Bhakt*—fasting for five months. (14) *Shatamasik Bhakt*—fasting for six months This concludes the description of *Itvarik tap* (temporary fasting)

(According to Acharya Shri Ghasilal ji M the maximum duration of this was one year during the period of influence of Bhagavan Rishabhdeva, eight months during the period of influence of twenty two *Tirthankars* following him and six months during the period of influence of Bhagavan Mahavir)

What is this *Yavatkathit* tap (lifelong fasting) ?

Yavatkathit tap (lifelong fasting) is of two types—(1) *Padapopagaman*—lifelong fasting keeping the body motionless like a fallen tree. (2) *Bhakt pratyakhyan*—lifelong fasting.

What is this *Padapopagaman tap* ?

Padapopagaman tap is of two types—(1) *Vyaghatim*—affliction based lifelong fasting To abstain from food intake unto death and remain motionless in a tormenting situation like attack of a ferocious animal like lion or during a forest fire. (2) *Nirvyaghatim*—lifelong fasting in absence of any affliction.

(Even in absence of a tormenting situation, to abstain from food intake unto death and remain motionless voluntarily when one realizes that death is imminent)

In *Padapopagaman tap*, one also abstains from *pratikarm* or other activities including cleaning the body, undergoing treatment and medicine intake This concludes the description of *Padapopagaman tap*.

What is this *Bhakt pratyakhyan tap* ?

Bhakt pratyakhyan tap is of two types—(1) *Vyaghatim*, (2) *Nirvyaghatim* (details same as the preceding *tap*)

In this, one need not abstain from *pratikarm* This concludes the description of *Bhakt pratyakhyan tap* (The ascetic disciples of Bhagavan Mahavir observed the aforesaid austerities)

(२) अवमोदरिका तप

३०. (ग) से किं तं ओमोयरियाओ ?

ओमोयरिया दुविहा पण्णत्ता। तं जहा—१. दव्वोमोयरिया य, २. भावोमोयरिया य।

से किं तं दव्वोमोयरिया ?

दव्वोमोयरिया दुविहा पण्णत्ता। तं जहा—१. उवगरणदव्वोमोयरिया य, २. भत्तपाणदव्वोमोयरिया य।

से किं तं उवगरणदव्वोमोयरिया ?

उवगरणदव्वोमोयरिया तिविहा पण्णत्ता। तं जहा—१. एगे वत्थे, २. एगे पाए, ३. चियत्तोवकरणसाइज्जणया, से तं उवगरणदव्वोमोयरिया।

से किं तं भत्तपाणदव्वोमोयरिया ?

भत्तपाणदव्वोमोयरिया अणेगविहा पण्णत्ता। तं जहा—

१. अट्ठकुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारमाणे अप्पाहारे,

२. दुवालस कुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारमाणे अवड्ढोमोयरिया,

३. सोलस कुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारमाणे दुभागपत्तोमोयरिया,

४. चउवीसं कुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारमाणे पत्तोमोयरिया,

५. एक्कतीसं कुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारमाणे किंचूणोमोयरिया,

६. बत्तीसं कुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारमाणे पमाणपत्ता,

७. एत्तो एगेण वि घासेणं ऊणयं आहारमाहारेमाणे समणे णिग्गंथे णो पकामरसभोइत्ति वत्तव्वं सिया। से तं भत्तपाणदव्वोमोयरिया, से तं दव्वोमोयरिया।

से किं तं भावोमोयरिया ?

भावोमोयरिया अणेगविहा पण्णत्ता। तं जहा—अप्पकोहे, अप्पमाणे, अप्पमाए, अप्पलोहे, अप्पसद्दे, अप्पझंझे। से तं भावोमोयरिया, से तं ओमोयरिया।

३०. **(ग)** अवमोदरिका तप क्या है ?

अवमोदरिका तप के दो भेद है—(१) द्रव्य-अवमोदरिका, (२) भाव-अवमोदरिका।

द्रव्य-अवमोदरिका तप क्या है ?

द्रव्य-अवमोदरिका तप के दो भेद है—(१) **उपकरण-द्रव्य-अवमोदरिका**—वस्त्र आदि शरीरोपयोगी पात्र, आसन सामग्री का कम उपयोग करना। (२) **भक्तपान-द्रव्य-अवमोदरिका**—खाद्य, पेय आदि पदार्थो का कम मात्रा मे उपयोग करना, भूख से कम खाना।

उपकरण-द्रव्य-अवमोदरिका क्या है ?

उपकरण-द्रव्य-अवमोदरिका के तीन भेद है—(१) एक वस्त्र रखना, (२) एक पात्र रखना, (३) उपकरण आदि मे मूर्च्छा नही रखना। यह उपकरण-द्रव्य-अवमोदरिका तप है।

भक्तपान-द्रव्य-अवमोदरिका क्या है ?

भक्तपान-द्रव्य-अवमोदरिका के अनेक भेद बतलाये है, जो इस प्रकार है—

(१) मुर्गी के अण्डे के जितना बडा एक ग्रास, वैसे केवल आठ ग्रास भोजन करना अल्पाहार-अवमोदरिका है।

(२) मुर्गी के अण्डे के परिमाण वाला बारह ग्रास भोजन करना अपार्ध-(अर्ध से कम) अवमोदरिका है।

(३) मुर्गी के अण्डे के परिमाण वाला सोलह ग्रास भोजन करना द्विभाग प्राप्त या अर्ध-अवमोदरिका है।

(४) मुर्गी के अण्डे के परिमाण वाला चौबीस ग्रास भोजन करना—चौथाई अवमोदरिका है।

(५) मुर्गी के अण्डे के परिमाण वाला इकतीस ग्रास भोजन करना किंचित् न्यून-(कुछ कम) अवमोदरिका है।

(६) मुर्गी के अण्डे के परिमाण वाला बत्तीस ग्रास भोजन करने वाला प्रमाण ग्रास-पूर्ण आहार करने वाला है। अर्थात् बत्तीस ग्रास भोजन परिपूर्ण आहार है।

(७) इससे एक ग्रास भी कम आहार करने वाला श्रमण-निर्ग्रन्थ अधिक आहार करने वाला नही है। वह प्रकामभोजी नही है। यह भक्तपान-द्रव्य-अवमोदरिका है। यह द्रव्य-अवमोदरिका है।

भाव-अवमोदरिका क्या तप है ?

भाव-अवमोदरिका अनेक प्रकार की है, जैसे-क्रोध, मान, माया और लोभ का अल्प अल्पतर करना, **अल्पशब्द**-क्रोध आदि के आवेश मे होने वाली शब्द-प्रवृत्ति का वर्जन करना, **अल्पझंझ**-कलहोत्पादक वचन आदि का वर्जन करना। यह भाव-अमोदरिका तप है। यह अवमोदरिका तप है।

(2) AVAMODARIKA TAP

30. (c) What is this *Avamodarika tap* ?

Avamodarika tap (austerity of restriction) is of two kinds—(1) *Dravya Avamodarika* (physical restriction), (2) *Bhaava Avamodarika* (mental restriction)

What is this *Dravya avamodarika tap* ?

Dravya avamodarika tap is of two kinds—(1) *Upakaran dravya avamodarika* or restricted (minimum) use of ascetic equipment (dress, bowls, mattress etc), (2) *Bhakt paan dravya avamodarika* or restricted (minimum) consumption of food items (to eat less than one's appetite)

What is this *Upakaran dravya avamodarika tap* ?

Upakaran dravya avamodarika tap is of three kinds—(1) To have one piece of cloth, (2) To have one bowl, (3) To have no attachment for any ascetic equipment. This concludes the description of *Upakaran dravaya avamodarika tap*

What is this *Bhakt paan dravya avamodarika tap* ?

Bhakt paan dravya avamodarika tap is of many kinds—

(1) Considering one morsel to be equivalent to a fowl's egg, taking eight morsels of food is called *alpahar avamodarika*.

(2) Considering one morsel to be equivalent to a fowl's egg, taking twelve morsels of food is called *apardh* (less than half) *avamodarika*

(3) Considering one morsel to be equivalent to a fowl's egg, taking sixteen morsels of food is called *dvibhag* or *ardh* (half) *avamodarika*.

(4) Considering one morsel to be equivalent to a fowl's egg, taking twenty four morsels of food is called *chauthai* (quarter) *avamodarika*.

(5) Considering one morsel to be equivalent to a fowl's egg, taking thirty one morsels of food is called *kinchit nyun* (slightly less) *avamodarika*.

(6) Considering one morsel to be equivalent to a fowl's egg, taking thirty two morsels of food is called *praman prapt* (full standard meal)

(7) An ascetic taking even a single morsel less than this cannot be called a glutton He is a restricted consumer of food. This concludes the description of *Bhakta paan dravya avamodarika tap*. This also concludes the *dravya avamodarika tap*.

What is this *Bhaava avamodarika tap* ?

Bhaava avamodarika tap is of many kinds—to gradually moderate passions like anger, conceit, deceit and greed, and expression of these feelings in words as well as causing disharmony through such expression. This concludes the description of *Bhaava avamodarika tap* This also concludes the description of *Avamodarika tap*. (The ascetic disciples of Bhagavan Mahavir observed the aforesaid austerities.)

(३) भिक्षाचर्या तप

३०. (घ) से किं तं भिक्खायरिया ?

भिक्खायरिया अणेगविहा पण्णत्ता। तं जहा—१. दव्वाभिग्गहचरए, २. खेत्ताभिग्गहचरए, ३. कालाभिग्गहचरए, ४. भावाभिग्गहचरए, ५. उक्खित्तचरए, ६. णिक्खित्तचरए, ७. उक्खित्त–णिक्खित्तचरए, ८. णिक्खित्त–उक्खित्तचरए, ९. वट्टिज्जमाणचरए, १०. साहरिज्जमाणचरए, ११. उवणीयचरए, १२. अवणीयचरए, १३. उवणीय–अवणीयचरए, १४. अवणीय–उवणीयचरए, १४. संसट्ठचरए, १६. असंसट्ठचरए, १७. तज्जायसंसट्ठचरए, १८. अण्णायचरए,

१९. मोणचरए, २०. दिट्ठलाभिए, २१. अदिट्ठलाभिए, २२. पुट्ठलाभिए, २३. अपुट्ठलाभिए, २४. भिक्खालाभिए, २५. अभिक्खालाभिए, २६. अण्णगिलायए, २७. ओवणिहिए, २८. परिमियपिंडवाइए, २९. सुद्धेसणिए, ३०. संखादत्तिए।

से तं भिक्खायरिया।

३०. (घ) भिक्षाचर्या क्या है?

भिक्षाचर्या अनेक प्रकार की है, जैसे-(१) **द्रव्याभिग्रह चर्या**-अमुक प्रकार की अमुक वस्तु अमुक स्थिति मे मिले तो ग्रहण करना अन्यथा नही, ऐसा संकल्प करने वाला मुनि द्रव्याभिग्रहचरक होता है, (२) **क्षेत्राभिग्रह चर्या**-अमुक ग्राम, नगर, स्थान आदि मे मिले तो लेना, ऐसी प्रतिज्ञा स्वीकार करना, (३) **कालाभिग्रह चर्या**-प्रथम पहर, दूसरा पहर आदि अमुक समय से सम्बन्धित प्रतिज्ञा स्वीकार करना, (४) **भावाभिग्रह चर्या**-हास, गान, विनोद आदि भावो मे सलग्न दाता मिले तो लेना, अन्यथा नही, इस प्रकार का अभिग्रह करना, (५) **उत्क्षिप्त चर्या**-भोजन पकाने के बर्तन से गृहस्थ द्वारा अपने प्रयोजन हेतु निकाला हुआ आहार लेने का अभिग्रह, (६) **निक्षिप्त चर्या**-भोजन पकाने के बर्तन से नही निकाला हुआ आहार ग्रहण करने की प्रतिज्ञा करना, (७) **उत्क्षिप्त-निक्षिप्त चर्या**-भोजन पकाने के बर्तन से निकालकर उसी जगह या दूसरी जगह रखा हुआ आहार अथवा अपने प्रयोजन से निकाला हुआ या नहीं निकाला हुआ-दोनो प्रकार का आहार ग्रहण करने की प्रतिज्ञा, (८) **निक्षिप्त-उत्क्षिप्त चर्या**-भोजन पकाने के बर्तन मे से निकालकर अन्य स्थान पर रखा हुआ, फिर उसी में से दिया आहार ग्रहण करने की प्रतिज्ञा, (९) **वर्तिष्यमाण चर्या**-खाने के लिए थाली मे परोसे हुए भोजन में से मिलेगा तो लूँगा ऐसी प्रतिज्ञा, (१०) **संह्रियमाण चर्या**-दाता ने जो भोजन ठण्डा करने के लिए पात्र आदि मे फैलाया हो, फिर समेटकर पात्र आदि मे डाला हो, ऐसे (भोजन) मे से आहार आदि लेने की प्रतिज्ञा, (११) **उपनीत चर्या**-दाता के लिए अन्य किसी के द्वारा उपहार रूप मे भेजी गई भोजन-सामग्री मे से भिक्षा मिलेगी तो लूँगा ऐसी प्रतिज्ञा, (१२) **अपनीत चर्या**-किसी को देने के लिए रखी खाद्य-सामग्री मे से निकालकर अन्यत्र रखी सामग्री मे से ग्रहण करने की प्रतिज्ञा, (१३) **उपनीतापनीत चर्या**-किसी ने दाता के लिए भोजन-सामग्री भेजी हो, उस उपहार मे आयी सामग्री मे से मिले तो आहार ग्रहण करने की प्रतिज्ञा अथवा पहले जिसका गुणगान किया हो और फिर आलोचना करके लेना, (१४) **अपनीतोपनीत चर्या**-किसी के लिए उपहार रूप मे भेजने हेतु पृथक् रखी हुई भोजन-सामग्री मे से भिक्षा लेने की प्रतिज्ञा अथवा पहले जिसकी आलोचना की हो और फिर गुणगान करके आहार ग्रहण करना, (१५) **संसृष्ट चर्या**-खाद्य वस्तु से लिप्त

हाथ व कुडछी आदि से दी जाने वाली भिक्षा लेने की प्रतिज्ञा, (१६) **असंसृष्ट चर्या**–अलिप्त या स्वच्छ हाथ आदि से दी जाने वाली भिक्षा स्वीकार करने की प्रतिज्ञा, (१७) **तज्जातसंसृष्ट चर्या**–हाथ जिस वस्तु से संसृष्ट–भरा होगा वही वस्तु देगा तो लेने की प्रतिज्ञा, (१८) **अज्ञात चर्या**–अपने को अज्ञात–अपरिचित रखकर निरवद्य भिक्षा ग्रहण करने की प्रतिज्ञा, (१९) **मौन चर्या**–स्वय मौन रहते हुए भिक्षा ग्रहण करने की प्रतिज्ञा, (२०) **दृष्ट लाभ**–जो भोजन सबसे पहले दिखाई दे या देखा हुआ आहार लेने की प्रतिज्ञा अथवा पूर्व काल मे देखे हुए दाता के हाथ से भिक्षा ग्रहण करने की प्रतिज्ञा, (२१) **अदृष्ट लाभ**–पहले नही देखा, वस्त्र आदि से ढका होने के कारण, आहार, अथवा पूर्व काल मे नही देखे हुए दाता द्वारा दिया जाता आहार ग्रहण करने की प्रतिज्ञा, (२२) **पृष्ट लाभ**–"भिक्षो ! आपको क्या चाहिए ?" यो पूछकर दिया जाने वाला आहार ग्रहण करने की प्रतिज्ञा, (२३) **अपृष्ट लाभ**–दाता यदि नहीं कुछ पूछे तभी आहार ग्रहण करने की प्रतिज्ञा, (२४) **भिक्षा लाभ**–भिक्षा मे माँगा हुआ जैसा तुच्छ आहार ग्रहण करने की प्रतिज्ञा अथवा दाता जो भिक्षा मे माँगकर लाया हो, उसमे से या उस द्वारा तैयार किये भोजन मे से आहार लेने की प्रतिज्ञा, (२५) **अभिक्षा लाभ**–दाता जो पदार्थ माँगकर नही लाया होगा, इसी मे से देगा तो लेने की प्रतिज्ञा, (२६) **अन्नग्लायक**–रात का ठण्डा, बासी आहार लेने की प्रतिज्ञा, (२७) **उपनिहित**–भोजन करते हुए गृहस्थ के अपने पास रखे हुए आहार मे से भिक्षा लेने की प्रतिज्ञा, (२८) **परिमितपिण्डपातिक**–परिमित या सीमित–अल्प आहार अथवा एक ही घर मे से आहार लेने की प्रतिज्ञा, (२९) **शुद्धैषणिक**–आधा कर्म व शका आदि दोषो से वर्जित शुद्ध एषणीय आहार ग्रहण करने की प्रतिज्ञा, (३०) **संख्यादत्तिक**–पात्र मे आहार–क्षेपण की साख्यिक (गणना) मर्यादा के अनुकूल कडछी, कटोरी आदि से अविच्छिन्न धारा पात्र मे जितनी गिर जायेगी उतनी ही भिक्षा स्वीकार करने की मर्यादा व प्रतिज्ञा।

उपरोक्त तीस भेद भिक्षाचर्या के है–यह भिक्षाचर्या तप का स्वरूप है।

(3) BHIKSHACHARYA TAP

30. (d) What is this *Bhikshacharya* ?

Bhikshacharya (code of alms-seeking) is of many types—**(1) Dravyabhigrah charya**—To resolve to accept alms only when a specific thing is available under some specific conditions. **(2) Kshetrabhigrah charya**—To resolve to accept alms only from a specific place like village, city or any other predetermined area **(3) Kaalabhigrah charya**—To resolve to accept alms only at a specific time like first quarter of the day, second quarter of the day

or any other predetermined time. (4) **Bhaavabhigrah charya**—To resolve to accept alms only if a donor displays a specific sentiment or activity such as mirth, singing, entertaining himself etc (5) **Utkshipt charya**—To resolve to accept alms only from the portion the donor has taken out for himself from cooking pots. (6) **Nikshipt charya**—To resolve to accept alms only from the portion that has not been taken out from the cooking pots. (7) **Utkshipt-nikshipt charya**—This has two interpretations—(1) To resolve to accept alms only from the portion that has been transferred from the cooking pot to some other pot and is placed near or away from the cooking area. (2) To resolve to accept alms only from the portion taken out from the cooking pot irrespective of its being meant for the alms seeker or not (8) **Nikshipt-utkshipt charya**—To resolve to accept alms only from the portion taken out from the cooking pot and placed at a different place (9) **Vartishyaman charya**—To resolve to accept alms only from the portion already served in a plate for eating (10) **Samhriyaman charya**—To resolve to accept alms only from the portion that the donor has put in a pot after cooling it by spreading in a bowl (11) **Upaneet charya**—To resolve to accept alms only from the food a donor has received as gift from someone (12) **Apaneet charya**—To resolve to accept alms only from the portion separated and kept away for gifting or donating to a person other than the seeker (13) **Upaneetapaneet charya**—To resolve to accept alms only from the food which is *Upaneet* and *Apaneet* and also the food which is first extolled and then decried (14) **Apaneetopaneet charya**—To resolve to accept alms only from the food which is *Apaneet* or *Upaneet* and also the food which is first decried and then extolled (15) **Sansrisht charya**—To resolve to accept alms only if served with hands or spoons soiled with the food. (16) **Asansrisht charya**—To resolve to accept food only if served with clean hands or spoons unsoiled with the food. (17) **Tajjat sansrisht charya**—To resolve to accept food only if hands are soiled specifically with the dish being offered. (18) **Ajnat charya**—To resolve to accept food only if it is offered by a stranger and that too without revealing his identity (19) **Mauna charya**—To resolve to accept food observing complete silence. (20) **Drisht laabh**—To resolve to accept food seen first of all

or from the donor seen first of all. **(21) Adrisht laabh**—To resolve to accept food not seen earlier or from a donor never seen before. **(22) Prisht laabh**—To resolve to accept food only if addressed—"O ascetic ! What may I offer you ?" **(23) Aprisht laabh**—To resolve to accept food only if not so addressed **(24) Bhiksha laabh**—To resolve to accept food only when it is so lowly as to be worthy of a beggar or that which the donor himself has collected as alms or cooked from collected alms **(25) Abhiksha laabh**—To resolve to accept food only if it does not fall in the category of *Bhiksha laabh*. **(26) Annaglyayak**—To resolve to accept food only if it was cooked on the previous day **(27) Upanihit**—To resolve to accept food only if it is placed near the donor who himself is eating **(28) Parimit pindapatik**—To resolve to accept food only in limited quantity or from one house **(29) Shuddhaishanik**—To resolve to accept food only if it is pure, free of all faults and acceptable according to the ascetic code. **(30) Samkhyadatik**—To resolve to accept food only in counted units such as one piece or one spoon or one unbroken pouring

This concludes the description of *Bhikshacharya tap*. (The ascetic disciples of Bhagavan Mahavir observed the aforesaid austerities)

(४) रस–परित्याग तप

३०. (ङ) से किं तं रसपरिच्चाए ?

रसपरिच्चाए अणेगविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. निव्वीइए, २. पणीयरसपरिच्चाए, ३. आयंबिलिए, ४. आयामसित्थभोई, ५. अरसाहारे, ६. विरसाहारे, ७. अंताहारे, ८. पंताहारे, ९. लूहाहारे, से तं रसपरिच्चाए।

३०. (ङ) रस–परित्याग क्या है ?

रस–परित्याग अनेक प्रकार का है, जैसे–(१) **निर्विकृतिक**–घृत, तेल, दूध, दही, गुड, शक्कर (चीनी) आदि छह विकृतियो से रहित आहार करना, (२) **प्रणीतरस–परित्याग**–जिससे घृत, दूध, चासनी आदि की बूँदें टपकती हो, ऐसे स्निग्ध विकारवर्धक आहार का त्याग करना, (३) **आयंबिल (आचामाम्ल)**–गेहूँ की रोटी, चावल, चना आदि एक ही प्रकार का रूखा–सूखा पदार्थ या भूना हुआ अन्न अचित्त पानी में भिगोकर दिन में एक ही बार खाना, (४) **आयामसिक्थभोजी**–ओसामन (धोवन) तथा उसमे रहे अन्न–कण, सीथ (अंश)

मात्र का अल्प आहार करना, (५) **अरसाहार**–रसरहित अथवा हीग, जीरा आदि से बिना छोंका हुआ आहार करना, (६) **विरसाहार**–बहुत पुराने अन्न से जो स्वभावत· रस या स्वादरहित हो गया हो, बना हुआ आहार करना, (७) **अन्ताहार**–अत्यन्त हल्की किस्म (जाति) के अन्न से बना हुआ आहार करना, (८) **प्रान्ताहार**–भोजन के लेने के बाद बर्तन मे लगा बचा–खुचा आहार लेना (अथवा भोजन के बाद बचा भोजन), (९) **रूक्षाहार**–रूखा–सूखा सारहीन आहार करना।

यह रस–परित्याग तप का विस्तार है।

(4) RASA PARITYAG TAP

(e) What is this *Rasa parityag tap* ?

Rasa parityag tap (austerity of avoiding tasty food) is of many types—**(1) Nirvikritik**—To give up food containing butter, oil, milk, curd, jaggery and sugar **(2) Pranitarasa parityag**—To give up food from which liquids (harmful fats and carbohydrates) like butter, oil, milk and syrup are dropping **(3) Ayambil (achamamla)**—Eating once in a day, food cooked or baked with a single ingredient and even without any salt or other condiments. **(4) Ayamasikth bhoji**—To consume meager quantities of grain-wash and the few left over grains in it. **(5) Arasahar**—To eat tasteless and flavourless food **(6) Virasahar**—To eat food prepared from very old, flat and fetid grains **(7) Antahar**—To eat food prepared from cheap and low quality of grains **(8) Prantahar**—To eat leftover or remnants of food or scrapings from cooking utensils **(9) Rukshahar**—To eat dry and non-nutritious food

This concludes the description of *Rasa parityag tap* (The ascetic disciples of Bhagavan Mahavir observed the aforesaid austerities)

(५) काय–क्लेश तप

३०. (च) से किं तं कायकिलेसे ?

कायकिलेसे अणेगविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. ठाणट्ठिइए, २. उक्कुडुयासणिए, ३. पडिमट्ठाई, ४. वीरासणिए, ५. नेसज्जिए, ६. आयावए, ७. अवाउडए, ८. अकंडुयए, ९. अणिट्ठूहए, १०. सव्वगायपरिकम्मविभूसविप्पमुक्के।

से तं कायकिलेसे।

३०. (च) काय-क्लेश क्या है ?

काय-क्लेश अनेक प्रकार का है, जैसे-(१) **स्थानस्थितिक**-एक ही तरह से खडे या एक ही आसन से बैठे रहना (कायोत्सर्ग करना), (२) **उत्कुटुकासनिक**-उकडू आसन से बैठना [इस आसन मे दोनो चरणों के तलो को भूमि पर जमाया जाता है और बैठक (जघाएँ-पुट्ठे) भूमि को स्पर्श भी करती हुई रहती है। साथ ही दोनो हाथो की अजलि बाँधे रहना], (३) **प्रतिमास्थायी**-मासिक आदि बारह प्रतिमाएँ धारण करना, (४) **वीरासनिक**-वीरासन मे स्थित रहना (पृथ्वी पर पैर टिकाकर सिंहासन के समान बैठने की स्थिति मे रहना, उदाहरणार्थ-जैसे कोई पुरुष सिहासन पर बैठा हुआ हो, उसके नीचे से सिहासन निकाल लेने पर वह वैसी ही स्थिति मे स्थिर रहे, वह वीरासन है), (५) **नैषधिक**-पुट्ठे टिकाकर या पलाथी लगाकर बैठना, (६) **आतापक**-सूर्य (धूप) आदि की आतापना लेना, (७) **अप्रावृतक**-देह को खुली रखना, (८) **अकण्डूयक**-खुजली चलने पर भी देह को नहीं खुजलाना, (९) **अनिष्ठीवक**-थूक आने पर भी नही थूकना, (१०) **सर्वगात्र-परिकर्म-विभूषा-विप्रमुक्त**-देह के सभी सस्कार, सज्जा, विभूषा आदि से मुक्त रहना।

यह काय-क्लेश तप का वर्णन है। (भगवान महावीर के श्रमण उक्त रूप मे काय-क्लेश तप का अनुष्ठान करते थे।)

(5) KAYAKLESH TAP

30. (f) What is this *Kayaklesh tap* ?

Kayaklesh tap (mortification of body) is of many types—**(1) Sthanasthitik**—To remain in a fixed posture, sitting or standing (perform *kayotsarg*) **(2) Utkutukasanik**—To sit in *Utkutuk* posture (to squat with feet flat on the ground and keep both palms joined). **(3) Pratimasthayi**—To observe any of the twelve ascetic-*pratimas* including the monthly one **(4) Virasanik**—To sit in *Vira* posture (half squatting as if sitting on a chair with feet flat on the ground and retaining the posture when the chair is removed) **(5) Naishadyik**—To sit cross-legged **(6) Atapak**—To remain exposed to the sun or other sources of heat. **(7) Apravritak**—To remain unclad **(8) Akanduyak**—To resolve not to scratch any part of the body when itching **(9) Anishthivak**—To resolve not to spit. **(10) Sarvagatra-parikarm-vibhusha-vipramukt**—To resolve to refrain from any and all cosmetic care of the body (bath, dress, paint, perfume, embellish etc)

This concludes the description of *Kayaklesh tap*. (The ascetic disciples of Bhagavan Mahavir observed the aforesaid austerities.)

विवेचन—काय-क्लेश के अन्तर्गत किन्ही प्रतियों मे नैषधिक (नेसज्जिए) के पश्चात् दण्डायतिक (दंडायइए) तथा लकुटशायी (लउडसाई) पद और प्राप्त होते है। दण्डायतिक का अर्थ है-दण्ड की तरह सीधा लम्बा होकर खडा रहना। लकुटशायी का अर्थ है, लकुट-वक्र काष्ठ या टेढे लक्कड की तरह सोना, इस आसन मे मस्तक को तथा दोनो पैरो की एडियो को जमीन पर टिकाकर, देह के मध्य भाग को ऊपर उठाकर सोया जाता है। ऐसा करने से देह वक्र काष्ठ की तरह टेढी हो जाती है।

इस तप को 'काय-क्लेश' कहने का अभिप्राय यह लगता है कि दीखने मे यह शरीर को कष्ट प्रतीत होता है, सामान्य व्यक्ति इसीलिए इन्हें कष्टकारी मानते है, परन्तु जो आत्मलक्षी दृष्टि रखता है, शरीर से भिन्न आत्मा के शुद्ध चैतन्य का दर्शन करता है, वह आत्म-सयम, इन्द्रिय-निग्रह तथा सहिष्णुता की वृद्धि के लिए इन सब उपायो को कष्टदायी नही मानता। वह तप के साथ किसी प्रकार के क्लेश की अनुभूति नही करता अपितु आत्मिक प्रसन्नता का अनुभव करता है। यदि इन तपो मे केवल दैहिक-कष्ट की भावना रहेगी तो ये योग की क्रिया मात्र रह जायेंगे, तप कोटि मे नही आयेगा।

Elaboration—In some alternative texts under the heading of *Kayaklesh* after *Naishadyik* (5) we also find *Dandayaiye* (*Dandayatik*) and *Laudasaiye* (*Lakutashayi*). *Dandayaiye* (*Dandayatik*) means to remain standing ramrod straight *Laudasaiye* (*Lakutashayi*) means to lie like a curved piece of wood This posture is defined as—keep the body raised placing head and heals on the ground This gives an appearance of curved piece of wood

The reason for classifying this group of austerities as *Kayaklesh* (mortification of the body) appears to be that these austerities seem to be tortuous and painful to the body It is so, indeed, for an ordinary person But an aspirant who pursues the spiritual path and perceives the soul as pure consciousness separate from the body, considers these austerities to be the means of enhancing inner discipline, self control and endurance rather than painful. He does not feel any inconvenience in performing these austerities, on the contrary he experiences bliss If these austerities are performed for the purpose of mortifying the body, they no longer remain austerities but just ritual yogic practices

(६) प्रतिसंलीनता तप

३०. (छ) से किं तं पडिसंलीणया ?

पडिसंलीणया चउव्विहा पण्णत्ता। तं जहा—१. इंदियपडिसंलीणया, २. कसायपडिसंलीणया, ३. जोगपडिसंलीणगा, ४. विवित्तसयणासणसेवणया।

(*i*) से किं तं इंदियपडिसंलीणया ?

इंदियपडिसंलीणया पंचविहा पण्णत्ता। तं जहा–१. सोइंदियविसयप्पयारनिरोहो वा, सोइंदियविसयपत्तेसु अत्थेसु रागदोसनिग्गहो वा, २. चक्खिदियविसयप्पयारनिरोहो वा, चक्खिंदियविसयपत्तेसु अत्थेसु रागदोसनिग्गहो वा, ३. घाणिंदियविसयप्पयारनिरोहो वा, घाणिंदियविसयपत्तेसु अत्थेसु रागदोसनिग्गहो वा, ४. जिब्भिंदियविसयप्पयारनिरोहो वा, जिब्भिंदियविसयपत्तेसु अत्थेसु रागदोसनिग्गहो वा, ५. फासिंदियविसयप्पयारनिरोहो वा, फासिंदियविसयप्पयारपत्तेसु अत्थेसु रागदोसनिग्गहो वा।

से तं इंदियपडिसंलीणया।

(*ii*) से किं तं कसायपडिसंलीणया ?

कसायपडिसंलीणया चउव्विहा पण्णत्ता। तं जहा–१. कोहस्सुदयनिरोहो वा, उदयपत्तस्स वा कोहस्स विफलीकरणं, २. माणस्सुदयनिरोहो वा उदयपत्तस्स वा माणस्स विफलीकरणं, ३. मायाउदयणिरोहो वा, उदयपत्तस्स वा मायाए विफलीकरणं, ४. लोहस्सुदयणिरोहो वा उदयपत्तस्स वा लोहस्स विफलीकरणं।

से तं कसायपडिसंलीणया।

(*iii*) से किं तं जोगपडिसंलीणया ?

जोगपडिसंलीणया तिविहा पण्णत्ता। तं जहा–१. मणजोगपडिसंलीणया, २. वयजोगपडिसंलीणया, ३. कायजोगपडिसंलीणया।

से किं तं मणजोगपडिसंलीणया ?

१. अकुसलमणणिरोहो वा, २. कुसलमणउदीरणं वा, से तं मणजोगपडिसंलीणया।

से किं तं वयजोगपडिसंलीणया ?

१. अकुसलवयणिरोहो वा, २. कुसलवयउदीरणं वा, से तं वयजोगपडिसंलीणया।

से किं तं कायजोगपडिसंलीणया ?

कायजोगपडिसंलीणया जं णं सुसमाहियपाणिपाए कुम्मो इव गुत्तिंदिए सव्वगायपडिसंलीणे चिट्ठइ।

से तं कायजोगपडिसंलीणया।

***(iv)* से किं तं विवित्तसयणासणसेवणया ?**

विवित्तसयणासणसेवणया जं णं आरामेसु, उज्जाणेसु, देवकुलेसु, सहासु, पवासु, पणियगिहेसु, पणियसालासु, इत्थी–पसु–पंडगसंसत्तविरहियासु वसहीसु फासुएसणिज्जं पीढ–फलग–सेज्जा–संथारगं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ।

से तं पडिसंलीणया, से तं बाहिरए तवे।

३०. **(छ)** प्रतिसंलीनता तप क्या है?

(इन्द्रिय, कषाय आदि बाह्य भावो का त्याग कर आत्मा में लीन होना–प्रतिसलीनता है।)

प्रतिसलीनता चार प्रकार की है–(१) **इन्द्रिय– प्रतिसंलीनता**–इन्द्रियो की चेष्टाओ का निरोध या सयम, (२) **कषाय–प्रतिसंलीनता**–क्रोध, मान, माया, लोभ आदि विकारो या आवेगो का निरोध, (३) **योग–प्रतिसंलीनता**–कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रवृत्तियो का निग्रह, (४) **विविक्त–शयनासन–सेवनता**–एकान्त स्थान मे निवास करना।

(i) इन्द्रिय–प्रतिसलीनता क्या है–कितने प्रकार की है?

इन्द्रिय–प्रतिसलीनता पाँच प्रकार की है–(१) **श्रोत्रेन्द्रिय–विषय–प्रचार–निरोध**–मन को तथा श्रोत्रेन्द्रिय को शब्द विषय मे प्रवृत्ति करने से रोकना अथवा श्रोत्रेन्द्रिय को शब्द रूप मे प्राप्त हुए–अप्रिय, अनुकूल–प्रतिकूल विषयो मे राग–द्वेष नही करना, (२) **चक्षुरिन्द्रिय–विषय–प्रचार–निरोध**–नेत्रो के विषय–रूप मे प्रवृत्ति को रोकना तथा प्रिय–अप्रिय, सुन्दर–असुन्दर रूपात्मक विषयो मे राग–द्वेष का नही करना, (३) **घ्राणेन्द्रिय–विषय–प्रचार–निरोध**–नासिका के विषय–'गन्ध' मे प्रवृत्ति को रोकना तथा राग–द्वेष को रोकना, (४) **जिह्वेन्द्रिय–विषय–प्रचार–निरोध**–जीभ के विषयो मे प्रवृत्ति को रोकना अथवा स्वादु–अस्वादु रसात्मक विषयो, पदार्थो मे राग–द्वेष नही करना, (५) **स्पर्शेन्द्रिय–विषय–प्रचार–निरोध**–त्वचा (स्पर्श) के विषय मे प्रवृत्ति को रोकना अथवा स्पर्शेन्द्रिय को प्राप्त सुख–दु खात्मक, अनुकूल–प्रतिकूल विषयो मे राग–द्वेष से विरक्त रहना।

यह **इन्द्रिय–प्रतिसंलीनता** का विवेचन है।

(ii) कषाय–प्रतिसंलीनता क्या है?

कषाय–प्रतिसलीनता चार प्रकार की कही है। वह इस प्रकार है–(१) **क्रोध के उदय का निरोध**–क्रोध को नही उठने देना, अथवा उदय–प्राप्त क्रोध को विफल–बनाना, (२) **मान के उदय का निरोध**–अहकार को नही उठने देना अथवा उदय–प्राप्त अहकार को विफल–निष्प्रभावी बनाना, (३) **माया के उदय का निरोध**–माया को उभार मे नही आने देना अथवा

उदय–प्राप्त माया को विफल–प्रभावरहित बना देना, (४) **लोभ के उदय का निरोध–**लोभ को नहीं उभरने देना अथवा उदय–प्राप्त लोभ को निष्प्रभावी बना देना।

यह **कषाय–प्रतिसंलीनता** का विवेचन है।

(iii) योग–प्रतिसलीनता क्या है ?

योग–प्रतिसलीनता तीन प्रकार की है–(१) मनोयोग–प्रतिसलीनता, (२) वाग्योग–प्रतिसलीनता, (३) काययोग–प्रतिसंलीनता।

(१) मनोयोग–प्रतिसलीनता क्या है ?

(क) अकुशल–अशुभ–मन का निरोध करना, तथा **(ख) कुशल–शुभ–**सद्‌विचारपूर्ण मन का प्रवर्तन करना मनोयोग–प्रतिसलीनता है।

(२) वाग्योग–प्रतिसलीनता क्या है ?

(क) अकुशल–अशुभ वचन योग का निरोध करना, दुर्वचन नही बोलना, तथा **(ख) कुशल वचन–**सद्‌वचन बोलने का अभ्यास करना वाग्योग–प्रतिसलीनता है।

(३) काययोग–प्रतिसलीनता क्या है ?

हाथ, पैर आदि को सुसमाहित–सुस्थिर कर, कछुए के समान अपनी इन्द्रियो को विषयो की प्रवृत्ति से गुप्त कर, सारे शरीर को सवृत्त कर–सुस्थिर होना काययोग–प्रतिसलीनता है।

यह **योग–प्रतिसंलीनता** का विवेचन है।

(iv) विविक्त–शय्यासन–सेवनता क्या है ?

स्त्री–पुरुष–नपुसको से रहित स्थान, जैसे–**आराम–**(पुष्प–प्रधान बगीचा पुष्प–वाटिका), **उद्यान–**फूल–फल सहित बडे–बडे वृक्षो से युक्त बगीचा, **देवकुल–**देव–मन्दिर, छतरियाँ, **सभा–**लोगो के बैठने या विचार–विमर्श हेतु एकत्र होने का स्थान, **प्रपा–**जल पिलाने का स्थान, प्याऊ, **पणित–गृह–**बर्तन आदि क्रय–विक्रय की वस्तुएँ रखने के घर–गोदाम, **पणितशाला–**क्रय–विक्रय करने वाले लोगो के ठहरने योग्य स्थान, **वसति–**सामान्य गृहस्थ जनों के घरों मे, **प्रासुक–**निर्जीव, अचित्त, **एषणीय–**सयमी पुरुषो द्वारा ग्रहण करने योग्य, निर्दोष **पीठ, फलक–**काष्ठपट्ट, **शय्या–**पैर फैलाकर सोया जा सके, ऐसा बिछौना, तृण, घास आदि का **संस्तारक–**कुछ छोटा बिछौना प्राप्त कर विचरना विविक्त–शय्यासन–सेवनता है।

यह प्रतिसंलीनता का विवेचन है, इसके साथ बाह्य तप का वर्णन पूर्ण होता है। (श्रमण भगवान महावीर के अन्तेवासी अनगार उपर्युक्त विविध प्रकार के बाह्य तप का अनुष्ठान करते थे।)

(6) PRATISAMLINATA TAP

30. (g) What is this *Pratisamlinata tap* ?

Pratisamlinata tap (to restrain the extrovert attitudes related to senses, passions etc. and focus on the soul) is of four kinds—**(i) Indriya Pratisamlinata** or restraint of activities of sense organs **(ii) Kashaya Pratisamlinata** or restraint of passions like anger, conceit, deceit and greed. **(iii) Yoga Pratisamlinata** or restraint over physical, vocal and mental activities. **(iv) Vivikta-shayanasan-sevanata** or to retire into solitude.

(i) What is this *Indriya Pratisamlinata* ?

Indriya Pratisamlinata (restraint of activities of sense organs) is of five types—**(1) Shrotrendriya-vishaya-prachar-nirodh**—To restrain the indulgence of mind in activities of the sense organ of hearing and to be equanimous towards the desirable and undesirable sounds and words received through the organ of hearing and their sources. **(2) Chakshurindriya-vishaya-prachar-nirodh**—To restrain the indulgence of mind in activities of the sense organ of seeing and to be equanimous towards the desirable and undesirable forms and colours received through the organ of seeing and their sources **(3) Ghranendriya-vishaya-prachar-nirodh**—To restrain the indulgence of mind in activities of the sense organ of smelling and to be equanimous towards the desirable and undesirable smells received through the organ of smelling and their sources. **(4) Jihvendriya-vishaya-prachar-nirodh**—To restrain the indulgence of mind in activities of the sense organ of tasting and to be equanimous towards the desirable and undesirable tastes received through the organ of tasting and their sources. **(5) Sparshendriya-vishaya-prachar-nirodh**—To restrain the indulgence of mind in activities of the sense organ of touch and to be equanimous towards the desirable and undesirable touch received through the organ of touch and their sources.

This concludes the description of *Indriya Pratisamlinata* (restraint of activities of sense organs)

(ii) What is this *Kashaya Pratisamlinata* ?

Kashaya Pratisamlinata (restraint of passions) is of four types—(1) To restrain the rise of the feeling of anger and to make already active anger ineffective. (2) To restrain the rise of the feeling of conceit and to make already active conceit ineffective. (3) To restrain the rise of the feeling of deceit and to make already active deceit ineffective. (4) To restrain the rise of the feeling of greed and to make already active greed ineffective

This concludes the description of *Kashaya Pratisamlinata* (restraint of passions).

(iii) What is this *Yoga Pratisamlinata* ?

Yoga Pratisamlinata (restraint over physical, vocal and mental activities) is of three types—(1) *Manoyoga Pratisamlinata*, (2) *Vagyoga Pratisamlinata*, (3) *Kayayoga Pratisamlinata*

(1) What is this *Manoyoga Pratisamlinata* ?

This includes (a) restraining evil thoughts, and (b) cultivating noble thoughts. This concludes the description of *Manoyoga Pratisamlinata* (restraint over mental activities)

(2) What is this *Vagyoga Pratisamlinata* ?

This includes (a) restraining use of abject words or speech, and (b) cultivating use of noble words or speech This concludes the description of *Vagyoga Pratisamlinata* (restraint over vocal activities)

(3) What is this *Kayayoga Pratisamlinata* ?

This includes turning absolutely still by making the limbs completely motionless and, like a tortoise, withdrawing the sense organs from their respective activities.

This concludes the description of *Kayayoga Pratisamlinata* (restraint over physical activities).

(iv) What is this *Vivikta-shayanasan-sevanata* ?

Vivikta-shayanasan-sevanata is to retire into solitude as prescribed in the ascetic code This includes places like *aram* or garden, *udyan* or orchard, *devakul* or temple, *sabha* or assembly hall, *prapa* or water-hut, *panit-griha* or store, *panit-shala* or business center and *vasati* or living quarters that are free from the presence of men, women, eunuchs and animals. This also includes

use of *prasuk* or lifeless, *eshanıya* or acceptable for ascetics, and faultless *peeth* or seat, *phalak* or wooden plank, *shayya* or bed and *samstarak* or smaller bed or cushion just enough to stretch legs

This concludes the description of *Pratısamlınata* This also concludes the description of *Vahya tap.*

(७) आभ्यन्तर तप

३०. (ज) से किं तं अब्भिंतरए तवे ?

अब्भिंतरए छव्विहे पण्णत्ते। तं जहा-१. पायच्छित्तं, २. विणए, ३. वेयावच्चं, ४. सज्झाओ, ५. झाणं, ६. विउस्सग्गो।

३०. (ज) आभ्यन्तर तप क्या है-कितने प्रकार का है ?

आभ्यन्तर तप छह प्रकार का कहा है-(१) **प्रायश्चित्त**-व्रत-पालन मे लगे अतिचार या दोष की विशुद्धि, (२) **विनय**-विनम्र व्यवहार, (३) **वैयावृत्य**-सयमी पुरुषो की आहार आदि द्वारा सेवा, (४) **स्वाध्याय**-आत्मोपयोगी सत् शास्त्रो का पठन-पाठन, (५) **ध्यान**-एकाग्रतापूर्वक सत्-चिन्तन, चित्तवृत्तियो का निरोध, तथा (६) **व्युत्सर्ग**-हेय या त्यागने योग्य पदार्थों का त्याग।

(7) INNER AUSTERITIES

30. (h) What ıs thıs *Abhyantar tap* ?

Abhyantar tap (ınner austerıtıes) ıs of sıx types—**(1) Prayashchit**—Atonement for the faults and transgressıons committed during observing vows **(2) Vinaya**—Modesty **(3) Vaiyavritya**—To offer food and other services to fellow ascetıcs and seniors **(4) Svadhyaya**—Study and teachıng of spırıtual scrıptures **(5) Dhyan**—Meditatıon, concentratıon, and restraınt of feelıngs and attitudes. **(6) Vyutsarg**—To renounce evıl and mundane thıngs

(१) प्रायश्चित्त तप

३०. (झ) से कि तं पायच्छित्ते ?

पायच्छित्ते दसविहे पण्णत्ते। तं जहा-१. आलोयणारिहे, २. पडिक्कमणारिहे, ३. तदुभयारिहे, ४. विवेगारिहे, ५. विउस्सग्गारिहे, ६. तवारिहे, ७. छेदारिहे, ८. मूलारिहे, ९. अणवट्ठप्पारिहे, १०. पारंचियारिहे, से णं पायच्छित्ते।

३०. (झ) प्रायश्चित्त तप क्या है—कितने प्रकार का है?

प्रायश्चित्त तप (कर्मों से मलिन चित्त—चैतन्य रूप आत्मा का शोधन करने की स्वत· प्रेरित प्रक्रिया प्रायश्चित्त है) दस प्रकार का कहा है, जो इस प्रकार है—(१) **आलोचनार्ह**—आलोचन योग्य—दोष को प्रकट करने मात्र से होने वाला प्रायश्चित्त। (गमन, आगमन, भिक्षा, प्रतिलेखन आदि दैनिक कार्यों मे लगने वाले दोषो को गुरु या ज्येष्ठ साधु के समक्ष प्रकट करने, उनकी आलोचना करने से दोष—शुद्धि हो जाती है।) (२) **प्रतिक्रमणार्ह**—पाप या अशुभ योग मे प्रवृत्त आत्मा को उनसे पीछे लौटाने वाला प्रायश्चित्त। (पाँच समिति तथा तीन गुप्ति के पालन में अकस्मात् या अनुपयोग से लगने वाले दोषो को लेकर **'मिच्छामि दुक्कडं'**—मेरा दुष्कृत या पाप मिथ्या हो—निष्फल हो, यो चिन्तनपूर्वक प्रायश्चित्त करने से दोष—शुद्धि हो जाती है।) (३) **तदुभयार्ह**—जिसमे आलोचना तथा प्रतिक्रमण—दोनो की अपेक्षा रहती हो। (४) **विवेकार्ह**—(साधु यदि अज्ञानवश सदोष आहार आदि ले ले तथा फिर उसे पता चल जाये, तब उसे अपने उपयोग मे न लेकर) विवेक करके त्याग देने से यह प्रायश्चित्त होता है। (५) **व्युत्सर्गार्ह**—कायोत्सर्ग द्वारा होने वाला प्रायश्चित्त। (नदी पार करने मे, उच्चार—मल, मूत्र आदि परठने मे लगने वाले दोषो की शुद्धि के लिए यह प्रायश्चित्त है।) (६) **तपोऽर्ह**—तप द्वारा होने वाला प्रायश्चित्त। (सचित्त वस्तु को छूने, आवश्यक आदि समाचारी, प्रतिलेखन, प्रमार्जन आदि नही करने से लगने वाले दोषो की शुद्धि के लिए यह प्रायश्चित्त है। यह नवकारसी से लेकर छह मास तक का होता है।) (७) **छेदार्ह**—दीक्षा—पर्याय कम कर देने से होने वाला प्रायश्चित्त। (सचित्त—विराधना, प्रतिक्रमण नही करना आदि कारणों से लगने वाले दोषो की शुद्धि के लिए यह प्रायश्चित्त है। इसमे पॉच दिन से लेकर छह मास तक के दीक्षा—पर्याय का छेदन करने का विधान है।) (८) **मूलार्ह**—पुन दीक्षा देने से होने वाला प्रायश्चित्त। (अनाचार—सेवन, चारित्र—भग तथा जानबूझकर महाव्रत—खण्डन से लगने वाले दोषो की शुद्धि के लिए यह प्रायश्चित्त है।) (९) **अनवस्थाप्यार्ह**—प्रायश्चित्त के रूप मे दिया गया विशिष्ट तप, जब तक न कर लिया जाये, तब तक उस साधु को सघ से अवस्थापित करना—सम्बन्ध—विच्छेद रखना तथा उसे पुन दीक्षा नही देना, यह अनवस्थाप्यार्ह प्रायश्चित्त है। (साधर्मिक साधु—साध्वियो की चोरी करना, अन्यतीर्थिक की चोरी करना, गृहस्थ की चोरी करना, परस्पर मारपीट करना आदि से साधु को यह प्रायश्चित्त आता है।) (१०) **पाराञ्चिकार्ह**—तप के द्वारा अपने कृत पापो से पार पहुँचने की भावना से किया जाने वाला प्रायश्चित्त। (इसमे सघ से सम्बन्ध विच्छिन्न कर, तप—विशेष का अनुष्ठान कराकर गृहस्थभूत बनाकर, पुनः व्रतो मे स्थापित करने का विधान है। कषाय—दुष्ट, विषय—दुष्ट, महाप्रमादी—मद्यपायी, स्त्यानर्द्धि निद्रा मे प्रमादपूर्ण कर्म करने वाले तथा समलैंगिक विषयसेवी को यह प्रायश्चित्त आता है। विशेष वर्णन के लिए देखे—बृहत्कल्प, उद्देशक ४)

(1) PRAYASHCHIT TAP

30. (i) What is this *Prayashchit tap* ?

Prayashchit tap (the conscious activity of purifying the soul tarnished with *karmic* filth in order to regain its pristine form through atonement for the faults and transgressions committed) is of ten types—**(1) Alochanarh**—The atonement made simply by revealing a censurable fault. (Simple transgressions in daily ascetic routine, such as movement and alms collection, are atoned simply by revealing them before the guru or a senior ascetic and repenting for them.) **(2) Pratikramanarh**—The atonement required for withdrawing the soul involved in sinful and evil activities (Faults committed accidentally or due to negligence during observance of five restraints and three regulations are atoned by critical review accompanied by an earnest desire—*"michchami dukkadam"* or "may my improper actions be without consequence or may my faults be undone.") **(3) Tadubhayarh**—A combination of the aforesaid two or the atonement where both repenting and critical review are required. **(4) Vivekarh**—The atonement by abandoning a thing or activity with discerning attitude. (For example if a monk collects faulty alms due to negligence or ignorance but becomes aware of the mistake later, he should atone by not using and rejecting those things.) **(5) Vyutsargarh**—The atonement done by *kayotsarg* (dissociating mind from the body). (This is generally prescribed for faults committed while crossing a river and disposing excreta and other things) **(6) Tapoarh**—The atonement done through austerities. (This is generally prescribed for faults such as touching *sachit* or living things and negligence in performing regular duties including the essential duties, inspection and cleaning of ascetic equipment etc. Its duration can be from *a navakarsi* or forty eight minutes period to six months.) **(7) Chhedarh**—The atonement done by curtailing some period from ascetic-state. (This atonement is prescribed for faults such as harming living beings, not doing *pratikraman* etc. It is done by banishing the defaulter from the ascetic order for a specific period ranging from five days to six months.) **(8) Mularh**—The atonement done by re-initiation (This atonement is prescribed for those who indulge in evil activities,

commit gross transgression of ascetic conduct and willingly break the great vows.) **(9) Anavasthapyarh**—The atonement that includes banishment of the defaulter from the ascetic order and not re-initiating him as long as he does not successfully perform the specified austerities prescribed for atonement (This atonement is prescribed for those who steal things belonging to co-religionist or other ascetics or even householders and who fight among each other) **(10) Paranchikarh**—The atonement done with an earnest desire to rise above one's sinful doings with the help of austerities. (This involves banishing from the order, performing the prescribed austerities as a householder, and retaking the vows This atonement is prescribed for an ascetic with intense passions; who is an evil doer, extremely torpid and alcoholic, and who indulges in sinful deeds including sodomy in his state of stupor. For more details consult *Brihatkalp*, 4)

विवेचन–आचार्य श्री घासीलाल जी महाराज ने टीका मे अनवस्थाप्याहं प्रायश्चित्त के दो भेदो का उल्लेख किया है -

(क) आशातनाऽनवस्थाप्य–जो तीर्थकर, सघ, श्रुत, आचार्य, उपाध्याय, गणधर एव लब्धिधारियो की आशातना करता है, उसे उस दोष की विशुद्धि हेतु यह नवम् प्रायश्चित्त दिया जाता है। इसमे जघन्य छह मास तथा उत्कृष्ट एक वर्ष तक तप कराया जाता है।

(ख) प्रतिसेवनाऽनवस्थाप्याहं–जो स्वधर्मी तथा अन्य धर्मी की चोरी करता है, क्रूरतापूर्वक मारपीट करता है, उसे प्रतिसेवनाऽनवस्थाप्याहं प्रायश्चित्त आता है। यह प्रायश्चित्त जघन्य एक वर्ष तथा उत्कृष्ट बारह वर्ष का होता है। पाराचिकार्ह तप के भी नवम् प्रायश्चित्त की तरह आशातना पाराचिकार्ह तथा प्रतिसेवना पाराचिकार्ह ये दो भेद है। विस्तृत विवरण के लिए देखे–आचार्य श्री घासीलाल जी महाराज कृत पीयूषवर्षिणी टीका, पृष्ठ २४२-२५६)

Elaboration—In his commentary (*Tika*) Acharya Shri Ghasilal ji M has mentioned two types of *Anavasthapyarh* atonement—

(a) Ashatanaanavasthapya—This atonement is prescribed for the fault of committing acts of disrespect to *Tirthankar, Sangh* (religious organization), scriptures, *Acharya* (head of the order), *Upadhyaya* (teacher of scriptures), *Ganadhar* (chief disciple of a *Tirthankar*) and ascetics endowed with special powers Its duration is minimum six months and maximum one year

(b) Pratisevanaanavasthapyarh—This atonement is prescribed for those who indulge in theft and fierce fighting Its duration is minimum

one year and maximum twelve years The *Paranchikarh* atonement too has these two sub-categories. For more details consult *Piyushavarshini Tika* by Acharya Shri Ghasilal ji M , pp 242-256)

(२) विनय तप

३०. (ञ) से किं तं विणए ?

विणए सत्तविहे पण्णत्ते। तं जहा—१. णाणविणए, २. दंसणविणए, ३. चरित्तविणए, ४. मणविणए, ५. वइविणए, ६. कायविणए, ७. लोगोवयारविणए।

(i) से किं तं णाणविणए ?

णाणविणए पंचविहे पण्णत्ते। तं जहा—१. आभिणिबोहियणाणविणए, २. सुयणाणविणए, ३. ओहिणाणविणए, ४. मणपज्जवणाणविणए, ५. केवलणाणविणए।

(ii) से किं तं दंसणविणए ?

दंसणविणए दुविहे पण्णत्ते। तं जहा—१. सुस्सूसणाविणए, २. अणच्चासायणाविणए।

से किं तं सुस्सूसणाविणए ?

सुस्सूसणाविणए अणेगविहे पण्णत्ते। तं जहा—१. अब्भुट्ठाणे इ वा, २. आसणाभिग्गहे इ वा, ३. आसणप्पदाणे इ वा, ४. सक्कारे इ वा, ५. सम्माणे इ वा, ६. किइकम्मे इ वा, ७. अंजलिप्पग्गहे इ वा, ८. एतंस्स अणुगच्छणया, ९. ठियस्स पज्जुवासणया, १०. गच्छंतस्स पडिसंसाहणया, से तं सुस्सूसणाविणए।

से किं तं अणच्चासायणाविणए ?

अणच्चासायणाविणए पणयालीसविहे पण्णत्ते। तं जहा—१. अरहंताणं अणच्चासायणया, २. अरहंतपण्णत्तस्स धम्मस्स अणच्चासायणया, ३. आयरियाणं अणच्चा सायणया एवं ४. उवज्झायाणं, ५. थेराणं, ६. कुलस्स, ७. गणस्स, ८. संघस्स, ९. किरियाणं, १०. संभोगस्स, ११. आभिणिबोहियणाणस्स, १२. सुयणाणस्स, १३. ओहिणाणस्स, १४. मणपज्जवणाणस्स, १५. केवलणाणस्स, १६—३०. एएसिं चेव भत्तिबहुमाणे, ३१—४५, एएसिं चेव वण्णसंजलणया, से तं अणच्चासायणाविणए।

(iii) से किं तं चरित्तविणए ?

चरित्तविणए पंचविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. सामाइयचरित्तविणए, २. छेदोवट्ठावणियचरित्तविणए, ३. परिहारविसुद्धिचरित्तविणए, ४. सुहुमसंपरायचरित्तविणए, ५. अहक्खाय–चरित्तविणए, से तं चरित्तविणए।

(iv) से किं तं मणविणए ?

मणविणए दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. पसत्थमणविणए, २. अपसत्थमणविणए।

से किं तं अपसत्थमणविणए ?

अपसत्थमणविणए जे य मणे १. सावज्जे, २. सकिरिए, ३. सकक्कसे, ४. कडुए, ५. णिट्ठुरे, ६. फरुसे, ७. अण्हयकरे, ८. छेयकरे, ९. भेयकरे, १०. परितावणकरे, ११. उद्दवणकरे, १२. भूओवघाइए, तहप्पगारं मणो णो पहारेज्जा, से तं अपसत्थमणोविणए।

से किं तं पसत्थमणोविणए ?

पसत्थमणोविणए तं चेव पसत्थं णेयव्वं।

एवं चेव वइविणओवि एएहिं पएहिं चेव णेयव्वो, से तं वइविणए।

(v) से किं तं कायविणए ?

कायविणए दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. पसत्थकायविणए, २. अपसत्थकायविणए।

से किं तं अपसत्थकायविणए ?

अपसत्थकायविणए सत्तविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. अणाउत्तं गमणे, २. अणाउत्तं ठाणे, ३. अणाउत्तं निसीदणे, ४. अणाउत्तं तुयट्टणे, ५. अणाउत्तं उल्लंघणे, ६. अणाउत्तं पलंघणे, ७. अणाउत्तं सव्विंदिय–कायजोगजुंजणया, से तं अपसत्थकायविणए।

(vi) से किं तं पसत्थकायविणए ?

पसत्थकायविणए एवं चेव पसत्थं भाणियव्वं। से तं पसत्थ कायविणए, से तं कायविणए।

(vii) से किं तं लोगोवयारविणए ?

लोगोवयारविणए सत्तविहे पण्णत्ते। तं जहा—१. अब्भासवत्तियं, २. परच्छंदाणुवत्तियं, ३. कज्जहेउं, ४. कयपडिकिरिया, ५. अत्तगवेसणया, ६. देसकालण्णुया, ७. सव्वट्ठेसु अप्पडिलोमया।

से तं लोगोवयारविणए, से तं विणए।

३०. (ञ) विनय तप क्या है?

(जो आत्मा पर लगे कर्मो को दूर-विनयन करता है, वह विनय गुरु आदि का सत्कार, वन्दना, शुश्रूषा भक्ति के रूप में अनेकविध है।) विनय सात प्रकार का कहा है—(१) ज्ञानविनय, (२) दर्शनविनय, (३) चारित्रविनय, (४) मनोविनय, (५) वचनविनय, (६) कायविनय, (७) लोकोपचारविनय।

(i) ज्ञानविनय क्या है?

(जिसमे ज्ञान का सत्कार व बहुमान किया जाता है) वह ज्ञानविनय पॉच प्रकार का है—(क) आभिनिबोधिकज्ञान (मतिज्ञान) विनय, (ख) श्रुतज्ञानविनय, (ग) अवधिज्ञानविनय, (घ) मन पर्यवज्ञानविनय, (ङ) केवलज्ञानविनय। इन ज्ञानो की यथार्थता स्वीकार करते हुए इनके लिए विनीत भाव से यथाशक्ति पुरुषार्थ या प्रयत्न करना।

(ii) दर्शनविनय क्या है?

दर्शनविनय दो प्रकार का है—(क) शुश्रूषाविनय, (ख) अनत्याशातनाविनय।

(क) शुश्रूषा विनय क्या है?

(गुरु आदि के समीप रहकर विधिपूर्वक सेवा करना) शुश्रूषाविनय के अनेक प्रकार है, जो इस प्रकार है—(१) **अभ्युत्थान**—गुरुजनों या गुणीजनों के आने पर उन्हे आदर देने हेतु खडे होना, (२) **आसनाभिग्रह**—गुरुजन जहॉ बैठना चाहें वहाँ आसन लेकर उपस्थित रहना, (३) **आसन-प्रदान**—गुरुजनो को आने पर बैठने के लिए आसन देना, (४) गुरुजनो का सत्कार करना, (५) सम्मान करना, (६) **(कृतिकर्म)** यथाविधि वन्दन-प्रणमन करना, (७) कोई बात स्वीकार या अस्वीकार करते समय हाथ जोडना, (८) आते हुए गुरुजनो के सामने जाकर सम्मान करना, (९) बैठे हुए गुरुजनो के समीप बैठना, उनकी सेवा करना, (१०) जाते हुए गुरुजनो को पहुॅचाने जाना। यह **शुश्रूषाविनय** है।

(ख) अनत्याशातनाविनय क्या है?

(आत्म-गुणो का नाश करने वाले अवहेलनापूर्ण कार्य नहीं करना) अनत्याशातन अनत्यनाविनय के पैतालीस भेद है। वे इस प्रकार है—(१) अर्हतो की आशातना (अवहेलना—

अवज्ञा) नहीं करना, (२) अर्हत्-प्रज्ञप्त-धर्म की आशातना नही करना, (३) आचार्यों की आशातना नही करना, (४) उपाध्यायो की आशातना नही करना, (५) स्थविरों-ज्ञानवृद्ध, चारित्रवृद्ध, वयोवृद्ध श्रमणो की आशातना नहीं करना, (६) कुल की आशातना नही करना, (७) गण की आशातना नही करना, (८) सघ की आशातना नही करना, (९) क्रियावान की आशातना नही करना, (१०) साभोगिक-जिसके साथ वन्दन, नमन, भोजन आदि पारस्परिक व्यवहार हो, उस गच्छ के श्रमण या समान आचार वाले श्रमण की आशातना नही करना, (११) मतिज्ञान की आशातना नही करना, (१२) श्रुतज्ञान की आशातना नहीं करना, (१३) अवधिज्ञान की आशातना नही करना, (१४) मन.पर्यवज्ञान की आशातना नही करना, (१५) केवलज्ञान की आशातना नही करना, (१६-३०) इन पन्द्रह की भक्ति, उपासना, बहुमान करना, (३१-४५) गुणो के प्रति तीव्र भावानुरागरूप पन्द्रह भेद तथा इन पन्द्रह की यश, प्रशस्ति एव गुणकीर्तन करना। ये पन्द्रह भेद-इस प्रकार अनत्याशातनाविनय के कुल पैतालीस भेद होते है।

(iii) चारित्रविनय का स्वरूप क्या है ?

चारित्रविनय पाँच प्रकार का है-(क) सामायिकचारित्रविनय, (ख) छेदोपस्थापनीय-चारित्रविनय, (ग) परिहारविशुद्धि-चारित्रविनय, (घ) सूक्ष्मसपरायचारित्रविनय, (ङ) यथाख्यातचारित्रविनय। यह चारित्रविनय है। (पाँच चारित्र के विशद् वर्णन हेतु सचित्र अनुयोगद्वारसूत्र, भाग २, सूत्र ४७२, पृष्ठ ३०७ से ३१५ देखे।)

(iv) मनोविनय का स्वरूप क्या है ?

मनोविनय दो प्रकार का है-(क) प्रशस्त मनोविनय, (ख) अप्रशस्त मनोविनय।

अप्रशस्त मनोविनय क्या है ?

जो मन (१) **सावद्य**-पापकर्मयुक्त, (२) **सक्रिय**-प्राणातिपात आदि आरम्भ क्रिया सहित, (३) **कर्कश**-कठोर, प्रेमभावरहित, (४) **कटुक**-उद्वेजक-अपने लिए तथा औरो के लिए पीडाकारी, (५) **निष्ठुर**-दयारहित, (६) **परुष**-स्नेहरहित, (७) **आस्रवकर**-अशुभ कर्म और उपार्जन करने वाला है, (८) **छेदकर**-किसी के अगो को काट देने, दुर्भाव रखने वाला, (९) **भेदकर**-नासिका आदि अग काट डालने का मलिन भाव रखने वाला, असमाधि उत्पन्न करने वाला, (१०) **परितापनकर**-प्राणियों को सताप उत्पन्न करने के भाव रखने वाला, (११) **उपद्रवणकर**-मारणान्तिक कष्ट देने अथवा धन-सम्पत्ति हर लेने का बुरा विचार रखने वाला, (१२) **भूतोपघातिक**-जीवो का घात करने का दुर्भाव रखने वाला होता है, वह अप्रशस्त मन है। मन की वैसी स्थिति अप्रशस्त मनोविनय है।

प्रशस्त मनोविनय किसे कहते हैं ?

जैसे अप्रशस्त मनोविनय का वर्णन किया है, उसी के आधार पर प्रशस्त मनोविनय का स्वरूप समझना चाहिए। अप्रशस्त मन से विपरीत प्रशस्त मन होता है।

(v) वचनविनय को भी इन्ही पदो से समझना चाहिए। अर्थात् अप्रशस्त वचनविनय तथा प्रशस्त वचनविनय के रूप मे वचनविनय दो प्रकार का है। अप्रशस्त मन तथा प्रशस्त मन के जो विशेषण है, वे ही क्रमश अप्रशस्त वचन तथा प्रशस्त वचन के साथ जोड देने चाहिए। यह वचनविनय का वर्णन है।

(vi) कायविनय का स्वरूप क्या है ?

कायविनय दो प्रकार का है-(क) प्रशस्त कायविनय, (ख) अप्रशस्त कायविनय।

अप्रशस्त कायविनय का स्वरूप क्या है ?

अप्रशस्त कायविनय के सात भेद इस प्रकार कहे है-(१) **अनायुक्तगमन**-जागरूकता या सावधानी के बिना चलना, (२) **अनायुक्त स्थान**-उपयोग बिना स्थित होना-ठहरना, खडा होना, (३) **अनायुक्त निषीदन**-बिना उपयोग बैठना, (४) **अनायुक्त त्वग्वर्तन**-बिना उपयोग बिछौने पर करवट आदि बदलना, (५) **अनायुक्त उल्लंघन**-बिना उपयोग कीचड आदि लाँघना, (६) **अनायुक्त प्रोल्लंघन**-बिना उपयोग बार-बार लाँघना, (७) **अनायुक्त सर्वेन्द्रियकाययोग-योजनता**-बिना उपयोग समस्त इन्द्रियो तथा काययोग की प्रवृत्ति करना। यह अप्रशस्त कायविनय है।

प्रशस्त कायविनय क्या है ?

प्रशस्त कायविनय का स्वरूप अप्रशस्त कायविनय की तरह समझ लेना चाहिए। अर्थात् अप्रशस्त कायविनय मे अनुपयुक्त अवस्था मे होने वाली काययोग की क्रियाएँ रोकी जाती है तथा प्रशस्त कायविनय मे शरीर सम्बन्धी सभी क्रियाएँ उपयोगपूर्वक की जाती है। यह प्रशस्त कायविनय है। इस प्रकार यह कायविनय का वर्णन है।

(vii) लोकोपचारविनय में लोकोपचार का विनय का स्वरूप क्या है ?

(लोक-व्यवहार का साधन) लोकोपचारविनय सात प्रकार का है, जैसे-(१) **अभ्यासवर्तिता**-गुरुजनो व सत्पुरुषो के समीप स्थिर होकर बैठना, (२) **परच्छन्दानुवर्तिता**-गुरुजनो आदि के इच्छानुरूप प्रवृत्ति करना, (३) **कार्य हेतु**-विद्या आदि प्राप्त करने हेतु अथवा जिनसे विद्या प्राप्त की, उनकी सेवा-परिचर्या करना, (४) **कृत-**

प्रतिक्रिया—अपने प्रति किसी ने उपकार किया हो तो उन उपकारों के प्रति कृतज्ञता अनुभव करते हुए उपयुक्त व्यवहार व सेवा करना, (५) **आर्त्त-गवेषणता**—रोग, वृद्धावस्था आदि से पीडित संयत जनो व गुरुजनो की औषधि, पथ्य आदि द्वारा सेवा-शुश्रूषा करना, (६) **देशकालज्ञता**—देश तथा समय को ध्यान मे रखते हुए अनुकूल आचरण करना, (७) **सर्वार्थाऽप्रतिलोमता**—सभी कार्यों मे विपरीत आचरण न करना, अर्थात् अनुकूल आचरण करना।

यह लोकोपचारविनय है। इस प्रकार यह विनय का स्वरूप बताया है।

(2) VINAYA TAP

30. (j) What is this *Vinaya tap* ?

Vinaya tap (to cleanse the soul of the *karmic* filth through modesty in behaviour including acts of offering respect, homage, devotion, services etc) is of seven types—(i) *Jnana vinaya* (modesty of knowledge), (ii) *Darshan vinaya* (modesty of perception/faith), (iii) *Charitra vinaya* (modesty of conduct), (iv) *Mano vinaya* (modesty of mind), (v) *Vachan vinaya* (modesty of speech), (vi) *Kaya vinaya* (modesty of body), (vii) *Lokopachar vinaya* (modesty of social behaviour)

(i) What is this *Jnana vinaya* ?

Jnana vinaya (modesty of knowledge including displaying respect and honour for knowledge) is of five types—(a) *Abhinibodhik (mati)-jnana vinaya*, (b) *Shrut-jnana vinaya*, (c) *Avadhi-jnana vinaya*, (d) *Manahparyava-jnana vinaya*, and (e) *Kevala-jnana vinaya*. To accept the reality of these kinds of knowledge and to endeavour to acquire them with all modesty is *jnana vinaya*

(ii) What is this *Darshan vinaya* ?

Darshan vinaya (modesty of perception/faith) is of two types—(a) *Sushrusha vinaya* (modesty of service), (b) *Anatyashatana vinaya* (avoiding disrespect).

(a) What is this *Sushrusha vinaya* ?

Sushrusha vinaya (modesty of service or to be near seniors and to serve them with all humility following the code) is of many

types—(1) To stand up to show respect to elders and masters when they arrive (*abhyutthan*). (2) To carry cushion or mattress for elders to sit on (*asanabhigrah*). (3) To provide seat to elders when and where they want to sit (*asan-pradan*) Also included in this are—(4) to show them respect (*satkar*), (5) to honour them (*samman*), (6) to offer them homage and obeisance in prescribed manner (*kritikarma*), (7) to join palms at the time of agreeing or disagreeing with them, (8) to step ahead to receive them when they arrive, (9) To sit near them while they are sitting and to extend all services to them, (10) to see them off respectfully by accompanying them some distance This concludes the description of *Sushrusha vinaya*

(b) What is this *Anatyashatana vinaya* ?

Anatyashatana vinaya (avoiding disrespect and all other deeds that are detrimental in any way to spirituality) is of forty five types—avoiding negligence and disrespect to (1) *Arhats*, (2) Religion propounded by *Arhats*, (3) *Acharyas*, (4) *Upadhyayas*, (5) *Sthavirs* or ascetics senior in terms of knowledge, initiation and age, (6) *Kula* (ascetic family), (7) *Gana* (ascetic group), (8) *Sangh* (religious organization), (9) *Kriyavan* (ascetics immaculately following the code), (10) *Sambhogik* (ascetics of the same group or those following the same codes), (11) *Mati-jnana*, (12) *Shrut-jnana*, (13) *Avadhi-jnana*, (14) *Manahparyava-jnana*, and (15) *Kevala-jnana* (16-30) To have devotion for and to worship with profound sincerity the aforesaid fifteen (31-45) To praise and sing panegyrics for the aforesaid fifteen This concludes the description of *Anatyashatana vinaya*

(iii) What is this *Charitra vinaya* ?

Charitra vinaya (modesty of conduct) is of five types—(a) *Samayik charitra vinaya*, (b) *Chhedopasthapaniya charitra vinaya*, (c) *Pariharavishuddhi charitra vinaya*, (d) *Sukshmasamparaya charitra vinaya*, and (e) *Ythakhyat charitra vinaya* This concludes the description of *Charitra vinaya* (For full details of the five *Charitras* consult *Illustrated Anuyogadvar Sutra*, Part II, aphorism 472, pp 307-315)

(iv) What is this *Mano vinaya* ?

Mano vinaya (modesty of mind) is of two types—(a) *Prashast mano vinaya*, (b) *Aprashast mano vinaya*.

What is this *Aprashast mano vinaya* ?

A mind that (1) is obsessed with sinful activities (*savadya*), (2) is involved in sinful deeds including killing of beings (*sakriya*), (3) is harsh and devoid of love (*karkash*), (4) is a source of pain for self and others (*katuk*), (5) is cruel (*nishthur*), (6) is devoid of affection (*parush*), (7) is attracting influx of demeritorious *karmas* (*asravakar*), (8) is filled with thoughts of cutting limbs of beings (*chhedakar*), (9) is filled with thoughts of piercing nose, ears and other body-parts of beings (*bhedakar*), (10) is filled with thoughts of torturing beings (*paritapanakar*), (11) is filled with thoughts of causing death-like pain to others or depriving them of their belongings (*upadravanakar*), and (12) is filled with thoughts of terminating life of beings is called *aprashast man* (ignoble mind). Such state of mind is called *Aprashast mano vinaya* (ignoble modesty or non-modesty of mind) This concludes the description of *Aprashast mano vinaya.*

What is this *Prashast mano vinaya* ?

Prashast mano vinaya (noble modesty of mind) is exactly opposite of *Aprashast mano vinaya* (ignoble modesty or non-modesty of mind) All other details should be taken accordingly This concludes the description of *Mano vinaya*

(v) What is this *Vachan vinaya* ?

Vachan vinaya (modesty of speech) also follows the same pattern as that of *Mano vinaya* (modesty of mind)—*Vachan vinaya* (modesty of speech) is of two types—(a) *Prashast vachan vinaya*, (b) *Aprashast vachan vinaya* and so on using the same adjectives This concludes the description of *Vachan vinaya* (modesty of speech).

(vi) What is this *Kaya vinaya* ?

Kaya vinaya (modesty of body) is of two types—(a) *Prashast kaya vinaya*, (b) *Aprashast kaya vinaya*

What is this *Aprashast kaya vinaya* ?

Aprashast kaya vinaya (ignoble modesty or non-modesty of body) is of seven types—(1) **Anayukt gaman**—Improper and careless movement, (2) **Anayukt sthan**—Improper and careless halting and standing, (3) **Anayukt nishidan**—Improper and careless sitting, (4) **Anayukt tvagvartan**—Improper and careless lying and turning, (5) **Anayukt ullanghan**—Improper and careless crossing of water or slime on the way, (6) **Anayukt prollanghan**—Improper and careless crossing of water or slime on the way repeatedly, (7) **Anayukt sarvendriyakayayoga yojanata**—Indulge in improper and careless activities of all sense organs and body This concludes the description of *Aprashast kaya vinaya*

What is this *Prashast kaya vinaya* ?

Prashast kaya vinaya (noble modesty of body) is exactly opposite of *Aprashast kaya vinaya* (ignoble modesty or non-modesty of body) All other details should be taken accordingly This concludes the description of *Prashast kaya vinaya* (noble modesty of body) This also concludes the description of *Kaya vinaya*

(vii) What is this *Lokopachar vinaya* ?

Lokopachar vinaya (modesty of social behaviour) is of seven types—(1) **Abhyasavartita**—To sit still near spiritual guides and noble persons, (2) **Parachhandanuvartita**—To obey the wishes and commands of spiritual guides and noble persons, (3) **Karya hetu**—To show respect and offer services to teachers before, during and after acquiring knowledge, (4) **Krit-pratikriya**—To express gratitude and offer services to those who have obliged in any way, (5) **Art-gaveshanata**—To take proper care, with medicine and food, of the ailing and aging ascetics and spiritual guides, (6) **Deshakalajnata**—To behave properly and according to time and place, (7) **Sarvartha-apratilomata**—Not to transgress the code of behaviour required for any and all activity. In other words, to behave in conformity with the spiritual goal. This concludes the description of *Lokopachar vinaya*. This also concludes the description of *Vinaya tap*.

(३) वैयावृत्य तप

३०. (ट) से किं तं वेयावच्चे ?

वेयावच्चे दसविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. आयरियवेयावच्चे, २. उवज्झायवेयावच्चे, ३. सेहवेयावच्चे, ४. गिलाणवेयावच्चे, ५. तवस्सिवेयावच्चे, ६. थेरवेयावच्चे, ७. साहम्मियवेयावच्चे, ८. कुलवेयावच्चे, ९. गणवेयावच्चे, १०. संघवेयावच्चे। से तं वेयावच्चे।

३०. (ट) वैयावृत्य का स्वरूप क्या है–कितने भेद है ?

(आहार, औषध आदि द्वारा सेवा–परिचर्या रूप) वैयावृत्य के दस भेद इस प्रकार है–

(१) आचार्य का वैयावृत्य, (२) उपाध्याय का वैयावृत्य, (३) **शैक्ष**–नवदीक्षित श्रमण का वैयावृत्य, (४) **ग्लान**–रोग आदि से पीडित का वैयावृत्य, (५) **तपस्वी**–तेला आदि तप निरत का वैयावृत्य, (६) **स्थविर** का वैयावृत्य, (७) **साधर्मिक** (समान धर्म वालों) का वैयावृत्य, (८) **कुल**–(एक आचार्य के शिष्यो) का वैयावृत्य, (९) **गण**–(गच्छ) का वैयावृत्य, (१०) सघ का वैयावृत्य। यह वैयावृत्य का स्वरूप है।

(3) VAIYAVRITYA TAP

30. (k) What is this *Vaiyavritya tap* ?

Vaiyavritya tap (to offer food and other services to fellow ascetics and seniors) is of ten kinds—To offer food and other services to (1) *Acharyas*, (2) *Upadhyayas*, (3) *Shaiksh* or new initiates, (4) *Glan* or ailing ascetics, (5) *Tapasvi* or ascetics observing austerities, (6) *Sthavirs* or ascetics senior in terms of knowledge, initiation and age, (7) *Sadharmik* or co-religionists, (8) *Kula* (ascetic family or disciples of the same *Acharya*), (9) *Gana* (ascetic group), and (10) *Sangh* (religious organization) This concludes the description of *Vaiyavritya tap*.

(४) स्वाध्याय तप

३०. (ठ) से किं तं सज्झाए ?

सज्झाए पंचविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. वायणा, २ पडिपुच्छणा, ३. परियट्टणा, ४. अणुप्पेहा, ५. धम्मकहा। से तं सज्झाए।

३०. (ठ) स्वाध्याय तप क्या है ?

स्वाध्याय तप पाँच प्रकार का है। वह इस प्रकार है–(१) **वाचना**–आचार्य आदि से विधिपूर्वक सूत्रादि का यथाविधि यथासमय शास्त्र का अध्ययन करना, (२) **प्रतिपृच्छना**–अधीत विषय मे विशेष स्पष्टीकरण हेतु पूछना, (३) **परिवर्तना**–अधीत ज्ञान की पुनरावृत्ति करना, सीखे हुए को बार–बार दुहराना, (४) **अनुप्रेक्षा**–सूत्र, अर्थ व आगमानुसारी विषय का पुन –पुन चिन्तन–मनन करना, (५) **धर्मकथा**–श्रुतधर्म की व्याख्या–विवेचना व उपदेश करना। यह स्वाध्याय तप का स्वरूप है।

(4) **SVADHYAYA TAP**

30. (l) What is this *Svadhyaya tap* ?

Svadhyaya tap (study and teaching of holy scriptures) is of five types—**(a) Vachana**—To take lessons of the scriptures methodically from the *Acharya* at proper time following proper procedure, **(b) Pratiprichhana**—To resolve difficulties and doubts and to seek clarification and elaboration by asking questions, **(c) Parivartana**—To revise and repeat what has already been learnt, **(d) Anupreksha**—To ruminate over anything connected with the scriptures including the text, meaning and related topics, **(e) Dharmakatha**—To comment, elaborate and lecture on *Shrut Dharma* (the religion propagated by *Jinas*) This concludes the description of *Svadhyaya tap*

(५) ध्यान तप

३०. (ड) से किं तं झाणे ?

झाणे चउव्विहे पण्णत्ते। तं जहा–१. अट्टज्झाणे, २. रुद्दज्झाणे, ३. धम्मज्झाणे, ४. सुक्कज्झाणे।

(i) आर्तध्यान–**अट्टज्झाणे चउव्विहे पण्णत्ते। तं जहा–१. अमणुण्णसंपओगसंपउत्ते तस्स विप्पओगसतिसमण्णागए यावि भवइ, २. मणुण्णसंपओगसंपउत्ते तस्स अविप्पओगसतिसमण्णागए यावि भवइ, ३. आयंकसंपओगसंपउत्ते तस्स विप्पओगसतिसमण्णागए यावि भवइ, ४. परिजूसिय–कामभोग–संपओगसंपउत्ते तस्स अविप्पओगसतिसमण्णागए यावि भवइ।**

अट्टस्स णं झाणस्स चत्तारि लक्खणा पण्णत्ता। तं जहा—१. कंदणया, २. सोयणया, ३. तिप्पणया, ४. विलवणया।

(ii) रौद्रध्यान—रुद्दज्झाणे चउव्विहे पण्णत्ते। तं जहा—१. हिंसाणुबंधी, २. मोसाणुबंधी, ३. तेणाणुबंधी, ४. सारक्खणाणुबंधी।

रुद्दस्स णं झाणस्स चत्तारि लक्खणा पण्णत्ता। तं जहा—१. उसण्णदोसे, २. बहुदोसे, ३. अण्णाणदोसे, ४. आमरणंतदोसे।

(iii) धर्मध्यान—धम्मज्झाणे चउव्विहे चउप्पडोयारे पण्णत्ते। तं जहा—१. आणाविजए, २. अवायविजए, ३. विवागविजए, ४. संठाणविजए।

धम्मस्स णं झाणस्स चत्तारि लक्खणा पण्णत्ता। तं जहा—१. आणारुई, २. णिसग्गरुई, ३. उवस्सरुई, ४. सुत्तरुई।

धम्मस्स णं झाणस्स चत्तारि आलंबणा पण्णत्ता। तं जहा—१. वायणा, २. पुच्छणा, ३. परियट्टणा, ४. धम्मकहा।

धम्मस्स णं झाणस्स चत्तारि अणुप्पेहाओ पण्णत्ताओ। तं जहा—१. अणिच्चाणुप्पेहा, २. असरणाणुप्पेहा, ३. एगत्ताणुप्पेहा, ४. संसाराणुप्पेहा।

(iv) शुक्लध्यान—सुक्कज्झाणे चउव्विहे चउप्पडोयारे पण्णत्ते। तं जहा—१. पुहुत्तवियक्के सवियारी, २. एगत्तवियक्के अवियारी, ३. सुहुमकिरिए अप्पडिवाई, ४. समुच्छिन्नकिरिए अणियट्टी।

सुक्कस्स णं झाणस्स चत्तारि लक्खणा पण्णत्ता। तं जहा—१. विवेगे, २. विउस्सग्गे, ३. अव्वहे, ४. असम्मोहे।

सुक्कस्स णं झाणस्स चत्तारि आलंबणा पण्णत्ता। तं जहा—१. खंती, २. मुत्ती, ३. अज्जवे, ४. मद्दवे।

सुक्कस्स झाणस्स चत्तारि अणुप्पेहाओ पण्णत्ताओ। तं जहा—१. अवायाणुप्पेहा, २. असुभाणुप्पेहा, ३. अणंतवत्तियाणुप्पेहा, ४. विपरिणामाणुप्पेहा। से तं झाणे।

३०. (ड) ध्यान का स्वरूप क्या है?

(एकाग्र चिन्तन रूप) ध्यान के चार भेद बताये हैं-(१) **आर्त्तध्यान**-रागादि भावना से अनुप्रेरित सयोग-वियोगजनित चित्त की व्याकुलता, (२) **रौद्रध्यान**-हिंसादि भावना से अनुरंजित अतिक्रूरतापूर्ण चिन्तन, (३) **धर्मध्यान**-धर्मभावना से अनुप्राणित ध्यान, (४) **शुक्लध्यान**-निर्मल, शुभ आत्मोन्मुख शुद्ध ध्यान। (यहाँ पर क्रमश· चारों ध्यानों के स्वरूप, लक्षण आदि का विस्तारपूर्वक कथन किया जा रहा है।)

(i) आर्त्तध्यान-आर्त्तध्यान चार प्रकार का है-**(क) अमनोज्ञ**-मन को प्रिय नही लगने वाली स्थितियाँ आने पर उनका-दूर करने के सम्बन्ध मे निरन्तर आकुलतापूर्ण चिन्तन करना, **(ख) मनोज्ञ**-मन को प्रिय लगने वाले विषयो के प्राप्त होने पर उनके अवियोग-वे अपने से कभी दूर न हो, सदा अपने साथ बनी रहे, इस प्रकार का निरन्तर आकुलतापूर्ण चिन्तन करना, **(ग) आतंक**-रोग हो जाने पर उसके मिटने के सम्बन्ध मे निरन्तर आकुलतापूर्ण चिन्तन करना, **(घ) पूर्वभुक्त**-पूर्व काल मे भोगे हुए कामभोग प्राप्त होने पर, फिर कभी उनका वियोग न हो, इस विषयक निरन्तर आकुलतापूर्ण चिन्तन करना।

आर्त्तध्यान के चार लक्षण बतलाये गये है। वे इस प्रकार है-**(क) क्रन्दनता**-जोर से क्रन्दन करना, रोना, चीखना, **(ख) शोचनता**-मानसिक ग्लानि तथा दीनता अनुभव करना, **(ग) तेपनता**-बिना आवाज किये आँसू ढलकाना, **(घ) विलपनता**-विलाप करना-"हाय ! मैने पूर्वजन्म मे कितना बडा पाप किया, जिसका यह फल मिल रहा है।" इत्यादि रूप मे बिलखना।

(ii) रौद्रध्यान-रौद्रध्यान चार प्रकार का है, जिसका स्वरूप इस प्रकार है-**(क) हिंसानुबन्धी**-हिंसा सम्बन्धी चिन्तन करना, **(ख) मृषानुबन्धी**-असत्य से सम्बन्धित चिन्तन करना, **(ग) स्तैन्यानुबन्धी**-चोरी से सम्बद्ध चिन्तन करना, **(घ) संरक्षणानुबन्धी**-धन आदि भोग-साधनो के सरक्षण हेतु औरो के प्रति क्रूरतापूर्ण एकाग्र चिन्तन।

रौद्रध्यान के चार लक्षण बतलाये है-**(क) उत्सन्नदोष**-हिसा, असत्य आदि पापकर्मो मे से किसी एक पाप मे अत्यधिक लीन रहना, **(ख) बहुदोष**-हिंसा आदि अनेक दोषो मे सलग्न रहना, **(ग) अज्ञानदोष**-मिथ्या शास्त्र आदि के सस्कार से उत्पन्न अज्ञान के कारण हिसा आदि कार्यो मे धर्माराधना की दृष्टि से प्रवृत्ति करना, **(घ) आमरणान्तदोष**-सेवन किये हुए दोषो के लिए मृत्यु-पर्यन्त पश्चात्ताप न करते हुए उनमे सतत प्रवृत्तिशील रहना।

(iii) धर्मध्यान-स्वरूप, लक्षण, आलम्बन तथा अनुप्रेक्षा भेद से **धर्मध्यान** चार प्रकार का है। इनमे से प्रत्येक के चार-चार भेद है।

स्वरूप की दृष्टि से धर्मध्यान के चार भेद इस प्रकार है–**(क) आज्ञाविचय**–तीर्थंकर आदि आप्त पुरुषो का वचन आज्ञा कहा जाता है। आप्त पुरुष वह है, जो राग, द्वेष आदि दोषो से मुक्त तथा सर्वज्ञ है। सर्वज्ञ वीतराग देव की आज्ञा के सम्बन्ध मे जो **विचय**–मनन, निदिध्यासन किया जाता है, वह आज्ञाविचय ध्यान है। इसका अभिप्राय है–वीतराग प्रभु की आज्ञा, प्ररूपणा या वचन के अनुरूप वस्तु–तत्त्व के चिन्तन मे मन की एकाग्रता, **(ख) अपायविचय**–अपाय का अर्थ है दु·ख। राग, द्वेष, विषय, कषाय आदि कारणो से दु ख की उत्पत्ति होती है। अत राग, द्वेष, विषय, कषाय का अपचय, (विनाश) कर्म–सम्बन्ध का विच्छेद और आत्म–समाधि की उपलब्धि जिस ध्यान मे इन विषयों पर चिन्तन किया जाता है वह अपायविचय ध्यान है, **(ग) विपाकविचय**–विपाक का अर्थ कर्मफल है। कर्मों के स्वरूप, विपाक या फल पर चिन्तनधारा केन्द्रित करना विपाकविचय है, **(घ) संस्थानविचय**–लोक, द्वीप, समुद्र, स्वर्ग, नरक आदि के आकार–विषयक चिन्तन सस्थानविचय है।

धर्मध्यान के चार लक्षण बतलाये है, वे इस प्रकार है–**(क) आज्ञारुचि**–वीतराग प्रभु की आज्ञा की आराधना मे, प्ररूपणा मे अभिरुचि या श्रद्धा होना, **(ख) निसर्गरुचि**–नैसर्गिक रूप मे–स्वभावत धर्म मे रुचि होना, **(ग) उपदेशरुचि**–साधु या ज्ञानी जनो के उपदेश से धर्म मे रुचि होना अथवा धर्म का उपदेश सुनने मे रुचि होना, **(घ) सूत्ररुचि**–सूत्रो–आगमों के प्रति रुचि या दृढ श्रद्धा होना।

धर्मध्यान के चार आलम्बन–(ध्यानरूपी शिखर पर चढने के लिए जो सहायक बनते है वे आलम्बन) है, वे इस प्रकार है–**(क) वाचना**–आगम, ग्रन्थ आदि पढना, **(ख) पृच्छना**–जिज्ञासु भाव से अपने मन मे ऊहापोह करना, ज्ञानी जनो से समाधान पाने का प्रयत्न करना, **(ग) परिवर्तना**–जाने हुए, सीखे हुए ज्ञान की पुन·–पुन· आवृत्ति करना, **(घ) धर्मकथा**–धार्मिक उपदेशप्रद कथाओ, जीवनवृत्तो, प्रसगो द्वारा आत्मानुशासन मे प्रवृत्तिशील होना और दूसरो को प्रेरणा देना।

धर्मध्यान की चार अनुप्रेक्षाएँ–(सुविचारो की गहराई मे उतरना) भावनाएँ है, वे इस प्रकार है–**(क) अनित्यानुप्रेक्षा**–"सुख, सम्पत्ति, वैभव, भोग, देह, यौवन, आरोग्य, जीवन, परिवार आदि सभी सासारिक वस्तुएँ अनित्य है", इस प्रकार के विचारो का पुनः–पुनः अभ्यास करना, **(ख) अशरणानुप्रेक्षा**–"जन्म, जरा, रोग, कष्ट, वेदना, मृत्यु आदि से पीडित ससार मे जिनेश्वर देव कथित धर्म के अतिरिक्त जगत् में अन्य कोई शरणभूत रक्षक नही है", बार–बार इस प्रकार का चिन्तन करना, **(ग) एकत्वानुप्रेक्षा**–"मृत्यु, वेदना, पीडा, शोक, शुभ–अशुभ कर्म का फल इत्यादि जीव अकेला ही करता है तथा अकेला ही भोगता

है। अतः व्यक्ति को आत्म-कल्याण साधने में ही जुटना चाहिए'', इस प्रकार की भावना करना, **(घ) संसारानुप्रेक्षा**–''ससार मे यह जीव कभी पिता, कभी पुत्र, कभी माता, कभी पुत्री, कभी भाई, कभी बहन, कभी पति, कभी पत्नी आदि अनेक सम्बन्ध बनाता है– कितने-कितने रूपों में जन्म लेता है'', ससार के इस स्वरूप का पुन -पुन चिन्तन करना, वैराग्य जागृति हेतु विचाराभ्यास करना।

(iv) शुक्लध्यान–स्वरूप, लक्षण, आलम्बन तथा अनुप्रेक्षा के भेद से शुक्लध्यान चार प्रकार का है। इनमे से प्रत्येक के चार-चार भेद है। स्वरूप की दृष्टि से शुक्लध्यान के चार भेद इस प्रकार है–**(क) पृथक्त्ववितर्क-सविचार**–यहाँ वितर्क का अर्थ है श्रुतानुसारी विकल्प। पूर्वधर मुनि पूर्वश्रुत-विशिष्ट ज्ञान के अनुसार किसी एक द्रव्य का आलम्बन लेकर कभी द्रव्यार्थिकनय, कभी पर्यायार्थिकनय से, अर्थात् द्रव्य से पर्याय पर, पर्याय से द्रव्य पर ध्यान करता है। शब्द से अर्थ पर, अर्थ से शब्द पर तथा मन, वाणी एव देह मे एक-दूसरे की प्रवृत्ति पर सक्रमण करता है, अनेक अपेक्षाओ से चिन्तन करता है। ऐसा करना पृथक्त्ववितर्क-सविचार शुक्लध्यान है, **(ख) एकत्ववितर्क-अविचार**–इसका स्वरूप समझाने के लिए प्राचीन आचार्य एक उदाहरण देते है कि जिस प्रकार मत्रसिद्ध गारुडिक, सर्प विषग्रस्त शरीर के समस्त अवयवो से व्याप्त विषम विष को मत्रबल से खीचकर काटे हुए स्थान पर विष को स्तम्भित कर देता है, उसी प्रकार पूर्वसूत्र का ज्ञाता पूर्वधर पूर्वश्रुतज्ञान के किसी एक परिणाम पर चित्त को स्थिर करता है। वह शब्द, अर्थ, मन, वाणी तथा काययोगो पर सक्रमण नही करता। ऐसा ध्यान एकत्ववितर्क-अविचार कहा जाता है। पहले भेद में पृथक्त्व है, विचारो का सक्रमण है, अत वह सविचार है, दूसरे मे विचारो का केन्द्रीकरण है, एकत्व है, इस अपेक्षा से उसकी अविचार सज्ञा है। एकत्ववितर्क-अविचार शुक्लध्यान मे प्रथम ध्यान की अपेक्षा अधिक एकाग्रता होती है। यह ध्यान भी पूर्वधारक मुनि ही कर सकते है। इसके प्रभाव से चार घातिकर्मों का सम्पूर्ण क्षय हो जाता है और केवलज्ञान-दर्शन प्राप्त कर ध्याता-आत्मा सर्वज्ञ-सर्वदर्शी बन जाता है, **(ग) सूक्ष्मक्रिय-अप्रतिपाति**–केवली (जिन्होने केवलज्ञान या सर्वज्ञत्व प्राप्त कर लिया हो) जब आयु के अन्त समय मे योग-निरोध का क्रम प्रारम्भ करते है, तब वे पहले समस्त मनोयोग का निरोध करते हैं, फिर सम्पूर्ण वाग्योग का निरोध करते है, पश्चात् बादरकाय योग निरोध भी कर देते है। मात्र सूक्ष्म काययोग का अवलम्बन किये होते है, उनमे श्वास-प्रश्वास जैसी सूक्ष्म क्रिया ही अवशेष रह जाती है। वहाँ ध्यान से च्युत होने की कोई सम्भावना नही रहती। अतः उस अवस्था मे सूक्ष्म क्रिया-अप्रतिपाति शुक्लध्यान होता है। यह तेरहवे गुणस्थान में होता है, **(घ) समुच्छिन्नक्रिय-अनिवृत्ति**–यह ध्यान अयोगकेवली नामक चतुर्दश गुणस्थान मे

होता है। वहाँ सभी योगो-क्रियाओं का निरोध हो जाता है। आत्म-प्रदेशों मे जब सब प्रकार का कम्पन-परिस्पन्दन बन्द हो जाता है उसे समुच्छिन्नक्रिय-अनिवृत्ति शुक्लध्यान कहा जाता है। इसका काल अ, इ, उ, ऋ, लृ-पाँच ह्रस्व स्वरों को मध्यम गति से उच्चारण करने में जितना समय लगता है, उतना ही है। इस ध्यान के द्वारा अवशेष चार अघाति कर्म-वेदनीय, नाम, गोत्र तथा आयु भी नष्ट हो जाते है। यह ध्यान मोक्ष का साक्षात् कारण है।

शुक्लध्यान के चार लक्षण इस प्रकार है-(क) **विवेक**-देह से आत्मा की भिन्नता/पृथक्ता की प्रतीति, (ख) **व्युत्सर्ग**-अनासक्तिपूर्वक शरीर तथा उपकरणो का उत्सर्ग-त्याग, (ग) **अव्यथा**-देव, पिशाच आदि द्वारा कृत उपसर्ग से विचलित नही होना, (घ) **असंमोह**-देव आदि द्वारा रचित मायाजाल मे तथा सूक्ष्म विषयो मे समूढ या विभ्रान्त नही होना।

शुक्लध्यान के चार आलम्बन कहे गये है, वे इस प्रकार हैं-(क) **क्षान्ति**-क्षमाशीलता, सहनशीलता, (ख) **मुक्ति**-लोभ आदि के बन्धन से उन्मुक्तता, (ग) **आर्जव**-ऋजुता-सरलता, निष्कपटता, (घ) **मार्दव**-मृदुता-कोमलता, निरभिमानिता।

शुक्लध्यान की चार अनुप्रेक्षाएँ (भावनाएँ) इस प्रकार है-(क) **अपायानुप्रेक्षा**-आस्रव रूप अपायो द्वारा उपार्जित दु खद स्थितियो का बारम्बार चिन्तन करना, (ख) **अशुभानुप्रेक्षा**-ससार के अशुभ-अप्रशस्त स्वरूप का बार-बार चिन्तन करना, (ग) **अनन्तवृत्तितानुप्रेक्षा**-भवभ्रमण या अनन्त काल तक चलते रहने की वृत्ति-स्वभाव पर पुन.-पुनः चिन्तन करना, (घ) **विपरिणामानुप्रेक्षा**-जगत् की क्षण-क्षण परिवर्तित होती वस्तु-स्थिति पर-बार-बार चिन्तन करना। यह ध्यान तप का स्वरूप है।

(5) DHYAN TAP

30. (m) What is this *Dhyan tap* ?

Dhyan tap (meditation, concentration and restraint of feelings and attitudes) is of four types—**(i) Arta-dhyan**—Grievous thoughts or agitated state of mind caused by gain and loss of coveted things and conditions, **(ii) Raudra-dhyan**—Cruel thoughts inspired and animated by violent sentiments, **(iii) Dharma-dhyan**—Virtuous meditation or pious thinking inspired and enhanced by religious sentiments, **(iv) Shukla-dhyan**—Pure meditation or noble and spiritual thinking (The elaboration of these four types of *dhyan* follows.)

(i) Artadhyan (grievous thoughts) is of four types—**(a) Amanojna**—Deep desire to be rid of detestable and adverse

conditions and things, **(b) Manojna**—Intense desire to have perpetual hold on lovable indulgences and things, **(c) Atank**—Anxious desire to be rid of terror and ailments, **(d) Purvabhukta**—Intense desire to have perpetual hold on lovable indulgences and things already enjoyed in the past and regained now.

There are four symptoms or expressions of *Artadhyan* (grievous thoughts)—**(a) Krandanata**—To weap and cry loudly, **(b) Shochanata**—To feel wretched and humiliated, **(c) Tepanata**—To shed tears silently, **(d) Vilapanata**—To lament (e.g "Oh ! How great a sin I committed in my last birth that I am suffering so much.")

(ii) Raudradhyan (cruel thoughts) is of four types—**(a) Himsanubandhi**—To think of violence, **(b) Mrishanubandhi**—To think of falsehood, **(c) Stainyanubandhi**—To think of stealing, **(d) Samrakshananubandhi**—To think of violently protecting acquired wealth and other means of enjoyment

There are four symptoms or expressions of *Raudradhyan* (cruel thoughts)—**(a) Utsannadosh**—To remain absorbed in thoughts of any one of the sinful activities like violence, falsehood etc , **(b) Bahudosh**—To remain absorbed in thoughts of many or all of the sinful activities like violence, falsehood etc. **(c) Ajnanadosh**—To indulge in sinful activities like violence out of ignorance or mistaken belief inspired by fallacious scriptures, **(d) Amaranantdosh**—Continued indulgence in mistakes and sinful activities without any repentance till the end of life

(iii) Dharmadhyan (virtuous meditation) has four types based on form (*svaroop*), attribute or expression (*lakshan*), support or aid (*alamban*) and thoughts (*anupreksha*) All these have four varieties each

The four varieties based on form are—**(a) Ajna-vichaya**—The sermons or words of sagacious individuals (*Apt-purush*) like *Tirthankars* are called *ajna* (commandments). *Apt-purush* (sagacious individuals) are those who are absolutely free of attachment and aversion (*Vitarag*) and other faults and are omniscient The contemplation and meditation on the words and

teachings of such detached omniscient is called *Ajna-vichaya*. Its purpose is to concentrate on the true reality as propounded by the *Vitarag*, **(b) Apaya-vichaya**—*Apaya* means sorrow. Attachment, aversion, mundane, indulgences and passions are the sources of sorrow. Therefore the contemplation and meditation about removal of all these sources of sorrow, breaking of the bondage of *karma* and gaining the transcendental state is called *Apaya-vichaya*, **(c) Vipak-vichaya**—*Vipak* means fruition of *karmas* or fruits of *karma* The contemplation and meditation on the forms of *karma* and their fruition is called *Vipak-vichaya*, **(d) Samsthan-vichaya**—*Samsthan* means structure or constitution The contemplation and meditation on the structure of universe, islands, seas, heaven, hell and other such things is called *Samsthan-vichaya*

The four varieties based on attributes are—**(a) Ajna-ruchi**—To have faith and interest in worship and propagation of the teachings of the *Vitarag*, **(b) Nisarg-ruchi**—To have natural or spontaneous interest in the religion of the *Jina*, **(c) Upadesh-ruchi**—To have interest and faith in the religious discourse of ascetics and learned people and consequently in the religion itself, **(d) Sutra-ruchi**—To have interest and faith in the canon (*Agams*).

The four varieties based on support are—**(a) Vachana**—To take lessons of or to read *Agams* and other scriptures, **(b) Pratiprichhana**—To ponder over the lessons and seek clarification and elaboration from the learned ones, **(c) Parivartana**—To revise and repeat what has been learnt, **(d) Dharmakatha**—To steer self and others towards spiritual discipline with the help of spiritual stories, biographies and incidents

The four varieties based on thought (*anupreksha*) are—**(a) Anityanupreksha**—To revolve around the thought that pleasure, wealth, grandeur, enjoyments, body, youth, health, life, family and all other mundane things are ephemeral, **(b) Asharananupreksha**—To revolve around the thought that in this world afflicted with birth, aging, ailments, torments, pain and death there is no succour and refuge other than the teachings of the *Jina*, **(c) Ekatvanupreksha**—To revolve around the thought that

Hatthitavas—Those who killed an elephant and subsisted long on its meat. These hermits believed that by killing just one elephant and subsisting on its meat for six months or a year, they were killing just one being and avoiding the sin of killing a large number of other beings. In the opinion of the commentator (*Tika*) of *Sutrakritanga Sutra Hastitapas* were among Buddhist *Bhikshus* In *Sutrakritanga Sutra* there is an extended dialogue of Ardrak Kumar with *Hastitapas* hermits In *Lalitvistara* there is a mention of *Hastivrata* hermits. References of killing elephant and consuming its meat are also found in *Mahavagga*.

Disapokkhi or Dishaprokshi—Those who sprinkled water in all directions before collecting fruits and flowers. There is a story of Shiva Rajarshi of Hastinapur in *Bhagavati Sutra* He got initiated with *Dishaprokshak* hermits Somil Brahmin of Varanasi was also a hermit who sprinkled water in all the four-cardinal directions According to *Avashyak Churni* king Prasanna Chandra and his queen also got initiated into the sect of *Dishaprokshaks*. Description of these hermits is also found in *Vasudevahindi* and *Digha Nikaya*

Vaubhakkhi or Vayubhakshi—Those who subsisted only on air. In *Ramayana* (3-11) there is a mention of Mandakarani hermit who subsisted only on air *Mahabharat* (1/96/42) also describes these *Vayubhakshi* hermits

Sevalabhakkhi or Shaivalabhakshi—Those who subsisted on moss only Description about these is also available in the Buddhist scripture *Lalitvistara*.

Besides these there were many other varieties of hermits who subsisted on bulbous roots, roots, bark, leaves, flowers and seeds. There were many who subsisted on putrefied bulbous roots, roots, bark, leaves, flowers and seeds. *Digha Nikaya* also contains such descriptions Many of these hermits bathed repeatedly and their body turned pale and puffy. They lived on the banks of the Ganges and followed the norms of *Vanaprastha ashram* (according to the Vedic religion the third quarter of life when a person retired and lived as a forest dweller) These hermits lived in groups and not in isolation. Many of these, such as Kodinna, Dinn

and Sevali, lived within larger groups of even five hundred hermits. They subsisted on putrefied roots, leaves and moss. *Uttaradhyayan Tika* informs that these hermits used to go for pilgrimage of Ashtapad and a large group of them was enlightened by Ganadhar Gautam.

The forest dwelling mendicants were called *Tapas* (hermit). They lived in forests after building their hermitage They performed *yajnas* and mortified their bodies by five-fire penance. They spent considerable time in collecting wild roots and fruits. *Vyavahar Bhashya* mentions that these hermits collected grains fallen around barns and grain-grinders and cooked their food themselves. Some times they would eat just a spoon full of food and at others the meagre quantity of food particles that stuck on a piece of cloth thrown on a heap of food There has been a long and wide spread tradition of hermits in the country.

For more details about *palyopam* and other metaphoric units of time refer to *Illustrated Anuyog-dvar Sutra, Part II*

प्रव्रजित श्रमणों का उपपात

७५. से जे इमे जाव सन्निवेसेसु पव्वइया समणा भवंति, तं जहा–कंदप्पिया, कुक्कुइया, मोहरिया, गीयरइप्पिया, नच्चणसीला, ते णं एएणं विहारेणं विहरमाणा बहूइं वासाइं सामण्णपरियायं पाउणंति, बहूइं वासाइं सामण्णपरियायं पाउणित्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयअप्पडिक्कंता कालमासे कालं किच्चा उक्कोसेणं सोहम्मे कप्पे कंदप्पिएसु देवेसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति। तहिं तेसिं गई, सेसं तं चेव णवरं पलिओवमं वाससयसहस्समब्भहियं ठिई।

७५. ग्राम, सन्निवेश आदि स्थानो मे (ये) जो प्रव्रजित श्रमण होते है–

जैसे–**कान्दर्पिक**–नानाविध हास–परिहास या हँसी–मजाक करने वाले, **कौकुचिक**–भाँडो की तरह भौ, आँख, मुँह, हाथ, पैर आदि से कुत्सित चेष्टाएँ कर दूसरो को हँसाने वाले, असम्बद्ध या ऊटपटांग बोलने वाले, **मौखरिक**–सगीत और क्रीडा में विशेष अभिरुचि रखने वाले, **गीतरतिप्रिय**–गीतप्रिय लोगो को चाहने वाले तथा **नर्तनशील**–नाचने की प्रकृति वाले, जो अपनी–अपनी जीवन–शैली के अनुसार आचरण करते हुए बहुत वर्षों तक श्रमण–पर्याय का पालन करते है तथा अन्त समय मे उक्त पापाचरणों का आलोचन–प्रतिक्रमण नहीं करते, गुरु के समक्ष आलोचना कर दोषों से निवृत्त नहीं होते, वे मृत्यु आने पर देह त्यागकर उत्कृष्ट सौधर्मकल्प नामक प्रथम देवलोक मे हास्य–क्रीड़ा–प्रधान देवों मे उत्पन्न होते

हैं। वहाँ उनकी गति आदि अपने पद के अनुरूप होती है। उनकी आयु-स्थिति एक लाख वर्ष अधिक एक पल्योपम की होती है।

UPAPAT OF INITIATED SHRAMANS

75. In places like *gram, aakar,...* and so on up to... *sanniwesh* there live initiated *Shramans* (classified according to their deeds as follows)—**Kandarpik**—who habitually act like a clown, humorist and jester. **Kaukuchik**—who amuse people with ridiculous and grotesque gestures and behaviour. **Maukharik**—who indulge in incoherent and senseless banter. **Geet-ratipriya**—who have keen interest in music and entertainment and who like the company of song-lovers. **Nartan-sheel**—who love dancing. They spend years following the ascetic code according to their individual life-style and neither repent (doing critical review or *pratikraman*) nor atone before a guru for their sinful deeds. When time of death comes they abandon their earthly bodies and are born as *Kandarpik* (merriment loving) gods in the lofty first heaven (*dev-lok*) called *Saudharm Kalp*. Their state (*gati*) is according to their respective status. Their life-span there is one hundred thousand years more than one *palyopam* (a metaphoric unit of time).

परिव्राजकों का उपपात

७६. से जे इमे जाव सन्निवेसेसु परिव्वाया भवंति, तं जहा—संखा, जोगी, काविला, भिउव्वा, हंसा, परमहंसा, बहुउदगा, कुलिव्वया, कण्हपरिव्वाया।

तत्थ खलु इमे अट्ठ माहणपरिव्वायगा भवंति। तं जहा—

कण्हे य करकंडे य अंबडे य परासरे।
कण्हे दीवायणे चेव देवगुत्ते य नारए॥

तत्थ खलु इमे अट्ठ खत्तियपरिव्वाया भवंति, तं जहा—

सीलई ससिहारे (य), नग्गई भग्गई ति य।
विदेहे रायाराया, रायारामे बलेति य॥

७६. ग्राम ' ' सन्निवेश आदि मे जो अनेक प्रकार के परिव्राजक होते हैं, जैसे–(१) साख्य, (२) योगी, (३) कापिल, (४) भार्गव, (५) हस, (६) परमहंस, (७) बहूदक, तथा (८) कुटीचर (कुटीव्रत) (चार प्रकार के यति) एवं कृष्ण परिव्राजक आदि।

उनमें आठ ब्राह्मण परिव्राजक–ब्राह्मण जाति मे दीक्षित परिव्राजक होते हैं, जो इस प्रकार है–(१) कर्ण, (२) करकण्ट, (३) अम्बड, (४) पाराशर, (५) कृष्ण, (६) द्वैपायन, (७) देवगुप्त, तथा (८) नारद।

उनमें आठ क्षत्रिय परिव्राजक–क्षत्रिय जाति मे से दीक्षित परिव्राजक होते हैं, जैसे–(१) शीलधी, (२) शशिधर (शशिधारक), (३) नग्नक, (४) भग्नक, (५) विदेह, (६) राजराज, (७) राजराम, तथा (८) बल।

UPAPAT OF PARIVRAJAKS

76. In places like *gram, aakar,*. and so on up to .. *sannivesh* there live a variety of *Parivrajaks*—(1) *Samkhya*, (2) *Yogi*, (3) *Kapil*, (4) *Bhargava*, (5) *Hamsa*, (6) *Param-hamsa*, (7) *Bahudak*, and (8) *Kutichar*.

Among these their are eight Brahmin *Parivrajaks* or the initiates from the Brahmin clans—(1) *Karn*, (2) *Karkant*, (3) *Ambad*, (4) *Parashar*, (5) *Krishna*, (6) *Dvaipayan*, (7) *Devagupt*, and (8) *Narad*.

Among these are also eight *Kshatriya Parivrajaks* or the initiates from the *Kshatriya* clans—(1) *Shiladhi*, (2) *Shashidhar* (*Shashidharak*), (3) *Nagnak*, (4) *Bhagnak*, (5) *Videha*, (6) *Rajaraj*, (7) *Rajarama*, and (8) *Bal*

विवेचन–सूत्र ७५ मे ऐसे निर्ग्रन्थ श्रमणो का वर्णन है, जो प्रव्रजित होकर भी सयम की शुद्ध निर्दोष आराधना नही कर पाते थे। अब इस सूत्र मे परिव्राजको (ब्राह्मण परम्परा मे दीक्षित श्रमणो) का कथन है।

परिव्राजक श्रमण, ब्राह्मण–धर्म के लब्ध–प्रतिष्ठित पण्डित होते थे। वशिष्ठ धर्मसूत्र के अनुसार वे सिर मुण्डन कराते थे। एक वस्त्र या चर्मखण्ड धारण करते थे। गायो द्वारा उखाडी हुई घास से अपने शरीर को ढँकते थे और जमीन पर सोते थे। वे आचारशास्त्र और दर्शनशास्त्र पर विचार–चर्चा करने के लिए भारत के विविध अचलो मे परिभ्रमण करते थे। वे षडगो के ज्ञाता होते थे।

परिव्राजक का शाब्दिक अर्थ है–सब कुछ त्यागकर भ्रमण करने वाला। परिव्राजक चारों ओर भ्रमण करने वाले सन्यासियो को कहते है। ये अपना समय ध्यानशास्त्र, चिन्तन और शिक्षण आदि मे व्यतीत करते थे। वानप्रस्थ आश्रम के बाद परिव्राजक होने का विधान है। उन परिव्राजको मे कितने ही परिव्राजको का परिचय इस प्रकार है–

सांख्य—सांख्यमतानुयायी, ये पुरुष प्रकृति, बुद्धि, अहंकार, पंच महाभूत आदि पच्चीस तत्त्व मानते थे। इनमे कुछ ईश्वर को मानते थे। जो सेश्वर सांख्य कहलाते थे, दूसरे निरीश्वर सांख्य–जो ईश्वर को नहीं मानते थे। इनके आद्य प्रवर्त्तक कपिल ऋषि थे। अत ये '**कपिल**' भी कहलाते थे। **योगी**—जो अनेक प्रकार की हठयोग की साधना करते थे। **भार्गव**—भृगु ऋषि की परम्परा के अनुयायी।

वैदिक ग्रन्थों के अनुसार संन्यासियों की चार श्रेणियाँ होती है—कुटीचर, बहूदक, हस और परमहस (प्राचीन भारतीय सस्कृति कोष, पृ. २१६ तथा अभयदेव वृत्ति)।

वृत्तिकार आचार्य अभयदेवसूरि ने चार यति परिव्राजको का जो परिचय दिया है, उसके अनुसार **हंस** परिव्राजक उन्हे कहा जाता था, जो पर्वतों की कन्दराओ मे, पर्वतीय मार्गों पर, आश्रमो मे, देवकुलों–देवस्थानो मे या उद्यानो मे वास करते थे, केवल भिक्षा हेतु गाँव मे आते थे। **परमहंस** उन्हे कहा जाता था, जो नदियो के तटो पर, नदियों के सगम–स्थानो पर निवास करते थे। जो देह–त्याग के समय परिधेय वस्त्र, कौपीन (लगोट) तथा कुश–डाभ के बिछौने का परित्याग कर देते थे, वैसा कर प्राण त्यागते थे। **बहूदक** उन्हे कहा जाता था जो गाँव मे एक रात तथा नगर मे पाँच रात प्रवास करते थे। जो गृह मे वास करते हुए क्रोध, लोभ, मोह और अहकार का त्याग किये रहते थे, वे कुटीव्रत या **कुटीचर** कहे जाते थे। (औपपातिक वृत्ति, पत्र ९२)

इस सूत्र मे आठ प्रकार के ब्राह्मण–परिव्राजक तथा आठ प्रकार के क्षत्रिय–परिव्राजको की दो गाथाओ मे चर्चा की गई है। अम्बड, पाराशर, द्वैपायन आदि ब्राह्मण परिव्राजको का उल्लेख आगमो मे अनेक स्थानो पर प्राप्त है। वृत्तिकार ने उनके सम्बन्ध मे केवल इतना–सा सकेत किया–"**कण्डूवादयः षोडश परिव्राजका लोकतोऽवसेयाः।**" अर्थात् इन सोलह परिव्राजको के सम्बन्ध मे लोक–जनश्रुति से जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है, वृत्तिकार के समय तक ये परम्पराएँ लगभग लुप्त हो गई थी।

Elaboration—Aphorism 75 describes those *Nirgranth Shramans* who, after initiation, could not strictly observe faultless ascetic-discipline. This aphorism describes another class of homeless mendicants, the *Parivrajaks* (those who got initiated in the Brahminical tradition).

The *Parivrajak Shramans* were established scholars of Brahminical religion According to *Vashisht Dharma Sutra* they shaved their heads and wore just one piece of cloth or skin. They slept on the ground and covered their bodies with the grass or hay uprooted by cows. They toured all around India to conduct seminars to exchange views and discuss subjects like religious codes and philosophy. They were scholars of the six differed schools of *Veda* philosophy

The literal meaning of *Parivrajak* is—one who renounces everything and takes to peripatetic life. The *sanyasins* who travel all around are called *Parivrajaks*. They used to spend all their time in meditation, study

of scriptures and imparting education. Traditionally the rule is to become *Parivrajak* after the *Vanaprasth Ashram* (the third quarter of life). Some well known sects among *Parivrajaks* are—

Samkhya—the followers of the *Samkhya* school of philosophy They believed in twenty five fundamentals including man, nature, intellect, ego and five elements. Some of them believed in god and were called *Seshvar Samkhya*; others who did not believe in god were called *Nirishvar Samkhya*. As the founder of this school was sage **Kapil,** they were also called *Kapil*. **Yogi**—those who practiced *Hath-yoga*. **Bhargava**— the followers of the tradition founded by sage Bhrigu

According to Vedic scriptures there were four categories of *sanyasins—Kutichar, Bahudak, Hamsa* and *Param-hamsa*. (*Prachin Bharatiya Samskriti Kosh*, p 216 and Abhayadev *Vritti*)

According to the description of *Yati Parivrajaks* given by Acharya Abhayadev Suri, the commentator (*Vritti*), *Hamsa Parivrajaks* were those who lived in mountain-caves, mountain trails, hermitages, temples or gardens. They came to human settlements only to seek alms *Paramahamsa* were those who lived on river banks or where two rivers met. At the time of death they abandoned their only belongings—dress, *langot* (loin-cloth) and the bed of hay or coir *Bahudak* were those who, as a rule, spent only one night in a village and five nights in a city. Those who disciplined their passions—anger, greed, attachment and conceit—while still living as householders were called *Kutichar* (*Aupapatik Vritti*, leaf 92)

This aphorism lists eight kinds of Brahmin *Parivrajaks* and eight kinds of *Kshatriya Parivrajaks* in two verses *Ambad, Parashar, Dvaipayan* and other Brahmin *Parivrajaks* find mention at many places in *Agams* The commentator (*Vritti*) states very briefly about them— "Information about these sixteen *Parivrajaks* should be gathered from folk lore " It appears that when the *Vritti* was written these traditions had almost become extinct

परिव्राजकों के धर्मशास्त्र

७७. ते णं परिव्वाया रिउव्वेद–यजुव्वेद–सामवेद–अहव्वणवेद–इतिहासपंचमाणं, निघंटुछट्ठाणं संगोवंगाणं सरहस्साणं चउण्हं वेदाणं सारगा पारगा धारगा, सडंगवी, सट्ठितंतविसारया, संखाणे, सिक्काकप्पे, वागरणे, छंदे, निरुत्ते, जोइसामयणे, अण्णेसु य बहूसु बंभण्णएसु य सत्थेसु परिव्वाएसु य नएसु सुपरिणिट्ठिया यावि होत्था।

७७. वे परिव्राजक चार वेदो के ऋक्, यजु, साम, अथर्वण–तथा पाँचवें इतिहास, छठे निघण्टु के अध्येता होते है। उन्हें वेदो का सांगोपांग परिज्ञान था। वे चारों वेदो के **(सारक)** अध्यापन द्वारा सम्प्रवर्त्तक अथवा स्मारक–औरों को स्मरण कराने वाले, **(पारग)** वेदों के पारगामी, **(धारक)** उन्हें स्मृति में बनाये रखने में सक्षम तथा वेदों के छहों अंगों के ज्ञाता थे। वे षष्टितन्त्र (कपिलशास्त्र) मे विशारद या निपुण थे। **(संख्यान)** गणित विद्या, **(शिक्षा)** ध्वनिविज्ञान–वेद मत्रो के उच्चारण के विशिष्ट विज्ञान, **(कल्प)**–याज्ञिक कर्मकाण्डविधि, **(व्याकरण)** शब्दशास्त्र, **(छन्द)** पिंगलशास्त्र, **(निरुक्त)** वैदिक शब्दों के निर्वचनात्मक या व्युत्पत्तिमूलक व्याख्या–ग्रन्थ, ज्योतिषशास्त्र तथा अन्य ब्राह्मणो के लिए हितकारी शास्त्र अथवा ब्राह्मण–ग्रन्थों–के प्रमुख विषय मे सुपरिपक्व ज्ञानयुक्त होते थे।

THE RELIGIOUS TEXTS OF PARIVRAJAKS

77. The texts these *Parivrajaks* studied included four *Vedas—Rik, Yaju, Sama* and *Atharvan*, fifth one the history and sixth one *Nighantu* (lexicon). They had complete knowledge of the *Vedas* and their auxiliaries. They were propagators of the *Vedas* through teaching (*saraga = sarak*) and inspiring others to memorize (*saraga = smarak*) them. They were profound scholars (*parag*) of the *Vedas* and were capable of retaining them in memory (*dharak*) besides being experts of all their six limbs They were experts of *Shashtitantra* (the works of Kapil). They had profound knowledge of mathematics (*sankhyan*), phonetics or the special science of pronouncing Vedic mantras (*shiksha*), ritual procedures of performing *Yajnas* (*Kalp*), grammar (*vyakaran*), poetics (*chhand*), etymology or the knowledge of origin and formation of Vedic terms (*Nirukt*), astrology (*jyotish*) and other scriptures useful to Brahmins.

परिव्राजकों का शौच धर्म

७८. ते णं परिव्वाया दाणधम्मं च सोयधम्मं च तित्थाभिसेयं च आघवेमाणा, पण्णवेमाणा, परूवेमाणा विहरंति। जं णं अम्हं किं चि असुई भवइ, तं णं उदएण य मट्टियाए य पक्खालियं सुई भवति। एवं खलु अम्हे चोक्खा, चोक्खायारा, सुई, सुइसमायारा भवित्ता अभिसेयजलपूयप्पाणो अविग्घेणं सग्गं गमिस्सामो।

७८. वे परिव्राजक दानधर्म, शौचधर्म, दैहिक शुद्धि एवं स्वच्छतामूलक आचार तीर्थाभिषेक–तीर्थस्नान का जनसमुदाय में कथन करते हुए, (प्रज्ञापन) समझाते हुए,

(प्ररूपण) युक्तिपूर्वक सिद्ध करते हुए विचरण करते है। उनका कथन है, हमारे मतानुसार जो कुछ भी अशुचि–अपवित्र प्रतीत होता है, वह मिट्टी लगाकर जल से धो लेने पर पवित्र हो जाता है। इस प्रकार हम स्वच्छ–निर्मल देह एव वेषयुक्त तथा स्वच्छाचार–निर्मल आचारयुक्त हैं, शुचि–पवित्र, शुच्याचार–पवित्राचारयुक्त है, अभिषेक–स्नान द्वारा जल से अपने आपको पवित्र कर बिना किसी विघ्न के स्वर्ग जायेगे।

THE PARIVRAJAK RELIGION OF CLEANSING

78. These *Parivrajaks* move around preaching and explaining to the masses, and logically establishing the religion of charity (*daan dharma*), religion of cleansing or conduct based on physical cleanliness (*shauch dharma*), bathing at pilgrimage centers (*tirthabhishek*). They say that according to their belief, whatever appears to be impure becomes pure by applying sand and washing with water. Thus, they claim, their body and dress is clean and pure and so is their conduct. Purifying and cleansing themselves with water by bathing they will reach heaven without any difficulty.

विवेचन–प्रस्तुत सूत्र मे परिव्राजको के शौचधर्म के सम्बन्ध मे बताया है, यह शौचधर्म अत्यन्त प्राचीन प्रतीत होता है। ज्ञाताधर्मसूत्र मे दो स्थानो पर इस शौचधर्म का उल्लेख आता है। अध्ययन आठ मे १९वे तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ के समय मे चोक्खा परिव्राजिका इसी शुचिमूलकधर्म का उपदेश देती है। जिसके साथ भगवती मल्ली ने तत्त्वचर्चा कर उसे निरुत्तर किया। पचम अध्ययन मे शुक परिव्राजक का वर्णन है, वह भी सौगधिका निवासी सुदर्शन सेठ को इसी शुचिमूलक धर्म का उपदेश करता है। सुदर्शन सेठ थावच्चा-पुत्र अणगार के साथ इस विषय पर चर्चा करता है तब थावच्चा–पुत्र अणगार उसे शौचधर्म की निस्सारता समझाकर विनयमूलधर्म का उपदेश करते है। कुछ समय पश्चात् शुक परिव्राजक भी थावच्चा-पुत्र अणगार के साथ तत्त्वचर्चा करता है और शौचमूलधर्म के स्थान पर विनयमूलक जिनधर्म में दीक्षा ग्रहण करता है। यह प्रसग २२वे तीर्थंकर भगवान अरिष्टनेमि के युग का है। लगभग वैसा ही वर्णन भगवान महावीर के युग की परिव्राजक परम्परा मे मान्य शौचधर्म का है। (विशेष द्रष्टव्य सचित्र ज्ञाताधर्मकथागसूत्र, भाग १)

Elaboration—This aphorism describes the *Parivrajak* religion of cleansing. This appears to be a very ancient religion. This religion of cleansing is mentioned at two places in *Jnata Dharma Katha Sutra*. In the eighth chapter Chokkha Parivrajika, during Bhagavan Mallinath's period, preaches this cleansing based religion. Bhagavati Malli silences her in a religious debate. In the fifth chapter there is the story of Shuk Parivrajak who preaches this cleansing based religion to Sudarshan Seth of Saugandhika

city. Sudarshan Seth discusses with Thavachchaputra Anagar who explains the futility of this religion and preaches the modesty based religion (Jainism). In due course Shuk Parivrajak also discusses with Thavachchaputra Anagar and gets initiated into the modesty based religion (Jainism). This is an incident of the period of the 22nd *Tirthankar* Bhagavan Arishtanemi. The description here of this *Parivrajak* tradition extant during the period of Bhagavan Mahavir is almost the same. (for more details see *Illustrated Jnata Dharma Katha Sutra, Part I*)

परिव्राजकों का कल्प—आचार

७९. तेसि णं परिव्वायगाणं णो कप्पइ अगडं व तलायं वा नइं वा वाविं वा पुक्खरिणिं वा दीहियं वा गुंजालियं वा सरं वा सागरं वा ओगाहित्तए, णण्णत्थ अद्धाणगमणेणं।

णो कप्पइ सगडं वा जाव संदमाणियं वा दुरूहित्ता णं गच्छित्तए।

तेसि णं परिव्वायगाणं णो कप्पइ आसं वा हत्थिं वा उट्टं वा गोणं वा महिसं व खरं वा दुरूहित्ता णं गमित्तए, णण्णत्थ बलाभिओगेणं।

तेसि णं परिव्वायगाणं णो कप्पइ नडपेच्छा इ वा जाव मागहपेच्छा इ वा पेच्छित्तए।

तेसिं परिव्वायगाणं णो कप्पइ हरियाणं लेसणया वा, घट्टणया वा, थंभणया वा लूसणया वा, उप्पाडणया वा करित्तए।

तेसिं परिव्वायगाणं णो कप्पइ इत्थिकहा इ वा, भत्तकहा इ वा, देसकहा इ वा, रायकहा इ वा, चोरकहा इ वा, जणवयकहा इ वा, अणत्थदंडे करित्तए।

तेसि णं परिव्वायगाणं णो कप्पइ अयपायाणि वा, तउअपायाणि वा, तंबपायाणि वा, जसदपायाणि वा, सीसगपायाणि वा, रुप्पपायाणि वा, सुवण्णपायाणि वा, अण्णयराणि वा बहुमुल्लाणि धरित्तए।

णण्णत्थ अलाउपाएण वा दारुपाएण वा मट्टियापाएण वा।

तेसि णं परिव्वायगाणं णो कप्पइ अयबंधणाणि वा जाव बहुमुल्लाणि धारित्तए।

तेसि णं परिव्वायगाणं णो कप्पइ हारं वा, अद्धहारं वा, एगावलिं वा, मुत्तावलिं वा, कणगावलिं वा, रयणावलिं वा, मुरविं वा, कंठमुरविं वा, पालंबं वा, तिसरयं वा, कडिसुत्तं

वा, दसमुद्दिआणंतगं वा, कडयाणि वा, तुडियाणि वा, अंगयाणि वा, केऊराणि वा, कुंडलाणि वा, मउडं वा, चूलामणिं वा पिणद्धित्तिए, णण्णत्थ एगेणं तंबिएणं पवित्तएणं।

तेसि णं परिव्वायगाणं णो कप्पइ गंथिम–वेढिम–पूरिम–संघाइमे चउव्विहे मल्ले धारित्तए, णण्णत्थ एगेणं कण्णपूरेणं।

तेसिं णं परिव्वायगाणं णो कप्पइ अगरूएण वा, चंदणेण वा, कुंकुमेण वा गायं अणुलिंपित्तए, णणत्थ एक्काए गंगामट्टियाए।

७९. उन परिव्राजकों को **अवट**–कुएँ, तालाब, नदी, बावडी, **पुष्करिणी**–गोलाकार या कमलयुक्त बावडी, **दीर्घिका**–सारणी क्यारी, विशाल सरोवर, **गुंजालिका**–वक्राकार बना तालाब तथा जलाशय में एवं समुद्र मे प्रवेश करना कल्पनीय नहीं है, किन्तु मार्ग मे गमन करते समय यदि तालाब, नदी आदि बीच में आ जाते है, तो उसमें होकर रास्ता पार करना निषिद्ध नहीं है।

इसी प्रकार **शकट**–गाडी या (रथ), **थिल्लि**–दो घोडो की बग्घी या दो खच्चरो से खीचा जाता यान, **शिबिका**–पर्दे लगी पालखी तथा **स्यन्दमानिका**–पुरुष–प्रमाण पालखी (ताम–जाम) पर चढकर जाना भी उनके लिए वर्जित है।

उन परिव्राजकों को घोडा, हाथी, ऊँट, बैल, भैसे तथा गधे पर सवार होकर जाना या चलना नहीं कल्पता, इसमे बलाभियोग का अपवाद है अर्थात् जबर्दस्ती कोई बैठा दे तो उनका व्रत भंग नहीं होता।

उन परिव्राजकों के आचार अनुसार यह भी वर्जित है कि नटो के नाटक (नाचने वालो के नाच, खेल, पहलवानो की कुश्तियाँ, मुक्केबाजो के प्रदर्शन, चित्रपट दिखाकर आजीविका चलाने वालो की करतूते, पूगी बजाने वालो के गीत, ताली बजाकर मनोविनोद करने वालों के विनोदपूर्ण उपक्रम आदि) तथा मागधा–स्तुति गायकों के प्रशस्ति–प्रधान कार्यकलाप आदि देखना–सुनना नही कल्पता।

उन परिव्राजकों के लिए हरी वनस्पति का स्पर्श करना, उन्हें परस्पर घिसना, हाथ आदि द्वारा शाखाओं, पत्तों आदि को ऊँचा करना या उन्हे मोडना, उखाड़ना भी वर्जनीय है।

उन परिव्राजकों के लिए किसी स्त्री–कथा, भोजन–कथा, देश–कथा, राज–कथा, चोर–कथा, जनपद–कथा जो अपने लिए एव दूसरो के लिए हानिप्रद तथा निरर्थक है, ऐसी करना कल्पनीय नहीं है।

उन परिव्राजकों के लिए तूबे, काठ का कमण्डलु तथा मिट्टी के पात्र के सिवाय लोहे, राँगे, ताँबे, जसद, शीशे, चाँदी या सोने के पात्र या दूसरे बहुमूल्य धातुओं के पात्र धारण करना वर्जित है।

उन परिव्राजकों को लोहे (राँगे, ताँबे, जसद, शीशे, चाँदी और सोने) के या दूसरे बहुमूल्य बन्ध पात्र बाँधने के सूत्र इनसे बँधे पात्र रखना कल्प्य नहीं है।

उन परिव्राजकों को एक धातु–गेरू से रँगे हुए गेरुए वस्त्रों के सिवाय तरह–तरह के रंगों से रँगे हुए वस्त्र धारण करना नहीं कल्पता।

वे परिव्राजक केवल ताँबे का एक पवित्रक–अगूठी के अतिरिक्त हार, अर्धहार, एकावली, मुक्तावली, कनकावली, रत्नावली, मुखी–हार विशेष, कण्ठमुखी–कण्ठ का आभरण, प्रालम्ब–लम्बी माला, त्रिसरक–तीन लडों का हार, कटिसूत्र–करधनी, दशमुद्रिकाएँ, कटक–कडे, त्रुटित–तोडे, अंगद, केयूर–बाजूबन्द, कुण्डल–मुकुट तथा चूड़ामणि रत्नो का शिरोभूषण–शीर्षफूल धारण करना नहीं कल्पता।

उन परिव्राजको को फूलों से बने केवल एक कर्णपूर (कर्णफूल) के सिवाय गूँथकर बनाई गई मालाएँ, लपेटकर बनाई गई मालाएँ, फूलों को परस्पर संयुक्त कर बनाई मालाएँ या जमा कर–परस्पर एक–दूसरे मे उलझाकर बनाई गई मालाएँ–ये चार प्रकार की मालाएँ धारण करना नही कल्पता।

उन परिव्राजकों को केवल गगा की मिट्टी के अतिरिक्त अगर, चन्दन या केसर से शरीर को लिप्त करना नही कल्पता।

THE CONDUCT OF PARIVRAJAKS

79. It ıs forbıdden for these *Parıvrajaks* to enter a well, pond, rıver, *bavadı* (a masonry tank wıth steps), *pushkarını* (a round masonry tank wıth steps or a masonry tank with lotuses), *dırghıka* (large pond), *gunjalıka* (oblong tank), lake and sea. However, it is not forbıdden to enter and cross if such water bodies lie on their path.

It ıs also forbıdden for them to ride a cart or chariot (*shakat*), coach driven by two horses or ponies (*thılli*), palanquin with curtaıns (*shıvıka*), or a large palanquin (*syandamanıka*).

These *Parıvrajaks* are forbidden to ride a horse, elephant, camel, ox, buffalo or donkey, the only departure being when they have to do so out of compulsion.

Accordıng to the *Parivrajak* code they are also not allowed to attend or witness programmes meant for recreation or felicitation including performances of *Nat* (actors; also acrobats),... and so on up to... *Magadh* (bards) etc.

These *Parivrajaks* are forbidden to touch or rub together green vegetables or plants, raise or bend branches, leaves or other parts thereof with their hands or uproot them

These *Parivrajaks* are not allowed to indulge in unnecessary or offending gossips about women, food, country, king, thief or settlements.

Other than gourd and wooden or earthen pots, they are proscribed to carry pots made of iron, tin, copper, zinc, lead, silver, gold or any other costly metal.

They are also not allowed to keep chains or strings made of iron (tin, copper, zinc, lead, silver, gold) or any other costly metal meant for tying or already tied to pots.

These *Parivrajaks* are forbidden the use of garb of any colour other than metallic saffron colour.

Besides a copper ring, these *Parivrajaks* are not allowed to wear any ornament such as necklaces of different type including *haar* (common necklace), *ardh-haar* (half necklace), *ekavali* (single line bead-string), *muktavali* (pearl string), *kanakavali* (golden bead-string), *ratnavali* (gem bead-string), *mukhi* (specific design of necklace), *kanth-mukhi* (specific design of necklace), *pralamb* (long necklace) and *trisarak* (three line necklace), *katisutra* (waist band), *dash-mudrikas* (ten rings), *katak* (bangles), *trutit* (a specific design of wristlet), *angad* (bracelet for upper arm), *keyur* (another design of bracelet for upper arm), *kundal* (ear-rings), *mukut* (crown), *chudamani* (a jewel worn in the crest of a diadem)

Besides *karnpurs* (ornament for the ears made of fresh flowers), these *Parivrajaks* are forbidden to wear any garlands including those made by stringing knots (*granthim*), wrapping (*veshtim*), braiding or filling (*purim*) and interweaving or entwining (*sanghatim*)

Except for the sand of river Ganges these *Parivrajaks* are not allowed to apply any paste on their bodies including those made of *Agar* (aquillaria agallocha; a herb used as incense), sandalwood or saffron.

८०. तेसि णं परिव्वायगाणं कप्पइ मागहए पत्थए जलस्स पडिग्गाहित्तए, से वि य वहमाणे णो चेव णं अवहमाणे, से वि य थिमिओदए, णो चेव णं कद्दमोदए, से वि य

बहुप्पसण्णे, णो चेव णं अबहुप्पसण्णे, से वि य परिपूए, णो चेव अपरिपूए, से वि य णं दिण्णे, णो चेव णं अदिण्णे, से वि य पिवित्तए, णो चेव णं हत्थ–पाय–चरु–चमस–पक्खालणट्ठाए सिणाइत्तए वा।

तेसि णं परिव्वायगाणं कप्पइ मागहए आढए जलस्स परिग्गाहित्तए, से वि य वहमाणे, णो चेव णं अवहमाणे, णं अदिण्णे, से वि य हत्थ–पाय–चरु–चमस–पक्खालणट्ठयाए, णो चेव णं पिवित्तए सिणाइत्तए वा।

८०. उन परिव्राजको को मगध देश के तोल के अनुसार एकप्रस्थ जल लेना कल्पता है। वह भी बहता हुआ हो, एक स्थान पर रुका हुआ नही, अर्थात् तालाब आदि का बँधा हुआ जल नही। वह भी यदि स्वच्छ हो तभी, कीचडयुक्त हो तो ग्राह्य नही है। स्वच्छ होने के साथ–साथ वह बहुत साफ और निर्मल हो, तभी ग्राह्य है अन्यथा नही। वह भी वस्त्र से छाना हुआ हो, अनछना नहीं। वह भी किसी दाता द्वारा दिया गया हो तभी ग्राह्य है, बिना दिया हुआ नही। वह भी केवल पीने के लिए ग्राह्य है, हाथ, पैर, चरू–भोजन का पात्र, चमस–काठ की कुडछी या चम्मच धोने के लिए या स्नान करने के लिए नही।

उन परिव्राजको के लिए मागध तोल के अनुसार एक आढक प्रमाण जल लेना कल्पता है, वह भी बहता हुआ हो, एक जगह बँधा हुआ नहीं अर्थात् बहती हुई नदी का एक आढक–परिमाण जल उनके लिए ग्रहणीय है। (वह भी यदि स्वच्छ हो, वस्त्र से छाना हुआ हो, दिया गया हो–तभी ग्राह्य है।) वह भी केवल हाथ, पैर, चरू, चमस या चम्मच धोने के लिए ग्राह्य है, पीने के लिए या स्नान करने के लिए नही।

80. These *Parivrajaks* are allowed to take one Magadh *Prasth* (a measure popular in Magadh during that period) water. That too should be from a flowing source like a river and not from a collected source like a pond. That too only if it is clear and not muddled. Besides being clear it should be clean and pure; only then it is acceptable otherwise not. That too should be filtered with a cloth and not unfiltered. That too is acceptable if it is offered by a donor otherwise not. That too is acceptable only for drinking and not for bathing or washing hands, feet, bowl or spoon.

These *Parivrajaks* are allowed to take one Magadh *Adhak* (a measure popular in Magadh during that period) water. That too should be from a flowing source like a river and not from a collected source like a pond. That too is acceptable if it is offered by a donor.

That too is acceptable only for washing hands, feet, bowl or spoon and not for drinking or bathing.

विवेचन–प्रस्तुत सूत्र मे प्रस्थ व आढक प्रमाण का उल्लेख है। अनुयोगद्वारसूत्र, सूत्र ३२१, पृ ६० के अनुसार एक प्रस्थ (पत्थ) लगभग ६४ पल = २५६ तोला = २ ९८५ कि ग्रा। ४ प्रस्थ = एक आढक अर्थात् ११ ९४ कि. ग्रा. का होता है। चरक कृत भाव प्रकाश मान परिभाषा प्रकरण के अनुसार एक प्रस्थ लगभग ६४ तोला होता है। पुराने नाम के अनुसार ६४ तोला = एक सेर होता था। तथा चार प्रस्थ ४ सेर एक आढक माना गया है। (देखे औपपातिकसूत्र, पृष्ठ १३१, आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर)

Elaboration—This aphorism mentions about the weight measures *Adhak* and *Prasth*. According to *Anuyog-dvar Sutra* (A 321, p. 60) one *Prasth* is about 64 *pal* or 256 *Tolas* or 2 985 kgs. One *Adhak* is equal to 4 *Prasth* or 11.94 kgs. However, according to *Maan Paribhasha Prakaran* chapter of *Bhava Prakash* by Charak one *Prasth* is approximately 64 *Tolas* which was one *Seer* of old Indian measure (0'74 kgs.) By this measure one *Adhak* is four *Prasth* (2 98 kgs) (see *Aupapatik Sutra*, Agam Prakashan Samiti, Beawar, p 131)

८१. ते णं परिव्वायगा एयारूवेणं विहारेणं विहरमाणा बहूइं वासाइं परियायं पाउणंति, बहूइं वासाइं परियायं पाउणित्ता कालमासे कालं किच्चा उक्कोसेणं बंभलोए कप्पे देवत्ताए उववत्तारो भवंति। तहिं तेसिं गई, तहिं तेसिं ठिई। दस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता, सेसं तं चेव।

• उपपातं वर्णनं समत्तं •

८१. वे परिव्राजक इस प्रकार के आचार का पालन करते हुए बहुत वर्षो तक परिव्राजक–पर्याय मे विचरते है। बहुत वर्षों तक वैसा आचार पालते हुए मृत्यु समय आने पर देह त्यागकर उत्कृष्ट ब्रह्मलोक कल्प तक मे देव रूप मे उत्पन्न होते हैं। वहाँ उनकी तदनुरूप गति और स्थिति होती है। उनकी स्थिति या आयुष्य दस सागरोपम कहा गया है। शेष वर्णन पूर्ववत् समझना चाहिए।

• उपपात वर्णन समाप्त •

81. They spend years as *Parivrajaks* following the *Parivrajak* code. When time comes they abandon their earthly bodies and are born as gods in the lofty *Brahmalok Kalp*. Their state (*gati*) is according to their respective status. Their life-span there is ten *Sagaropam* (a metaphoric unit of time). Other details are same as already mentioned.

• END OF UPAPAT CHAPTER •

अम्बड़ परिव्राजक प्रकरण
STORY OF AMBAD PARIVRAJAK

अम्बड़ परिव्राजक के सात सौ अन्तेवासी

८२. तेणं कालेणं तेणं समएणं अम्मडस्स परिव्वायगस्स सत्त अंतेवासिसयाइं गिम्हकालसमयंसि जेट्ठामूलमासंमि गंगाए महानईए उभओकूलेणं कंपिल्लपुराओ णयराओ पुरिमतालं णयरं संपट्ठिया विहाराए।

८२. उस काल उस समय जब भगवान महावीर इस क्षेत्र में विचर रहे थे, तब एक बार जब ग्रीष्म ऋतु का समय था, जेठ का महीना था, अम्बड परिव्राजक के सात सौ अन्तेवासी शिष्य गगा महानदी के दो किनारो से काम्पिल्यपुर नामक नगर से पुरिमताल नामक नगर को रवाना हुए।

SEVEN HUNDRED DISCIPLES OF AMBAD PARIVRAJAK

82. During that period of time when Bhagavan Mahavir was wandering in this area, once during the *Jyeshtha* month of the summer season Ambad Parivrajak with his seven hundred disciples left Kampilyapur city on the two banks of the Ganges for Purimtaal city.

विवेचन—प्रस्तुत सूत्र मे अम्बड परिव्राजक का वर्णन है। आगमो मे अम्बड परिव्राजक नामक व्यक्ति की तीन स्थानो पर चर्चा है। भगवतीसूत्र (शतक १४, उ. ८) में अम्बड परिव्राजक के सम्बन्ध में बहुत ही सक्षिप्त उल्लेख है। स्थानागसूत्र (स्था ९) अम्बड परिव्राजक नामक एक व्यक्ति का वर्णन आता है। वह एक विद्यासिद्ध पुरुष है। उसने चम्पा नगरी मे भगवान महावीर का धर्मोपदेश ग्रहण किया। जब चम्पा नगरी से राजगृह की ओर जाने लगा तब भगवान ने कहा—"वहाँ सुलसा नामक श्रमणोपासिका रहती है, उसे कुशल समाचार कहना।" अम्बड सोचने लगा—'वह कौन महान् पुण्यशालिनी महिला है, जिसे स्वय भगवान ने अपना कुशल समाचार कहने को कहा है? उसमे ऐसी क्या विशेषता है?' तब सुलसा के सम्यक्त्व की परीक्षा लेने अम्बड सुलसा श्रमणोपासिका के पास पहुँचता है। अपने चमत्कारो व आडम्बरो से जहाँ राजगृह के हजारों लोगो को प्रभावित किया, वहाँ सुलसा को भी व्यामोहित करने की बहुत चेष्टा की, किन्तु सुलसा उसके आडम्बरो से कतई प्रभावित नही हुई। उसकी सम्यक्त्व दृढता देखकर अम्बड़ परिव्राजक स्वय ही सुलसा के प्रति विनत हो गया और उसकी दृढ सम्यक्त्व की प्रशंसा की। उससे प्रतिबोध प्राप्त किया। यह अम्बड़ परिव्राजक आगामी चौबीसी में तीर्थंकर होगा।

औपपातिकसूत्र में जिस अम्बड परिव्राजक का वर्णन है वह स्थानांग के अम्बड़ परिव्राजक से भिन्न व्यक्ति लगता है। यह अम्बड़ परिव्राजक वैदिक एवं निर्ग्रन्थ—दोनो आचार परम्परा का एक मिश्रित

संस्करण जैसा लगता है। उसके जीवन के कुछ आचार व साधना पद्धति वैदिक परम्परा से प्रभावित है– जैसे शुचिमूलकधर्म, बाह्य शुद्धि के लिए स्नान आदि तथा त्रिदण्ड, कमण्डलु, रुद्राक्ष आदि धारण करना, जबकि अनशनमय घोर तप, अदत्त ग्रहण का त्याग, भिक्षा विधि तथा भगवान महावीर द्वारा कथित श्रमणोपासक धर्म का पालन आदि आचार श्रमण परम्परा के अनुकूल है। लगता है उस समय वैदिक एवं श्रमण परम्परा के बीच समन्वय-प्रधान कडी जोडने वाली ऐसी साधना पद्धति प्रचलित थी, जो आज लुप्त प्राय हो चुकी है। प्रस्तुत सूत्र मे अम्बड परिव्राजक के आचार आदि का विस्तृत वर्णन है।

प्रस्तुत सूत्र में अम्बड के काम्पिल्यपुर से पुरिमताल जाने का उल्लेख है। काम्पिल्यपुर उस समय दक्षिण पांचाल प्रदेश का प्रमुख नगर था। द्रुपद राजा की यही राजधानी थी। उपासकदशासूत्र के अनुसार यह एक समृद्ध नगरी थी। कुण्डकौलिक श्रावक यही का निवासी था। इस समय यह बदायूँ और फर्रुखाबाद (उ प्र) के बीच बूढी गगा के किनारे काम्पिल नाम के ग्राम के रूप मे विद्यमान है।

'पुरिमताल' के सम्बन्ध मे इतिहासविज्ञो मे मतभेद है। कुछ विद्वान् मानभूमि के 'पुरुलिया' नामक स्थान को ही पुरिमताल बताते है तो कुछ प्रयाग का प्राचीन नाम 'पुरिमताल' बताते है। भगवान ऋषभदेव को पुरिमताल उद्यान मे केवलज्ञान हुआ था। भगवान महावीर भी साधना काल मे कई बार पुरिमताल पधारने का उल्लेख है। लगता है अयोध्या के आसपास ही इसकी अवस्थिति रही होगी।

Elaboration—This aphorism contains details about Ambad Parivrajak In *Agams* a person with this name—Ambad—finds mention at three places There is a brief mention of Ambad Parivrajak in *Bhagavati Sutra* (14/8). *Sthananga Sutra* (9) gives more details about a person named Ambad Parivrajak who is endowed with some special powers. He attended the discourse of Bhagavan Mahavir in Champa city When he was about to leave Champa for Rajagriha, *Bhagavan* asked Ambad to convey the news of his well being to a *Shramanopasika* (a devoted Jain woman) named Sulasa living in Rajagriha Ambad thought—Who is this fortunate women to whom *Bhagavan* wishes to send the message of his well being ? What is so special about her ? Ambad decided to test Sulasa's level of righteousness and went to Rajagriha He first impressed thousands of citizens of Rajagriha with a display of his miracles and then tried his best to impress Sulasa also But Sulasa was neither deluded nor impressed by the hallucinations created by him Ambad Parivrajak was humbled by the strength of Sulasa's righteousness and he showered praise on her for her resolve He finally got enlightenment and is destined to be a *Tirthankar* in the future time-cycle

The Ambad Parivrajak described in *Aupapatik Sutra* seems to be a different person than the one mentioned in *Sthananga Sutra* The Ambad Parivrajak described here appears to be a strange mixture of Vedic and *Nirgranth* traditions Some of his codes of conduct and spiritual practices

have a Vedic influence, such as cleansing based religion, bathing for physical cleansing and carrying trident and *kamandal* (gourd-bowl). The other part of his conduct is based on the *Shramanopasak* religion propagated by Bhagavan Mahavir. This includes fasting based rigorous austerities, not accepting what is not given, code of alms-seeking and following the tenets of Bhagavan Mahavir This is an evidence of an assimilative spiritual tradition that must have acted as a bridge between the *Shramanic* and Vedic schools and has become extinct now. This aphorism describes in detail Ambad Parivrajak's praxis

The aphorism mentions of Ambad Parivrajak's journey from Kampilyapur to Purimtal This Kampilyapur was an important city of southern Panchal area It was the capital of king Drupad. According to *Upasak Dasha Sutra* it was a prosperous city. Kundakaulik Shravak resided in this very city. At present there is a village named Kampil at this location on the bank of Boodhi Ganga somewhere between Badayun and Farrukhabad in Uttar Pradesh

Historians have different opinions about Purimtal. Some scholars claim that the area called Purulia in Maanbhumi is ancient Purimtal and others claim that Purimtal is the ancient name of Prayag Bhagavan Risabhadeva attained *keval-jnana* in Purimtal garden. There are mentions of numerous visits of Bhagavan Mahavir to Purimtal It appears that this place must have been located somewhere around Ayodhya only

८३. तए णं तेसिं परिव्वायगाणं तीसे अगामियाए, छिण्णावायाए, दीहमद्धाए, अडवीए कंचि देसंतरमणुपत्ताणं से पुव्वगहिए उदए अणुपुव्वेणं परिभुंजमाणे झीणे।

८३. वे परिव्राजक चलते हुए एक ऐसे घोर जगल मे पहुँच गये, जहाँ आसपास कोई गाँव नही था, जहाँ न व्यापारियो के समूह व गायो के समूह, उनकी निगरानी करने वाले गोपालक आदि का ही आवागमन था। उसका मार्ग बडा दीर्घ-विकट था। वे इस जगल का कुछ भाग पार कर पाये थे कि चलते समय अपने साथ लिया हुआ पानी पीते-पीते क्रमश· समाप्त हो गया।

83. On their way these *Parivrajaks* arrived in a dense forest. Near that forlorn place there was no village. In that area there was no movement of groups of traders, cows and cowherds. It was in fact a formidable trail. By the time they crossed a small area of the forest they had consumed all the supply of water they had brought along.

८४. तए णं से परिव्वायगा झीणोदगा समाणा तण्हाए पारब्भमाणा उदगदातारमपस्समाणा अण्णमण्णं सद्दावेंति, सद्दावित्ता एवं वयासी–

८४. इसके बाद वे परिव्राजक, जिनके पास का पानी बिल्कुल ही समाप्त हो चुका था, प्यास से अत्यन्त व्याकुल हो गये। वहाँ कोई पानी देने वाला भी नहीं दिखा। तब वे परस्पर एक–दूसरे को सम्बोधित कर इस प्रकार कहने लगे–

84. They were extremely distressed with the thirst as their supply of water had exhausted When they found no one around to offer them water they deliberated—

८५. "एवं खलु देवाणुप्पिया ! अम्हे इमीसे अगामिआए जाव अडवीए कंचि देसंतरमणुपत्ताणं से उदए जाव झीणे। तं सेयं खलु देवाणुप्पिया ! अम्हं इमीसे अगामियाए जाव अडवीए उदगदातारस्स सव्वओ समंता मग्गण–गवेसणं करित्तए।"

त्ति कट्टु अण्णमण्णस्स अंतिए एयमट्ठं पडिसुणेंति, पडिसुणित्ता तीसे अगामियाए जाव अडवीए उदगदातारस्स सव्वओ समंता मग्गण–गवेसणं करेंति, करित्ता उदगदातारमलभमाणा दोच्चंपि अण्णमण्णं सद्दावेंति, सद्दावेत्ता एवं वयासी–

८५. "देवानुप्रियो ! हम इस अगम्य जगल का, जिसमे कोई गाँव नहीं है, न ही लोगो का आवागमन है, अभी तो कुछ ही भाग पार कर पाये है कि हमारे पास जो पानी था, वह पीते–पीते समाप्त हो गया। अत. देवानुप्रियो ! हमारे लिए यही श्रेयस्कर है, हम इस ग्रामरहित निर्जन अटवी मे सब दिशाओ मे चारो ओर किसी जलदाता की मार्गणा–गवेषणा (खोजबीन) करे।"

उन सबने परस्पर ऐसी चर्चा कर यह निश्चय किया। ऐसा निश्चय कर सब दिशाओ मे चारों ओर जलदाता की खोज करने लगे। खोज करने पर भी जब कोई जलदाता नही मिला तब उन्होंने एक–दूसरे को इस प्रकार कहा–

85. "Beloved of gods ! As of now we have been able to cross only a small part of this tortuous forest where there is neither a village nor any movement of people We have consumed the supply of water we brought along. Therefore, beloved of gods ! It is advisable for us to explore all around this uninhabited forlorn terrain for someone who can offer us water."

After deliberation they came to a conclusion and accordingly started searching in all directions for some water-donor. In spite of

all their search, when they failed to find any water-doner they once again deliberated—

संथारा—संलेखना ग्रहण

८६. "इह णं देवाणुप्पिया ! उदगदातारो णत्थि, तं णो खलु कप्पइ अम्हं अदिण्णं गिण्हित्तए, अदिण्णं साइज्जित्तिए, तं मा णं अम्हे इयाणिं आवइकालं पि अदिण्णं गिण्हामो, अदिण्णं साइज्जामो, मा णं अम्हं तवलोवे भविस्सइ। तं सेयं खलु अम्हं देवाणुप्पिया ! तिदंडयं कुंडियाओ य, कंचणियाओ य, करोडियाओ य, भिसियाओ य, छण्णालए य, अंकुसए य, केसरियाओ य, पवित्तए य, गणेत्तियाओ य, छत्तए य, वाहणाओ य, पाउणाओ य, धाउरत्ताओ एगंते एडित्ता गंगं महाणइं ओगाहित्ता बालुयासंथारए संथरित्ता संलेहणाझूसियाणं, भत्तपाणपडियाइक्खियाणं, पाओवगयाणं कालं अणवकंखमाणाणं विहरित्तए।"

त्ति कट्टु अण्णमण्णस्स अंतिए एयमट्ठं पडिसुणेंति, अण्णमण्णस्स अंतिए एयमट्ठं पडिसुणित्ता तिदंडए य जाव एगंते एडेंति, एडित्ता गंगं महाणइं ओगाहेंति, ओगाहित्ता बालुआसंथारए संथरंति, संथरित्ता बालुयासंथारयं दुरूहिंति, दुरूहित्ता पुरत्थाभिमुहा संपलियंकनिसण्णा करयल जाव कट्टु एवं वयासी—

८६. "देवानुप्रियो ! यहाँ कोई पानी देने वाला नही है। बिना दिया हुआ जल लेना, उसका सेवन करना हमारे लिए कल्पनीय नही है। इसलिए हम इस समय आपत्तिकाल में भी अदत्त जल का ग्रहण व सेवन न करे, जिससे हमारे व्रत का भग न हो। अतः हमारे लिए यही श्रेयस्कर है कि हम त्रिदण्ड (तीन दडो को एक साथ बाँधकर बनाया गया एक दण्ड), कुण्डिकाएँ—कमडलु, काचनिकाएँ—रुद्राक्ष मालाएँ, करोटिकाएँ—मृत्तिका या मिट्टी के पात्र, वृषिकाएँ—बैठने की पटडियाँ, तिपाइयाँ, षण्नालिकाएँ—त्रिकाष्ठिकाएँ, अंकुश—देव-पूजा हेतु वृक्षों के पत्ते गिराकर सगृहीत करने के उपयोग में आने वाले अंकुश, केशरिकाएँ—सफाई करने, पोछने आदि के उपयोग मे लेने योग्य वस्त्र खण्ड, पवित्रिकाएँ—ताँबे की अंगूठियाँ, गणेत्रिकाएँ—हाथो मे धारण करने की रुद्राक्ष मालाएँ—सुमिरिनियाँ, छत्र—छाते, पैरों मे धारण करने की पादुकाएँ, काठ की खड़ाऊ, धातुरक्त—गेरुए रंग की शाटिकाएँ—धोतियाँ इन सबको एकान्त में छोड़कर गगा महानदी के तट पर बालू का संस्तारक (बिछौना) तैयार कर संलेखनापूर्वक—शरीर एवं कषायों को क्षीण करते हुए आहार—पानी का परित्याग कर, कटे हुए वृक्ष जैसी निश्चेष्टावस्था वाला पादोपगमन स्वीकार कर मृत्यु की आकांक्षा न रखते हुए स्थिर हो जायेंष"

उन सबने परस्पर एक-दूसरे से ऐसा विचार कर यह निश्चय किया। ऐसा निश्चय कर, त्रिदण्ड आदि अपने उपकरण एकान्त मे छोड दिये। फिर गगा में प्रवेश किया। फिर बालू का सथारा बिछाया। संथारा बिछाकर उस पर अवस्थित हुए। पूर्व दिशा की ओर मुख करके पद्मासन में बैठे। दोनो हाथ जोडकर इस प्रकार कहने लगे-

TAKING THE ULTIMATE VOW

86. "Beloved of gods ! There is no one here to offer us water and we are forbidden to take or consume any water that is not given to us. This implies that in order to avoid transgression of the vow we took, we should not take and consume any water that is not given to us. It is advisable for us, therefore, to abandon all our possessions including the triple staff (*tridand*), water-pot (*kundika*), *Rudraksh* (berries of the tree Elaeocarpus ganitrus) strings (*kanchanika*), earthen pots (*karotika*), wooden planks (*vrishika*), tripods (*shannalika* or *trikashtika*), gardening hook used for cutting leaves from trees (*ankush*), dusters or mops (*kesharika*), copper rings (*pavitrika*), rosaries of *Rudraksh* beads (*ganetrika*), umbrellas (*chhatra*), sandals (*paduka*), wooden sandals (*khadaun*), saffron garb (*dhaturakt*). After abandoning all these at some isolated spot we should prepare a bed with the sand from the banks of the Ganges. After that we should gradually reduce our association with our body and passions (*samlekhana*), give up our food and drink, lie down like a fallen tree (*padopagaman*) and remain absolutely still without the desire for death."

After deliberation they came to a conclusion and abandoned their equipment including triple-staff at an isolated spot. Then they entered the river Ganges and prepared beds with the sand. After this they sat down on these beds in lotus posture facing the east and joining their palms uttered—

८७. 'नमोत्थु णं अरहंताणं जाव संपत्ताणं।

नमोत्थु णं समणस्स भगवओ महावीरस्स जाव संपाविउकामस्स।

नमोत्थु णं अम्मडस्स परिव्वायगस्स अम्हं धम्मायरियस्स धम्मोवदेसगस्स।

पुव्विं णं अम्हेहिं अम्मडस्स परिव्वायगस्स अंतिए थूलगपाणाइवाए पच्चक्खाए जावज्जीवाए, मुसावाए अदिण्णादाणे पच्चक्खाए जावज्जीवाए, सव्वे मेहुणे पच्चक्खाए

गंगातट पर जलदाता की प्रतीक्षा

चित्र परिचय-८

Illustration No. 8

अम्बड़ के सात सौ शिष्यों का संथारा

अम्बड परिव्राजक के सात सौ शिष्य ग्रीष्म ऋतु के ज्येष्ठ मास मे गगा महानदी के किनारे-किनारे चलकर पुरिमतालपुर जा रहे है। मार्ग मे एक लम्बी अटवी आ गयी। दूर-दूर तक कोई गाँव नही था। किसी मनुष्य का मुँह नही दीख रहा था। साथ मे जो पानी था वह भी समाप्त हो गया। धूप के कारण कण्ठ सूखने लगे, प्यास से व्याकुलता बढी, परन्तु नियम के अनुसार किसी के दिये बिना वे नदी आदि का पानी नही ले सकते थे। विषम परिस्थिति देखकर सभी मिलकर विचार करते है, अब क्या करे ? सन्यासी इधर-उधर दूर तक देखते है, परन्तु कोई भी मनुष्य आता-जाता दिखाई नही देता।

अन्त मे सबने मिलकर निश्चय किया, हमे शरीर छोड देना स्वीकार है, परन्तु अदत्त जल ग्रहण नही करेगे।

निश्चय करके सबने अपने कमण्डलु, दण्ड, पात्र, छत्र आदि गगा नदी के किनारे सूखे स्थान पर रख दिये और स्वय गगा किनारे की बालू का सस्तारक बनाकर उस पर शरीर एव कषाय भावो का परित्याग करते हुए पद्मासन से स्थित हो जाते है। सभी ने पहले अपने आराध्य अरिहत भगवान महावीर को नमस्कार किया। फिर अपने धर्माचार्य अम्बड परिव्राजक की वन्दना की। अपने गुरु के पास ग्रहीत पाँच अणुव्रतो की आलोचना कर आहार-पानी आदि चारो आहार का सर्वथा त्याग कर शरीर को स्थिर कर शान्त भाव से अवस्थित हो गये।

–सूत्र ८२-८८

SANTHARA BY SEVEN HUNDRED DISCIPLES OF AMBAD

In the Jyeshtha month of the summer season Ambad Parivrajak's seven hundred disciples walked along the banks of the Ganges towards Purimtaal city On there way they arrived in a dense forest There was no village far or near that forlorn place No human was visible there They had consumed all the supply of water they had brought along Their throats were parched due to sun They suffered agonizing thirst Their codes proscribed them to take water from a river or any other source without being given In this grave predicament they deliberated on what to do ? The *Sanyasis* started searching in all directions but failed to find any water-donor

In the end they jointly decided that abandoning the earthly body was preferable to taking water without being given

After resolving thus they abandoned their equipment including gourd-bowl, triple-staff, umbrella etc at a dry spot on the river bank Then they prepared beds with the sand and sat down in lotus posture First they paid homage to Arihant Bhagavan Mahavir Then after paying homage to their teacher, Ambad Parivrajak, they did critical review of five vows they had accepted, and abandoned four kinds of food and water Finally they made their bodies motionless and mind still

—*Sutra 82-88*

जावज्जीवाए, थूलए परिग्गहे पच्चक्खाए जावज्जीवाए, इयाणिं अम्हे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सव्वं पाणाइवायं पच्चक्खामो जावज्जीवाए एवं जाव सव्वं परिग्गहं पच्चक्खामो जावज्जीवाए।

सव्वं कोहं, माणं, मायं, लोहं, पेज्जं, दोसं, कलहं, अब्भक्खाणं, पेसुण्णं, परपरिवायं, अरइ–रइं, माया–मोसं, मिच्छादंसणसल्लं, अकरणिज्जं जोगं पच्चक्खामो जावज्जीवाए, सव्वं असणं, पाणं, खाइमं, साइमं चउव्विहं पि आहारं पच्चक्खामो जावज्जीवाए।

जं पि य इमं सरीरं, कंतं, पियं, मणुण्णं, मणामं, पेज्जं, थेज्जं, वेसासियं, संमयं, बहुमयं, अणुमयं, भंडकरंडगसमाणं, मा णं सीयं, मा णं उण्हं, मा णं खुहा, मा णं पिवासा, मा णं वाला, मा णं चोरा, मा णं दंसा, मा णं मसगा, मा णं वाइय–पित्तिय–संनिवाइय विविहा रोगायंका, परीसहोवसग्गा फुसंतु त्ति कट्टु एयंपि णं चरमेहिं ऊसासणीसासेहिं वोसिरामि।''

त्ति कट्टु संलेहणा–झूसणाझूसिया भत्तपाणपडियाइक्खिया पाओवगया कालं अणवंकखमाणा विहरंति।

८७. ''अरिहंतो को यावत् मुक्तिरूपी स्थान को प्राप्त सिद्ध भगवन्तो को–नमस्कार हो।

उन श्रमण भगवान महावीर को नमस्कार हो, जो सिद्ध अवस्था प्राप्त करने के लिए समुद्यत है।

हमारे धर्माचार्य, धर्मोपदेशक अम्बड परिव्राजक को नमस्कार हो।

पहले हमने अम्बड परिव्राजक के पास, उनकी साक्षी से स्थूल प्राणातिपात–मृषावाद–चोरी, सब प्रकार के अब्रह्मचर्य तथा स्थूल परिग्रह का जीवन–पर्यन्त के लिए प्रत्याख्यान किया था। इस समय हम पुन भगवान महावीर की साक्षी से सब प्रकार की (स्थूल एवं सूक्ष्म) हिंसा (सब प्रकार के असत्य, सब प्रकार की चोरी, सब प्रकार के अब्रह्मचर्य तथा सब प्रकार के परिग्रह) का जीवनभर के लिए परित्याग करते है।

इसी प्रकार सब प्रकार के क्रोध का, मान का, माया का, लोभ का, समस्त प्रेम (माया व लोभजनित रागभाव), समस्त द्वेष भाव का, कलह का, अभ्याख्यान का (मिथ्या दोषारोपण), पैशुन्य का (चुगली तथा पीठ पीछे किसी के होते–अनहोते दोषों का प्रकटीकरण), परपरिवाद (निन्दा) का, रति–(मोहनीय कर्म के उदय के परिणामस्वरूप असयम में रुचि रखना) अरति का (संयम में अरुचि रखना), मायामृषा का–(माया या छलपूर्वक झूठ

बोलना) तथा मिथ्यादर्शन शल्य का जीवन-पर्यन्त के लिए परित्याग करते हैं। अकरणीय योग-मन, वचन तथा शरीर की नहीं करने योग्य क्रिया का त्याग करते हैं। अशन, पान, खादिम, स्वादिम-इन चारो प्रकार के आहारो का जीवनभर के लिए परित्याग करते हैं।

यह शरीर, जो हमको इष्ट-वल्लभ, कान्त, प्रिय-प्यारा, मनोज्ञ-सुन्दर, मनाम-मन मे बसा रहने वाला, प्रेय-अतिशय प्रिय है, प्रेज्य-विशेष मान्य, स्थैर्यमय-अस्थिर होते हुए भी अज्ञानवश स्थिर प्रतीत होने वाला है, वैश्वासिक-विश्वसनीय (पर-शरीर की अपेक्षा अपना शरीर अधिक विश्वास योग्य लगता है ऐसा विश्वसनीय), सम्मत, बहुमत-बहुत माना हुआ, अनुमत, आभूषणो की पेटी के समान (प्रेम का पात्र) प्यारा है। इस मेरे शरीर को सर्दी न लग जाये, गर्मी न लग जाये, यह भूखा न रह जाये, प्यासा न रह जाये, इसे साँप न डस ले, चोर उपद्रव न करें-डांस न काटे, मच्छर न काटें, वात, पित्त (कफ), सन्निपात आदि विविध रोगो द्वारा तत्काल मार डालने वाली बीमारियो द्वारा यह पीडित न हो इसे परीषह-भूख, प्यास आदि कष्ट तथा उपसर्ग-देवादि कृत सकट न हों। जिसके लिए हर समय ऐसा ध्यान रखते है, उस शरीर को हम अन्तिम उच्छ्वास-नि श्वास तक छोड देते है-उससे अपनी ममता हटाते है।"

संलेखना द्वारा जिनके शरीर तथा कषाय दोनो ही कृश हो चुके थे, उन परिव्राजकों ने इस प्रकार कहके आहार-पानी का परित्याग कर दिया। अपने शरीर को कटे हुए वृक्ष की तरह चेष्टा-शून्य बना लिया। मृत्यु की कामना न करते हुए शान्त भावपूर्वक अवस्थित हो गये।

87. "We bow and convey our reverence to the worthy ones (*Arhantanam*),... and so on up to.. who have attained the state of ultimate perfection, known as *siddhi gai* or *siddha gati*.

"We bow and pay homage to Shraman Bhagavan Mahavir. and so on up to... the aspirant of and destined to attain the state of ultimate perfection (*siddha gai* or *siddha gati*).

"We bow and pay homage to Ambad Parivrajak who is our religious teacher and preceptor.

"Earlier, we had renounced, for life, any violence to living beings, falsehood, stealing, sexual activity and possessions in general before Ambad Parivrajak. But now, once again, we renounce, for life, any harm to living beings, falsehood, stealing, sexual activity and possessions (both gross and subtle) before Bhagavan Mahavir.

In the same way we also renounce, for life, any *krodh* (anger), *maan* (conceit), *maya* (deceit), *lobha* (greed), *raag* (attachment inspired by love, deceit and greed), *dvesh* (aversion inspired by suppressed anger and conceit), *kalah* (dispute), *abhyakhyan* (blaming falsely), *paishunya* (inculpating someone), *paraparivad* (slandering), *rati-arati* (inclination towards indiscipline and inclination against discipline), *mayamrisha* (to betray or tell a lie deceptively) and *mithyadarshan shalya* (the thorn of wrong belief or unrighteousness). We also renounce all activities (of mind, speech and body) not worth doing We renounce four kinds of food including *ashan, paan, khadya* and *svadya* (staple food, liquids, general food and savoury food).

To us our this body is adorable (*isht*), lovable (*kant*), beautiful (*manojna*), worth cherishing (*manaam*), worth doting (*preya*), worth idolizing (*prejya*), everlasting (although transient, it appears permanent due to ignorance), reliable (one's own body appears to be more reliable than those of others), agreeable (*sammat*), admirable (*bahumat*), commendable (*anumat*) and dear like a casket of ornaments We are ever cautious that it may not catch cold, suffer heat stroke, suffer hunger or thirst, be bitten by snake, be outraged by thieves, be bitten by drones or mosquitos, be infected with fatal diseases like disturbed humours (*vaat* or air, *pitta* or bile and cough or phlegm) or stroke, suffer torments and afflictions (caused by animals, humans and gods) We renounce and forget our attachment for that body till our last breath."

Saying thus those *Parivrajaks*, who had emaciated their bodies and passions with austerities, abandoned food and water. With perfect serenity and without desiring for death, they made their bodies motionless like logs.

८८. तए णं ते परिव्वाया बहूइं भत्ताइं अणसणाए छेदेंति छेदित्ता आलोइयपडिक्कंता, समाहिपत्ता, कालमासे कालं किच्चा बंभलोए कप्पे देवत्ताए उववण्णा। तेहिं तेसिं गई, दससागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता, परलोगस्स आराहगा, सेसं तं चेव।

८८. इस प्रकार उन परिव्राजकों ने अनशन द्वारा चारों प्रकार के आहारो से सम्बन्ध तोडा तथा बहुत-सा भोजन-काल-(आहार का समय) अनशन द्वारा व्यतीत किया। वैसा

करते हुए अपने अतिचारो, दोषो की आलोचना की, उनसे प्रतिक्रान्त–दूर हुए, समाधि दशा प्राप्त की। मृत्यु–समय आने पर देह त्यागकर ब्रह्मलोक कल्प मे वे देव रूप मे उत्पन्न हुऍ। उस स्थान के अनुरूप वहाँ उनकी गति बतलाई गई है। उनका आयुष्य दश सागरोपम कहा गया है। वे परलोक के आराधक है। अवशेष वर्णन पहले की तरह समझना चाहिए।

88. This way those *Parivrajaks* abandoned four kinds of eatables and spent many a meal-time fasting. While doing so they critically reviewed their faults and transgressions Distancing themselves from faults they attained the state of total tranquility of mind. When time came they abandoned their earthly bodies and were born as gods in the *Brahmalok kalp*. Their state (*gati*) is according to their respective status. Their life-span there is ten *Sagaropam* (a metaphoric unit of time). They are true spiritual aspirants for next birth. Other details should be taken as already mentioned

अम्बड़ परिव्राजक के विषय मे गौतम की जिज्ञासा

८९. बहुजणे णं भंते ! अण्णमण्णस्स एवमाइक्खइ, एवं भासइ, एवं परूवेइ–एवं खलु अंबडे परिव्वायए कंपिल्लपुरे णयरे घरसए आहारमाहरेइ, घरसए वसहिं उवेइ, से कहमेयं भंते ! एवं ?

८९. (गौतम–) भगवन् ! बहुत से लोग परस्पर एक–दूसरे से इस प्रकार भाषण करते है–इस प्रकार प्ररूपित करते है–बतलाते हैं कि अम्बड परिव्राजक काम्पिल्यपुर नगर में एक ही समय सौ घरों मे आहार करता है, सौ घरो मे निवास करता है। भगवन् ! यह बात कैसे है ?

GAUTAM'S QUERY ABOUT AMBAD PARIVRAJAK

89. *Bhante* ! Many a people say, speak and assert that Ambad Parivrajak takes his food from a hundred households and lives in a hundred households at the same time in Kampilyapur city *Bhante* ! How is it so ?

भगवान का समाधान

९०. गोयमा ! जं णं से बहुजणे अण्णमण्णस्स एवमाइक्खइ जाव एवं परूवेइ–एवं खुल अम्मडे परिव्वायए कंपिल्लपुरे जाव घरसए वसहिं उवेइ, सच्चे णं एसमट्ठे अहंपि णं गोयमा ! एवमाइक्खामि जाव एवं परूवेमि, एवं खलु अम्मडे परिव्वायए जाव वसहिं उवेइ।

९०. (भगवान महावीर-) गौतम ! बहुत से लोग आपस में एक-दूसरे से जो ऐसा कहते हैं, प्ररूपित करते है कि अम्बड परिव्राजक काम्पिल्यपुर में एक साथ सौ घरों में आहार करता है, सौ घरों में निवास करता है, यह सच है। गौतम ! मैं भी ऐसा ही कहता हूँ, प्ररूपित करता हूँ कि अम्बड परिव्राजक यावत् (काम्पिल्यपुर नगर में एक साथ सौ घरो मे आहार करता है, सौ घरो में) निवास करता है।

BHAGAVAN'S REPLY

90. Gautam ! What many people say about Ambad Parivrajak living and eating in a hundred households at the same time is true. I too say and affirm that Ambad Parivrajak does so.

९१. से केणट्ठे णं भंते ! एवं वुच्चइ-परिव्वायए जाव वसहिं उवेइ ?

९१. (गौतम-) भते ! अम्बड परिव्राजक के सम्बन्ध मे सौ घरो मे आहार करने तथा सौ घरो मे निवास करने की जो बात कही जाती है, उसमे क्या रहस्य है ?

91. *Bhante* ! What is the secret of this rumour—Many a people say. . and so on up to . Kampilyapur city

९२. गोयमा ! अम्मडस्स णं परिव्वायगस पगइभद्दयाए जाव विणीययाए छट्ठंछट्ठेणं अनिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं उड्ढं बाहाओ पगिज्झिय पगिज्झिय सूराभिमुहस्स आयावणभूमिए आयावेमाणस्स सुभेणं परिणामेणं, पसत्थेहिं अज्झवसाणेहिं, पसत्थाहिं लेसाहिं विसुज्झमाणीहिं अन्नया कयाइ तदावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमेणं ईहा-वूहा-मग्गण-गवेसणं करेमाणस्स वीरियलद्धीए, वेउव्वियलद्धीए, ओहिणाणलद्धीए समुप्पण्णाए जणविम्हाणहेउं कंपिल्लपुरे णगरे घरसए जाव वसहिं उवेइ। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चई-अम्मडे परिव्वायए कंपिल्लपुरे णगरे घरसए जाव वसहिं उवेइ।

९२. गौतम ! यह अम्बड परिव्राजक प्रकृति से भद्र-सरल एव शान्त है। स्वभावतः उसके क्रोध, मान, माया एव लोभ अल्पतर हो चुके है। वह मृदुमार्दव गुण-सम्पन्न तथा गुरुजनों का आज्ञापालक एव विनयशील है। उसने निरन्तर बेले-बेले (दो-दो दिनों) का उपवास करते हुए, अपनी भुजाएँ ऊँची उठाये, सूरज के सामने मुँह किए आतापना-भूमि मे आतापना लेते हुए तप का अनुष्ठान किया है। अत. इस अम्बड परिव्राजक का शुभ परिणामों, पवित्र भावों, प्रशस्त अध्यवसाय-उत्तम मन संकल्पों, विशुद्ध होती हुई प्रशस्त लेश्याओं से आत्म-परिणामों की विशुद्धि होने से किसी समय वीर्य-लब्धि, वैक्रिय-लब्धि तथा अवधिज्ञान-लब्धि के आवरक कर्मों का क्षयोपशम हुआ। तब ईहा-सत्य अर्थ की

आलोचना में अभिमुख बुद्धि, अपोह–यह इसी प्रकार है, ऐसी निश्चयात्मक बुद्धि, **मार्गणा**–अन्वयधर्मी चिन्तन–अमुक होने पर अमुक होता है–ऐसा चिन्तन एव **गवेषणा**–व्यतिरेकधर्मी चिन्तन–अमुक नहीं होने पर अमुक नही होता इस प्रकार गम्भीर चिन्तन करते हुए उसको किसी दिन वीर्य–लब्धि (विशेष जीवनीशक्ति), वैक्रिय–लब्धि (अनेक रूप बनाने की क्षमता) तथा अवधिज्ञान–लब्धि (अतीन्द्रिय रूपी पदार्थों को साक्षात् आत्मा द्वारा जानने की शक्ति) प्राप्त हो गई। अतएव वह लोगो को आश्चर्यचकित करने के लिए इन लब्धियो द्वारा काम्पिल्यपुर में एक ही समय में सौ घरो में आहार करता है, सौ घरों मे निवास करता है। गौतम ! इस कारण अम्बड परिव्राजक के द्वारा काम्पिल्यपुर में सौ घरो में आहार करने तथा सौ घरो में निवास करने की बात कही जाती है (वह सत्य है)।

92. Gautam ! This Ambad Parivrajak is simple and calm by nature. The intensity of his anger, conceit, deceit and greed has become minimum. He is endowed with qualities of sweetness and amiability. He obeys his seniors and is modest. He has undergone continued rigorous austerities by enduring heat from scorched earth facing the sun with raised arms and all along observing a series of two day fasts. Therefore, there has been a gradual improvement in his pious attitude and feelings, lofty pursuits and resolutions, and progressively refining *leshyas* (the colour code indicator of complexion of soul) As a consequence of this spiritual purity, at some point of time, there has been extinction-cum-pacification (*kshayopasham*) of the *karmas* that obscured his powers of potency (*virya labdhi*), transmutation (*vaikriya labdhi*) and extrasensory perception of the physical dimension (*avadhi-jnana*). After that he undertook profound contemplation following the process of *iha* or inquiry, *apoh* or deduction, *margana* or confirmation and gaveshana or elimination. While doing so, one day he acquired the power of potency (*virya labdhi*) or enhanced life-energy, the power of transmutation (*vaikriya labdhi*) or acquiring desired form and the power of extrasensory perception of the physical dimension (*avadhi-jnana*). Now, making use of these special powers, he takes his food from a hundred households and lives in a hundred households at the same time in Kampilyapur city simply to astonish people. Gautam ! That is why this rumour about Ambad Parivrajak living and eating in a hundred households at the same time is true.

चमत्कारी अम्बड परिव्राजक
एक ही समय में विभिन्न घरों में भिक्षा
गौतम का प्रश्न
विविध तपोनुष्ठान

चित्र परिचय-९

Illustration No. 9

चमत्कारी अम्बड़ परिव्राजक

गणधर इन्द्रभूति भगवान महावीर से पूछते है -भन्ते ! बहुत से लोग ऐसा कहते है कि अम्बड परिव्राजक कापिल्यपुर नगर मे एक ही समय मे एक साथ सौ घरो मे भोजन करता हुआ देखा जाता है ! इसमे क्या रहस्य है ?

भगवान ने उत्तर मे कहा गौतम ! वस्तुस्थिति यह है कि अम्बड परिव्राजक प्रकृति से भद्र, सौम्य एव शान्त स्वभाव का है। वह विनयशील है, गुरुजनो का आज्ञा पालक है तथा उसके क्रोध मान माया-लोभ--चारो कषाय बहुत उपशान्त है। उसने बेले बेले (दो -दो दिनो का) का उपवास करते हुए अपनी भुजाएँ ऊँची उठाकर सूरज के सामने मुँह किये आतापना ली है। उस तप अनुष्ठान से शुभ परिणाम व उत्तम अध्यवसायो के कारण उसने वीर्यलब्धि (विशेष शक्ति/*प्रतीक श्वेत प्रकाश देखे)* वैक्रिय लब्धि (अनेक रूप बनाने की क्षमता/*नीला प्रकाश देखे)* तथा अवधिज्ञान लब्धि (अतीन्द्रिय पदार्थ को सीधे आत्मा द्वारा जानने की योग्यता/*पीला प्रकाश)* प्राप्त की है। इस कारण वह जनता को विस्मित चकित करने की भावना से इन लब्धियो के ऐसा करने मे समर्थ है।

सूत्र ८' ९२

MIRACULOUS AMBAD PARIVRAJAK

Ganadhar Indrabhuti asked Bhagavan—"*Bhante* ! Many a people say that Ambad Parivrajak is seen taking his food from a hundred households at the same time in Kampilyapur city *Bhante* ! How is it so ?

Bhagavan replied—Gautam ! This Ambad Parivrajak is simple and calm by nature He obeys his seniors and is modest The intensity of his anger, conceit, deceit, and greed has become minimum He has undergone continued rigorous austerities by enduring heat from scorched earth facing the sun with raised arms and all along observing a series of two day fasts As a consequence of this spiritual purity he has acquired power of potency (*virya labdhi* illustrated by white light), power of acquiring desired form (*vaikriya labdhi* illustrated by blue light), and power of extrasensory perception of the physical dimension (*avadhi-jnana* illustrated by yellow light) In order to astonish masses he uses these special powers and is capable of doing as rumoured

—Sutra 89 92

९३. पहू णं भंते ! अम्मडे परिव्वायए देवाणुप्पियाणं अंतिए मुंडे भवित्ता आगाराओ अणगारियं पव्वइत्तए ?

९३. भगवन् ! क्या यह अम्बड़ परिव्राजक आप देवानुप्रिय के पास मुण्डित दीक्षित होकर अगार–गृहस्थ अवस्था से अनगार अवस्था–पंच महाव्रतमय श्रमण–जीवन प्राप्त करने में समर्थ है ?

93. *Bhante* ! Is it possible for this Ambad Parivrajak to get tonsured, renounce his household and turn *anagar* (homeless ascetic) to observe the five great vows of *Shraman* life ?

अम्बड़ का आचार–विचार

९४. णो इणट्ठे समट्ठे, गोयमा !

अम्मडे परिव्वाये समणोवासए अभिगयजीवाजीवे जाव (उवलद्धपुण्णपावे, आसव–संवर–निज्जर–किरिया–अहिगरण–बंध–मोक्ख–कुसले, असेहज्जे, देवासुर–णाग–सुवण्ण–जक्ख–रक्खस–किण्णर–किंपुरिस–गरुल–गंधव्व–महोरगाइएहिं देवगणेहिं निग्गंथाओ पावयणाओ अणइक्कमणिज्जे, निग्गंथे पावयणे णिस्संकिए, णिक्कंखिए, निव्वितिगिच्छे, लद्धट्ठे, गहियट्ठे, पुच्छियट्ठे, अभिगयट्ठे, विणिच्छियट्ठे, अट्ठिमिंजपेमाणुरागरत्ते, अयमाउसो ! निग्गंथे पावयणे अट्ठे अयं परमट्ठे, सेसे अणट्ठे, चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठ–पुण्णमासीणीसु पडिपुण्णं पोसहं सम्मं अणुपालेत्ता समणे निग्गंथे फासुएसणिज्जेणं असणपाणखाइमसाइमेणं, वत्थपडिग्गहकंबलपायपुंछणेणं, ओसहभेसज्जेणं पाडिहारिएण य पीढफलगसेज्जासंथारएणं पडिलाभेमाणे) अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

णवरं ऊसिय–फलिहे, अवंगुयदुवारे, चियत्तंतेउर–घरदारपवेसी, एयं णं वुच्चइ।

९४. गौतम ! ऐसा सम्भव नहीं है अर्थात् वह अनगार धर्म मे दीक्षित नही होगा।

अम्बड परिव्राजक श्रमणोपासक है, जिसने जीव, अजीव यावत् पुण्य–पाप, सवर–निर्जरा आदि पदार्थों के स्वरूप को अच्छी तरह समझ लिया है। [वह दूसरे की सहायता का अनिच्छुक है। वह देव, असुर, नाग, सुपर्ण, यक्ष, राक्षस, किन्नर, किंपुरुष, गरुड, गन्धर्व, महोरग आदि देवताओं द्वारा निर्ग्रन्थ–प्रवचन से विचलित नहीं किया जा सकता है। निर्ग्रन्थ प्रवचन में वह शंकारहित, आकांक्षारहित, संशयरहित, धर्म के यथार्थ तत्त्व को प्राप्त किया

है, उसे ग्रहण किया है, प्रश्न पूछकर स्थिर किया है, आत्मगत किया है और उस पर निश्चय किया है, उसके अस्थि एव मज्जा-पर्यन्त धर्म के प्रति प्रेम व अनुराग भरा है, उसका यह अटल विश्वास है कि यह निर्ग्रन्थ प्रवचन ही अर्थ-उपकारक है, इसके सिवाय अन्य अनर्थ-अप्रासंगिक हैं। चतुर्दशी, अष्टमी, अमावस्या तथा पूर्णिमा के दिन परिपूर्ण पौषध का अच्छी तरह अनुपालन करता हुआ, श्रमण-निर्ग्रन्थो को प्रासुक-अचित्त एषणीय-निर्दोष अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य, आहार, वस्त्र, कम्बल, पाद-प्रोञ्छन, औषध, भेषज, प्रातिहारिक-पाट, बाजोट आदि द्वारा प्रतिलाभित करता हुआ] आत्मा को भावित करता है।

विशेष यह है कि उसके सम्बन्ध मे निम्न तीन विशेषण यहाँ लागू नही होते, यथा-(१) **उच्छ्रित फलिह**-जिसके घर पर किवाडों की आगल कभी नही लगती हो, (२) **अपावृतद्वार**-जिसके घर के दरवाजे कभी किसी के लिए बन्द नही होते हो, तथा (३) **त्यक्तान्तःपुर गृहद्वार प्रवेश**-घर के भीतरी भाग मे जिसका प्रवेश किसी को अप्रिय नही लगता हो।

CONDUCT OF AMBAD

94. Gautam ! No, it is not possible In other words, he will not get initiated as an *anagar*

Ambad Parivrajak is a *Shraman* worshipper (*Shramanopasak*) who has properly acquired the knowledge of the living (jiva), non-living (*ajiva*), merit-demerit (*punya-paap*), blocking of inflow and shedding of *karmas* (*smavar-nirjara*) and other fundamentals. He does not seek help from others.. and so on ..[He cannot be forced to waver from the *Nirgranth* sermon by gods, lower gods including *Asur, Naag, Suparn, Yaksh, Rakshas, Kinnar, Kimpurush, Garud, Gandharva* and *Mahorag*. Being free of any doubt, perplexity and ambiguity in the *Nirgranth* sermon he has received, acquired, confirmed by raising questions, absorbed and finalized the real fundamentals of religion The affinity and attachment for religion has penetrated deep into his bone and marrow. It is his unwavering faith that only this *Nirgranth* sermon is meaningful or beatific and everything else is meaningless or worthless. Properly observing the complete *paushadh* (partial ascetic vow) on eighth, fourteenth and fifteenth days of every fortnight and offering uncontaminated and acceptable food (four kinds—*ashan, paan, khadya* and *svadya*), garb, blanket, napkin, medicine, bed etc. to *Shraman-nirgranths*] up to .. he enkindles (*bhaavit*) his soul.

Worth a special mention is that the following three adjectives are not applicable to him—(1) **Uchchhrit phaliha**—in whose house door bolts are never used. (2) **Apavritadvar**—in whose house doors are never closed to anyone. (3) **Tyaktantahpura grihadvar pravesh**—whose entry to the inner (ladies) quarters of any house never offends anyone.

विवेचन—इस सूत्र मे गत वर्णन से पता चलता है कि अम्बड आनन्द, कामदेव आदि जैसा ही अत्यन्त दृढ श्रद्धालु तत्त्व का जानकार और निर्ग्रन्थ प्रवचन मे पूर्ण अविचल आस्था रखने वाला श्रमणोपासक था। वह अमावस्या, पूर्णिमा आदि पर्व तिथियो पर परिपूर्ण पौषध करता था और श्रमण निर्ग्रन्थो को एषणीय आहार आदि का यथोचित दान भी करता था। किन्तु वह स्वय भिक्षु था, उसका अपना कोई घर नही था, अत अन्त के तीन विशेषण जो श्रावको के विषय मे कहे जाते है, वे उस पर लागू नहीं होते। इन तीन विशेषणो के अर्थ सम्बन्धी दो परम्पराओ का वर्णन टीकाकार अभयदेवसूरि ने किया है– एक प्राचीन वृद्ध परम्परा, जिसके अनुसार ये तीनो वाक्य अम्बड की विशेषता के सूचक है–(१) **उच्छ्रित फलिह**–स्फटिक राशि के समान निर्मल हृदय, (२) **अपावृतद्वार**–अम्बड के लिए कभी किसी घर का दरवाजा बन्द नही रहता था, (३) **त्यक्तान्तःपुर गृहद्वार प्रवेश**–वह इतना विश्वस्त और पवित्र आचार वाला था कि उसका प्रवेश किसी भी घर के भीतर वर्जनीय या शकास्पद नही था। आचार्य श्री घासीलाल जी म ने अपनी टीका मे वृद्ध परम्परा के इसी अर्थ को मान्य किया है, जबकि आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर द्वारा प्रकाशित सूत्र मे टीकाकार द्वारा प्रस्तुत द्वितीय अर्थ स्वीकार किया गया है, जो अनुवाद मे हमने दिया है।

Elaboration—The description in this aphorism informs that like Anand and Kamadev, Ambad Parivrajak was also a highly and deeply devoted *Shramanopasak* having profound knowledge of fundamentals and unwavering faith in the *Nirgranth* sermon. He observed the complete *paushadh* (partial ascetic vow) on fifteenth and other auspicious days of every fortnight and offered suitable food and other gifts to ascetics. However, as he himself was a homeless mendicant the three adjectives generally used for householders are not applicable in his case Abhayadev Suri, the commentator (*Tika*) mentions about two traditions regarding the meaning of these adjectives—The ancient *Vriddha* tradition interprets these three terms as special qualities of Ambad Parivrajak—(1) **Uchchhrit phaliha**—having a heart clean and clear as a heap of crystals. (2) **Apavritadvar**—for Ambad Parivrajak no door was ever closed. (3) **Tyaktantahpura grihadvar pravesh**—he was so reliable that his entry into any house never caused any apprehension or offended anyone. Acharya Ghasilal ji M has followed this Vriddha tradition interpretation in his commentary (*Tika*), whereas the edition published

by Agam Prakashan Samıti, Beawar has followed the other vıew. In thıs edıtıon we have also used the second interpretation

९५. अम्मडस्स णं परिव्वायगस्स थूलए पाणाइवाए पच्चक्खाए जावज्जीवाए जाव परिग्गहे णवरं सव्वे मेहुणे पच्चक्खाए जावज्जीवाए।

९५. अम्बड परिव्राजक ने जीवनभर के लिए स्थूल प्राणातिपात–स्थूल हिंसा यावत् स्थूल मृषावाद आदि परिग्रह तथा समस्त प्रकार के अब्रह्मचर्य का प्रत्याख्यान किया है (सम्पूर्ण ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया)।

95. Ambad Parıvrajak has renounced general (*sthool*) violence. and so on up to.. possessıon. Besides this he has renounced for life all sexual actıvıty (the vow of absolute abstinence)

९६. अम्मडस्स णं परिव्वायगस्स णो कप्पइ अक्खसोयप्पमाणमेत्तंपि जलं सयराहं उत्तरित्तए, णण्णत्थ अद्धाणगमणेणं।

अम्मडस्स णं णो कप्पइ सगडं वा एवं तं चेव भाणियव्वं णण्णत्थ एगाए गंगामट्टियाए।

अम्मडस्स णं परिव्वायगस्स णो कप्पइ आहाकम्मिए वा, उद्देसिए वा, मीसजाए इ वा, अज्झोयरए इ वा, पूइकम्मे इ वा, कीयगडे इ वा, पामिच्चे इ वा, अणिसिट्ठे इ वा, अभिहडे इ वा, ठइत्तए वा, रइत्तए वा, कंतारभत्ते इ वा, दुब्भिक्खभत्ते इ वा, गिलाणभत्ते इ वा, वद्दलियाभत्ते इ वा, पाहुणगभत्ते इ वा, भोत्तए वा, पाइत्तए वा।

अम्मडस्स णं परिव्वायगस्स णो कप्पइ मूलभोयणे वा जाव (कंदभोयणे, फलभोयणे, हरियभोयणे, पत्तभोयणे) बीयभोयणे वा भोत्तए वा पाइत्तए वा।

९६. इस अम्बड परिव्राजक को मार्गगमन करते समय अकस्मात् गाडी की धुरी–प्रमाण जल आ जावे तो भी उतरना नहीं कल्पता। परन्तु विहार करते हुए अन्य रास्ता नही हो तो बात अलग है।

अम्बड परिव्राजक को गाडी (पालकी) आदि पर सवार होना नहीं कल्पता, (पूर्व वर्णनवत्) केवल गंगा की मिट्टी का लेप करना कल्पता है।

अम्बड परिव्राजक को आधाकर्मिक तथा औद्देशिक–(हिंसा करके साधु के उद्देश्य से बना भोजन), मिश्र जात–(साधु तथा गृहस्थ दोनों के उद्देश्य से तैयार किया गया भोजन), अध्यवपूर–(साधु के लिए अधिक मात्रा मे बनाया हुआ आहार), पूर्तिकर्म–(आधाकर्मी आहार के अश से मिला हुआ आहार), क्रीतकृत–(खरीदकर लिया गया), प्रामित्य (उधार

लिया हुआ), अनिसृष्ट-(गृह-स्वामी या घर के मुखिया को बिना पूछे दिया जाता आहार), अभ्याहृत-(साधु के सम्मुख लाकर दिया जाता आहार), स्थापित-(अपने लिए पृथक् रखा हुआ भोजन), रचित-(बने भोजन को साधु के लिए पुनः संस्कारित किया भोजन), कान्तारभक्त-(अटवी पार करते समय घर से अपने पाथेय के रूप में लिया हुआ भोजन), दुर्भिक्षभक्त-(दुर्भिक्ष के समय भिक्षुओ तथा अकालपीड़ितों के लिए बनाया हुआ भोजन), ग्लानभक्त-(बीमारों के लिए बनाया हुआ भोजन), वार्दलिकभक्त-(बादल आदि से घिरे वर्षा के दिनों मे देने के लिए अथवा दुर्दिन में दरिद्र जनो के लिए तैयार किया गया भोजन), प्राघूर्णकभक्त-(अतिथियों-पाहुनो के लिए निष्पन्न भोजन) तथा इसी प्रकार के पेय भी अम्बड परिव्राजक को खाना-पीना नही कल्पता है।

इसी प्रकार अम्बड परिव्राजक को मूल (कन्द, फल, हरे, तृण) बीजमय भोजन खाना-पीना नही कल्पता है।

96. While walking Ambad Parivrajak considers it inappropriate to enter water even if it is no deeper than the axle of a cart. However, it is a different matter if there is no other way.

Ambad Parivrajak considers it forbidden to ride a cart... and so on up to . to apply any paste on his body except for the sand of river Ganges.

Ambad Parivrajak also considers it forbidden to accept any food or drink having the following faults—

Aadhakarmik and *auddeshik* (*uddesiyam*)—food prepared specifically for *shramans* against the code of *ahimsa Mishrajat* (*meesjayam*)—food cooked jointly for family and ascetics. *Adhyavapur* (*ajjhoyar*)—food the quantity of which has been increased during cooking in anticipation of an ascetic's arrival. *Purtikarma* (*pooikammam*)—food mixed with even a small quantity of *aadhakarmik* food *Kreetakrit* (*ke-agadam*)—food purchased for *shramans. Pramitya* (*pamiccham*)—food that is taken on loan for the specific purpose of giving to an ascetic *Anisrisht* (*anisitthe*)—food given without permission of the owner *Abhyahrit* (*abhihade*)—food that is brought to the place of stay of an ascetic and given to him. *Sthapit* (*thaitae*)—food kept apart for the donor himself. *Rachit* (*raittae*)—food re-cooked specifically for an ascetic. *Kantarbhakt* (*kantarbhattae*)—emergency food packed and taken

along while crossing a difficult terrain. *Durbhıkshbhakt (dubbhıkkhabhatte)*—food prepared for distributing to beggars and destitute during a drought. *Glanbhakt (gılaanbhatte)*—food meant for the sick. *Vardalıkbhakt (vaddaliyabhatte)*—food prepared and kept for distributing during periods of heavy rain, floods and other such calamıties. *Praghoornakbhakt (pahunagabhatte)*—food meant for guests.

In the same way, Ambad Parivrajak considers ıt forbidden to eat or drink anything having roots (bulbous roots, fruits, green leaves) and seeds

९७. अम्मडस्स णं परिव्वायगस्स चउव्विहे अणट्ठदंडे पच्चक्खाए जावज्जीवाए। तं जहा–अवज्झाणायरिए, पमायायरिए, हिंसप्पयाणे, पावकम्मोवएसे।

९७. अम्बड परिव्राजक ने चार प्रकार के अनर्थदण्डो का जीवन-पर्यन्त के लिए परित्याग किया है। वे चार अनर्थदण्ड इस प्रकार है–(१) अपध्यानाचरित, (२) प्रमादाचरित, (३) हिंस्रप्रदान, एव (४) पापकर्मोपदेश।

97. Ambad Parıvrajak has renounced four kınds of actıvities leading to unnecessary harm to others (*anarth-dand*) They are—(1) *apadhyanacharıt*, (2) *pramadacharıt*, (3) *hımsrapradan*, and (4) *paapkarmopadesh*

विवेचन–बिना किसी विशेष उद्देश्य या प्रयोजन के जो हिंसा की जाती है, उसे अनर्थदण्ड माना जाता है। प्रस्तुत सूत्र मे सूचित चार प्रकार के अनर्थदण्ड की सक्षिप्त व्याख्या इस प्रकार है–

(१) **अपध्यानाचरित**–अर्थात् दुश्चिन्तन। दुश्चिन्तन दो प्रकार का है–आर्त्तध्यान तथा रौद्रध्यान। इन दोनो तरह से होने वाला दुश्चिन्तन अपध्यानाचरित रूप अनर्थदण्ड है।

(२) **प्रमादाचरित**–अपने धर्म व कर्त्तव्य के प्रति उपेक्षा, असावधानी प्रमाद है, अथवा मद्य, विषय, कषाय, निद्रा और विकथा रूप आचरण प्रमाद है। इनसे सम्बद्ध मन, वचन तथा शरीर के विकार प्रमादाचरित मे आते है।

(३) **हिंस्रप्रदान**–हिंसा के कार्यों मे साक्षात् सहयोग करना, जैसे–चोर, डाकू तथा शिकारी आदि को हथियार देना, आश्रय देना तथा दूसरी तरह से सहायता करना।

(४) **पापकर्मोपदेश**–दूसरो को पाप-कार्य मे प्रवृत्त होने मे प्रेरणा, उत्तेजना, उपदेश या परामर्श देना।

Elaboration—Any act of vıolence committed unnecessarily or wıthout any specıfic purpose ıs called *anarth-dand*. Brıef descrıptıon of ıts four kınds stated ın this aphorısm are—

(1) **Apadhyanacharit**—This means bad or wrong thinking. This again is of two kinds—*arttadhyan* (tormented thoughts or grief) and *raudradhyan* (agitated thoughts or anger). These two kinds of bad thoughts are called *apadhyanacharit anarth-dand*

(2) **Pramadacharit**—Negligence and inattentiveness towards one's religion and duty is *pramad* (stupor). Indulgence in alcoholism, carnal pleasures, passions, sleep and gossiping is also *pramad* (stupor) Mental, vocal and physical perversions related to these are included in *pramadacharit anarth-dand*

(3) **Himsrapradan**—Direct involvement in acts of violence, such as providing weapons, shelter and other help to thieves, bandits, hunters, and other such people is called *himsrapradan anarth-dand*

(4) **Paapkarmopadesh**—To inspire, provoke, preach or advise others to indulge in sinful activities is called *paapkarmopadesh anarth-dand*

९८. अम्मडस्स कप्पइ मागहए अद्धाढए जलस्स पडिग्गाहित्तए से वि य वहमाणए, णो चेव णं अवहमाणए जाव से वि य परिपूए, णो चेव णं अपरिपूए, से वि य सावज्जे त्ति काउं णो चेव णं अणवज्जे, से वि य जीवा ति काउं, णो चेव णं अजीवा, से वि य दिण्णे, णो चेव णं अदिण्णे, से वि य हत्थपाय–चरु–चमस–पक्खालणट्ठयाए पिबित्तए वा, णो चेव णं सिणाइत्तए।

अम्मडस्स कप्पइ मागहए य आढए जलस्स पडिग्गाहित्तए, से वि य वहमाणए जाव णो चेव णं अदिण्णे, से वि य सिणाइत्तए णो चेव णं हत्थ–पाय–चरु–चमस–पक्खालणट्ठयाए पिबित्तए वा।

९८. उस अम्बड को मागधमान–मगध देश के तोल के अनुसार आधा आढक (दो प्रस्थ प्रमाण) जल लेना कल्पता है। वह भी प्रवहमान (बहता हुआ) हो, अप्रवहमान नही हो। (सूत्र ८० के अनुसार) वह भी परिपूत–वस्त्र से छाना हुआ हो तो कल्प्य है, अनछाना नही। वह भी सावद्य मानकर लेता है, निरवद्य मानकर नहीं। सावद्य भी वह सजीव समझकर ही लेता है, अजीव समझकर नहीं। वैसा जल भी दिया हुआ ही कल्पता है, बिना दिया हुआ नही। वह भी हाथ, पैर, चरु, चमस, चम्मच आदि धोने के लिए या पीने के लिए ही कल्पता है, नहाने के लिए नहीं।

(विशेष) इस अम्बड को मागधमान के अनुसार एक आढक प्रमाण पानी लेना कल्पता है। वह भी बहता हुआ, यावत् दिया हुआ ही कल्पता है, वह भी स्नान के लिए लेना कल्पता है, हाथ, पैर, चरु, चमस धोने के लिए या पीने के लिए नहीं।

98. Ambad Parivrajak is allowed to take half Magadh *Adhak* (two Magadh *Prasth*) water. This too should be from a flowing source like a river and not from a collected source like a pond. (same as aphorism 80) This too should be filtered with a cloth and not unfiltered. This too he accepts considering it to be *savadya* (involving sin) and not *niravadya* (not involving sin). This too he accepts considering it to have living organism and not without them This too is acceptable if it is offered by a donor and not otherwise. This too is acceptable only for drinking or washing hands, feet, bowl, or spoon and not for bathing.

Ambad Parivrajak is allowed to take one Magadh *Adhak* water. This too should be from a flowing source... and so on up to.. This too is acceptable if it is offered by a donor. This too is acceptable only for bathing and not for washing hands, feet, bowl, or spoon or drinking.

९९. अम्मडस्स णो कप्पइ अण्णउत्थिया वा, अण्णउत्थियदेवयाणि वा, अण्णउत्थियपरिग्गहियाणि वा चेइयाइं वंदित्तए वा, णमंसित्तए वा, जाव पज्जुवासित्तए वा, णण्णत्थ अरिहंते वा अरिहंतचेइयाइं वा।

९९. अम्बड को अर्हत् या अर्हत्–चैत्यो (अर्हत् के अनुयायी श्रमणो) के अतिरिक्त अन्ययूथिक–(निर्ग्रन्थ–धर्मसघ के अतिरिक्त अन्य सघो से सम्बद्ध पुरुष), उनके देव तथा उन द्वारा परिगृहीत–स्वीकृत चैत्यो को वन्दन करना, नमस्कार करना, उनकी पर्युपासना करना नहीं कल्पता है।

99. Besides *Arihant* (Jain *Tirthankar*) and *Arihant chaityas* (ascetic followers of *Arihant*) Ambad Parivrajak considers it forbidden to pay homage and obeisance to or worship any other religious organizations, their monks, their deities or their *chaityas* (temples)

अम्बड़ के आगामी भवों की पृच्छा

१००. अम्मडे णं भंते ! परिव्वायए कालमासे कालं किच्चा कहिं गच्छिहिति ? कहिं उववज्जिहिति ?

गोयमा ! अम्मडे णं परिव्वायए उच्चावएहिं सीलव्वयगुणवेरमणपच्चक्खाण–पोसहोववासेहिं अप्पाणं भावेमाणे बहूइं वासाइं समणोवासयपरियायं पाउणिहिति,

पाउणिहित्ता मासियाए संलेहणाए अप्पाणं झूसित्ता, सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदित्ता, आलोइयपडिक्कंते, समाहिपत्ते कालमासे कालं किच्चा बंभलोए कप्पे देवत्ताए उववज्जिहिति।

तत्थ णं अत्थेगइयाणं देवाणं दस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। तत्थ णं अम्मडस्स वि देवस्स दस सागरोवमाइं ठिई।

१००. भगवन् ! अम्बड़ परिव्राजक मृत्युकाल आने पर देह त्यागकर कहाँ जायेगा? कहाँ उत्पन्न होगा?

गौतम ! यह अम्बड परिव्राजक–विशेष तथा सामान्य प्रकार से शीलव्रत, गुणव्रत, विरमण, प्रत्याख्यान एवं पौषधोपवास द्वारा आत्मा को भावित करता हुआ बहुत वर्षों तक श्रमणोपासक–पर्याय का पालन करेगा। पालन करता हुआ अन्त मे एक मास की सलेखना धारण कर और साठ भक्त–एक मास का अनशन सम्पन्न कर, गृहीत व्रतो की आलोचना, प्रतिक्रमण कर, मृत्युकाल आने पर समाधिपूर्वक देह त्याग करेगा। देह त्यागकर वह ब्रह्मलोक (पचम देवलोक) मे देव रूप मे उत्पन्न होगा। वहाँ अनेक देवो की आयु–स्थिति दश सागरोपम प्रमाण बतालाई गई। अम्बड देव का भी आयुष्य दस सागरोपम प्रमाण होगा।

FUTURE REINCARNATIONS OF AMBAD

100. *Bhante* ! At the time of his death, abandoning this body, where will Ambad Parivrajak go ? Where will he reincarnate ?

Gautam ! Ambad Parivrajak will live for many years as *shramanopasak* (ascetic worshipping householder) enkindling (*bhaavit*) his soul by observing the vows of self denial and restraints, renunciation, partial asceticism and fasting Finally he will take the ultimate vow (*samlekhana*) for a month and observe month-long fasting doing critical review of the observed vows. Doing so, at the time of death, he will abandon this earthly body in the state of meditation. Abandoning this body he will reincarnate as a god in the *Brahma-lok* (the fifth *dev-lok*). There the life-span of many gods is said to be ten *Sagaropam* (a metaphoric unit of time). The life-span of Ambad Dev will also be ten *Sagaropam* (a metaphoric unit of time).

१०१. से णं भंते ! अम्मडे देवे ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं, भवक्खएणं, ठिइक्खएणं, अणंतरं चयं चइत्ता कहिं गच्छिहिति, कहिं उववज्जिहिति ?

१०१. भगवन् ! अम्बड देव अपना आयु–क्षय (देव सम्बन्धी आयुष्य), भव–क्षय (देव भव के हेतु कर्मों की निर्जरा) तथा स्थिति–क्षय होने पर उस देवलोक से च्यवन कर कहाँ जायेगा ? कहाँ उत्पन्न होगा ?

101. *Bhante* ! After concluding his life-span (*ayu-kshaya*), the karmas causing specific birth (*bhava-kshaya*) and the realm-specific state (*sthiti-kshaya*) where will he go from the realm of gods (*dev-lok*) ? Where will he reincarnate ?

१०२. गोयमा ! महाविदेहे वासे जाइं कुलाइं भवंति–अड्ढाइं, दित्ताइं, वित्ताइं, वित्थिण्ण–विउल भवण–सयणासण–जाण–वाहणाइं, बहुधण–जायरूव–रययाइं, आओग–पओगसंपउत्ताइं विच्छड्डिय–पउरभत्तपाणाइं, बहुदासी–दास–गोमहिसगवेलगप्पभूयाइं, बहुजणस्स अपरिभूयाइं, तहप्पगारेसु कुलेसु पुमत्ताए पच्चायाहिति।

१०२. गौतम ! महाविदेह क्षेत्र मे ऐसे कुल है, जो धनाढ्य है, दीप्त, प्रभावशाली एव सम्पन्न हैं, भवन, शयन, आसन, यान, वाहन, विपुल साधन–सामग्री तथा सोना, चाँदी, सिक्के आदि प्रचुर धन से सम्पन्न होते है। वे नीतिपूर्वक धन के उपार्जन व सम्यक् नियोजन मे कुशल होते हैं। उनके यहाँ (इतना प्रभूत भोजन बनता है कि) भोजन कर चुकने के बाद भी खाने–पीने के बहुत पदार्थ बचते है। उनके घरो मे बहुत से नौकर, नौकरानियाँ, गाये, भैंसे, बैल, पाडे, भेड–बकरियाँ आदि होते है। वे अन्य लोगो द्वारा अपरिभूत अर्थात् इतने प्रभावशाली होते है कि कोई उनका तिरस्कार या अपमान करने का साहस नही कर पाता। अम्बड (देव) ऐसे कुलो मे से किसी एक मे पुरुष रूप मे उत्पन्न होगा।

102. Gautam ! In the Mahavideh area there are clans that are affluent, brilliant, influential and wealthy. They are rich in terms of buildings, furniture, vehicles, cattle and abundance of other resources as well as wealth including gold, silver and coins. They are accomplished in earning and investing wealth honestly. In their kitchens (so much food is cooked that) even after they eat, a large quantity of food is left. They have a large number of servants, maids, cows, buffalos, goats, sheep etc They are so influential that no one dares insult or offend them. Ambad will be re-born as a male child in one of these clans.

१०३. तए णं तस्स दारगस्स गब्भत्थस्स चेव समाणस्स अम्मापिईणं धम्मे दढा पइण्णा भविस्सइ।

१०३. अम्बड शिशु के रूप मे जब गर्भ मे आयेगा, तब (उसके पुण्य-प्रभाव से) माता-पिता की धर्म मे आस्था, श्रद्धा दृढ-दृढतर होगी।

103. When Ambad is conceived, the faith and belief of his parents in religion will grow stronger and stronger (due to his meritorious influence).

१०४. से णं तत्थ णवण्हं मासाणं बहुपडिपुण्णाणं अद्धट्ठमाणराइंदियाणं वीइक्कंताणं सुकुमालपाणिपाए, जाव ससिसोमाकारे, कंते, पियदंसणे, सुरूवे दारए पयाहिति।

१०४. नौ महीने साढे सात दिन पूर्ण होने पर बालक का जन्म होगा। उसके हाथ-पैर सुकोमल होंगे यावत् वह सर्वांग सुन्दर होगा। उसका आकार चन्द्रमा के समान सौम्य होगा। वह कान्तिमान्, देखने मे प्रिय एव सुरूप होगा।

104. At the end of nine months and seven and a half days the male child will be born His limbs will be delicate. and so on up to... he will be perfectly beautiful. His appearance will be as soothing as the moon He will be radiant, lovable and handsome.

१०५. तए णं तस्स दारगस्स अम्मापियरो पढमे दिवसे ठिइवडियं कार्हिति, बिइयदिवसे चंदसूरदंसणियं कार्हिति, छट्ठे दिवसे जागरियं कार्हिति, एक्कारसमे दिवसे वीइक्कंते णिव्वत्ते असुइजायकम्मकरणे संपत्ते बारसाहे दिवसे अम्मापियरो इमं एयारूवं गोण्णं, गुणणिप्फण्णं णामधेज्जं कार्हिति-जम्हा णं अम्हं इमंसि दारगंसि गब्भत्थंसि चेव समाणंसि धम्मे दढपइण्णा तं होउ णं अम्हं दारए 'दढपइण्णे' णामेणं। तए णं तस्स दारगस्स अम्मापियरो णामधेज्जं करेहिंति दढपइण्णत्ति।

१०५. तत्पश्चात् माता-पिता पहले दिन उस बालक का कुलक्रमागत रीति अनुसार जन्म सम्बन्धी अनुष्ठान करेंगे। दूसरे दिन चन्द्र-सूर्य-दर्शनिका करेगे। छठे दिन जागरिका-रात्रि जागरण करेंगे। ग्यारहवें दिन वे अशुचि-शोधन विधान (स्नान आदि) से निवृत्त होंगे। फिर बारहवे दिन माता-पिता उसका गुणनिष्पन्न नामकरण करेगे, जैसे-इस बालक के गर्भ में आते ही हमारी धार्मिक आस्था दृढ़ हुई थी, अतः इसे 'दृढप्रतिज्ञ' नाम से पुकारा जाय, 'दृढ़प्रतिज्ञ'-यह गुणानुरूप, गुणनिष्पन्न नाम रखेंगे।

105. On the first day, following the family tradition, the parents will perform ritual ceremonies related to birth of a son. On the second day they will perform the ritual adorational beholding of the sun and the moon. The sixth night will be spent singing devotional songs On the eleventh day they will perform cleansing ceremony (taking bath and all). On the twelfth day the parents will perform the naming ceremony and give the child a name suiting his virtues—Since this child was conceived our religious faith and belief strengthened, therefore, this boy should be called Dridhapratijna (firm in resolve). We will name him Dridhapratijna based on his qualities.

१०६. तं दढपइण्णं दारगं अम्मापियरो साइरेगट्ठवासजायगं जाणित्ता सोभणंसि तिहि–करण–दिवस–णक्खत्त–मुहुत्तंसि कलायरियस्स उवणेहिंति।

१०६. "दृढ़ प्रतिज्ञ बालक आठ वर्ष से कुछ अधिक का हो गया है," यह जानकर माता–पिता उसे शुभ तिथि, शुभ करण, शुभ दिवस, शुभ नक्षत्र एव शुभ मुहूर्त मे शिक्षण हेतु कलाचार्य के पास ले जायेगे।

106. "Child Dridhapratijna has become slightly more than eight years." Realizing this the parents will take him to an accomplished teacher (a scholar of numerous subjects) on an auspicious date, day and moment under auspicious astrological signs and constellation

१०७. तए णं से कलायरिए तं दढपइण्णं दारगं लेहाइयाओ, गणियप्पहाणाओ, सउणरुय–पज्जवसाणाओ बावत्तरिकलाओ सुत्तओ य अत्थओ य करणओ य सेहाविहिति, सिक्खाविहिति, तं जहा–

लेहं, गणियं, रूवं, णट्टं, गीयं, वाइयं, सरगयं, पुक्खरगयं, समतालं, जूयं, जणवायं, पासगं, अट्ठावयं, पोरेकच्चं, दगमट्टियं, अण्णविहिं, पाणविहिं, वत्थविहिं, विलेवणविहिं, सयणविहिं, अज्जं, पहेलियं, मागहियं, गाहं, गीइयं, सिलोयं, हिरण्णजुत्तिं, सुवण्णजुत्तिं, गंधजुत्तिं, चुण्णजुत्तिं, आभरणविहिं, तरुणीपडिकम्मं, इत्थिलक्खणं, पुरिसलक्खणं, हयलक्खणं, गयलक्खाणं, गोणलक्खणं, कुक्कुडलक्खणं, चक्कलक्खणं, छत्तलक्खणं, चम्मलक्खणं, दंडलक्खणं, असिलक्खणं, मणिलक्खणं, कागणिलक्खणं, वत्थुविज्जं,

खंधारमाणं, नगरमाणं, वत्थुनिवेसणं, वूहं–पडिवूहं, चारं–पडिचारं, चक्कवूहं, गरुलवूहं, सगडवूहं, जुद्धं, निजुद्धं, जुद्धाइजुद्धं, मुट्ठिजुद्धं, बाहूजुद्धं, लयाजुद्धं, इसत्थं–छरुप्पवाहं, धणुव्वेयं, हिरण्णपागं, सुवण्णपागं, वट्टखेड्डं, सुत्ताखेड्डं, णालियाखेड्डं, पत्तच्छेज्जं, कडगच्छेज्जं, सज्जीवं, निज्जीवं, सउणरुयमिति।

बावत्तरिकलाओ सेहावित्ता, सिक्खावेत्ता अम्मापिईणं उवणेहिति।

१०७. तब कलाचार्य बालक दृढप्रतिज्ञ को लेख (अक्षर ज्ञान) एव गणित (अक ज्ञान) से प्रारम्भ कर पक्षिशब्द ज्ञान पर्यन्त बहत्तर कलाएँ सूत्र रूप मे–सैद्धान्तिक दृष्टि से, अर्थ रूप मे–व्याख्यात्मक दृष्टि से, करण रूप मे–प्रयोगात्मक दृष्टि से सधायेगे, अभ्यास करायेंगे। वे बहत्तर कलाएँ इस प्रकार हैं–

(१) लेख–लेखन–अक्षरविन्यास–कला, (२) गणित, (३) रूप–भित्ति, पाषाण, वस्त्र, रजत, स्वर्ण आदि पर विविध प्रकार का चित्राकन, (४) नाट्य–अभिनय, नाच, (५) गीत–गायन–सगीत–विद्या, (६) वाद्य–वीणा, दुन्दुभि, ढोल आदि स्वर एव ताल सम्बन्धी वाद्य (साज) बजाने की कला, (७) स्वरगत–निषाद तथा पचम–आदि सात स्वरो का परिज्ञान, (८) पुष्करगत–मृदग वादन की विशेष कला, (९) समताल–ताल का ज्ञान, (१०) द्यूत–जूआ खेलने की कला, (११) जनवाद–लोगो के साथ वार्त्तालाप अथवा वाद–विवाद करने की कला, (१२) पाशक–पासा फेंकने की विशिष्ट कला, (१३) अष्टापद–चौपड, शतरंज जैसे बिसात के खेलों की कला, (१४) पुर काव्य–आशुकविता अथवा पौरस्कृत्य–नगर की रक्षा, व्यवस्था आदि का परिज्ञान, (१५) उदक–मृत्तिका–जल तथा मिट्टी के मेल से बर्तन आदि निर्माण की कला, (१६) अन्नविधि–अन्न उत्पन्न करने अथवा भोजन पकाने की कला, (१७) पानविधि–जल प्रबन्धन तथा पेय पदार्थ बनाने तथा, प्रयोग आदि का परिज्ञान, (१८) वस्त्रविधि–वस्त्र सम्बन्धी ज्ञान, (१९) विलेपनविधि–शरीर पर चन्दन, कुकुम आदि सुगन्धित द्रव्यो के लेप का, मण्डन का ज्ञान, (२०) शयनविधि–शय्या आदि बनाने, सजाने की कला, (२१) आर्या–आर्या आदि मात्रिक छन्द रचने की कला, (२२) प्रहेलिका–पहेलियाँ आदि रचने की कला, (२३) मागधिका–मगध देश की भाषा–मागधी–प्राकृत मे काव्य–रचना, (२४) गाथा–प्राकृत भाषा मे गाथा रचने की कला, (२५) गीतिका–गेय काव्य की रचना, (२६) श्लोक–अनुष्टप् आदि छन्दों मे रचना, (२७) हिरण्ययुक्ति–चाँदी बनाने की कला, (२८) सुवर्णयुक्ति–सोना बनाने की कला, (२९) गन्धयुक्ति–सुगन्धित पदार्थ तैयार करने की विधि का ज्ञान, (३०) चूर्णयुक्ति–विभिन्न औषधियों द्वारा तान्त्रिक विधि से निर्मित चूर्ण डालकर दूसरे को वश में करना, स्वय अन्तर्धान हो जाना आदि (विद्याओ) का ज्ञान,

(३१) आभरणविधि–आभूषण बनाने तथा धारण करने की कला, (३२) तरुणीप्रतिकर्म–युवतियो को सजाने, शृगार करने की कला, (३३) स्त्रीलक्षण–पद्मिनी, हस्तिनी, शखिनी व चित्रिणी स्त्रियो के लक्षणो का ज्ञान, (३४) पुरुषलक्षण–उत्तम, मध्यम, अधम आदि पुरुषो के लक्षणो का ज्ञान, अथवा शश आदि पुरुष–भेदो का ज्ञान, (३५) हयलक्षण–अश्व की जातियो, लक्षणो आदि का ज्ञान, (३६) गजलक्षण–हाथियो के शुभ, अशुभ आदि लक्षणो की जानकारी, (३७) गोलक्षण–गाय, बैल के लक्षणों का ज्ञान, (३८) कुक्कुटलक्षण–मुर्गे के लक्षणो का ज्ञान, (३९) चक्रलक्षण, (४०) छत्रलक्षण, (४१) चर्मलक्षण–ढाल आदि चमडे से बनी विशिष्ट वस्तुओ के लक्षणो का ज्ञान, (४२) दण्डलक्षण, (४३) असिलक्षण–तलवार की श्रेष्ठता, अश्रेष्ठता का ज्ञान, (४४) मणिलक्षण–रत्नपरीक्षा, (४५) काकणीलक्षण काकिणी नामक रत्न की पहचान, (४६) वास्तु–विद्या–भवन–निर्माण की कला, (४७) स्कन्धावारमान–छावनी लगाना, मोर्चा लगाना आदि की कला, (४८) नगर–निर्माण आदि की कला अथवा नगर–रचना की जानकारी, (४९) वास्तुनिवेशन–भवनो के उपयोग आदि के सम्बन्ध मे विशेष ज्ञान, (५०) व्यूह–आकार–विशेष मे सेना स्थापित करने या जमाने की कला, प्रतिव्यूह–शत्रु द्वारा रचे गये व्यूह के मुकाबले तत्प्रतिरोधक दूसरे व्यूह की रचना की कला, (५१) चार–चन्द्र, सूर्य, राहु, केतु आदि ग्रहो की गति का ज्ञान, प्रतिचार–इष्टजनक, अनिष्टजनक शान्तिकर्म का ज्ञान, (५२) चक्रव्यूह–चक्र, रथ के पहिये के आकार में सेना को स्थापित–सज्जित करना, (५३) गरुडव्यूह के आकार मे सेना की रचना करना, (५४) शकटव्यूह–गाडी के आकार मे सेना को स्थापित करना, (५५) युद्ध की कला, (५६) नियुद्ध–पैदल युद्ध करने की कला, (५७) युद्धातियुद्ध–तलवार, भाला आदि फेंककर युद्ध करने की कला, (५८) मुष्टियुद्ध–मुक्को से लडने मे निपुणता, (५९) बाहुयुद्ध–भुजाओ द्वारा लडने की कला, (६०) लतायुद्ध–जैसे बेल वृक्ष पर चढकर उसे जड से लेकर शिखर तक आवेष्टित कर लेती है, उसी प्रकार जहाँ योद्धा प्रतियोद्धा के शरीर को कसकर भूमि पर गिरा देता है और उस पर चढ बैठता है, वह कला, (६१) इषुशस्त्र–नागबाण आदि के प्रयोग का ज्ञान, क्षुर–प्रवाह–छुरा आदि फेककर वार करने का ज्ञान, (६२) धनुर्वेद–धनुर्विद्या, (६३) हिरण्यपाक–रजतसिद्धि, (६४) सुवर्णपाक–सुवर्णसिद्धि, (६५) वृत्तखेल–रस्सी आदि पर चलकर खेल दिखाने की कला, (६६) सूत्रखेल–सूत द्वारा खेल दिखाने, कच्चे सूत द्वारा करिश्मे बतलाने की कला, (६७) नालिकाखेल–नालिका में पास या कौडियाँ डालकर गिराना–जुआ खेलने की एक विशेष प्रक्रिया की जानकारी, (६८) पत्रच्छेद्य–एक सौ आठ पत्तो मे यथेष्ट संख्या के पत्तो को एक बार में छेदने का हस्त–लाघव, (६९) कटच्छेद्य–चटाई की तरह क्रमशः फैलाये हुए

पत्र आदि के छेदन की विशेष प्रक्रिया में निपुणता, (७०) सजीव–पारद आदि मारित धातुओं को पुन सजीव करना–सहज रूप मे लाना, (७१) निर्जीव–पारद, स्वर्ण आदि धातुओ का मारण करना, तथा (७२) शकुनिरुत–पक्षियों के शब्द, गति, चेष्टा आदि जानने की कला।

ये बहत्तर कलाएँ सधाकर, इनका शिक्षण देकर, अभ्यास कराकर कलाचार्य बालक को माता–पिता को सौंप देंगे। (नोट–रायपसेणियसूत्र, सूत्र २८२ मे भी ७२ कलाओं का उल्लेख है, किन्तु कही–कही नामो का अन्तर है)

107. The teacher will then impart theoretical education, including texts and meaning, as well as practical training of the seventy two arts (subjects) beginning with writing and mathematics and ending at the language of birds The list of these subjects is as follows—

(1) writing or script (writing and reading) (*lekh* or *leham*), (2) mathematics (*ganit* or *ganiyam*), (3) decoration (art work on wall, rock, cloth, silver, gold etc) (*roop* or *roovam*), (4) dramatics and dance (*natya* or *nattam*), (5) singing (*geet* or *geeyam*), (6) instrumental music (beat and rhythm) (*vadya* or *vaiyam*), (7) musicology (knowledge of musical notes) (*svar-gat* or *saragayam*), (8) playing percussion instruments, specially the mridang (*pushkar-gat* or *pokkharagayam*), (9) knowledge of beats (*samataal* or *samataalam*), (10) gambling (*dyoot* or *jooyam*), (11) conversation and debating (*janavaad* or *nanavaayam*), (12) playing dice (*paashak* or *paasayam*), (13) playing board games like chess and *chopar* (a type of ludo) (*ashtapad* or *atthavayam*), (14) instant poetry (*purahkavya*) or security and administration of a city (*pauraskritya* or *porekachcham*), (15) pottery (*udak-mrittika* or *dagmattiyam*), (16) farming and cooking (*annaviddhi* or *annavihim*), (17) water management including making drinks and use thereof (*paan-vidhi* or *paan-vihim*), (18) garment making (*vastravidhi* or *vatthavuhim*), (19) coating or applying pastes, such as sandalwood and making designs thereof (*vilepan vidhi* or *vilevan vidhi*), (20) the art of making bed (*shayan vidhi* or *sayan vihim*), (21) poetics specially metric rhyming in *arya* and other *matrik chhand* styles (*arya* or *ajjam*), (22) making and solving riddles and

puzzles (*prahelika* or *paheliyam*), (23) Magadhi language and its poetics (*magadhika* or *magahiyam*), (24) Prakrit language and its poetics (*gatha* or *gaham*), (25) song writing (*gitika* or *geeiyam*), (26) poetics specially related to couplet style in *anushtup* and other suitable meters (*shlok* or *siloyam*), (27) silver refining and smithy (*hiranya yukti* or *hirannajuttim*), (28) gold refining and smithy (*suvarn yukti* or *suvannajuttim*), (29) art of making perfumes (*gandh yukti* or *gandhajuttim*), (30) the art of overpowering others and performing other miraculous acts using powder made of various herbs by tantric process (*churna yukti* or *chunnajuttim*), (31) making ornaments and art of adornment (*abharan vidhi* or *abharan vihim*), (32) taking care of females including their education, beautification etc. (*taruni pratikarma* or *tarunipadikamm*), (33) knowledge of the characteristics of all the four categories of females—*padmini, hastini, shankhini* and *chitrini* (*stree lakshan* or *itthilakkhanam*), (34) knowledge of the characteristics of the male including their grades (noble, medium, and lowly) and classes (*shash* etc.) (*purush lakshan* or *purisalakkhanam*), (35) knowledge of the characteristics of horses (*haya lakshan* or *hayalakkhanam*), (36) knowledge of the characteristics of elephants (*gaj lakshan* or *gayalakkhanam*), (37) knowledge of the characteristics of cows (*go lakshan* or *gonalakkhanam*), (38) knowledge of the characteristics of cocks (*kukkut lakshan* or *kukkudalakkhanam*), (39) knowledge of the characteristics of the disc weapon (*chakra lakshan* or *chakkalakkhanam*), (40) knowledge of the characteristics of umbrella or canopy (*chhatra lakshan* or *chhattalakkhanam*), (41) knowledge of the characteristics of leather and leather goods, such as shield (*charma lakshan* or *chammalakkhanam*), (42) knowledge of the characteristics of the staff (*dand lakshan* or *dandalakkhanam*), (43) knowledge of the characteristics of the sword (*asi lakshan* or *asilakkhanam*), (44) knowledge of the characteristics of gems (*mani lakshan* or *manilakkhanam*), (45) knowledge of the characteristics of the *kakini* (a divine gem) (*kakani lakshan* or *kaganilakkhanam*), (46) architecture (*vaastu vidya* or *vatthuvijjam*), (47) study of military camping, logistics and

deployment (*skandhaavasramaan* or *khandhaarmaanam*), (48) town planning and urban development (*nagar nirman* or *nagaramanam*), (49) study of building utility (*vaastu niveshan* or *vatthunivesan*), (50) attack and defence strategy or deployment of forces in various formations for effective attack and defence (*vyuha-prativyuha* or *vooham-padivooham*), (51) knowledge of the movement, position and influence of stars and planets like the moon, the sun and planets and means and methods of impeding and enhancing their good and bad effects (*chaar-pratichaar* or *chaaram-padichaaram*), (52) battle formation—circular (*chakravyuha* or *chakkavooham*), (53) battle formation—eagle shape (*garuda vyuha* or *garulavooham*), (54) battle formation—cart shape (*shakat vyuha* or *sagadavooham*), (55) battle or war (*yuddha* or *juddham*), (56) hand-to-hand combat (*niyuddha* or *nijuddham*), (57) war including use of sword, spears, etc. (*yuddhatiyuddh* or *juddhatijuddham*), (58) fist-fight or boxing (*mushtiyuddha* or *mutthijuddham*), (59) arm wrestling (*bahuyuddha* or *bahujuddham*), (60) vine-like combat where the combatant embraces the adversary just as a vine entwines a tree and overpowers him (*latayuddha* or *layajuddham*), (61) the use of energized arrows or missiles like *naag-baan* and knife throwing (*ishushastra* and *kshur-pravaha* or *isattham* and *chharuppavayam*), (62) archery (*dhanurvidya* or *dhanuvveyam*), (63) chemistry of silver (*hiranyapaak* or *hirannapagam*), (64) chemistry of gold (*suvarnapaak* or *suvannapagam*), (65) games of the circle or rope, such as rope walking (*vritta khel* or *vattakhedam*), (66) games of the string (*sutra khel* or *suttakhedam*), (67) gambling or games played by dice thrown from a tube (*nalika khel* or *naliyakhedam*), (68) art of piercing maximum possible leaves in one stroke in a stack of one hundred eight leaves (*patrachhed* or *pattachhejjam*), (69) art of drilling or cutting of holes in leaves and plates in scattered formation (*katachhed* or *kadagachhejjam*), (70) art of converting metallic salts into metals (*sajiva* or *sajjivam*), (71) art of making metallic salts from metals (*nirjiva* or *nijjivam*), and (72) knowing language, movement and other activities of birds (*shakunirut* or *saunaruyamiti*).

After teaching, imparting practical training and making skillful in all aforesaid seventy two arts or subjects, the teacher will send back the boy to his parents. (There is a mention of seventy two arts in *Rayapaseniya Sutra* also at p. 282 with some variations in the names.)

१०८. तए णं तस्स दढपइण्णस्स दारगस्स अम्मापियरो तं कलायरियं विउलेणं असण–पाण–खाइम–साइमेणं वत्थगंध–मल्लालंकारेण य सक्कारेहिंति, सक्कारेत्ता सम्माणेहिंति, सम्माणेत्ता विउलं जीवियारिहं पीइदाणं दलइस्संति, दलइत्ता पडिविसज्जेहिंति।

१०८. तब उस दृढप्रतिज्ञकुमार के माता–पिता कलाचार्य का प्रचुर अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य, वस्त्र, गन्ध (सुगन्धित पदार्थ), माला तथा अलकार आदि द्वारा सत्कार करेगे, सम्मान करेगे। सत्कार–सम्मान कर उन्हे जीविका के योग्य–जिससे समुचित रूप मे जीवन–निर्वाह होता रहे, ऐसा प्रीतिदान–पुरस्कार देगे। पुरस्कार देकर विदा करेगे।

108. Then the parents of Dridhapratijna Kumar will greet and honour the teacher with ample gifts like staple food, liquids, general food and savoury food (*ashan, paan, khadya, svadya*), clothes, perfumes, garlands and ornaments After that they will give him endowments enough for his comfortable sustenance and bid him farewell.

१०९. तए णं से दढपइण्णे दारए बावत्तरिकलापंडिए, नवंगसुत्तपडिबोहिए, अट्ठारसदेसी–भासाविसारए, गीयरई, गंधव्वणट्टकुसले, हयजोही, गयजोही, रहजोही, बाहुजोही, बाहुप्पमद्दी, वियालचारी, साहसिए, अलंभोगसमत्थे यावि भविस्सइ।

१०९. इसके बाद यह दृढप्रतिज्ञ बालक बहत्तर कलाओ मे पण्डित होने पर, उसके नौ अगो (दो कान, दो नेत्र, दो घ्राण, एक जिह्वा, एक त्वचा तथा एक मन–इन नव अगो) की चेतना जाग जायेगी। वह यौवनावस्था को प्राप्त होगा तथा वह अठारह देशी भाषाओ–लोक भाषाओ मे निपुण बनेगा, गीतप्रिय, गान्धर्व–नाट्य–कुशल–सगीत–विद्या, नृत्य–कला आदि मे प्रवीण, अश्वयुद्ध, गजयुद्ध, रथयुद्ध, बाहुयुद्ध इन सबमे दक्षता प्राप्त करेगा, विकालचारी होगा। निर्भीकता के कारण रात मे भी घूमने–फिरने मे नि शक तथा साहसिक–प्रत्येक कार्य मे साहसी दृढप्रतिज्ञ बनेगा। इस प्रकार सांगोपांग विकसित सवर्द्धित होकर सासारिक सुखो का उपभोग करने मे सर्वथा समर्थ हो जायेगा।

109. Thereafter when Dridhapratijna becomes well versed in these seventy two arts, his awareness and consciousness of nine sense organs of his body (two ears, two eyes, two nostrils, one tongue, one skin or sense of touch and one mind) attains perfection

he will be a mature young man. He will also become proficient in eighteen dialects, singing, dramatics and other allied fields, dancing and other performing arts. He will acquire skills of different types of battles riding horse, elephant, chariot and hand to hand combat as well. He will become a fearless wanderer filled with courage. Thus with an all-round development he will become fully mature and capable of enjoying all comforts and pleasures of life.

११०. तए णं दढपइण्णं दारगं अम्मापियरो बावत्तरिकलापंडियं जाव अलंभोगसमत्थं वियाणित्ता विउलेहिं अण्णभोगेहिं, पाणभोगेहिं, लेणभोगेहिं, वत्थभोगेहिं, सयणभोगेहिं, उवणिमंतेहिंति।

११०. तब उस दृढ़प्रतिज्ञकुमार के माता-पिता उसे बहत्तर कलाओ मे मर्मज्ञ यावत् साहसिक जानकर उसे सर्वथा भोग-समर्थ जानकर अन्न, पान, लयन-सुन्दर गृह आदि में निवास, उत्तम वस्त्र तथा शयन-उत्तम शय्या, बिछौने आदि सुखप्रद सामग्री का उपभोग करने का आग्रह करेगे।

110. Realizing that Dridhapratijna Kumar has become well versed in these seventy two arts .. and so on up to... he has become fully mature and capable of enjoying all comforts and pleasures of life, his parents will beseech him to enjoy all comforts including best food, beautiful and furnished house and best of dresses.

१११. तए णं दढपइण्णे दारए तेहिं विउलेहिं अण्णभोगेहिं जाव सयणभोगेहिं णो सज्जिहिति, णो रज्जिहिति, णो गिज्झिहिति, णो मुज्झिहिति, णो अज्झोववज्जिहिति।

१११. तब वह दृढप्रतिज्ञकुमार माता-पिता द्वारा प्रस्तुत विपुल अन्न, शयन आदि भोगो मे आसक्त नही होगा, अनुरक्त-(आकर्षित) नही होगा, गृद्ध-किसी भी प्रकार लोलुप नही होगा, मूर्च्छित-मोहित नही होगा तथा उनमे मन नहीं रमायेगा।

111. On being offered all the aforesaid things including food, abode and other comforts, Dridhapratijna Kumar will not have any attachment (*asakt* or *sajjihit*), attraction (*anurakt* or *rajjihit*), covetousness (*griddha* or *gijjhihit*), fondness (*murchhit* or *mujjhihit*) and infatuation (*adhyavasit* or *ajjhovavajjihit*) for any of these things.

११२. से जहाणामए उप्पले इ वा, पउमे इ वा, कुमदे इ वा, नलिने इ वा, सुभगे इ वा, सुगंधे इ वा, पोंडरीए इ वा, महापोंडरीए इ वा, सयपत्ते इ वा, सहस्सपत्ते इ वा,

सयसहस्सपत्ते इ वा, पंके जाये, जले संवुड्ढे णोवलिप्पइ पंकरएणं णोवलिप्पइ जलरएणं, एवामेव दढपइण्णे वि दारए कामेहिं जाये, भोगेहिं संवुड्ढे णोवलिप्पिहिति कामरएणं, णोवलिप्पिहिति भोगरएणं, णोवलिप्पिहिति मित्तणाइ–णियग–सयण–संबंधिपरिजणेणं।

११२. जिस प्रकार उत्पल, पद्म, कुमुद, नलिन, सुभग, सुगन्ध, पुण्डरीक, महापुण्डरीक, शतपत्र, सहस्रपत्र, शतसहस्रपत्र आदि विविध जाति के कमल कीचड मे उत्पन्न होते है, जल मे बढते है परन्तु पंक–रज–जल–कीचड से जल–रज जल–कणों से लिप्त नही होते, अर्थात् निर्लेप स्वच्छ रहते हैं, उसी प्रकार दृढप्रतिज्ञकुमार जो काममय जगत् मे उत्पन्न होगा, भोगमय जगत् मे वृद्धि प्राप्त होगा–पलेगा–बढेगा, किन्तु काम–रज से–शब्द एव रूप सम्बन्धी भोग्य पदार्थो से, भोग–रज से–गध–रस तथा स्पर्श सम्बन्धी भोग्य पदार्थो की आसक्ति से लिप्त नही होगा, मित्र–ज्ञाति–सजातीय, निजक–भाई, बहन आदि पितृपक्ष के पारिवारिक, स्वजन–नाना, मामा आदि मातृपक्ष के पारिवारिक तथा अन्यान्य सम्बन्धी, परिजन–सेवकवृन्द आदि के मोह बन्धन मे नही फँसेगा।

112. Different variety of lotuses including *utpal, padma, kumud, nalin, subhag, sugandh, pundareek, mahapundarek, shatapatra, sahasrapatra, shatasahasrapatra* sprout in mud and grow in water but still remain unblemished by fine particles of mud and droplets of water In the same way, Dridhapratijna Kumar, born in the world of desires and brought up in the world of sensual pleasures, will remain unaffected by attachment of objects of desire having attributes of sound and form (*kama-raj*) and objects of sensual pleasures having attributes of smell, taste and touch (*bhog-raj*). He will also not be trapped in the bonds of love for friends, kinfolk (*jnati*), paternal (*nijak*) and maternal (*svajan*) relatives and servants (*parijan*)

११३. से णं तहारूवाणं थेराणं अंतिए केवलं बोहिं बुज्झिहिति, बुज्झित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइहिति।

११३. वह तथारूप–वीतराग की आज्ञा के अनुसार सम्यक् ज्ञान, सम्यक् दर्शन, सम्यक् चारित्र से युक्त स्थविरो–श्रमणो के पास केवलबोधि–विशुद्ध सम्यक् दर्शन प्राप्त करेगा, गृहवास का परित्याग कर वह अनगारधर्म मे दीक्षित होगा।

113. He will acquire pure and right perception/faith from *sthavirs* (senior ascetics) who follow the path of right knowledge, perception/faith and conduct as shown by the *Vitarag*, and then get initiated in the order of the homeless ascetics, renouncing his household.

अम्नड का उत्तर भव : दृढप्रतिज्ञ कुमार
गुरुकुल म गमन
माता पिता द्वारा सुख भोग का निमन्त्रण
विविध प्रकार का तपश्चरण

चित्र परिचय-१०

Illustration No. 10

अम्बड़ का उत्तरभव : दृढ़ प्रतिज्ञ कुमार

गणधर इन्द्रभूति के पूछने पर भगवान महावीर अम्बड परिव्राजक का दृढप्रतिज्ञ कुमार के भव का वर्णन करते है। महाविदेह क्षेत्र मे एक धनाढ्य कुल मे उसका जन्म होगा। आठ वर्ष का होने पर दृढ प्रतिज्ञ माता--पिता का आशीर्वाद प्राप्त कर कलाचार्य के पास शिक्षण हेतु जायेगा। बहत्तर कलाओ मे निष्णात बनाकर कलाचार्य उसे माता-पिता को सौप देते है। माता पिता अनेक प्रकार के आभूषण, वस्त्र, धन आदि देकर कलाचार्य का सम्मान करते है।

युवा होने पर माता-पिता उसे विवाह करके धन- वैभव सम्पत्ति का उपभोग करने के लिए बहुत - बहुत आग्रह करेगे। दृढप्रतिज्ञ कुमार उनमे मोहासक्त नही होगा। वह घर त्याग कर दीक्षित होगा। दृढ प्रतिज्ञ मुनि अनेक वर्षो तक विविध प्रकार के तप करते हुए सयम का पालन करेगे। अन्त मे अनेक प्रकार के उपसर्गो को सहते हुए आठ कर्मो का क्षय करके ज्योतिर्मय स्थान सिद्धालय मे जाकर विराजमान होगे।

–सूत्र १०१ ११५

AMBAD'S FUTURE BIRTH : PRINCE DRIDHAPRATIJNA

On being asked by Ganadhar Indrabhuti Bhagavan Mahavir narrates the story of Ambad Parivrajak's reincarnation as prince Dridhapratijna He will be born in an affluent family in the Mahavideh area When he is eight years old, Child Dridhapratijna will get blessings of his parents and go to a scholar of numerous subjects The teacher makes him an expert of seventy two arts and brings him back to his parents The parents honour the teacher by offering him ample ornaments, dresses, and money

When he enters youth his parents will insist him to marry and enjoy their wealth and grandeur Prince Dridhapratijna will avoid this attachment He will renounce the household and get initiated Ascetic Dridhapratijna will follow the path of ascetic discipline for many years observing a variety of austerities In the end enduring many afflictions he will shed all the eight types of *karmas* and transcend to the radiant realm of *Siddhas*

—Sutra 101-115

११४. से णं भविस्सइ अणगारे भगवंते ईरियासमिए जाव गुत्तबंभचारी।

११४. वे अनगार भगवान–दृढ़प्रतिज्ञ मुनि ईर्यासमिति आदि समिति–गुप्ति से युक्त, गुप्त ब्रह्मचारी–सम्पूर्ण नियमोपनियमपूर्वक (नवबाड सहित) ब्रह्मचर्य का परिपालन करने वाले होंगे।

114. That *anagar Bhagavan* Dridhapratijna will become an ascetic strictly observing all the ascetic code from *Irya samiti* (care of movement) to *gupta brahmachari* (absolute celibacy).

११५. तस्स णं भगवंतस्स एएणं विहारेणं विहरमाणस्स अणंते, अणुत्तरे, णिव्वाघाए, निरावरणे, कसिणे, पडिपुण्णे केवलवरणाणदंसणे समुप्पज्जहिति।

११५. इस प्रकार की चर्या में विहरमान–ऐसा साधनामय जीवन जीते हुए दृढ़प्रतिज्ञ मुनि को क्रमश: अनन्त–अनन्त पदार्थों को जानने वाला, अनुत्तर–सर्वश्रेष्ठ, निर्व्याघात–बाधा या व्यवधानरहित, आवरणरहित, समग्र–सर्वार्थग्राहक, प्रतिपूर्ण–परिपूर्ण, केवलज्ञान, केवलदर्शन उत्पन्न होगा।

115. Leading such ascetic life of spiritual pursuits ascetic Dridhapratijna will, in due course, attain infinite, unmatched, unrestricted, unveiled, perfect and supreme omniscience (*keval-jnana* and *keval-darshan*).

११६. तए णं से दढपइण्णे केवली बहूइं वासाइं केवलिपरियागं पाउणिहिति, केवलिपरियागं पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए अप्पाणं झूसित्ता, सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदित्ता जस्सट्ठाए कीरइ नग्गभावे, मुंडभावे, अण्हाणए, अदंतवणए, केसलोए, बंभचेरवासे, अच्छत्तग अणोवाहणगं, भूमिसेज्जा, फलगसेज्जा, कट्ठसेज्जा, परघरपवेसो लद्धावलद्धं, परेहिं हीलणाओ, खिंसणाओ, निंदणाओ, गरहणाओ, तालणाओ, तज्जणाओ, परिभवणाओ, पव्वहणाओ, उच्चावया गामकटंगा, बावीसं परीसहोवसग्गा अहियासिज्जंति, तमट्ठमाराहित्ता चरिमेहिं उस्सासणिस्सासेहिं सिज्झिहिति, बुज्झिहिति, मुच्चिहिति परिणिव्वाहिति, सव्वदुक्खाणमंतं करेहिति।

११६. तत्पश्चात् दृढप्रतिज्ञ केवली बहुत वर्षों तक केवलि–पर्याय का पालन करेंगे अर्थात् केवलि अवस्था में विचरेगे। केवलि–पर्याय का पालन करते हुए, एक मास की सलेखना और साठ भक्त (प्रतिदिन दो समय का भोजन मानने के अनुसार साठ भोजन काल अर्थात्) एक

मास का अनशन सम्पन्न कर जिस उद्देश्य के लिए नग्नभाव (शरीर के प्रति अनासक्त भाव), मुण्डभाव–सासारिक सम्बन्धो व कषायो का त्याग, अस्नान (स्नान का परित्याग), अदन्तवन (दतौन आदि का त्याग) केशलुचन, ब्रह्मचर्यवास, अच्छत्रक–छाता धारण नही करना, जूते या पादरक्षिका धारण नहीं करना, भूमि पर सोना, फलक–काष्टपट्ट पर सोना, भिक्षा हेतु परगृह मे प्रवेश करना, समय पर आहार की प्राप्ति हो या न हो फिर भी समभाव रखना, दूसरो द्वारा की गई भर्त्सनापूर्ण अवहेलना–अवज्ञा या तिरस्कार, खिंसना–मर्मोद्घाटनपूर्वक अपमान सहना, निन्दना–निन्दा, गर्हणा लोगो के समक्ष प्रकट की गई मानसिक घृणा, तर्जना–अगुली आदि द्वारा सकेत कर कहे गये कटु वचन, ताडना–थप्पड आदि द्वारा परिताडन, परिभवना–अपमान, परिव्यथना–व्यथा, आँख, कान, नाक आदि इन्द्रियो के लिए कष्टकर अनुकूल–प्रतिकूल स्थितियाँ, बाईस प्रकार के परीषह तथा देवादिकृत उपसर्ग आदि स्वीकार किये है, उस आत्म–कल्याण रूप चरम लक्ष्य को प्राप्त करके अपने अन्तिम उच्छ्वास–नि श्वास (अन्तिम साँस) मे सिद्ध होंगे, बुद्ध होंगे, मुक्त होगे, परिनिवृत्त होगे, सब दु खो का अन्त करेगे।

116. After that, Dridhapratıjna Kevalı wıll live and move about as an omniscıent for many years. At the last moment, on achıeving the ultımate goal of spırıtual beatıtude for whıch, whıle lıvıng as an omnıscıent, he underwent and endured varıous hardshıps—such as remaınıng unclad (*nagnabhaava* or detached from body); tonsured (*mundabhaava* or renouncıng mundane relations and passıons), gıving up bathıng (*asnana*), not cleanıng teeth (*adantavan*), pullıng out haır (*kesh lunchan*), practıcing celıbacy (*brahmacharyavaas*), giving up use of umbrella and sandals (*achhatrak* and *anopahanagam*), lyıng on ground (*bhumishayan*), lyıng on wooden plank (*phalak shayan* and *kashta shayan*); vısıtıng houses of other people to seek alms, remaınıng equanimous ırrespectıve of gettıng alms or not; ıgnorıng rude neglect by others, toleratıng scathıng insult, slandering, hatred of people, rebuke, beatıng, affront, pain, and condıtıons unfavourable for sense organs including eyes, ears and nose, and twenty two kınds of physical afflictions and dıvıne afflictıons—he wıll observe the ultimate vow with month long fasting and become perfect (*Sıddha*), enlightened (*buddha*), lıberated (*mukta*), free of cyclic rebırth (*parınıvrıt*) and thus shall end all mıseries

११७. से जे इमे गामागर जाव सण्णिवेसेसु पव्वइया समणा भवंति, तं जहा– आयरियपडिणीया, उवज्झायपडिणीया, कुलपडिणीया, गणपडिणीया, आयरियउवज्झायाणं अयसकारगा, अवण्णकारगा, अकित्तिकारगा, बहूहिं असब्भावुब्भावणाहिं मिच्छत्ताभिणिवेसेहि य अप्पाणं च परं च तदुभयं च वुग्गाहेमाणा, वुप्पाएमाणा विहरित्ता बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणंति। बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणित्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयअप्पडिक्कंता कालमासे कालं किच्चा उक्कोसेणं लंतए कप्पे देवकिब्बिसिएसु देवकिब्बिसियत्ताए उववत्तारो भवंति। तहिं तेसिं गई, तेरस सागरोवमाइं ठिई। अणाराहगा, सेसं तं चेव।

११७. जो ग्राम, आकर, सन्निवेश आदि मे प्रव्रजित श्रमण विहार करते है, जैसे– आचार्य–प्रत्यनीक–आचार्य के प्रतिकूल आचरण करने वाले, उपाध्याय–प्रत्यनीक, कुल–प्रत्यनीक, गण–प्रत्यनीक, आचार्य और उपाध्याय का अपयश करने वाले, अवर्णकारक–अवगुण कथन करने वाले, अकीर्तिकारक–अपकीर्ति या निन्दा करने वाले, अनेक प्रकार के असद्भाव की उद्भावना करने वाले–वस्तुतः जो है नही, ऐसी असत्य बातो या दोषो के आरोप लगाने वाले तथा मिथ्यात्व के अभिनिवेश द्वारा अपने को तथा अन्यों को–दोनो को दुराग्रह मे डालते हुए, अपने आपको तथा दूसरो को आशातना रूप पाप मे गिराते हुए बहुत वर्षो तक श्रमण–पर्याय का पालन करते है। तथापि अपने पाप–स्थानों की आलोचना, प्रतिक्रमणा नहीं करते हुए मृत्युकाल आ जाने पर मरण प्राप्त कर वे उत्कृष्ट लान्तक नामक छठे देवलोक में किल्विषिक जाति (जो देवलोक में साफ–सफाई आदि सेवा–कार्य करते हैं) के देवो मे देव रूप मे उत्पन्न होते है। वहॉ अपने स्थान के अनुरूप उनकी गति होती है। उनकी वहाँ स्थिति तेरह सागरोपम प्रमाण होती है। वे (आलोचना आदि नही करने के कारण) अनाराधक–धर्म के विराधक होते हैं। (शेष वर्णन पूर्ववत् है।)

THE UPAPAT OF PRATYANEEKS

117. In places like *gram, aakar,..* and so on up to.. *sannivesh* there live some initiated *Shramans* who are defiant to *acharyas*, who are defiant to *upadhyayas*, who are defiant to their *kula* (ascetic lineage), who are defiant to their *gana* (ascetic group), who defame *acharya* and *upadhyaya*, who criticize *acharya* and *upadhyaya* and who slander *acharya* and *upadhyaya*. For many years they live as *Shramans* inculpating others in many ways,

misguiding themselves and others by indulging in unrighteous behaviour and pushing themselves and others into the sin of contemptuousness. They neither repent (doing critical review or *pratikraman*) nor atone for their sinful deeds. When time comes they abandon their earthly bodies and are born as *Kilvishik* (doing menial duties) gods in the lofty sixth heaven called *Lantak dev-lok*. Their state (*gati*) is according to their respective status. Their life-span there is thirteen *Sagaropam* (a metaphoric unit of time). They do not aspire for next birth (because they do not atone for their sins). (rest of the details as already mentioned)

संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यक् योनि जीवों का उपपात

११८. से जे इमे सण्णिपंचिंदियतिरिक्खजोणिया पज्जत्तया भवंति, तं जहा– जलयरा, थलयरा, खहयरा। तेसि णं अत्थेगइयाणं सुभेणं परिणामेणं, पसत्थेहिं अज्झवसाणेहिं, लेस्साहिं विसुज्झमाणीहिं तयावरणिज्जाणं कम्माणं खओवसमेणं ईहावूहमग्गणगवेसणं करेमाणाणं सण्णीपुव्वजाइसरणे समुप्पज्जइ,

तए णं समुप्पण्णजाइसरणा समाणा सयमेव पंचाणुव्वयाइं पडिवज्जंति, पडिवज्जित्ता बहूहिं सीलव्वय–गुणवेरमण–पच्चक्खाण–पोसहोववासेहिं अप्पाणं भावेमाणा बहूहिं वासाइं आउयं पालेंति, पालित्ता आलोइयपडिक्कंता, समाहिपत्ता कालमासे कालं किच्चा उक्कोसेणं सहस्सारे कप्पे देवत्ताए उववत्तारो भवंति। तहिं तेसिं गई, अट्ठारस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता, परलोगस्स आराहगा, सेसं ते चेव।

११८. जो ये **संज्ञी**–मन सहित, **पर्याप्त**–(आहारादि–पर्याप्तियुक्त) तिर्यचयोनि मे उत्पन्न–(–पशु–पक्षी जाति के) जीव होते है, जैसे–**जलचर**–पानी मे चलने वाले, **स्थलचर**–पृथ्वी पर चलने वाले तथा **खेचर**–आकाश में चलने वाले, उनमे से कइयो के उत्तम अध्यवसाय, शुभ परिणाम तथा लेश्याओ की विशुद्धि होने के कारण ज्ञानावरण एव वीर्यान्तराय कर्म का क्षयोपशम होने से अपने विषय में ईहा (सामान्य विचार), अपोह (विशेष चिन्तन), मार्गणा, गवेषणा (अनुकूल–प्रतिकूल युक्तियों से विशेष विमर्श) करते हुए उन्हें अपनी सज्ञी अवस्था से पूर्ववर्ती भवो की स्मृति–जातिस्मरण ज्ञान उत्पन्न हो जाता है।

जातिस्मरण ज्ञान उत्पन्न होने के कारण वे जीव स्वयं ही पाँच अणुव्रतो को स्वीकार कर लेते है। फिर अनेकविध शीलव्रत, गुणव्रत, विरमण, प्रत्याख्यान–त्याग, पौषधोपवास आदि द्वारा आत्मा को भावित करते हुए बहुत वर्षो तक जीवित रहते है। फिर वे अपने किये हुए

पापस्थानों की आलोचना कर, प्रतिक्रमण कर, समाधि-अवस्था प्राप्त कर, मृत्युकाल आने पर देह का त्याग कर उत्कृष्ट सहस्रारकल्प देवलोक में देव रूप में उत्पन्न होते हैं। अपने स्थान के अनुरूप उनकी गति होती है। उनकी वहाँ स्थिति अठारह सागरोपम-प्रमाण होती है। वे परलोक के आराधक होते है। (शेष वर्णन पूर्ववत् जानें।)

THE UPAPAT OF SENTIENT FIVE SENSED ANIMALS

118. Because of the extinction-cum-pacification (*kshayopasham*) of *jnanavaraniya* (knowledge obscuring) *karma* and *viryantaraya* (potency hindering) *karma* caused by noble assiduity (*adhyavasaya*), good intentions (*parinam*) and purity of *leshyas* (colour-code indicator of purity of soul) many of these sentient (*sanjni*), fully developed (*paryapt*), animals (*tiryanch*) including aquatic (*jal-char*), terrestrial (*sthal-char*) and aerial (*khe-char*) beings acquire *jati-smaran jnana* or regain the memories of their births preceding the sentient state while indulging in the gradual process of *iha* (inquiry), *apoh* (deduction), *margana* (confirmation) and *gaveshana* (elimination) about the self.

As a result of acquiring *jati-smaran jnana* (the knowledge about earlier births), these beings accept five minor vows of their own volition. For many years they live enkindling their soul in many ways observing vows of spiritual discipline, restraints that reinforce the practice of *anuvrats*, disinterest in the mundane, renunciation and partial ascetic vow. They repent (doing critical review or *pratikraman*) and atone before the guru for their sinful deeds and transcend into the state of meditation. When time comes they abandon their earthly bodies and are born as gods in the lofty *Sahasrara kalp dev-lok*. Their state (*gati*) is according to their respective status. Their life-span there is eighteen *Sagaropam* (a metaphoric unit of time). They are spiritual aspirants for next birth (because they atone for their sins). (rest of the details as already mentioned)

आजीवको का उपपात

११९. से जे इमे गामागर जाव सण्णिवेसेसु आजीविया भवंति, तं जहा- १. दुघरंतरिया, २. तिघरंतरिया, ३. सत्तघरंतरिया, ४. उप्पलबेंटिया,

५. घरसमुदाणिया, ६. विज्जयंतरिया, ७. उट्टिया समणा, ते णं एयारूवेणं विहारेणं विहरमाणा बहूइं वासाइं परियायं पाउणित्ता कालमासे कालं किच्चा उक्कोसेणं अच्चुए कप्पे देवत्ताए उववत्तारो भवंति, तहिं तेसिं गई, बावीसं सागरोवमाइं ठिई, अणाराहगा, सेसं तं चेव।

११९. ग्राम, आकर, सन्निवेश आदि मे जो आजीवक–(गौशालक मतानुयायी) होते है, जैसे–(१) दो घरो के अन्तर से–दो घर छोडकर भिक्षा लेने वाले, (२) तीन घर छोडकर भिक्षा लेने वाले, (३) सात घर छोडकर भिक्षा लेने वाले, (४) भिक्षा मे केवल कमल–डठल ग्रहण करने वाले, (५) प्रत्येक घर से भिक्षा लेने वाले, (६) जब बिजली चमकती हो तब भिक्षा नही लेने वाले, (७) मिट्टी से बने नॉद जैसे बडे बर्तन मे बैठकर तप करने वाले, वे ऐसे आचार का पालन करते हुए–बहुत वर्षो तक आजीवक–पर्याय का पालन कर, मृत्युकाल आने पर मरण प्राप्त कर, उत्कृष्ट अच्युत कल्प (बारहवे देवलोक) में देव रूप मे उत्पन्न होते है। वहॉ अपने स्थान के अनुरूप उनकी गति होती है। उनकी स्थिति बाईस सागरोपम–प्रमाण होती है। वे आराधक नही होते। (शेष वर्णन पूर्ववत् है।)

THE UPAPAT OF AJIVAKS

119. In places like *gram, aakar,* . and so on up to. *sanniwesh* there live a variety of *Ajivaks* (followers of Gaushalak), such as— (1) those who collect alms from every third house on the way, (2) those who collect alms from every fourth house on the way, (3) those who collect alms from every eighth house on the way, (4) those who accept only lotus stalk as alms, (5) those who collect alms from every house on the way, (6) those who do not accept alms when lightening occurs, and (7) those who sit in a large earthen tub for their spiritual practices. They spend years as *Ajivaks* following the *Ajivak* code. When time comes, they abandon their earthly bodies and are born as gods in the lofty *Achyut-kalp* (the twelfth heaven). Their state (*gati*) is according to their respective status Their life-span there is upto twenty two *Sagaropam* (a metaphoric unit of time). Other details are same as already mentioned.

आत्मोत्कर्षक आदि प्रव्रजित श्रमणो का उपपात

१२०. से जे इमे गामागर जाव सण्णिवेसेसु पव्वइया समणा भवंति, तं जहा– अत्तुकोसिया, परपरिवाइया, भूइकम्मिया, भुज्जो–भुज्जो कोउयकारगा, ते णं एयारूवेणं

विहारेणं विहरमाणा बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणंति, पाउणित्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयअपडिक्कंता कालमासे कालं किच्चा उक्कोसेणं अच्चुएकप्पे आभिओगिएसु देवेसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति। तहिं तेसिं गई, बावीसं सागरोवमाइं ठिई, परलोगस्स अणाराहगा, सेसं तं चेव।

१२०. ग्राम, आकर, सन्निवेश आदि में जो प्रव्रजित श्रमण होते है, जैसे–**आत्मोत्कर्षक**–अपना उत्कर्ष दिखाने वाले–अपनी प्रशंसा करने वाले, **परपरिवादक**–दूसरों की निन्दा करने वाले, **भूतिकर्मिक**–ज्वर आदि रोगग्रस्त लोगों की बाधा तथा उपद्रव शान्त करने हेतु अभिमन्त्रित भस्म आदि देने वाले, **कौतुककारक**–भाग्योदय आदि के निमित्त चमत्कारिक बाते बताने वाले। वे इस प्रकार की चर्या रखते हुए बहुत वर्षों तक श्रमण–पर्याय का पालन करते है। अपने गृहीत श्रमण–पर्याय का पालन कर वे अन्ततः अपने कृत पापस्थानो की आलोचना निन्दा नही करते हुए, उनका प्रतिक्रमण नही करते हुए, मृत्युकाल आने पर शरीर त्यागकर उत्कृष्ट अच्युतकल्प मे **आभियोगिक**–सेवक वर्ग के देवो मे देव रूप मे उत्पन्न होते है। वहाँ अपने स्थान के अनुरूप उनकी गति होती है। उनकी स्थिति बाईस सागरोपम–प्रमाण होती है। वे परलोक के आराधक नही होते। (शेष वर्णन पूर्ववत्।)

THE UPAPAT OF ATMOKARSHAK AND OTHER INITIATED SHRAMANS

120. In places like *gram, aakar,*. and so on up to *sannivesh* there live some initiated *Shramans* who are indulging in self-praise (*Atmokarshak*), who criticize others (*Parparivadak*), who distribute consecrated ash and other such things for removing ailments and other problems of people (*Bhootikarmik*), and who claim expertise in miraculously bringing good luck to people. For many years they live as *Shramans* following the aforesaid ways. They neither repent (doing critical review or *pratikraman*) nor atone before the guru for their sinful deeds When time comes they abandon their earthly bodies and are born as *Abhiyogik* gods (servant gods) in the lofty *Achyut-kalp* (the twelfth heaven). Their state (*gati*) is according to their respective status. Their life-span there is upto twenty two *Sagaropam* (a metaphoric unit of time). They do not aspire for next birth (because they do not atone for their sins). (rest of the details as already mentioned)

१२१. से जे इमे गामागर जाव सण्णिवेसेसु णिण्हगा भवंति, तं जहा—१. बहुरया, २. जीवपएसिया, ३. अव्वत्तिया, ४. सामुच्छेइया, ५. दोकिरिया, ६. तेरासिया, ७. अबद्धिया इच्चेते सत्त पवयणणिण्हगा, केवलचरियालिंगसामण्णा, मिच्छाद्दिट्ठि बहूहिं असब्भावुब्भावणाहिं मिच्छत्ताभिणिवेसेहि य अप्पाणं च परं च तदुभयं च वुग्गाहेमाणा, वुप्पाएमाणा विहरित्ता बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणंति, पाउणित्ता कालमासे कालं किच्चा उक्कोसेणं उवरिमेसु गेवेज्जेसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति। तहिं तेसिं गई, एक्कतीसं सागरोवमाइं ठिई, परलोगस्स अणाराहगा, सेसं तं चेव।

१२१. ग्राम, आकर, सन्निवेश आदि में जो ये निह्नव होते है, जैसे–(१) बहुरत, (२) जीवप्रादेशिक, (३) अव्यक्तिक, (४) सामुच्छेदिक, (५) द्वैक्रिय, (६) त्रैराशिक, तथा (७) अबद्धिक, वे सातो ही जिन-प्रवचन–वीतराग वाणी का अपलाप करने वाले या विपरीत प्ररूपणा करने वाले होते है। वे केवल चर्या–भिक्षायाचना आदि बाह्य क्रियाओं मे तथा लिंग–रजोहरण आदि चिन्हो मे श्रमणो के समान दीखते है। वे मिथ्यादृष्टि है। जिनका कोई सद्‌भाव या अस्तित्त्व नही है, ऐसे अविद्यमान पदार्थों या तथ्यो की उद्‌भावना–निराधार परिकल्पना द्वारा, मिथ्यात्व अभिनिवेश द्वारा अपने को, औरो को–दोनो को ही दुराग्रह में डालते हुए, जिन–प्रवचन के प्रतिकूल प्ररूपणा करते हुए बहुत वर्षो तक श्रमण–पर्याय का पालन करते है। श्रमण–पर्याय का पालन कर, मृत्युकाल आने पर शरीर त्यागकर उत्कृष्ट ग्रैवेयक देवो मे देव रूप मे उत्पन्न होते है। वहाँ अपने स्थान के अनुरूप उनकी गति होती है। वहाँ उनकी स्थिति इकतीस सागरोपम प्रमाण होती है। वे परलोक के आराधक नहीं होते। (शेष वर्णन पूर्ववत् समझे।)

THE UPAPAT OF NIHNAVAS

121. In places like *gram, aakar,..* and so on up to... *sannivesh* there live some *nihnavas* (mendacious seceders), such as—(1) *Bahurat*, (2) *Jivapradeshik*, (3) *Avyaktik*, (4) *Samuchhedik*, (5) *Dvaikriya*, (6) *Trairashik*, and (7) *Abaddhik*. These seven are dissenters to the sermon of the *Jina* and present an opposing view. They are *Shramans* only in their *charya* or praxis (alms-seeking and other outward activities) and *ling* or appearance (garb and equipment). They have false perception and belief (*mithyadrishti*). For many years they live as *Shramans* misguiding themselves and others with baseless theories about non-existent things and

concepts, spreading falsehood and preaching against the sermon of the *Jina*. When time comes, they abandon their earthly bodies and are born as gods in the lofty *Graiveyak dev-lok*. Their state (*gati*) is according to their respective status. Their life-span there is upto thirty one *Sagaropam* (a metaphoric unit of time). They are not true spiritual aspirants for next birth (because they do not atone for their sins). (rest of the details as already mentioned)

विवेचन–प्रस्तुत सूत्र मे जिन सात निह्नवो का उल्लेख हुआ है–आचार्य अभयदेवसूरि ने अपनी वृत्ति मे सक्षेप में उनकी चर्चा की है। निह्नवो के विषय मे यत्र-तत्र अनेक ग्रन्थो में उल्लेख प्राप्त होते हैं। निन्हवो के विषय मे सक्षेप मे परिचय इस प्रकार है–

सात निह्नव

निह्नव के रूप मे यहाँ उनका उल्लेख है, जिनका जैन तत्त्व ज्ञान के किसी एक विषय मे मतभेद हुआ, मतभेद होने पर जो भगवान महावीर के शासन से पृथक् हुए, किन्तु जिन्होंने अन्य धर्म-सम्प्रदाय को स्वीकार नही किया इसलिए वे जैन-शासन के एक विषय का अपलाप करने वाले निह्नव कहलाये। निन्हव वे होते है, जो किसी विषय को लेकर हठाग्रह या मिथ्या अहंकार के कारण विपरीत प्ररूपणा करते है। वे सात हुए है उनमे से दो भगवान महावीर के कैवल्य-प्राप्ति के बाद हुए और शेष पाँच निर्वाण के पश्चात्। इनका अस्तित्वकाल श्रमण भगवान महावीर के कैवल्य-प्राप्ति के चौदह वर्ष से निर्वाण के पश्चात् पाँच सौ चौरासी वर्ष तक का है–

(१) **बहुरत**–भगवान महावीर के कैवल्य-प्राप्ति के चौदह वर्ष पश्चात् श्रावस्ती में बहुरतवाद की उत्पत्ति हुई। इसके प्ररूपक जमालि थे। ये क्षत्रिय राजकुमार भगवान महावीर के जामाता थे। बहुरतवादी कार्य की सम्पन्नता मे दीर्घकाल की अपेक्षा मानते है। वह क्रियमाण को कृत नही मानते, अपितु वस्तु के पूर्ण निष्पन्न होने पर ही उसका अस्तित्त्व स्वीकार करते है।

(२) **जीवप्रादेशिक**–भगवान महावीर के कैवल्य-प्राप्ति के सोलह वर्ष पश्चात् ऋषभपुर में जीवप्रादेशिकवाद की उत्पत्ति हुई। इसके प्रवर्त्तक तिष्यगुप्त थे। जीव के असख्य प्रदेश है, परन्तु जीवप्रादेशिक मतानुसारी जीव के चरम प्रदेश को ही जीव मानते है, शेष प्रदेशो को नहीं।

(३) **अव्यक्तिक**–भगवान महावीर के परिनिर्वाण के दो सौ चौदह वर्ष पश्चात् श्वेताम्बिका नगरी मे अव्यक्तवाद की उत्पत्ति हुई। इसके प्रवर्त्तक आचार्य आसाढ के शिष्य थे। अव्यक्तवादी के शिष्य अनेक थे, अतएव उनके नामो का उल्लेख उपलब्ध नहीं है। मात्र उनके पूर्वावस्था के गुरु का नामोल्लेख किया गया है।

(४) **सामुच्छेदिक**–भगवान महावीर के निर्वाण के दो सौ बीस वर्ष पश्चात् मिथिलापुरी में समुच्छेदवाद की उत्पत्ति हुई। इसके प्रवर्त्तक आचार्य अश्वमित्र थे। ये प्रत्येक पदार्थ का सम्पूर्ण विनाश मानते है एव एकान्त समुच्छेद का निरूपण करते है।

(५) द्वैक्रिय—श्रमण भगवान महावीर के निर्वाण के दो सौ अट्ठाईस वर्ष पश्चात् उल्लुकातीर नगर में द्विक्रियावाद की उत्पत्ति हुई। इसके प्रवर्त्तक आचार्य गंग थे। ये एक ही साथ दो क्रियाओ का अनुवेदन मानते हैं।

(६) त्रैराशिक—श्रमण भगवान महावीर के परिनिर्वाण के पाँच सौ चवालीस वर्ष पश्चात् अन्तरंजिका नगरी मे त्रैराशिक मत का प्रवर्त्तन हुआ। इसके प्रवर्त्तक आचार्य रोहगुप्त (षडुलूक) थे। उन्होंने दो राशि के स्थान पर तीन राशियाँ (जीव, अजीव, नो जीव) मानीं।

(७) अबद्धिक—श्रमण भगवान महावीर के निर्वाण के पाँच सौ चौरासी वर्ष पश्चात् दशपुर नगर मे अबद्धिक मत का प्रारम्भ हुआ। इसके प्रवर्त्तक आचार्य गोष्ठामाहिल थे। इनका यह मन्तव्य था कि कर्म आत्मा का स्पर्श करते हैं किन्तु उनके साथ एकीभूत नही होते।

१ जमालि, ६ रोहगुप्त तथा ७ गोष्ठामाहिल के अतिरिक्त अन्य चार निह्नव अपनी-अपनी भूलो का प्रायश्चित्त लेकर पुनः सघ मे सम्मिलित हो गये। जमालि, रोहगुप्त तथा गोष्ठामाहिल, जो सघ से अन्त तक पृथक् ही रहे, उनकी कोई परम्परा नही चली। न उनका कोई साहित्य ही उपलब्ध है।

निह्नवों के विशेष वर्णन के लिए विशेषावश्यक भाष्य तथा जैन सिद्धान्त बोल सग्रह, भाग २ मे देखा जा सकता है।

Elaboration—In his commentary (*Vritti*), Acharya Abhayadev Suri has briefly discussed the seven *nihnavas* (mendacious seceders) mentioned in this aphorism Scattered references about them are also available in various other scriptures A brief introduction of *nihnavas* (mendacious seceders) is as follows—

SEVEN NIHNAVAS (MENDACIOUS SECEDERS)

Those people have been included in *nihnavas* (mendacious seceders) here who had difference of opinion on some particular philosophical topic or principle of Jainism For these differences they left Bhagavan Mahavir's order but did not join any other school or sect. That is why they were called *nihnavas* (mendacious seceders) preaching against some specific Jain principle. *Nihnavas* (mendacious seceders) are those conceited individuals who oppose some established principle to propagate their dogmatic views There have been seven such groups, two of which came into being after Bhagavan Mahavir attained omniscience and five after his nirvana. Their period extends from fourteen years after Bhagavan Mahavir's attaining omniscience to 584 ANM (After the Nirvana of Mahavir).

(1) Bahurat—Fourteen years after Bhagavan Mahavir attained omniscience the *Bahurat-vaad* school came into existence in Shravasti. Its founder was Jamali. This *Kshatriya* prince was the son-in-law of

Bhagavan Mahavir. *Bahurat-vaad* maintains that a long period of time is needed for the conclusion of an act. They do not believe in the theory that the work in progress should be taken to be accomplished. They accept it only when it is concluded.

(2) Jivapradeshik—Sixteen years after Bhagavan Mahavir attained omniscience the *Jivapradeshik-vaad* school came into existence in Rishabhpur. Its founder was Tishyagupta. Soul has innumerable space-points (*pradesh*) but according to the *Jivapradeshik-vaad* school only the final space-point (*pradesh*) is accepted as soul and not the rest

(3) Avyaktik—Two hundred and fourteen years after the nirvana of Mahavir the *Avyakt-vaad* school came into existence in Shvetambika city. Its founder was a disciple of Acharya Asadh. *Avyakt-vaadi* had many disciples but their names are not available. The only available mention is of his guru prior to his dissent

(4) Samuchhedik—Two hundred and twenty years after the nirvana of Bhagavan Mahavir the *Samuchhed-vaad* school came into existence in Mithilapuri Its founder was Acharya Ashvamitra This school believes in total destruction of every substance and propagates the theory of absolute destruction

(5) Dvaikriya—Two hundred and twenty eight years after the nirvana of Bhagavan Mahavir the *Dvikriya-vaad* school came into existence in Ullukateer city Its founder was Acharya Gang. This school believed in the possibility of two simultaneous activities

(6) Trairashik—Five hundred and fourty four years after the nirvana of Bhagavan Mahavir the *Trairashik-vaad* school came into existence in Antaranjika city Its founder was Acharya Rohagupta (Shaduluk) Instead of two groups—soul and matter—he postulated three groups—soul, matter and non-soul.

(7) Abaddhik—Five hundred and eighty four years after the nirvana of Bhagavan Mahavir the *Abaddhik-vaad* school came into existence in Dashpur city Its founder was Acharya Goshthamahil. This school believed that *karmas* touch soul but are not fused with it

Other than Jamali (1), Rohagupta (6) and Goshthamahil (7), four *nihnavas* later atoned for their misconceptions and mistakes to rejoin the order. Jamali, Rohagupta and Goshthamahil never rejoined the order. No lineage of disciples nor any literature connected with them is available.

For further details about *nihnavas* consult *Visheshavashyak Bhashya* and *Jain Siddhant Bol Samgrah*, Part 2.

१२२. से जे इमे गामागर जाव सण्णिवेसेसु मणुया भवंति, तं जहा—अप्पारंभा, अप्पपरिग्गहा, धम्मिया, धम्माणुया, धम्मिट्ठा, धम्मक्खाई, धम्मप्पलोई, धम्मपलज्जणा, धम्मसमुदायारा, धम्मेणं चेव वित्तिं कप्पेमाणा, सुसीला, सुव्वया, सुप्पडियाणंदा।

साहूहिं एगच्चाओ पाणाइवायाओ पडिविरया जावज्जीवाए, एगच्चाओ अपडिविरया एवं जाव एगच्चाओ कोहाओ, माणाओ, लोहाओ, पेज्जाओ, दोसाओ, कलहाओ, अब्भक्खाणाओ, पेसुण्णओ, परपरिवायाओ, अरइरइओ, मायामोसाओ, मिच्छादंसणसल्लाओ पडिविरया जावज्जीवाए, एगच्चाओ अपडिविरया।

एगच्चाओ आरंभसमारंभाओ पडिविरया जावज्जीवाए, एगच्चाओ अपडिविरया। एगच्चाओ करणकारावणाओ पडिविरया जावज्जीवाए, एगच्चाओ अपडिविरया। एगच्चाओ पयणपयावणाओ पडिविरया जावज्जीवाए, एगच्चाओ पयणपयावणाओ अपडिविरया। एगच्चाओ कोट्टणपिट्टणतज्जणतालणवहबंधपरिकिलेसाओ पडिविरया जावज्जीवाए, एगच्चाओ अपडिविरया। एगच्चाओ ण्हाणमद्दणवण्णगविलेवणसद्दफरिसरसरूवगंध-मल्लालंकाराओ पडिविरया जावज्जीवाए, एगच्चाओ अपडिविरया। जेयावण्णे तहप्पगारा सावज्जजोगोवहिया कम्मंता परपाणपरियावणकरा कज्जंति, तओ वि एगच्चाओ पडिविरया जावज्जीवाए, एगच्चाओ अपडिविरया।

१२२. ग्राम, आकर, सन्निवेश आदि मे जो ये मनुष्य होते है, जैसे—**अल्पारंभी**—आवश्यक थोडी हिंसा से जीवन चलाने वाले, **अल्पपरिग्रही**—सीमित धन, धान्य आदि मे सन्तोष रखने वाले, **धार्मिक**—श्रुत चारित्ररूप धर्म का आचरण करने वाले, **धर्मानुग**—श्रुत धर्म या आगमानुमोदित धर्म का अनुसरण करने वाले, **धर्मिष्ठ**, धर्मप्रिय—धर्म मे प्रीति रखने वाले, **धर्माख्यायी**—धर्म का आख्यान करने वाले, भव्य प्राणियो को धर्म बताने वाले अथवा **धर्मख्याति**—धर्म मे ख्याति प्राप्त करने वाले, **धर्मप्रलोकी**—धर्म को उपादेय रूप मे देखने वाले, **धर्मप्ररंजन**—धर्म मे विशेष रूप से अनुरंजित रहने वाले, **धर्मसमुदाचार**—धर्म का सम्यक् आचरण करने वाले, धर्मपूर्वक अपनी जीविका चलाने वाले, **सुशील**—उत्तम शील, आचारयुक्त, सुव्रत—श्रेष्ठ व्रतयुक्त, **सुप्रत्यानन्द**—जिनका चित्त सदा धर्म मे आनन्दयुक्त रहता हो।

वे साधुओ के पास—साधुओ की साक्षी से **एगच्चाओ**—आशिक रूप मे, या स्थूल रूप मे जीवनभर के लिए हिंसा से निवृत्त होते हैं, किन्तु सूक्ष्म हिंसा से जो निवृत्त नहीं होते, इसी

तरह स्थूल मृषावाद आदि से भी समझना चाहिए तथा जो क्रोध से, मान से, माया से, लोभ से, राग से, द्वेष से, कलह से, अभ्याख्यान से, पैशुन्य से, परपरिवाद से, रति-अरति से, माया-मृषाभ से तथा मिथ्यादर्शन शल्य से स्थूल रूप से तो निवृत्त होते हैं, किन्तु सूक्ष्म रूप में अनिवृत्त अविरत रहते है।

वे स्थूल रूप मे जीवनभर के लिए आरम्भ-समारम्भ से विरत होते है, किन्तु सूक्ष्म रूप मे अविरत होते है, वे जीवनभर के लिए स्थूलरूप मे किसी क्रिया के करने-कराने से विरत होते हैं, सूक्ष्म रूप से अप्रतिविरत होते है, वे जीवनभर के लिए पकाने-पकवाने से स्थूल रूप मे प्रतिविरत होते है, किन्तु सूक्ष्म रूप मे अविरत होते हैं, इसी प्रकार कूटने-पीटने, तर्जित करने-कटु वचनो द्वारा भर्त्सना करने, ताडना करने, थप्पड आदि द्वारा ताडित करने, **वध**-प्राण लेने, **बन्ध**-रस्सी आदि से बाँधने, **परिक्लेश**-पीडा देने से स्थूल रूप में प्रतिविरत होते हैं, सूक्ष्म रूप मे अप्रतिविरत होते है, वे जीवनभर के लिए स्नान, मर्दन, वर्णक, विलेपन, शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गन्ध, माला तथा अलकार से स्थूल रूप मे विरत होते हैं, सूक्ष्म रूप मे अविरत रहते हैं, इसी प्रकार और भी पापमय प्रवृत्तियुक्त, छल-प्रपचयुक्त, दूसरो के प्राणो को कष्ट पहुँचाने वाले कर्मों से जीवनभर के लिए स्थूल रूप मे प्रतिविरत होते है, किन्तु स्थूल रूप मे अप्रतिविरत रहते है।

THE UPAPAT OF ALPARAMBHI AND OTHER HUMAN BEINGS

122. In places lıke *gram, aakar,* .. and so on up to... *sannivesh* there live people who—commit mınimum violence barely essential for subsistence (*alparambhı*) They are content with limited wealth and possessıons (*alpaparıgrahı*) They follow the relıgıous conduct as stated in scriptures (*dharmık*) They pursue the spirıtual path as stated in the *Agams* (*dharmanug*) They have affinity for religion (*dharmısth*) They preach religıon to the worthy (*dharmakhyayı*) or are famous as beıng relıgious (*dharmakhyatı*) They consider religion to be their goal. They are absorbed in religıon (*dharmapraranȷan*), are steadfast in following the right religious conduct and earn their livelihood religiously. They are good in religious conduct (*sushıl*). They are good observers of vows (*suvrat*) and are blıssful ın following the religious path (*supratyanand*).

Under the guidance of ascetics they partially and broadly abstain from harming or destroying life (*pranatıpat*) for their whole life but not absolutely and precisely The same statement should be

repeated for *mrishavad* (falsity), *adattadan* (taking without being given; act of stealing), *maithun* (indulgence in sexual activities) and *parigraha* (act of possession of things). Also they partially and broadly, but not absolutely and precisely, abstain from indulging in *krodh* (anger), *maan* (conceit), *maya* (deceit), *lobha* (greed), *raag* (attachment inspired by love, deceit and greed), *dvesh* (aversion inspired by suppressed anger and conceit), *kalah* (dispute), *abhyakhyan* (blaming falsely), *paishunya* (inculpating someone), *paraparivad* (slandering), *rati-arati* (inclination towards indiscipline and against discipline), *mayamrisha* (to betray or tell a lie deceptively) and *mithyadarshan shalya* (the thorn of wrong belief or unrighteousness).

They partially and broadly, but not absolutely and precisely, desist for their whole life from indulging in sinful deeds. They partially and broadly, but not absolutely and precisely, desist for their whole life from worldly action and instigating such action. They partially and broadly, but not absolutely and precisely, desist for their whole life from cooking or causing others to cook. In the same way they partially and broadly, but not absolutely and precisely, desist for their whole life from hammering, reprimanding, insulting, slapping or beating, killing, binding with a rope and tormenting They partially and broadly, but not absolutely and precisely, desist for their whole life from bathing, massaging, painting, besmearing and influence of sound, touch, taste, form, smell, garlands and ornaments. In the same way they partially and broadly, but not absolutely and precisely, desist for their whole life from all other activities that are sinful, deceitful and tormenting to others

१२३. तं जहा–समणोवासगा भवंति, अभिगयजीवाजीवा, उवलद्धपुण्णपावा, आसव–संवर–निज्जर–किरिया–अहिगरण–बंध–मोक्ख–कुसला, असहेज्जा, देवासुर–णाग–जक्ख–रक्खस–किन्नर–किंपुरिस–गरुल–गंधव्व–महोरगाइएहिं देवगणेहिं निग्गंथाओ पावयणाओ अणइक्कमणिज्जा, निग्गंथे पावयणे णिस्संकिया, णिक्कंखिया, निव्वितिगिच्छा, लद्धट्ठा, गहियट्ठा, पुच्छियट्ठा, अभिगयट्ठा, विणिच्छियट्ठा अट्ठिमिंजपेमाणुरागरत्ता "अयमाउसो ! निग्गंथे पावयणे अट्ठे, अयं परमट्ठे, सेसे अणट्ठे।"

ऊसियफलिहा, अवंगुयदुवारा, चियत्तंतेउरपरघरप्पवेसा चउद्दसट्ठमुद्दिट्ठपुण्णमासिणीसु पडिपुण्णं पोसहं सम्मं अणुपालेत्ता समणे निग्गंथे फासुएसणिज्जेणं असण–पाण–खाइम–साइमेणं, वत्थपडिग्गह–कंबलपायपुच्छणेणं, ओसहभेसज्जेणं पडिहारएण य पीढफलगसेज्जासंथारएणं पडिलाभेमाणा विहरंति।

विहरित्ता भत्तं पच्चक्खंति ते बहूइं भत्ताइं अणसणाए छेदेंति, छेदित्ता आलोइयपडिक्कंता, समाहिपत्ता कालमासे कालं किच्चा उक्कोसेणं अच्चुए कप्पे देवत्ताए उववत्तारो भवंति। तहिं तेसिं गई, बावीसं सागरोवमाई ठिई, आराहगा, सेसं तहेव।

१२३. इसी प्रकार ऐसे श्रमणोपासक होते हैं, जो जीव, अजीव आदि पदार्थों के यथार्थ स्वरूप के ज्ञाता होते हैं। जिन्होने पुण्य और पाप का भेद अच्छी प्रकार जाना है। आस्रव, सवर, निर्जरा, क्रिया, अधिकरण, बन्ध एवं मोक्ष के विषय मे हेय–उपादेय के ज्ञान से युक्त हैं। जो धर्म–साधना मे किसी दूसरे की सहायता की अपेक्षा नही रखते हैं, जिन्हें देव, नाग, सुपर्ण, यक्ष, राक्षस, किन्नर, किपुरुष, गरुड, गन्धर्व, महोरग आदि देव निर्ग्रन्थ–प्रवचन से विचलित नही कर सकते, जो निर्ग्रन्थ–प्रवचन मे शकारहित, अन्य भौतिक आकांक्षाओं से रहित, विचिकित्सा–सशयरहित, धर्म के यथार्थ तत्त्व को प्राप्त किये हुए, जिज्ञासा या प्रश्न द्वारा उसे स्थिर किये हुए, तत्त्व रहस्य को पूर्ण रूप में ग्रहण किये हुए, निश्चित रूप में आत्मसात् किये हुए हैं, जिनकी अस्थि और मज्जा तक धर्म के प्रति प्रेम तथा अनुराग से रँगे हैं। जो दूसरों को इस प्रकार बताते हैं, अथवा जिनका यह निश्चित विश्वास है कि "यह निर्ग्रन्थ–प्रवचन ही सारभूत है, इसके सिवाय अन्य सब सारहीन–व्यर्थ हैं।

(व्यवहार में वे इतने उदार और विश्वसनीय है कि–) **उच्छ्रित–परिघ**–कभी जिनके घर के किवाडों के आगल नहीं लगी रहती, अथवा जिनका हृदय स्फटिक के समान निर्मल है। **अपावृतद्वार**–भिक्षुक, अतिथि आदि खाली न लौट जायें, इस दृष्टि से जिनके घर के दरवाजे सदा खुले रहते हों **त्यक्तान्तःपुर गृहद्वार प्रवेश**–राजा के अन्तःपुर अथवा घर के भीतरी भाग में जिनका प्रवेश विश्वसनीय एवं प्रीतिकारक है, साधना की दृष्टि से चतुर्दशी, अष्टमी, अमावस्या एवं पूर्णिमा को परिपूर्ण पौषध का सम्यक् अनुपालन करते हुए, श्रमण–निर्ग्रन्थो को प्रासुक–अचित्त, एषणीय–निर्दोष अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य, आहार, वस्त्र, पात्र, कम्बल, पाद–प्रोञ्छन, औषध–जडी–बूटी आदि वनौषधि, भेषज–तैयार औषधि, दवा, प्रातिहारिक वस्तु (–लेकर वापस लौटा देने योग्य वस्तु), बाजोट, ठहरने का स्थान, बिछाने के लिए घास आदि द्वारा प्रतिलाभित करते हुए धर्म का पालन करते हैं।

इस प्रकार का जीवन जीते हुए वे अन्त समय में भोजन का त्याग कर देते हैं। बहुत से भोजनकाल अनशन रूप मे व्यतीत करते हैं, अनशनकाल में वे पापस्थानो की आलोचना करते है। प्रतिक्रमण करते है। इस प्रकार समाधि अवस्था प्राप्त कर मृत्युकाल आने पर देह त्यागकर उत्कृष्टत अच्युतकल्प में देव रूप मे उत्पन्न होते हैं। अपने स्थान के अनुरूप वहाँ उनकी गति होती है। उनकी स्थिति बाईस सागरोपम प्रमाण होती है। वे परलोक के आराधक होते हैं। (शेष वर्णन पूर्ववत् है।)

123. Also there are *Shraman* worshippers (*Shramanopasaks*) who have properly acquired the knowledge of the living (*jiva*), non-living (*ajiva*) and other substances, who have properly understood the difference between merit-demerit (*punya-paap*), who have discriminatory knowledge about inflow of *karmas* (*asrava*), blocking of inflow of *karmas* and shedding of *karmas* (*smavar-nirjara*), action (*kriya*), means (*adhikaran*), bondage (*bandh*) and liberation (*moksha*) They do not seek help from others in their religious pursuits. They cannot be forced to waver from the *Nirgranth* sermon by gods and lower gods including Asur, Naag, Suparn, Yaksh, Rakshas, Kinnar, Kimpurush, Garud, Gandharva and Mahorag Being free of any doubt, perplexity and ambiguity in the *Nirgranth* sermon they have received, confirmed by raising questions, absorbed, acquired in entirety and the real fundamentals of religion. Affinity and attachment for religion has penetrated deep into their bone and marrow. They have unwavering faith that only this *Nirgranth* sermon is meaningful or beatific and everything else is meaningless or worthless.

(They are so liberal and upright in behaviour that—) in their houses door bolts are never used (*Uchchhrit phaliha*), this also means that their hearts are as pure as crystal, to avoid guests and beggars returning unattended, gates of their houses are never closed to anyone (*Apavritadvar*); and their entry to the inner (ladies) quarters of any house, including the king's palace, never offends anyone (*Tyaktantahpura grihadvar pravesh*). Properly observing the complete *paushadh* (partial ascetic vow) on eighth, fourteenth and fifteenth days of every fortnight and offering uncontaminated and acceptable food (of four kinds—*ashan, paan, khadya* and *svadya*), garb, blanket, napkin, medicine and

returnable things like bed, living quarters, hay for making bed etc. to *Shraman-nirgranths*, they lead a pious life.

Leading such pious life they finally take the ultimate vow (*samlekhana*) and observe a long period of fasting doing critical review of the transgressions committed. Doing so, at the time of death, they abandon this earthly body in the state of meditation. Abandoning this body they reincarnate as gods in the lofty *Achyut-kalp*. Their state (*gati*) is according to their respective status. Their life-span there is upto twenty two *Sagaropam* (a metaphoric unit of time). They are true aspirants for next birth. (rest of the details as already mentioned.)

आरम्भ त्यागी श्रमणों का मोक्ष

१२४. से जे इमे गामागर जाव सण्णिवेसेसु मणुया भवंति, तं जहा–अणारंभा, अपरिग्गहा धम्मिया जाव कप्पेमाणा सुसीला, सुव्वया, सुपडियाणंदा, साहू, सव्वाओ पाणाइवायाओ पडिविरया, जाव सव्वाओ परिग्गहाओ पडिविरया, सव्वाओ, कोहाओ, माणाओ, मायाओ, लोभाओ जाव मिच्छादंसणसल्लाओ पडिविरया, सव्वाओ आरंभ–समारंभाओ पडिविरया, सव्वाओ करण–कारावणाओ पडिविरया, सव्वाओ पयण–पयावणाओ पडिविरया, सव्वाओ कोट्टण–पिट्टण–तज्जण–तालण–वह–बंध–परिकिलेसाओ पडिविरया, सव्वाओ ण्हाण–मद्दण–वण्णग–विलेवण–सद्द–फरिस–रस–रूव–गंध–मल्लालंकाराओ पडिविरया, जे यावण्णे तहप्पगारा सावज्जजोगोवहिया कम्मंता परपाणपरियावणकरा कज्जति, तओ वि पडिविरया जावज्जीवाए।

१२४. ग्राम, आकर, सन्निवेश आदि मे जो ये मनुष्य रहते है, उनमे से कई एक मनुष्य साधु होते हैं। आरम्भरहित होते हैं। परिग्रह के त्यागी होते हैं। धार्मिक होते हैं यावत् धर्म का अनुसरण करने वाले, धर्मिष्ट तथा धर्मपूर्वक आजीविका चलाने वाले होते है। सुशील, सुव्रत–व्रतो का निर्दोष पालन करने वाले, जिनका चित्त सदा धर्मध्यान से आनन्द आल्हादयुक्त रहता हो, वे जीवनभर के लिए सम्पूर्णत· सब प्रकार की हिंसा (यावत् सम्पूर्णत· असत्य आदि) तथा समस्त परिग्रह से विरक्त होते है, वे सभी प्रकार के क्रोध से, मान से, माया से, लोभ से यावत् मिथ्यादर्शनशल्य से विरक्त होते है, सब प्रकार के आरम्भ–समारम्भ से निवृत्त होते हैं, करने तथा कराने से सम्पूर्णतः विरक्त होते है। सब प्रकार पचन–पाचन की क्रियाओं से विरक्त होते हैं। कूटने, पीटने, तर्जित करने, ताडित करने, किसी के प्राण लेने,

रस्सी आदि से बाँधने एवं किसी को कष्ट देने से सम्पूर्ण रूप में प्रतिविरत होते हैं, स्नान, मर्दन, वर्णक, विलेपन, शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गन्ध, माला और अलंकार से सम्पूर्ण रूप में दूर रहते हैं, इसी प्रकार सभी सावद्य–पाप प्रवृत्तियुक्त, छल–प्रपंचयुक्त जो दूसरों के प्राणों को कष्ट पहुँचाने वाले कार्य हैं, उनसे भी जीवनभर के लिए सम्पूर्ण रूप में विरत होते हैं।

THE UPAPAT OF ARAMBH-TYAGI SHRAMANS

124. In places like *gram, aakar,...* and so on up to... *sanniwesh* there live people some of whom are *sadhus* (ascetics). They commit no sinful activity or violence. They completely renounce possessions. They follow the religious conduct as stated in scriptures (*dharmik*),. and so on up to... subsist religiously, are good in religious conduct (*sushil*), are good observers of vows (*suvrat*) and are blissful in following the religious path (*supratyanand*) Under the guidance of ascetics they absolutely and precisely abstain from harming or destroying life (*pranatipat*) for their whole life The same statement should be repeated for *mrishavad* (falsity), *adattadan* (taking without being given, act of stealing), *maithun* (indulgence in sexual activities) and *parigraha* (act of possession of things) Also they absolutely and precisely abstain from indulging in *krodh* (anger), *maan* (conceit), *maya* (deceit), *lobha* (greed),.. and so on up to... *mithyadarshan shalya* (the thorn of wrong belief or unrighteousness). They absolutely and precisely, desist for their whole life from indulging in sinful deeds. They absolutely and precisely, desist for their whole life from worldly action and instigating such action They absolutely and precisely, desist for their whole life from cooking or causing others to cook. In the same way, they absolutely and precisely, desist for their whole life from hammering, reprimanding, insulting, slapping or beating, killing, binding with a rope and tormenting. They absolutely and precisely, desist for their whole life from bathing, massaging, painting, besmearing and influence of sound, touch, taste, form, smell, garlands and ornaments. In the same way, they absolutely and precisely, desist for their whole life from other activities that are sinful, deceitful and tormenting to others.

१२५. से जहाणामए अणगारा भवंति–इरियासमिया, भासासमिया, जाव इणमेव निग्गंथं पावयणं पुरओकाउं विहरंति।

१२५. ये जो अनगार–भगवंत होते हैं, वे ईर्या समिति, भाषा समिति आदि पाँच समितियों में सम्यक् रूप में यतनाशील होते है यावत् वे निर्ग्रन्थ के सभी गुणो से युक्त होते हैं। निर्ग्रन्थ, प्रवचन वीतराग वाणी रूप जिन–आज्ञा को सम्मुख रखते हुए विचरण करते हैं ऐसा पवित्र आचारयुक्त जीवन व्यतीत करते हैं।

125. These *Anagar Bhagavants* (venerated ascetics) properly follow the right code of self regulation related to movement, speech (etc.)... and so on up to... are endowed with all qualities of a *Nırgranth* Keeping ın mind the *Nırgranth* sermon, they lead life observing the pious code of conduct.

१२६. तेसि णं भगवंताणं एएणं विहारेणं विहरमाणाणं अत्थेगइयाणं अणंते जाव केवलवरनाणदंसणे समुप्पज्जइ। ते बहूइं वासाइं केवलिपरियागं पाउणंति, पाउणित्ता भत्तं पच्चक्खंति, भत्तं पच्चक्खित्ता बहूइं भत्ताइं अणसणाए छेदेंति, छेदित्ता जस्सट्ठाए कीरइ नग्गभावे जाव अंतं करंति।

१२६. इस प्रकार निर्ग्रन्थ–प्रवचन को आगे करके सयमी जीवन व्यतीत करने वाले श्रमणो मे से कइयों को अन्तरहित, केवलज्ञान, केवलदर्शन उत्पन्न होता है। वे बहुत वर्षों तक केवली–पर्याय का पालन करते हुए पृथ्वी पर विचरण करते है। अन्त मे आहार का परित्याग करते है, बहुत भक्तो का अनशनकाल सम्पन्न कर जिस लक्ष्य के लिए नग्न भाव धारण किया है उसकी आराधना करते हुए सब दुःखो का अन्त करते है।

126. Some of these *Shramans* leading a disciplined life keeping ın mind the *Nırgranth* sermon acquire *keval-jnana* and *keval-darshan* (ultımate knowledge and perception). For many years they wander around on thıs earth as omniscıents. In the end they observe the ultimate vow for a long period of fasting and pursuing the goal for which they had embraced the unclad state they end all their miseries (attain lıberation).

१२७. जेसिं पि य णं एगइयाणं णो केवलवरनाणदंसणे समुप्पज्जइ, ते बहूइं वासाइं छउमत्थपरियागं पाउणंति, पाउणित्ता आबाहे वा अणुप्पण्णे वा भत्तं पच्चक्खंति। ते बहूइं भत्ताइं अणसणाए छेदेंति, जस्सट्ठाए कीरइ नग्गभावे जाव तमट्ठमाराहित्ता चरिमेहिं

ऊसासणीसासेहिं अणंतं अणुत्तरं, निव्वाघायं, निरावरणं, कसिणं, पडिपुण्णं केवलवरनाणदंसणं उप्पादेंति, तओ पच्छा सिज्झिहिंति जाव अंतं करेहिंति।

१२७. इन श्रमण भगवतो मे से कतिपय अनगारों को केवलज्ञान, केवलदर्शन शीघ्र उत्पन्न नहीं होता, वे बहुत वर्षों तक छद्मस्थ-पर्याय मे रहते हुए सयम का पालन करते हैं। फिर कभी चाहे किसी प्रकार के रोग आदि विघ्न उत्पन्न हो, चाहे नही हो, तो भी वे भोजन का परित्याग कर देते हैं। बहुत दिनो का अनशन करते है। अनशन सम्पन्न कर, जिस लक्ष्य से कष्टपूर्ण सयम-पथ स्वीकार किया, उसकी सम्यक् आराधना कर अपने अन्तिम उच्छ्वास-नि:श्वास मे (अन्तिम समय में) अनन्त, अनुत्तर, निर्व्याघात, निरावरण, कृत्स्न, प्रतिपूर्ण केवलज्ञान, केवलदर्शन प्राप्त करते है। तत्पश्चात् सिद्ध होते है, सब दु:खो का अन्त करते है।

127. Some of these *Shramans* do not acquire *keval-jnana* and *keval-darshan* (ultimate knowledge and perception) soon They observe ascetic-discipline for many years living as *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage). At some opportune moment they abandon food irrespective of being sick and tormented or not. After a prolonged period of fasting and pursuing the goal for which they had accepted the rigorous path of ascetic-discipline, they acquire the infinite, unique, unimpeded, unveiled, absolute and complete *keval-jnana* and *keval-darshan* (ultimate knowledge and perception) during their last breath. After that they attain the status of *Siddha* and end all miseries

एकभवावतारी श्रमण

१२८. एगच्चा पुण एगे भयंतारो पुव्वकम्मावसेसेणं कालमासे कालं किच्चा उक्कोसेणं सव्वट्ठसिद्धे महाविमाणे देवत्ताए उववत्तारो भवंति। तहिं तेसिं गई, तेतीसं सागरोवमाइं ठिई, आराहगा, सेसं तं चेव।

१२८. उन अनगार भगवंतो मे कुछ ऐसे भी अनगार होते हैं जो एक ही भव करने वाले-भविष्य मे केवल एक ही बार मनुष्य-देह धारण करने वाले अथवा **भयत्राता**-सयममयी साधना द्वारा संसार भय से अपना परित्राण करने वाले साधक, जिनके पूर्व संचित कर्मों मे से कुछ कर्म अवशेष रह जाते है, जिस कारण मृत्युकाल आने पर देह त्यागकर उत्कृष्ट सर्वार्थसिद्ध महाविमान में देव रूप में उत्पन्न होते हैं, वहाँ अपने स्थान के अनुरूप उनकी गति होती है। उनकी स्थिति तेतीस सागरोपम प्रमाण होती है। वे परलोक के आराधक होते हैं। (शेष वर्णन पूर्ववत् जाने।)

SHRAMANS DESTINED FOR JUST ONE REINCARNATION

128. Some of these *Anagar Bhagavants* (venerable ascetics) are those who are to reincarnate in future, only once as human beings or those aspirants who seek salvation from the fear of rebirths through their ascetic practices As they are left with some residual *karmas* from those accumulated in the past, at the time of death, they abandon this earthly body and reincarnate as gods in the lofty *Sarvarth Siddha Mahaviman* (a divine dimension). Their state (*gati*) is according to their respective status. Their life-span there is thirty-three *Sagaropam* (a metaphoric unit of time). They are true aspirants for next birth (rest of the details as already mentioned.)

सर्वकामादिविरत मनुष्यों का उपपात

१२९. से जे इमे गामागर जाव सण्णिवेसेसु मणुया भवंति, तं जहा- सव्वकामविरया, सव्वरागविरया, सव्वसंगातीता, सव्वसिणेहाइक्कंता अक्कोहा, निक्कोहा, खीणक्कोहा एवं माण-माय-लोहा, अणुपुव्वेणं अट्ठ कम्मपयडीओ खवेत्ता उप्पिं लोयग्गपइट्ठाणा हवंति।

१२९. ग्राम, आकर, सन्निवेश आदि मे जो ये मनुष्य रहते हैं, जैसे-शब्द आदि समस्त काम्य विषयो से जो विरक्त हो चुके है, सब प्रकार के राग परिणामों से जो निवृत्त है, **सर्व संगातीत**-सब प्रकार की आसक्तियो से दूर है, **सर्वस्नेहातिक्रान्त**-सब प्रकार के स्नेह से मुक्त हो चुके है, क्रोध को विफल करने वाले, **निष्क्रोध**-जिनके क्रोध का उदय ही नही होता, **क्षीणक्रोध**-जिनका क्रोध मोहनीय कर्म क्षीण हो गया हो, इसी प्रकार जिनके मान, माया, लोभ क्षीण हो गये हो, वे आठों कर्म-प्रकृतियो का क्षय करते हुए लोक के अग्र भाग मे प्रतिष्ठित होते है अर्थात् मोक्ष प्राप्त करते है।

THE UPAPAT OF SARVAKAMADIVIRAT

129. In places like *gram, aakar,..* and so on up to... *sanniwesh* there live some people who have become apathetic to all kinds and objects of desire, such as sound; who are devoid of all thoughts and attitudes of attachment; who are beyond any infatuations; who are free of all kinds of fondness and love; who have subdued their anger (*akrodh*); in whom anger does not even arise (*nishkrodh*) and who have shed the anger-creating deluding *karma* (*krodh mohaniya karma*). In the same way, there are those who have shed the conceit, deceit and greed creating deluding *karmas* (*maan, maya, lobh*

mohaniya karmas). They shed all the eight *karma prakritis* (species of *karma* by qualitative segregation) and are installed at the edge of the universe In other words, they attain liberation.

केवली–समुद्घात सम्बन्धी प्रश्नोत्तर

१३०. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा केवलिसमुग्घाएणं समोहणित्ताकेवलकप्पं लोयं फुसित्ता णं चिट्ठइ ?

हंता, चिट्ठइ।

१३०. भगवन् ! भावितात्मा–(अध्यात्म रस से अनुप्रीणित) अनगार केवलि–समुद्घात द्वारा आत्म–प्रदेशो को देह से बाहर निकालकर क्या समग्र लोक का स्पर्श कर स्थित होते हैं ?

हाँ, गौतम ! स्थित होते है।

QUESTIONS REGARDING KEVALI-SMUDGHAT

130. *Bhante* ! Do the worthy souls (inspired by spiritualism) expand their soul-space-points (*atmapradesh*) through the process of *Kevali-samudghat* (the bursting process through which an omniscient destroys the residual *karma* particles) and touch the entire universe (*lok* or occupied space) ?

Yes, Gautam ! They do.

१३१. से नूणं भंते केवलकप्पे लोए तेहिं निज्जरापोग्गलेहिं फुडे ?

हंता, फुडे।

१३१. भगवन् ! क्या उन समुद्घात से निर्जरित–खिरे हुए पुद्गलो से समग्र लोक स्पृष्ट (व्याप्त) होता है ?

हाँ, गौतम ! होता है।

131. *Bhante* ! Do the particles of matter shed and scattered during this process of *samudghat* (bursting) envelope the entire universe (*lok* or occupied space) ?

Yes, Gautam ! They do

छद्मस्थ की जानने की क्षमता

१३२. छउमत्थे णं भंते ! मणुस्से तेसिं णिज्जरापोग्गलाणं किंचि वण्णेणं वण्णं, गंधेणं गंधं, रसेणं रसं, फासेणं फासं जाणइ पासइ ?

गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

१३२. भगवन् ! छद्मस्थ-सराग अवस्था में रहा मनुष्य क्या उन निर्जरा पुद्‌गलों के वर्ण रूप से वर्ण को, गन्ध रूप से गन्ध को, रस रूप से रस को तथा स्पर्श रूप से स्पर्श को जानता है ? देखता है ?

गौतम ! ऐसा सम्भव नहीं है।

CAPACITY OF A CHHADMASTH TO EXPERIENCE

132. *Bhante* ! Is it possible for a *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) to experience and know the appearance, smell, taste and touch of the matter particles so shed and scattered in the form of appearance, smell, taste and touch ?

No, Gautam ! That is not possible.

१३३. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ छउमत्थे णं मणुस्से तेसिं णिज्जरापोग्गलाणं णो किंचि वण्णेणं वण्णं जाव (गंधेणं गंधं, रसेणं रसं, फासेणं फासं) जाणइ, पासइ ?

१३३. भगवन् ! यह किस अभिप्राय से कहा जाता है कि छद्मस्थ मनुष्य उन खिरे हुए पुद्‌गलों के वर्ण रूप से वर्ण को, गन्ध रूप से गन्ध को, रस रूप से रस को तथा स्पर्श रूप से स्पर्श को जरा भी नही जानता, नही देखता ?

133. *Bhante* ! For what reason it is said that it is not possible for a *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) to experience and know the appearance, smell, taste and touch of the matter particles so shed and scattered in the form of appearance, smell, taste and touch ?

१३४. गोयमा ! अयं णं जंबुद्दीवे दीवे सव्वदीवसमुद्दाणं सव्वब्भंतराए, सव्वखुड्डाए, वट्टे, तेलापूयसंठाणसंठिए वट्टे, रहचक्कवालसंठाणसंठिए एक्कं जोयणसयसहस्सं आयामविक्खंभेणं, तिण्णि जोयणसयसहस्साइं सोलससहस्साइं दोण्णि य सत्तावीसे जोयणसए तिण्णि य कोसे अट्ठावीसं च धणुसयं तेरस य अंगुलाइं अद्धंगुलियं च किंचि विसेसाहिए परिक्खेवेणं पण्णत्ते।

१३४. गौतम ! यह जम्बूद्वीप नामक द्वीप सभी द्वीपों तथा समुद्रों के बिलकुल बीच मे स्थित है। यह आकार में सबसे छोटा है, गोल है। तेल में पके हुए पूए के समान गोल है।

रथ के पहिये के आकार के सदृश गोलाकार है। कमलकर्णिका–कमल के बीज–कोष की तरह गोल है। पूर्ण चन्द्रमा के आकार के समान गोलाकार है। इसकी लम्बाई–चौडाई एक लाख योजन प्रमाण है। तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताईस योजन, तीन कोस, एक सौ अट्ठाईस धनुष तथा साढे तेरह अगुल से कुछ अधिक इसकी परिधि बतलाई गई है।

134. Gautam ! This Jambudvipa continent is located at the center of all continents and oceans. It is round and smallest of all. It is round like a *pua* (a round fried cookie), like a chariot wheel, like a lotus seed pod and like a full moon. Its length and breadth is one hundred thousand *Yojans* (one *Yojan* being eight miles). Its circumference is said to be three hundred sixteen thousand two hundred twenty seven *Yojans*, three *Kosas*, one hundred twenty eight *Dhanushas* and thirteen *Anguls*. (for details about these units see *Illustrated Anuyog-dvar Sutra*, Part II, p 72)

१३५. देवे णं महिड्ढीए, महज्जुतीए महब्बले, महाजसे, महासुक्खे, महाणुभावे, सविलेवणं गंधसमुग्गयं गिण्हइ, गिण्हित्ता तं अवदालेइ, अवदालित्ता जाव इणामेव त्ति कट्टु केवलकप्पं जंबुद्दीवं दीवं तिहिं अच्छराणिवाएहिं तिसत्तखुत्तो अणुपरियट्टित्ता णं हव्वमागच्छेज्जा।

१३५. एक अत्यधिक ऋद्धिमान्, द्युतिमान्, अत्यन्त बलवान्, महायशस्वी, परम सुखी, बहुत प्रभावशाली ऐसा कोई देव चन्दन, केसर आदि विलेपन करने योग्य सुगन्धित चूर्ण से परिपूर्ण पेटी लेता है, लेकर उस पेटी को वही पर खोलता है, खोलकर उस सुगन्धित चूर्ण को सर्वत्र बिखेरता हुआ तीन चुटकी बजाने जितने समय मे समस्त जम्बूद्वीप की इक्कीस परिक्रमाएँ कर तुरन्त लौट आता है।

135. A god endowed with great fortune, radiance, power, glory, happiness and influence takes a box filled with perfumed powder (sandalwood, saffron etc.) prepared for application. He opens the box and sprinkling around the powder, moves with great speed going around Jambudveep twenty one times and returning in as little time as taken in snapping fingers thrice.

१३६. से नूणं गोयमा ! से केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे तेहिं घाणपोग्गलेहिं फुडे ?

हंता फुडे !

१३६. गौतम ! क्या समस्त जम्बूद्वीप उन सुगन्धित घ्राण पुद्‌गल परमाणुओं से स्पृष्ट होता है; भरा जाता है ?

हाँ, भगवन्, ऐसा होता है।

136. Gautam ! Is the whole Jambudveep enveloped by those ultimate smell particles of matter ?

Yes, *Bhante* ! It is.

१३७. छउमत्थे णं गोयमा ! मणुस्से तेसिं घाणपोग्गलाणं किंचि वण्णेणं वण्णं जाव जाणइ पासइ ?

भगवं ! णो इणट्ठे समट्ठे।

१३७. गौतम ! क्या छद्‌मस्थ मनुष्य उन घ्राण–पुद्‌गलो को वर्ण रूप से वर्ण आदि को किंचित् रूप मे भी जान पाता है ? देख पाता है ?

भगवन् ! ऐसा सम्भव नही है।

137. Is it possible for a *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual karmic bondage) to experience and know the appearance... and so on up to... touch of those ultimate smell particles of matter ?

No, *Bhante* ! It is not possible

१३८. से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ छउमत्थे णं मणुस्से तेसिं णिज्जरापोग्गलाणं णो किंचि वण्णेणं वण्णं जाव जाणइ, पासइ।

१३८. गौतम ! इसी अभिप्राय से यह कहा जाता है कि छद्‌मस्थ मनुष्य उन खिरे हुए पुद्‌गलों के वर्ण रूप से वर्ण आदि को जरा भी नहीं जानता, नहीं देखता।

138. Gautam ! For the same reason it is said that it is not possible at all for a *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual karmic bondage) to experience and know the appearance, smell, taste and touch of the matter particles so shed and scattered in the form of appearance, smell, taste and touch.

१३९. एए सुहुमा णं ते पोग्गला पण्णत्ता, समणाउसो ! सव्वलोयं पि य णं ते फुसित्ता णं चिट्ठंति।

१३९. आयुष्मान् श्रमणो ! वे पुद्गल अत्यन्त सूक्ष्म होते हैं। वे समग्र लोक का स्पर्श कर स्थित रहते है।

139. Long lived *Shramans* ! Those particles are extremely subtle. They exist in a touching state and enveloping the entire *lok* (occupied space or universe)

केवली-समुद्घात का हेतु

१४०. कम्हा णं भंते ! केवली समोहणंति ? कम्हा णं केवली समुग्घायं गच्छंति ?

गोयमा ! केवली णं चत्तारि कम्मंसा अपलिक्खीणा भवंति, तं जहा-१. वेयणिज्जं, २. आउयं, ३. णामं, ४. गोत्तं। सव्वबहुए से वेयणिज्जे कम्मे भवइ। सव्वत्थोए से आउए कम्मे भवइ। विसमं समं करेइ बंधणेहिं ठिईहि य। एवं खलु केवली समोहणंति, एवं खलु केवली समुग्घायं गच्छंति।

१४०. भगवन् ! केवली किस कारण समुद्घात करते है-किस कारण आत्म-प्रदेशो को फैलाते हैं।

गौतम ! केवलियो के वेदनीय, आयुष्य नाम तथा गोत्र-ये चार कर्मांश-कर्म दलिक अपरिक्षीण रहते है-पूर्णत क्षीण नही होते, उनमे वेदनीय कर्म सबसे अधिक होता है, आयुष्य कर्म सबसे कम होता है। बन्धन एवं स्थिति द्वारा विषम कर्मों को वे सम करते है। बन्धन एवं स्थिति की दृष्टि से विषम कर्मों को सम करने हेतु केवली-समुद्घात् करते है। आत्म-प्रदेशो को फैलाते है।

THE PURPOSE OF KEVALI SAMUDGHAT

140. *Bhante* ! Why does a *Kevali* undertake the process of *Kevali samudghat* ? Why does he acquire the rarefied state of soul-space-points ?

Gautam ! Parts of four kinds of *karmas* of *Kevalis* are not completely shed or destroyed; they are *vedaniya* (*karma* that causes feelings of happiness or misery), *ayushya* (*karma* that determines the span of a given life-time), *naam* (*karma* that determines the destinies and body types) and *gotra* (*karma* responsible for the higher or lower status of a being). Of these residual *karmas*, *vedaniya* is maximum and *ayushya* is minimum. They have to equate these disproportionate *karmas* in terms of intensity and periodicity. They undertake the process of *Kevali samudghat* in

order to balance these *karmas*, disproportionate in terms of intensity and periodicity. For that purpose they launch the process of bursting and rarefying the soul-space-points.

१४१. सव्वे वि णं भंते ! केवली समुग्घायं गच्छंति ?

णो इणट्ठे समट्ठे;

अकित्ता णं समुग्घायं, अणंता केवली जिण।
जरामरणविप्पमुक्का, सिद्धिं वरगइं गया॥

१४१. भगवन् ! क्या सभी केवली-समुद्घात करते हैं ?

गौतम ! ऐसा नही है।

समुद्घात किये बिना ही अनन्त केवली, जिन-(वीतराग) जरा और मृत्यु से सर्वथा मुक्त होकर सिद्धावस्था रूप सर्वोत्कृष्ट गति को प्राप्त हुए है। (समुद्घात वे ही करते हैं, जिनके विषय मे सूत्र १४० लागू होता है।)

141. *Bhante* ! Do all *Kevalis* undergo the process of *Kevali-samudghat* ?

Gautam ! That is not true.

Without undertaking *samudghat* infinite *Kevali Jinas* (detached omniscients) have got themselves liberated from ageing and death and attained the most exalted state of perfection (*Siddha*). (*Samudghat* is undertaken only by those to whom conditions described in aphorism 140 are applicable)

समुद्घात का स्वरूप

१४२. कइसमए णं भंते ! आउज्जीकरणे पण्णत्ते ?

गोयमा ! असंखेज्जसमइए अंतोमुहुत्तिए पण्णत्ते।

१४२. भगवन् ! यह मोक्ष-प्राप्ति का आवर्जीकरण-बँधे हुए कर्मों को उदयावस्था मे लाने का प्रक्रियाक्रम कितने समय का कहा गया है ?

गौतम ! वह असंख्येय समयवर्ती अन्तर्मुहूर्त्त का कहा गया है।

NATURE OF SAMUDGHAT

142. *Bhante* ! What is said to be the time required to bring the *karmas* fused to the soul to the state of fruition (*avarjikaran*) ?

Gautam ! It is said to be an *antarmuhurt* (less than one *muhurt* or 48 minutes) consisting of innumerable *Samayas* (the ultimate fractional unit of time that cannot be divided any further; the smallest unit of time).

१४३. केवलिसमुग्घाए णं भंते ! कइसमइए पण्णत्ते ?

गोयमा ! अट्ठसमइए पण्णत्ते। तं जहा—पढमे समए दंडं करेइ, बिईए समए कवाडं करेइ, तइए समए मंथं करेइ, चउत्थे समए लोयं पूरेइ, पंचमे समए लोयं पडिसाहरइ, छट्ठे समए मंथं पडिसाहरइ, सत्तमे समए कवाडं पडिसाहरइ, अट्ठमे समए दंडं पडिसाहरइ। तओ पच्छा सरीरत्थे भवइ।

१४३. भगवन् ! केवली-समुद्घात कितने समय का कहा है ?

गौतम ! केवली-समुद्घात आठ समय का कहा गया है। पहले समय मे केवली ऊर्ध्वलोक तथा अधोलोक के अत तक आत्म-प्रदेशो को विस्तीर्ण कर दण्ड के आकार मे फैलाते है। दूसरे समय मे केवली आत्म-प्रदेशो को कपाटाकार विस्तीर्ण करते हैं अर्थात् आत्म-प्रदेश पूर्व तथा पश्चिम दिशा मे फैलकर कपाट का आकार धारण कर लेते है। तीसरे समय मे केवली उन्हे मन्थानाकार करते है—आत्म-प्रदेश दक्षिण तथा उत्तर दिशा में फैलकर मथानी का आकार ले लेते है। चौथे समय मे केवली लोकशिखर सहित सम्पूर्ण लोक के अन्तरालो (बीच के खाली स्थान को) आत्म-प्रदेशो से भर देते है। पाँचवे समय मे उसी के विलोम क्रम मे अन्तराल स्थित आत्म-प्रदेशो का सहरण करते हैं। छठे समय मे मन्थानी के आकार मे अवस्थित आत्म-प्रदेशो का संहरण करते है। सातवें समय मे कपाट के आकार मे स्थित आत्म-प्रदेशो को वापस सकुचित करते हैं। आठवें समय में दण्ड के आकार मे स्थित आत्म-प्रदेशो का प्रतिसहरण करते है। तत्पश्चात् वे (पूर्ववत्) अपने शरीर मे स्थित हो जाते है।

143. *Bhante* ! What is said to be the time required for *Kevali-samudghat* ?

Gautam ! It is said to be eight *Samayas* (the smallest unit of time)—In the first *Samaya* the *Kevali* expands his soul-space-points to envelope space from lowest tip of the lower world (hells) to the highest tip of the upper world (heavens) in shape of a stick (cylindrical). In the second *Samaya* he expands his soul-space-points laterally from east to west taking the shape of a door (cubical but flat). In the third *Samaya* he expands his soul-space-points across from south to north taking the shape of a churning-stick. In

the fourth *Samaya* he expands his soul-space-points filling the remaining void with his soul-space-points to cover the whole *lokakasha* (the occupied space or the universe). In the fifth *Samaya* he reverses the process and shrinks the soul-space-points from the void (to regain the churning stick shape). In the sixth *Samaya* from the churning stick shape (to regain the door shape). In the seventh *Samaya* from the door shape (to regain the stick shape). In the eighth *Samaya* from the stick shape to regain the original form of the body.

समुद्घात मे योग प्रवृत्ति

१४४. से णं भंते ! तया समुग्घायं गए किं मणजोगं जुंजइ ? वयजोगं जुंजइ ? कायजोगं जुंजइ ?

गोयमा ! णो मणजोगं जुंजइ, णो वयजोगं जुंजइ, कायजोगं जुंजइ।

१४४. भगवन् ! समुद्घात अवस्था में प्रवर्त्तमान केवली क्या मनोयोग का प्रयोग करते है ? क्या वचनयोग का प्रयोग करते हैं ? अथवा काययोग का प्रयोग करते हैं ?

गौतम ! समुद्घात मे प्रवर्त्तमान केवली न तो मनोयोग का प्रयोग करते हैं, न ही वचनयोग का, किन्तु मात्र एक काययोग का प्रयोग करते है। अर्थात् उस समय केवल काययोग की क्रिया होती है।

ASSOCIATION DURING SAMUDGHAT

144. *Bhante* ! During the process of *samudghat* does a *Kevali* indulge in activity associated with mind (*mano-yoga*) ? Does he indulge in activity associated with speech (*vachan yoga*) ? Does he indulge in activity associated with body (*kaya-yoga*) ?

Gautam ! During the process of *samudghat* a *Kevali* neither indulges in activity associated with mind nor in activity associated with speech. He only indulges in activity associated with body ?

१४५. कायजोगं जुंजमाणे किं ओरालियसरीरकायजोगं जुंजइ ? ओरालियमिस्ससरीरकायजोगं जुंजइ ? वेउव्वियसरीरकायजोगं जुंजइ ? वेउव्वियमिस्ससरीरकायजोगं जुंजइ ? आहारगसरीरकायजोगं जुंजइ ? आहारगमिस्ससरीरकायजोगं जुंजइ ? कम्मसरीरकायजोगं जुंजइ ?

गोयमा ! ओरालियसरीरकायजोगं जुंजइ, ओरालियमिस्ससरीरकायजोगं पि जुंजइ, णो वेउव्वियसरीरकायजोगं जुंजइ, णो वेउव्वियमिस्ससरीरकायजोगं जुंजइ, णो आहारगसरीरकायजोगं जुंजइ, णो आहारगमिस्ससरीरकायजोगं जुंजइ, कम्मसरीरकायजोगं पि जुंजुइ।

पढमट्ठमेसु समएसु ओरालियसरीरकायजोगं जुंजइ, बिइयछट्ठसत्तमेसु समएसु ओरालियमिस्ससरीरकायजोगं जुंजइ, तइयचउत्थ पंचमेहिं कम्मसरीरकायजोगं जुंजइ।

१४५. भगवन् ! काययोग का प्रयोग करते हुए क्या वे केवली औदारिक शरीर काययोग को काम मे लेते है, औदारिक शरीर से क्रिया करते है ? अथवा औदारिक-मिश्र (औदारिक और कार्मण) दोनों शरीरो से क्रिया करते हैं ? क्या वैक्रिय शरीर से क्रिया करते है ? अथवा वैक्रिय-मिश्र (कार्मण-मिश्रित अथवा औदारिक मिश्रित वैक्रिय) शरीर से क्रिया करते है ? क्या आहारक शरीर से क्रिया करते है? अथवा आहारक-मिश्र (औदारिक मिश्रित आहारक शरीर) से क्रिया करते हैं ? क्या कार्मण शरीर से क्रिया करते है ? अर्थात् सात प्रकार के काययोग में से किस काययोग का प्रयोग करते है ?

गौतम ! समुद्घात अवस्था मे स्थित केवली भगवान औदारिक शरीर काययोग से क्रिया करते है, औदारिक-मिश्र काययोग से भी क्रिया करते है। किन्तु वे वैक्रिय शरीर तथा वैक्रिय-मिश्र शरीर से क्रिया नहीं करते। आहारक शरीर तथा आहारक-मिश्र शरीर काययोग से भी क्रिया नही करते। अर्थात् वे केवली भगवान मात्र औदारिक तथा औदारिक के साथ-साथ कार्मण शरीर काययोग का प्रयोग करते है।

पहले और आठवे समय मे वे औदारिक शरीर काययोग का प्रयोग करते है। दूसरे, छठे एव सातवे समय मे वे औदारिक-मिश्र शरीर काययोग का प्रयोग करते है। तीसरे, चौथे और पाँचवे समय मे कार्मण शरीर काययोग का प्रयोग करते हैं। (अर्थात् सात प्रकार के काययोगो मे मात्र औदारिक शरीर काययोग, औदारिक-मिश्र शरीर काययोग तथा कार्मण शरीर काययोग का प्रयोग करते है।)

145. *Bhante* ! While undertaking activity associated with the body does a *Kevali* employ association of the *Audarik sharira* (acts with the gross physical body) or mixed *Audarik sharira, i.e. Audarik* and *Karman* (both, gross physical body and *karmic*) body ? Does he employ *Vaikriya sharira* (transmutable body) or mixed *Vaikriya sharira, i.e. Vaikriya-Karman* or *Vaikriya-Audarik* (*karmic* and

transmutable or *karmic* and gross physical) bodies ? Does he employ *Aharak sharira* (telemigratory body) or mixed *Aharak sharira, i.e. Aharak* and *Audarik* (telemigratory and gross physical) bodies ? Does he employ *Karman sharira* (*karmic* body) ? In other words, of the seven kinds of body associations which one does he employ ?

Gautam ! While undertaking activity associated with the body a *Kevali* employs association of the *Audarik sharira* (acts with the gross physical body) and also mixed *Audarik sharira*. He does not employ *Vaikriya sharira* (transmutable body) or mixed *Vaikriya sharira* He also does not employ *Aharak sharira* (telemigratory body) or mixed *Aharak sharira*. In other words, a *Kevali* employs association only with gross physical body and *karmic* body.

In the first and eighth *Samaya* he employs activity associated with gross physical body. In the second, sixth and the seventh *Samayas* he employs activity associated with mixed gross physical body In the third, fourth and fifth *Samayas* he employs activity associated with *karmic* body. (In other words, of the seven kinds of body associations he only employs *Audarik sharira* association, mixed *Audarik sharira* association, and *Karman sharira* association) (for details about five kinds of bodies refer to *Illustrated Anuyogadvar Sutra*, Part II, aphorism 405)

समुद्घात के पश्चात् योग–प्रवृत्ति

१४६. से णं भंते ! तहा समुग्घायगए सिज्झइ, बुज्झइ, मुच्चइ, परिणिव्वाइ, सव्वदुक्खाणमंतं करेइ ?

णो इणट्ठे समट्ठे। से णं तओ पडिणियत्तइ, पडिणियत्तित्ता इहमागच्छइ, आगच्छित्ता तओ पच्छा मणजोगं पि जुंजइ, वयजोगं पि जुंजइ, कायजोगं पि जुंजइ।

१४६. भगवन् ! क्या समुद्घात करते समय केवली भगवान सिद्ध होते है ? बुद्ध होते हैं ? मुक्त होते है ? परिनिर्वाण को प्राप्त करके समस्त दुःखो का अन्त करते हैं ?

गौतम ! ऐसा नहीं होता। किन्तु वे उस–समुद्घात क्रिया से निवृत्त होकर वापस लौटते हैं। लौटकर अपने मनुष्य शरीर में स्थित होते हैं। तत्पश्चात् मनोयोग, वचनयोग तथा काययोग को भी प्रयुक्त करते हैं–मानसिक, वाचिक एवं कायिक क्रिया भी करते हैं।

146. *Bhante* ! While undergoing the process of *samudghat*, does a *Kevalı* become Siddha (attain the state of perfection), Buddha (enlightened), Mukta (liberated) and attain *nırvana* to end all miseries ?

Gautam ! Thıs does not happen. But concluding the process of *samudghat* he returns On returning he maintains himself in his human body After that he also employs associations (*yoga*) with mind, speech and body in activity. In other words he indulges in mental, vocal and physıcal activities.

१४७. मणजोगं जुंजमाणे किं सच्चमणजोगं जुंजइ ? मोसमणजोगं जुंजइ ? सच्चामोसमणजोगं जुंजइ ? असच्चामोसमणजोगं जुंजइ ?

गोयमा ! सच्चमणजोगं जुंजइ, णो मोसमणजोगं जुंजइ, णो सच्चामोसमणजोगं जुंजइ, असच्चामोसमणजोगं पि जुंजइ।

१४७. भगवन् ! समुद्घात से निवृत्त होने पर केवली भगवान मनोयोग का उपयोग करते हुए क्या सत्य मनोयोग का उपयोग करते है? अथवा मृषा–असत्य मनोयोग का उपयोग करते हैं? क्या सत्य–मृषा, सत्य–असत्य मिश्रित मनोयोग का उपयोग करते है? क्या असत्य–अमृषा, अर्थात् व्यवहार मनोयोग का उपयोग करते है?

गौतम ! वे केवली भगवान सत्य मनोयोग का उपयोग करते है किन्तु असत्य मनोयोग तथा सत्य–असत्य मिश्रित मनोयोग का उपयोग नहीं करते। परन्तु असत्य–अमृषा मनोयोग रूप व्यवहार मनोयोग का उपयोग करते हैं।

147. *Bhante* ! After concluding the *samudghat* process, while performing actıvities of the mind (*manoyoga*) does a *Kevalı* use association based on truth or untruth or truth-untruth or non-truth-non-untruth ?

Gautam ! A *Kevalı* uses mind-association based on truth. He does not use mind-association based on untruth or truth-untruth. However, he uses that based on practical non-truth-non-untruth ?

१४८. वयजोगं जुंजमाणे किं सच्चवइजोगं जुंजइ ? मोसवइजोगं जुंजइ ? सच्चामोसवइजोगं जुंजइ ? असच्चामोसवइजोगं जुंजइ ?

गोयमा ! सच्चवइजोगं जुंजइ, णो मोसवइजोगं जुंजइ, णो सच्चामोसवइजोगं जुंजइ, असच्चामोसवइजोगं पि जुंजइ।

१४८. भगवन् ! वे केवली भगवानवचन योग को काम में लेते हुए क्या सत्य वचनयोग का प्रयोग करते है ? क्या मृषा वचनयोग को प्रयुक्त करते है ? अथवा असत्य-अमृषा वचनयोग को प्रयुक्त करते है ?

गौतम ! वे सत्य वचनयोग का प्रयोग करते है। किन्तु न तो असत्य वचनयोग का प्रयोग करते है, न वे सत्य-मृषा वचनयोग का ही प्रयोग करते है परन्तु वे असत्य-अमृषा-वचनयोग का भी प्रयोग करते है।

148. *Bhante* ! After concluding the *samudghat* process, while performing activities of the speech (*vachan yoga*) does a *Kevali* use association based on truth or untruth or truth-untruth or non-truth-non-untruth ?

Gautam ! A *Kevali* uses speech-association based on truth. He does not use speech-association based on untruth or truth-untruth. However, he uses that based on non-truth-non-untruth ?

१४९. कायजोगं जुंजमाणे आगच्छेज्ज वा, चिट्ठेज्ज वा, णिसीएज्ज वा, तुयट्टेज्ज वा, उल्लंघेज्ज वा, पलंघेज्ज वा, उक्खेवणं वा, अवक्खेवणं वा, तिरियक्खेवणं वा करेज्जा पाडिहारियं वा पीढफलगसेज्जासंथारगं पच्चप्पिणेज्जा।

१४९. समुद्घात से निवृत्त केवली भगवान काययोग मे प्रवृत्ति करते हुए आगमन करते है, ठहरते है, बैठते है, लेटते है, लॉघते है-उलाँघते हैं, उत्क्षेपण-अवक्षेपण तथा तिर्यक्क्षेपन करते हैं-हाथ आदि को ऊपर करते हैं, नीचे करते हैं, तिरछे या आगे-पीछे करते हैं अथवा ऊँची, नीची और तिरछी गति करते हैं तथा प्रातिहारिक-काम में लेने के बाद वापस लौटाने योग्य पट्ट, शय्या, सस्तारक आदि उपकरण लौटाते है।

149. After concluding the *samudghat* process, while performing activities of the body (*kayayoga*) a *Kevali* comes, stays, sits, lies down, crosses, goes across, moves up-down and sideways (or moves his hands up-down and sideways) as well as returns plank, bed, ascetic-broom and other returnable ascetic-equipment.

सिद्धावस्था-प्राप्ति का क्रम

१५०. से णं भंते ! तहा सजोगी सिज्झइ, जाव (बुज्झइ, मुच्चइ, परिणिव्वाइ, सव्व-दुक्खाणं) अंतं करेइ ?

णो इणट्ठे समट्ठे।

१५०. भगवन् ! वे केवली भगवान क्या सयोगी अवस्था मे सिद्ध होते हैं (बुद्ध होते हैं, मुक्त होते है, परिनिर्वृत्त होते हैं, परिनिर्वाण को प्राप्त करते हैं) एव सब दुःखो का अन्त करते हैं ?

गौतम ! ऐसा नही होता।

PROGRESS TO PERFECTION

150. *Bhante* ! Whıle stıll in thıs aforesaıd state of assocıation (*sayogi avastha*), does a *Kevalı* become *Sıddha* (attain the state of perfection), *Buddha* (enlightened), *Mukta* (liberated) and attain nirvana to end all miseries ?

No, Gautam ! This does not happen.

१५१. से णं पुव्वामेव सण्णिस्स पंचिंदियस्स पज्जत्तगस्स जहण्णजोगिस्स हेट्ठा असंखेज्जगुणपरिहीणं पढमं मणजोगं निरुंभइ, तयाणंतरं च णं बिंदियस्स पज्जत्तगस्स जहण्णजोगिस्स हेट्ठा असंखेज्जगुणपरिहीणं बिइयं वइजोगं निरुंभइ, तयाणंतरं च णं सुहुमस्स पणगजीवस्स अपज्जत्तगस्स जहण्णजोगस्स हेट्ठा असंखेज्जगुणपरिहीणं तइयं कायजोगं णिरुंभइ।

१५१. वे सयोगी केवली भगवान सबसे पहले पर्याप्त सज्ञी–पचेन्द्रिय जीव के जघन्य मनोयोग के भी नीचे के स्तर से असख्यात गुणहीन मनोयोग का निरोध करते है, अर्थात् इतना सूक्ष्म मनोव्यापार उनके बाकी रहता है। उसके बाद पर्याप्त द्वीन्द्रिय जीव के जघन्य वचनयोग के नीचे के स्तर से असख्यात गुणहीन वचनयोग का निरोध करते है। उसके पश्चात् अपर्याप्त–सूक्ष्म पनक–लीलन–फूलन आदि निगोदिया जीव के जघन्य योग के नीचे के स्तर से असख्यात गुणहीन काययोग का निरोध करते है।

151. That *Sayogı Kevalı* first of all, restrıcts the residual actıvıtıes associated with mind which are of the order of an infinıte fraction of the mınımum mental activity of a fully developed five sensed sentient being; which means that he was left with only such a minute mental activity. After that he restricts the residual actıvities associated with speech whıch are of the order of an infinite fraction of the minimum mental activity of a fully developed two sensed being. Then he restricts the residual activities associated with body

which are of the order of an infinite fraction of the minimum physical activity of underdeveloped dormant life forms like moss and lichen.

१५२. से णं एएणं उवाएणं पढमं मणजोगं णिरुंभइ, मणजोगं णिरुंभित्ता वयजोगं णिरुंभइ, वयजोगं णिरुंभित्ता कायजोगं णिरुंभइ, कायजोगं णिरुंभित्ता जोगनिरोहं करेइ, जोगनिरोहं करेत्ता अजोगत्तं पाउणइ, अजोगत्तणं पाउणित्ता ईसिं हस्सपंचक्खरुच्चारणद्धाए असंखेज्जसमइयं अंतोमुहुत्तियं सेलेसिं पडिवज्जइ।

पुव्वरइयगुणसेढियं च णं कम्मं तीसे सेलेसिमद्धाए असंखेज्जेहिं गुणसेढीहिं अणंते कम्मंसे खवयंते, वेयणिज्जाउयणामगोए इच्चेते चत्तारि कम्मंसे जुगवं खवेइ, खवित्ता ओरालियतेयकम्माइं सव्वाहिं विप्पजहणाहिं विप्पजहइ, विप्पजहित्ता उज्जुसेढीपडिवण्णे अफुसमाणगई उड्ढं एक्कसमएणं अविग्गहेण गंता सागारोवउत्ते सिज्झइ।

१५२. इस प्रकार के उपाय द्वारा वे केवली भगवान सर्वप्रथम मनोयोग का निरोध करते है, मनोयोग का निरोध कर वचनयोग का निरोध करते हैं, वचनयोग का निरोध कर काययोग का निरोध करते है। काययोग का निरोध कर सर्वथा योगनिरोध करते हैं—मन, वचन तथा शरीर से सम्बद्ध प्रवृत्ति मात्र को रोकते है। इस क्रम से समस्त योगो का निरोध कर वे अयोगि अवस्था प्राप्त करते है। अयोगि अवस्था प्राप्त हो जाने पर मध्यम गति से अ, इ, उ, ऋ, लृ के पाँच ह्रस्व अक्षर उच्चारण काल मे जितना समय लगता है उतने असंख्यात समय के अन्तर्मुहूर्त्त काल मे शैलेशी अवस्था–(मेरुवत् अकम्प) दशा को प्राप्त हो जाते हैं।

उस शैलेशी काल में पूर्व रचित गुण–श्रेणी के रूप में रहे कर्मों को, असंख्यात गुण–श्रेणियो मे अनन्त कर्मांशो (कर्मदलिको) को क्षीण करते हुए वेदनीय, आयुष्य, नाम तथा गोत्र–इन चारो कर्मदलिको का एक साथ क्षय कर देते हैं। इन्हें क्षीण कर औदारिक, तैजस् तथा कार्मण शरीर का पूर्ण रूप से परित्याग कर देते है। कर्मों के क्षीण होने पर ऋजुश्रेणिप्रतिपन्न हो अर्थात् आकाश–प्रदेशों की विग्रहरहित सीधी पंक्ति का अवलम्बन कर अन्तराल के प्रदेशों को नहीं स्पर्शते हुए एक समय मे ऊर्ध्वगमन कर साकारोपयोग–ज्ञानोपयोग मे सिद्ध अवस्था मे विराजमान होते हैं।

152. This way he first of all stops mental activity. After stopping mental activity he stops all vocal activity. After stopping vocal activity he stops all physical activity. After stopping physical activity he stops all activity or association; which means he stops all intent of any activity associated with mind, speech and body. Having thus terminated all association in the said order he attains

the state of non-association or non-action (*ayogi*). Once the *ayogi* state is attained he transcends to the *shaileshi* state (rock-like stillness) within an *antarmuhurt* (less than fourty eight minutes) of infinite *Samayas* equivalent to the time taken in pronouncing the five short vowels *a, i, u, ri* and *lri* with average speed.

During the period he is in that *shaileshi* state he sheds infinite fractions of *karmas* (the subtle *karma* particles) prearranged or already existing in the innumerable qualitative sequences (*guna-shreni*). This instantaneously brings to an end all the four *karmas* (non-vitiating *karmas*), namely *Vedaniya* (*karma* that causes feelings of happiness or misery), *Ayushya* (*karma* that determines the span of a given life-time), *Naam* (*karma* that determines the destinies and body types) and *Gotra* (*karma* responsible for the higher or lower status of a being) Shedding all *karmas* he completely abandons the *audarik* (gross physical), *taijas* (fiery) and *karman* (*karmic*) bodies through diverse methods of renunciation Once the *karmas* are shed he rises taking a straight line vertical path (*rijushreni*) and not touching the intervening space-points, transcends in just one *Samaya* to the state of perfection (*Siddha* state) and ever pulsating knowledge (*sakaropayoga*).

विवेचन—इस सूत्र मे योग-निरोध कर सिद्ध अवस्था-प्राप्ति का क्रम बताया है। यही क्रम उत्तराध्ययनसूत्र, अध्ययन २९ के सूत्र ७३-७४ मे भी है। इसमे आये विशेष शब्द गुण श्रेणी तथा ऋजु श्रेणी का सक्षिप्त भाव इस प्रकार है-

गुण श्रेणी—केवली अवस्था मे अवशिष्ट वेदनीय आदि चार कर्मों को शीघ्रतर क्षय करने के निमित्त उनके दलिको को क्रम से प्रति समय पूर्व-पूर्व की अपेक्षा उत्तरोत्तर असख्यात गुण वृद्धि से गुणित कर स्वल्प, बहु, बहुतर एव बहुतम इस श्रेणी रूप मे विभाजित करते हुए कर्म स्थिति का क्षय करना, गुण श्रेणी है। अर्थात् गुण श्रेणी के प्रथम समय मे कर्मदलिक स्वल्प ग्रहण किये जाते है, द्वितीय समय मे पूर्व की अपेक्षा असख्यात गुणित दलिक ग्रहण किये जाते है, तृतीय समय में इससे भी असख्यात गुणित कर्मदलिक ग्रहण किये जाते है। इस प्रकार जब तक अन्तर्मुहूर्त्त का समय पूर्ण नही हो जाता क्रमश उत्तरोत्तर असख्यात गुण कर्मदलिकों को क्षय किया जाता है। कर्म पुद्गलो की इस श्रेणीबद्ध रचना का नाम गुण श्रेणी है। केवली भगवान प्रथम रचित गुण श्रेणिक कर्म को उस शैलेषी अवस्था मे नष्ट करते हुए अनन्त कर्मांशों का क्षय कर देते है।

ऋजु श्रेणीगत अस्पृशद्‌मान गति—जीव की गति दो प्रकार की श्रेणी मे होती है-ऋजु और वक्र। मुक्त जीव का ऊर्ध्वगमन ऋजु श्रेणी-आकाश प्रदेश की मोडरहित सरल सीधी गति से होता है। उस समय

आत्मा द्वारा स्पृष्ट आत्म-प्रदेशो के अतिरिक्त अन्तरालवर्ती आकाश प्रदेशों का स्पर्श न करते हुए गति करना अस्पृशद् गति है। (औपपातिक, अभयदेव वृत्ति)

Elaboration—This aphorism describes the progression of attaining the *Siddha* state through termination of association (*yoga*). The same order is also mentioned in *Uttaradhyayan Sutra* 29/73-74. The two technical terms used here are briefly explained as follows—

Gunashreni—The process of shedding *karma* particles every *Samaya* in exponential progression, from few to more to much more to much-much more, in order to end all the four kinds of residual *karmas* including *vedaniya* is called *Gunashreni* (qualitative sequence). This means that in the first *Samaya* of this sequence only a few *karma* particles are shed, in the second *Samaya* innumerable times more *karma* particles are shed; in the third *Samaya* innumerable times more *karma* particles than those shed in the second *Samaya* are shed, this process continues for one *antarmuhurt* and more and more *karma* particles are shed exponentially. This sequential formation of *karma* particles for shedding is called *Gunashreni* A *Kevali* destroying these prearranged sequences while he is in the *shaileshi* state sheds infinite number of *karma* particles.

Untouched movement in Rijushreni—A being moves two ways, straight and crooked A liberated being or soul rises upwards in a straight line During this rise the soul does not touch any external space-point. This movement or instantaneous jump without touching the intervening space-points is called untouched movement in *Rijushreni* (straight line). (*Aupapatik Abhayadev Vritti*)

सिद्धों का स्वरूप

१५३. ते णं तत्थ सिद्धा हवंति सादीया, अपज्जवसिया, असरीरा, जीवघणा, दंसणनाणोवउत्ता, निट्ठियट्ठा, निरेयणा, नीरया, णिम्मला, वितिमिरा, विसुद्धा सासयमणागयद्धं कालं चिट्ठंति।

१५३. वे (पूर्व सूत्र में कथित मनुष्य सर्वकाममुक्त होकर अष्ट कर्मप्रकृतियों का क्षय करके ऊर्ध्वलोक मे लोक के अग्र भाग ऊर्ध्वलोक में स्थित होते है) लोकाग्र भाग में स्थित **सादि**-मोक्ष-प्राप्ति के काल की अपेक्षा से आदि सहित है, **अपर्यवसित**-पुनः जन्म-मरण से मुक्त है, **अशरीर**-शरीररहित है, **जीवघन**-सघन अवगाढ़ आत्म-प्रदेशयुक्त है (पूर्व शरीर को छोडते समय शरीराकृति के अन्तरालों में आत्म-प्रदेश भर जाने से उनकी अवगाहना सघन-ठोस हो जाती है, अर्थात् पूर्व शरीर से तीन भाग न्यून अवगाहना रहती है। ज्ञान रूप साकार तथा दर्शन

रूप अनाकार उपयोग सहित है, **निष्ठितार्थ**—कृतकृत्य है, **निरेजन**—निश्चल, स्थिर या निष्कम्प है, **नीरज**—कर्म रूप रज से रहित है, **निर्मल**—पूर्वबद्ध कर्मों के मल से विनिर्मुक्त है, **वितिमिर**—अज्ञान रूप अन्धकार से रहित है, **परम शुद्ध**—समस्त कर्मक्षय हो जाने पर परम आत्म-शुद्धियुक्त सिद्ध भगवान भविष्य में शाश्वतकाल पर्यन्त (अपने स्वरूप में) सस्थित रहते हैं।

NATURE OF SIDDHAS

153. They, located at the edge of the universe (as mentioned in the preceding aphorism), are with a beginning (*saadi*) in context of the moment of attaining liberation but without an end (*aparyavasit*) in context of never to be reborn and without a body (*asharira*). They have a compact soul (*jivaghan*) or a soul having dense soul-space-points (when they abandon their body the void thus created is compensated by compacting of soul-space-points; the space occupied by the soul-space-points is two-third of the space occupied by the original body). They are with a manifest vivacity (*sakar upayog*) of knowledge and non-manifest vivacity (*anakar upayog*) of perception They are free of all needs (*nishthitarth*); free of any movement or absolutely still (*nirejan*); beyond the reach of the dirt of *karmas* (*neeraj*); free of the dirt of *karmas* accumulated in the past (*nirmal*); free of the darkness of ignorance (*vitimir*); and absolutely pure (*param shuddha*), having attained ultimate spiritual purity as a consequence to the complete shedding of all *karmas* These perfect souls eternally remain in the aforesaid form.

१५४. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ, ते णं तत्थ सिद्धा भवंति सादीया, अपज्जवसिया जाव (असरीरा, जीवघणा, दंसणनाणोवउत्ता, निट्ठियट्ठा, निरेयणा, नीरया, णिम्मला, वितिमिरा, विसुद्धा सासयमणागयद्धं कालं) चिट्ठंति ?

गोयमा ! से जहाणामए बीयाणं अग्गिदड्ढाणं पुणरवि अंकुरुप्पत्ती ण भवइ, एवा मेव सिद्धाणं कम्मबीए दड्ढे पुणरवि जम्मुप्पत्ती न भवइ। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—ते णं तत्थ सिद्धा भवंति सादीया, अपज्जवसिया जाव चिट्ठंति।

१५४. भगवन् ! आप किस कारण से कहते हैं कि वहाँ जो सिद्ध भगवान स्थित हैं, वे सादि तथा अपर्यवसित होते हैं, यावत् (शरीररहित, घनरूप, दर्शनज्ञानोपयुक्त-निष्ठितार्थ-निरेजन, नीरज, निर्मल, वितिमिर, विशुद्ध-परम शुद्ध, शाश्वत कालपर्यन्त) स्थिर रहते हैं ?

गौतम ! जैसे अग्नि से दग्ध–सर्वथा जले हुए बीजों की पुनः अंकुरो के रूप में उत्पत्ति नही होती, उसी प्रकार कर्म–बीज सम्पूर्ण रूप मे दग्ध होने के कारण सिद्धों की भी फिर जन्मोत्पत्ति नहीं होती। गौतम ! मैं इसी आशय से यह कह रहा हूँ कि सिद्ध सादि, अपर्यवसित होते हैं।

154. *Bhante* ! Why do you say that they, located at the edge of the universe (as mentioned in the preceding aphorism), are with a beginning (*saadi*) in context of the moment of attaining liberation; without an end (*aparyavasit*).... and so on up to.... These perfect souls eternally remain in the aforesaid form ?

Gautam ! Seeds burnt in fire cannot germinate. In the same way, as the seeds of *karmas* in case of *Siddhas* (perfected beings) are completely burnt, they are not born again So Gautam ! I say that they, located at the edge of the universe (as mentioned in the preceding aphorism), are with a beginning (*saadi*) in context of the moment of attaining liberation; without an end (*aparyavasit*)... and so on up to These perfect souls eternally remain in the aforesaid form

सिद्ध होते जीव के संहनन संस्थान आदि

१५५. जीवा णं भंते ! सिज्झमाणा कयरंमि संघयणे सिज्झंति ?

गोयमा ! वइरोसभणारायसंघयणे सिज्झंति।

१५५. भगवन् ! सिद्ध अवस्था प्राप्त होते हुए जीव किस सहनन में सिद्ध होते हैं ?

गौतम ! वे वज्र–ऋषभनाराच संहनन मे सिद्ध होते हैं।

CONSTITUTION AND STRUCTURE

155. *Bhante* ! In which constitution (*samhanan*) do the beings destined to be *Siddhas* (perfected beings) attain perfection ?

Gautam ! They attain perfection in *vajra-rishabh-narach samhanan* (a specific type of constitution of human body where the joints are perfect and strongest).

१५६. जीवा णं भंते ! सिज्झमाणा कयरंमि संठाणे सिज्झंति ?

गोयमा ! छण्हं संठाणाणं अण्णयरे संठाणे सिज्झंति।

१५६. भगवन् ! सिद्ध अवस्था प्राप्त होते हुए जीव किस संस्थान मे सिद्ध होते हैं ?

गौतम ! छह संस्थानों मे से किसी भी संस्थान से सिद्ध हो सकते हैं।

156. *Bhante* ! In which body structure (*samsthan*) do the beings destined to be *Siddhas* (perfected beings) attain perfection ?

Gautam ! They attain perfection in any of the six kinds of body structures (*samsthan*).

१५७. जीवा णं भंते ! सिज्झमाणा कयरंमि उच्चत्ते सिज्झंति ?

गोयमा ! जहण्णेणं सत्तरयणीए, उक्कोसेणं पंचधणुसइए सिज्झंति।

१५७. भगवन् ! सिद्धगति प्राप्त होते हुए जीव कितनी अवगाहना-ऊँचाई मे सिद्ध होते हैं ?

गौतम ! कम से कम सात हाथ तथा अधिक से अधिक पाँच सौ धनुष (४ हाथ का एक धनुष) की अवगाहना में सिद्ध होते है।

157. *Bhante* ! In what space-occupation or height (*avagahana*) of the body do the beings destined to be *Siddha* (perfected beings) attain perfection ?

Gautam ! They attain perfection in a minimum body height of seven cubits and a maximum of five hundred *Dhanush* (one *Dhanush* being four cubits)

विवेचन—सूत्र मे सिद्ध अवस्था प्राप्त होने वाले जीवो की जो अवगाहना बताई है, वह तीर्थंकरो की अपेक्षा से समझना चाहिए। जैसे कि भगवान महावीर जघन्य सात हाथ की और भगवान ऋषभ उत्कृष्ट पाँच सौ धनुष की अवगाहना से सिद्ध हुए। सामान्य केवलियो की अपेक्षा यह कथन नही है। क्योकि कूर्मापुत्र दो हाथ की अवगाहना से सिद्ध हुए, मरुदेवी माता की अवगाहना पाँच सौ धनुष से अधिक थी।

Elaboration—The *avagahana* or body height of the beings destined to be *Siddha* mentioned in this aphorism is in context of *Tirthankars*. The minimum body height of seven cubits refers to the height of Bhagavan Mahavir and the maximum of five hundred *Dhanush* refers to that of Bhagavan Rishabhadeva. This statement does not relate to ordinary omniscients because Kurmaputra attained perfection with a body height of two cubits and mother Marudevi with a body height of more than five hundred *Dhanush*.

१५८. जीवा णं भंते ! सिज्झमाणा कयरम्मि आउए सिज्झंति ?

गोयमा ! जहण्णेणं साइरेगट्ठवासाउए, उक्कोसेणं पुव्वकोडियाउए सिज्झंति।

१५८. भगवन् ! सिद्धगति प्राप्त होते हुए जीव कितने आयुष्य में सिद्ध होते है ?

गौतम ! कम से कम आठ वर्ष से कुछ अधिक आयुष्य में तथा अधिक से अधिक करोड पूर्व के आयुष्य में सिद्ध होते है। (इसका तात्पर्य यह हुआ कि आठ वर्ष या उससे कम की आयु वाले और क्रोड पूर्व से अधिक की आयु वाले जीव सिद्ध नही होते हैं।)

158. *Bhante* ! At what age do the beings destined to be *Siddha* (perfected beings) attain perfection ?

Gautam ! They attain perfection at a minimum age of a little more than eight years and a maximum of ten million *Purvas* (one Purva being 7056×10^{10} years)

सिद्धों का परिवास

१५९. अत्थि णं भंते ! इमीसे रयणप्पहाए पुढवीए अहे सिद्धा परिवसंति ?

णो इणट्ठे समट्ठे, एवं जाव अहे सत्तमाए।

१५९. भगवन् ! क्या इस रत्नप्रभा पृथ्वी-(प्रथम नारक भूमि) के नीचे सिद्ध भगवान निवास करते है ?

नही, ऐसा कहना ठीक नही है।

रत्नप्रभा के साथ-साथ शर्कराप्रभा, बालुकाप्रभा, पंकप्रभा, धूम्रप्रभा, तमःप्रभा तथा तमस्तम प्रभा-पहली से सातवीं तक सभी नारकभूमियों के सम्बन्ध में ऐसा ही समझना चाहिए अर्थात् उनके नीचे सिद्ध निवास नही करते।

ABODE OF SIDDHAS

159. Do the *Siddhas* reside beneath the *Ratnaprabha* land (the first hell) ?

No, this is not true.

This statement also holds good for all the infernal worlds including *Sharkaraprabha, Balukaprabha, Pankaprabha, Dhoom-prabha, Tamahprabha* and *Tamastamahprabha*. That means *Siddhas* do not reside beneath any of these infernal worlds.

१६०. अत्थि णं भंते ! सोहम्मस्स कप्पस्स अहे सिद्धा परिवसंति ?

णो इणट्ठे समट्ठे, एवं सव्वेसिं पुच्छा–ईसाणस्स, सणंकुमारस्स जाव (माहिंदस्स, बंभस्स, लंतगस्स, महासुक्कस्स, सहस्सारस्स, आणयस्स, आरणस्स) अच्चुयस्स गेवेज्जविमाणाणं अणुत्तर विमाणाणं।

१६०. भगवन् ! क्या सिद्ध भगवान सौधर्मकल्प (प्रथम देवलोक) के नीचे निवास करते हैं ?

नही, ऐसा कहना ठीक नहीं है। ईशान, सनत्कुमार (माहेन्द्र, ब्रह्म, लान्तक, महाशुक्र, सहस्रार, आनत, प्राणत, आरण एव) अच्युतकल्प तक, ग्रैवेयक विमानो तथा अनुत्तर विमानों के सम्बन्ध में भी ऐसा ही समझना चाहिए। अर्थात् इनके नीचे भी सिद्ध निवास नहीं करते।

160. Do the *Siddhas* reside beneath the Saudharma-kalp (the first *dev-lok* or heaven) ?

No, this is not true. The same also holds good for *Ishan, Sanatkumar...* and so on (*Mahendra, Brahma, Lantak, Mahashukra, Sahasrar, Anat, Pranat, Aran* and) up to *Achyut* as well as *Graiveyak* and *Anuttar Vimans*. That means *Siddhas* do not reside beneath any of these *dev-loks* or heavens.

१६१. अत्थि णं भंते ! ईसीपब्भाराए पुढवीए अहे सिद्धा परिवसंति ?

णो इट्ठे समट्ठे।

१६१. भगवन् ! क्या सिद्ध भगवान ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी के नीचे निवास करते है ?

नही, ऐसा कथन ठीक नही है।

161. Do the *Siddhas* reside beneath the *Ishatpragbhara Prithvi* ?

No, this is not true.

१६२. से कहिं खाइ णं भंते ! सिद्धा परिवसंति ?

गोयम ! इमीसे रयणप्पहाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ उड्ढं चंदिमसूरियग्गहगणणक्खत्त–ताराभवणाओ बहूइं जोयणाइं, बहूइं जोयणसयाइं, बहूइं जोयणसहस्साइं, बहूइं जोयणसयसहस्साइं, बहूओ जोयणकोडीओ, बहूओ जोयणकोडाकोडीओ उड्ढतरं उप्पइत्ता सोहम्मीसाणसणंकुमारमाहिंदबंभलंतग–महासुक्कसहस्सारआणयपाणयआरणअच्चुए, तिण्णि य अट्ठारे गेविज्जविमाणावाससए

वीईवइत्ता विजय–वेजयंत–जयंत–अपराजिय–सव्वट्ठसिद्धस्स य महाविमाणस्स सव्वउवरिल्लाओ थूभियग्गाओ दुवालसजोयणाइं अबाहाए एत्थ णं ईसीपब्भारा णाम पुढवी पण्णत्ता। पणयालीसं जोयणसयसहस्साइं आयामविक्खंभेणं, एगा जोयणकोडी बायालीसं च सयसहस्साइं तीसं च सहस्साइं दोण्णि य अउणापण्णे जोयणसए किंचि विसेसाहिए परिरएणं।

१६२. भगवन् ! सिद्ध भगवान कहाँ, किस स्थान पर निवास करते है ?

गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बहुसम रमणीय भूभाग से ऊपर, चन्द्र, सूर्य, ग्रहगण, नक्षत्र तथा तारों के भवनो से बहुत योजन, बहुत सैकड़ों योजन, बहुत हजारों योजन, बहुत लाखों योजन, बहुत करोडो योजन तथा बहुत क्रोडाक्रोड योजन से ऊर्ध्वतर–बहुत ऊपर जाने पर सौधर्म, ईशान, सनत्कुमार, माहेन्द्र, ब्रह्म, लान्तक, महाशुक्र, सहस्रार, आनत, प्राणत, आरण, अच्युतकल्प तथा तीन सौ अठारह ग्रैवेयक विमान आवास से भी ऊपर (नव ग्रैवेयक में तीन–तीन के तीन त्रिक समूह है। प्रथम त्रिक में १११, दूसरे त्रिक मे १०७ तथा तीसरे त्रिक में १०० इस प्रकार तीन सौ अठारह ग्रैवेयक विमान हैं) विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित और सर्वार्थसिद्ध महाविमान के शिखर के अग्र भाग से बारह योजन ऊपर ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी (सिद्धशिला) है।

वह पृथ्वी पैतालीस लाख योजन लम्बी–चौड़ी है। एक करोड बयालीस लाख तीस हजार दो सौ उनचास योजन से कुछ अधिक परिधि वाली है।

162. *Bhante* ! Where do the *Siddhas* reside ?

Gautam ! Many *Yojans* above the beautiful land known as *Ratnaprabha Prithvi* and abodes of Moon, Sun, planets, constellations and stars, in fact hundreds of *Yojans*, thousands of *Yojans*, hundreds of thousands of *Yojans*, millions of *Yojans*, million times millions of *Yojans* above them, even above the heavens (*dev-lok*) known as *Saudharma, Ishan, Santkumar, Mahendra, Brahma, Lantak, Mahashukra, Sahasrar, Anat, Pranat, Aran, Achyut* and the three hundred eighteen *Graiveyak Vimans* (they are in three groups having 111, 107 and 100 *Vimans* in this class of heavens) and twelve *Yojans* above the highest point of *Vijaya, Vaijayant, Jayant, Aparajit* and *Sarvarthasiddha Anuttar Vimans* is located the *Ishatpragbhara Prithvi* (*Siddhashila*). (*Ishatpragbhara Prithvi* literally means 'the land or world just before the edge'.)

This world is four million five hundred thousand (45,00,000) *Yojans* long and wide with a circumference of slightly more than fourteen million two hundred thirty thousand two hundred forty nine (1,42,30,249) *Yojans*.

१६३. ईसीपब्भाराए णं पुढवीए बहुमज्झदेसभाए अट्ठजोयणिए खेत्ते अट्ठ जोयणाइं बाहल्लेणं, तयाणंतरं च णं मायाए मायाए परिहायमाणी सव्वेसु चरिमपेरंतेसु मच्छियपत्ताओ तणुयतरा अंगुलस्स असंखेज्जइभागं बाहल्लेणं पण्णत्ता।

१६३. ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी अपने ठीक मध्य भाग मे आठ योजन मोटी है। तत्पश्चात् मोटाई में क्रमश कुछ-कुछ कम होती हुई सबसे अन्तिम किनारों पर मक्खी की पाँख से भी अधिक पतली है। उन अन्तिम किनारो की मोटाई अगुल के असंख्यातवे भाग के तुल्य कही गई है।

163. *Ishatpragbhara Prithvi* is eight *Yojans* deep at the center, tapering down to the thickness of the wings of a house-fly at its periphery. It is said that the thickness of these edges is equal to the innumerable fraction of an *Angul*.

ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी के बारह नाम

१६४. ईसीपब्भाराए णं पुढवीए दुवालस णामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा-ईसी इ वा, ईसीपब्भारा इ वा, तणू इ वा, तणुतणू इ वा, सिद्धी इ वा, सिद्धालए इ वा, मुत्ती इ वा, मुत्तालए इ वा, लोयग्गे इ वा, लोयग्गथूभिगा इ वा, लोयग्गपडिबुज्झणा इ वा, सव्वपाण-भूय-जीव-सत्तसुहावहा इ वा।

१६४. ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी के बारह नाम कहे गये है, जो इस प्रकार है-

(१) ईषत्, (२) ईषत्प्राग्भारा, (३) तनु, (४) तनुतनु, (५) सिद्धि, (६) सिद्धालय, (७) मुक्ति, (८) मुक्तालय, (९) लोकाग्र, (१०) लोकाग्रस्तूपिका, (११) लोकाग्रप्रतिबोधना, (१२) सर्वप्राणभूतजीवसत्त्वसुखावहा।

TWELVE NAMES OF ISHATPRAGBHARA PRITHVI

164. *Ishatpragbhara Prithvi* is said to have twelve names. They are as follows—

(1) *Ishat*, (2) *Ishatpragbhara*, (3) *Tanu*, (4) *Tanutanu*, (5) *Siddhi*, (6) *Siddhalaya*, (7) *Mukti*, (8) *Muktalaya*, (9) *Lokagra*, (10) *Lokagrastupika*, (11) *Lokagrapratibodhana*, (12) *Sarva-praan-bhoot-jiva-sattva-sukhavaha*

चित्र परिचय-११

Illustration No. 11

सिद्ध शिला में सिद्धो का निवास

गणधर इन्द्रभूति भगवान से पूछते है-भन्ते ! सिद्ध आत्मा कहाँ निवास करती है ?

उत्तर मे भगवान महावीर कहते है-तिर्यक् लोक से करोडो योजन ऊपर जाने पर सौधर्म कल्प आदि बारह देव विमान है। इनसे करोडो योजन ऊपर नवग्रैवेयक विमान है। ग्रैवेयक विमानो से अनेक योजन ऊपर पाँच अनुत्तर विमान है। इन पाँच विमानो मे अनेक देव निवास करते है। इनमे सबसे ऊपर सर्वार्थ सिद्ध विमान है। उसके सर्वोच्च शिखर से बारह योजन ऊपर ईषत् प्राग्भारा पृथ्वी है। यह पृथ्वी पैतालीस लाख योजन लम्बी-चौडी है। इसकी कुल परिधि एक करोड बयालीस लाख तीस हजार दो सौ उनचास (१,४२,३०,२४९) योजन से कुछ अधिक है।

यह पृथ्वी ठीक मध्य भाग मे आठ योजन मोटी है। फिर दोनो तरफ क्रमश पतली होती-होती सबसे अन्तिम किनारो पर मक्खी की पाँख से भी अधिक पतली है। (यह उलटे रखे छत्र के आकार की है)

मनुष्य लोक से देह त्याग कर जो आत्मा अष्टकर्म मुक्त होकर वहाँ जाते है, वे उसी त्यक्त देह की घनाकार ठोस आकृति मे पूर्व देह के तिहाई भाग कम अवगाहना मे स्थित होते है।

एक सिद्ध की अवगाहना मे अन्य अनन्त सिद्धो की अवगाहन अवगाढ समाहित हो जाती है। अमूर्त तथा अगुरु-लघु होने से उनमे किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नही होती। ये सभी आत्मा केवलज्ञान-केवलदर्शन के चिन्मय-ज्योति स्वरूप मे स्थित है।

-सूत्र १६३ १८०

SIDDHAS DWELLING AT SIDDHA SHILA

Ganadhar Indrabhuti asks *Bhagavan—Bhante* ! Where do the *Siddhas* reside ?

Bhagavan Mahavir replies—Millions of Yojans above the *Tiryak lok* there are twelve celestial vehicles including *Saudharm Kalp* Millions of Yojans above these are *Nava-Graiveyak Vimans* Many Yojans above these are five *Anuttar Vimans* Many gods reside in these five celestial vehicles Highest among these is the *Sarvarth Siddha Viman* Twelve Yojans above the highest point of this *Viman* is located the *Ishatpragbhara Prithvi* This world is four million five hundred thousand (45,00,000) Yojans long and wide with a circumference of slightly more than fourteen million two hundred thirty thousand two hundred forty nine (1, 42, 30, 249) Yojans

This *Prithvi* is eight Yojan deep at the center tapering down to the thickness of the wings of a house-fly at its periphery (Its shape is like an upturned umbrella)

After abandoning the body as human beings the souls that are liberated from eight type of *karmas* reach there and occupy a space one third less than that occupied by their solid earthly bodies

The space occupied by one *Siddha* is also occupied by infinite other *Siddhas* As these souls are formless and non-gross or subtle there is no problem in their occupying the same space All these souls exist in an eternal glow-like state of *Keval Jnana* and *Keval Darshan*

—Sutra 163 180

१६५. ईसीपब्भारा णं पुढवी सेया आयंसतलविमल-सोल्लिय-मुणाल-दगरय-तुसार-गोक्खीरहारवण्णा, उत्ताणयछत्तसंठाणसंठिया, सव्वज्जुणसुवण्णयमई, अच्छा, सण्हा, लण्हा, घट्टा, मट्ठा, णीरया, णिम्मला, णिप्पंका, णिक्कंकडच्छाया, समरीचिया, सुप्पभा, पासादीया, दरिसणिज्जा, अभिरूवा, पडिरूवा।

१६५. वह ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी श्वेत है, दर्पणतल के जैसी निर्मल है, श्वेत पुष्प, कमलनाल, तुषार, जल-बिन्दु (बर्फ), गाय के दूध तथा मुक्ताहार के समान श्वेत वर्ण वाली है। उलटे किए हुए छत्र जैसा उसका आकार है। वह अर्जुन स्वर्ण, श्वेत स्वर्ण-जैसी उज्ज्वल द्युतियुक्त है। वह आकाश या स्फटिक-जैसी स्वच्छ, श्लक्ष्ण (स्निग्ध), शुभ परमाणु-स्कन्धो से बनी होने के कारण कोमल तन्तुओ से बुने हुए वस्त्र के समान मुलायम, **लष्ट**-घुटे हुए वस्त्र के समान चिकनी, **घृष्ट**-तेज शाण पर घिसे हुए पत्थर की तरह मानो तराशी हुई चिकनी, **मृष्ट**-सुकोमल शाण पर घिसकर मानो पत्थर की तरह सँवारी हुई, **नीरज**-रजरहित, निर्मल, **निष्पंक**-कर्दमरहित, आवरणरहित, **समरीचिका**-सुन्दर किरणो की प्रभा से युक्त, **प्रासादीय**-चित्त को प्रसन्न करने वाली, **दर्शनीय**-देखने मे आँखो को तृप्ति देने वाली, **अभिरूप-मनोज्ञ**-मन को अपने मे रमा लेने वाली तथा **प्रतिरूप**-मन में बस जाने वाली है।

165. That *Ishatpragbhara Prithvi* is white and faultless like a mirror It is as white as *Solliya* flower, lotus stalk, dew, drop of water, snow, cow's milk and pearl necklace. Its shape is like an upturned umbrella It has a brilliant glow like that of white gold. It is clean like sky or crystal; constituted of smooth particles; it is as soft as a piece of cloth made of fine fibre (*shlakshna*); it is gossamer like polished cloth (*lasht*), it is smooth like a stone polished on a grinder (*ghrisht*), it is glossy as if honed on a fine honing wheel (*mrisht*); it is free of dust, dirt, and slime, it is without any cover, it is radiant with rays and it is delightful, spectacular, attractive and enchanting.

१६६. ईसीपब्भाराए णं पुढवीए सेयाए जोयणंमि लोगंते। तस्स जोयणस्स जे से उवरिल्ले गाउए, तस्स णं गाउयस्स जे से उवरिल्ले छब्भागे, तत्थ णं सिद्धा भगवंतो सादीया, अपज्जवसिया अणेगजाइ-जरा-मरण-जोणि-वेयणं संसारकलंकलीभाव-पुणब्भव-गब्भवास-वसही-पवंचमइक्कंता सासयमणागयद्धं चिट्ठंति।

१६६. उस शुभ्र ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी से ऊपर एक योजन पर लोकान्त है। उस योजन के ऊपर के कोस के छठे भाग (३३३ धनुष ३२ अंगुल प्रमाण स्थान पर) पर सिद्ध भगवान, जो **सादि**—आदियुक्त, **अपर्यवसित**—अनन्त काल स्थिति में विराजमान जन्म, जरा, मृत्यु आदि अनेक योनियो की वेदना, ससार के भीषण दु:ख, पुनः-पुनः होने वाले गर्भवास रूप प्रपंचों से मुक्त हो चुके हैं, अपने शाश्वत भविष्य मे सदा सुस्थिर स्वरूप मे सस्थित रहते हैं।

166. One *Yojan* above that white *Ishatpragbhara Prithvi* is the edge of the universe (*lokant* or edge of the occupied space). The *Siddhas*, who are with a beginning (*saadi*) and without an end (*aparyavasit*); who have gone beyond the agonies of birth, ageing and death in numerous genuses, who are liberated from the terrible miseries of rebirth and the complexity of stay in womb time and again; who are in their eternal and stable state of future immortality, are stationed at a level around one-sixth of the last *Kosa* (quarter *Yojan*), which is equivalent to 333 *Dhanush* and 32 *Angul*, from this edge of the universe

१६७. कहिं पडिहया सिद्धा, कहिं सिद्धा पडिट्ठिया ?
कहिं बोंदिं चइत्ता णं, कत्थ गंतूण सिज्झई ? ॥१ ॥

१६७. भगवन् ! सिद्ध भगवान किस स्थान पर प्रतिहत है—कहाँ जाकर आगे जाने से रुक जाते है ? वे कहाँ प्रतिष्ठित है—इस लोक मे शरीर को छोडकर कहाँ जाकर सिद्ध होते है ?

167. Where do the *Siddhas* halt (*pratihat*) ? Where are they stationed ? Where do they abandon their body and where do they go to become *Siddhas* ?

१६८. अलोगे पडिहया सिद्धा, लोयग्गे य पडिट्ठिया।
इह बोंदि चइत्ता णं, तत्थ गंतूण सिज्झई ॥२ ॥

१६८. सिद्ध भगवान लोक के अग्र भाग मे प्रतिष्ठित है, अत: आगे अलोक मे जाने मे रुक गये है। इस मर्त्यलोक मे ही शरीर को छोडकर वे सिद्ध स्थान मे जाकर सिद्ध होते है।

168. The *Siddhas* are stationed at the edge of the universe, thus they halt before *aloka* (unoccupied space). They abandon their earthly body on this earth only, and go to the edge of the universe to become *Siddhas* there.

१६९. जं संठाण तु इहं भवं चयंतस्स चरिमसमयंमि।
आसी य पएसघणं, तं संठाणं तहिं तस्स॥३॥

१६९. इस भव मे देह का त्याग करते समय अन्तिम समय में सिद्ध का मनुष्य क्षेत्र मे जो संस्थान था, उस सिद्ध भगवान का वह सस्थान उस सिद्ध क्षेत्र में नाक, कान, आँख आदि इन्द्रियो के पोले रिक्त स्थान भर जाने के कारण घनीभूत आकार प्रदेशघन रूप होता है। वही आकार वहाँ सिद्ध स्थान मे रहता है।

169. There they have the same compact form that they acquire during the last *Samaya* in their human body on this land of humans through the process of filling the voids of nose, ear, eyes and other organs with soul-space-points.

१७०. दीहं वा हस्सं वा, जं चरिमभवे हवेज्ज संठाणं।
तत्तो तिभागहीणं, सिद्धाणोगाहणा भणिया॥४॥

१७०. अन्तिम भव मे सस्थान चाहे दीर्घ ५०० धनुष का हो या ह्रस्व दो हाथ का हो या मध्यम अवगाहना वाला हो, लम्बा–ठिगना, बड़ा–छोटा जैसा भी आकार होता है, उससे तीसरा भाग कम मे सिद्धो की अवगाहना–अवस्थिति होती है।

170. The space occupied by the *Siddhas* is one-third less than the space occupied by their body during their last birth (500 *Dhanush* or 2 cubits or in between) irrespective of it being large or small, tall or short or medium.

१७१. तिण्णि सया तेत्तीसा, धणुत्तिभागो य होइ बोद्धव्वो।
एसा खलु सिद्धाणं, उक्कोसोगाहणा भणिया॥५॥

१७१. सिद्धो की उत्कृष्ट अवगाहना तीन सौ तेतीस धनुष तथा एक धनुष का तीसरा भाग (बत्तीस अंगुल) होती है, सर्वज्ञों ने ऐसा बतलाया है। (जिनका शरीर पाँच सौ धनुष–विस्तारमय होता है, उनकी अपेक्षा यह अवगाहना कही है।)

171. As told by the omniscients, the maximum *avagahana* (space occupied) of *Siddhas* is one-third of a *Dhanush* more than three hundred thirty three *Dhanush* (333 *Dhanush* and 32 *Anguls*). (This is in context of those whose original *avagahana* was maximum, *i.e.* 500 *Dhanush*.)

१७२. चत्तारि य रयणीओ, रयणितिभागूणियाय बोद्धव्वा।
एसा खलु सिद्धाणं, मज्झिमओगाहणा भणिया॥६॥

१७२. सिद्धो की मध्यम अवगाहना चार हाथ और एक हाथ का तीसरा भाग (सोलह अंगुल) प्रमाण होती है, ऐसा सर्वज्ञो ने निरूपित किया है। सिद्धों की इस मध्यम अवगाहना का कथन उन मनुष्यो की अपेक्षा से है, जिनकी देह की अवगाहना सात हाथ परिमाण होती है।

172. As told by the omniscients, the medium *avagahana* (space occupied) of *Siddhas* is one-third of a cubit more than four cubits (4 cubits and 16 *Anguls*). (This is in context of those whose original *avagahana* was medium, *i.e* seven cubits.)

१७३. एक्का य होइ रयणी, साहीया अंगुलाइ अट्ठ भवे।
एसा खलु सिद्धाणं, जहण्णओगाहणा भणिया॥७॥

१७३. सिद्धो की जघन्य–न्यूनतम अवगाहना एक हाथ तथा आठ अगुल होती है, ऐसा सर्वज्ञो का कथन है। यह अवगाहना दो हाथ की अवगाहना वाले जीवों की अपेक्षा से कही गई है।

173. As told by the omniscients, the minimum *avagahana* (space occupied) of *Siddhas* is one cubit and eight *Anguls* (This is in context of those whose original *avagahana* was minimum, *i e* two cubits)

१७४. ओगाहणाए सिद्धा, भवत्तिभागेण होंति परिहीणा।
संठाणमणित्थत्थं, जरामरणविप्पमुक्काणं॥८॥

१७४. सिद्ध अपने अन्तिम भव की अवगाहना से तृतीय भाग कम अवगाहना वाले होते है। उनका सस्थान–आकार किसी भी लौकिक आकार से नही मिलता। वे जन्म, जरा एव मरण से सदा के लिए मुक्त हो चुके है।

174. The *Siddhas* have an *avagahana* (space occupied) one-third less than their original avagahana during their last birth. Their constitution does not match any other constitution in this world. They are eternally liberated from birth, ageing and death.

१७५. जत्थ य एगो सिद्धो, तत्थ अणंता भवक्खयविमुक्का।
अण्णोण्णसमोगाढा, पुट्ठा सव्वे य लोगंते॥९॥

१७५. जिस सिद्ध क्षेत्र में एक सिद्ध भगवान रहते है, वहाँ भवक्षय-जन्म-मरण रूप सासारिक आवागमन नष्ट हो जाने से मुक्त हुए अनन्त सिद्ध भगवान विराजमान है, जो परस्पर अवगाढ-एक-दूसरे मे मिले हुए हैं। वे सब लोकान्त का-लोकाग्र भाग का संस्पर्श किये हुए हैं, क्योंकि अलोक में धर्मास्तिकाय नहीं है, अतः लोक के आगे गति का अभाव है।

175. Where there is one *Siddha*, there are many who have been liberated (due to the termination of cyclic incarnations in mundane state) and they all exist fused together or in a state of assimilation, touching the edge of the universe. This is because in *alok* (unoccupied space) there is an absence of motion (*dharmastikaya*) and thus it is impossible for them to move beyond *lok* (occupied space).

१७६. फुसइ अणंते सिद्धे, सव्वपएसेहि णियमसा सिद्धो।
ते वि असंखेज्जगुणा, देसपएसेहिं जे पुट्ठा॥१०॥

१७६. एक सिद्ध अपने समस्त आत्म-प्रदेशो (असख्यात प्रदेशो) द्वारा दूसरे अनन्त सिद्धो का सम्पूर्ण रूप मे संस्पर्श किये हुए स्थित हैं। इस प्रकार एक सिद्ध की अवगाहना मे अनन्त सिद्धो की अवगाहना है-एक मे अनन्त समाहित हो जाते है और उनसे भी असंख्यात गुण सिद्ध ऐसे है जो देशो और प्रदेशो से कतिपय भागो से एक-दूसरे मे समाहित, एक-दूसरे का स्पर्श किये हुए हैं।

तात्पर्य यह है कि अनन्त सिद्ध तो ऐसे हैं जो पूरी तरह एक-दूसरे में समाये हुए हैं और उनसे भी असख्यात गुणित सिद्ध ऐसे है जो देश-प्रदेश से कतिपय अंशों में, एक-दूसरे मे समाये हुए है। अमूर्त्त होने के कारण उनकी एक-दूसरे मे अवगाहना होने मे किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नही होती।

176. One *Siddha* is stationed fully touching infinite number of *Siddhas* with all his soul-space-points (innumerable space-points). Thus the space occupied (*avagahana*) by one *Siddha* is also occupied by infinite *Siddhas* at the same time. In other words infinite *Siddhas* are assimilated within one. Innumerable times more than these are *Siddhas* who are in a state of partial mutual assimilation or contact of their soul-sections (*desh*) and soul-space-points (*pradesh*).

This means that there are infinite *Siddhas* who exist in a state of complete mutual assimilation and innumerable times more than these are those who exist in a state of partial mutual assimilation. As they are formless, nothing prevents them from this mutual assimilation.

१७७. असरीरा जीवघणा, उवउत्ता दंसणे य णाणे य।
सागारमणागारं, लक्खणमेयं तु सिद्धाणं ॥११॥

१७७. सिद्ध भगवान शरीररहित है, जीवघन–सघन आत्म–प्रदेशो से युक्त तथा दर्शनोपयोग एव ज्ञानोपयोग है। केवलज्ञान की अपेक्षा वे साकार ज्ञानोपयोग एव केवलदर्शन की अपेक्षा अनाकार दर्शनोपयोगयुक्त है। यही सिद्धों का लक्षण है।

177. They are without a body. They are in a state of compacted soul-space-points having pulsating knowledge and perception. They are endowed with *Keval-jnana* or a manifest vivacity of knowledge and *Keval-darshan* or a non-manifest vivacity of perception That, in fact, is the sign of a *Siddha*.

१७८. केवलणाणुवउत्ता, जाणंती सव्वभावगुणभावे।
पासंति सव्वओ खलु केवलदिट्ठीहिणंताहिं ॥१२॥

१७८. वे सिद्ध भगवान केवलज्ञानोपयोग द्वारा सभी पदार्थों के गुणो एव उनकी अनन्त पर्यायों को जानते है तथा अनन्त केवलदर्शन द्वारा समग्र रूप मे समस्त भावो को देखते है।

178. With the help of this *Keval-jnana* they know all attributes of all substances and their infinite modes. And with the help of *Keval-darshan* they perceive all feelings and states in their totality.

सिद्धों के अनन्त अनुपम सुख

१७९. ण वि अत्थि माणुसाणं, तं सोक्खं ण वि य सव्वदेवाणं।
जं सिद्धाणं सोक्खं, अव्वाबाहं उवगयाणं ॥१३॥

१७९. सिद्धों को जो सर्वथा विघ्न बाधारहित–अव्याबाध शाश्वत सुख प्राप्त है, वह तीन लोक में न तो मनुष्यो को प्राप्त है और न समग्र देवताओं को ही उपलब्ध है।

THE INFINITE UNENDING BLISS

179. The absolutely uninterrupted and unobstructed (*avyabadh*) eternal bliss experienced by *Siddhas* is beyond the reach of any and all humans and gods in the three worlds.

१८०. जं देवाणं सोक्खं, सव्वद्धा पिंडियं अणंतगुणं।
ण य पावइ मुत्तिसुहं, णंताहिं वग्गवग्गूहिं॥१४॥

१८०. तीन काल से गुणा किया हुआ देव–सुख, यदि अनन्त बार वर्गवर्गित किया जाये तो भी वह मोक्ष–सुख के समान नही हो सकता।

180. Let the happiness of the divine beings be multiplied by three (for three periods of time) and then squared infinite times. Still it does not reach the level of the bliss of liberation.

विवेचन–इस सूत्र का भावार्थ इस प्रकार समझा जा सकता है–सर्व देवो का सुख भूत, वर्तमान तथा भविष्य तीनो कालो से गुणा करने पर त्रैकालिक सुख कहा जाता है, कल्पना करे, उस देव–सुख को यदि लोक तथा अलोक के अनन्त आकाश प्रदेशों मे एक–एक प्रदेश पर स्थापित करते–करते अनन्त आकाश के समूचे प्रदेश उससे भर जाये तब उस समस्त प्रदेशस्थ सुखो को परस्पर में गुणा करें तो वह अनन्त देव–सुख कहा जाता है। उस अनन्त देव–सुख का अनन्त से वर्ग–वर्ग किया जाये तो भी वह मोक्ष के एक क्षणभर सुख के समान नही हो सकता। अर्थात् समस्त देवो का जो त्रैकालिक सुख है, उसे अनन्त गुणा किया जाये तो भी वह सिद्ध भगवान के एक क्षण के सुख की समानता नही कर सकता।

दो समान सख्याओ का परस्पर गुणन करने से जो गुणनफल प्राप्त होता है, उसे 'वर्ग' कहा जाता है। उदाहरणार्थ पाँच का पाँच से गुणन करने पर गुणनफल पच्चीस आता है। पच्चीस पाँच का वर्ग है। वर्ग का वर्ग से गुणन करने पर जो गुणनफल आता है, उसे 'वर्गवर्गित' कहा जाता है। जैसे पच्चीस का पच्चीस से गुणन करने पर छह सौ पच्चीस गुणनफल आता है। यह पाँच का वर्गवर्गित है। गणित के इस नियम के अनुसार देवो के उक्त अनन्त सुख को यदि अनन्त बार वर्गवर्गित किया जाये तो भी वह मुक्ति–सुख के समान नही हो सकता।

Elaboration—The happiness of divine beings multiplied by three, the number representing three periods of time—past, present and future—is called *traikalik sukha* or the happiness of three periods of time Suppose this divine happiness is placed as unit on every space point This way, when all the infinite number of space-points in *lok* and *alok* (occupied and unoccupied space) are filled, the square of this infinite number of units of happiness will be called 'endless divine happiness' (*anant dev sukha*). Now if this resultant infinite number is squared the same infinite number of times it still does not amount to the momentary bliss of liberation. In other words if the happiness of all the divine beings of past, present and future is added together and squared infinite times still it does not reach the level of the bliss a *Siddha* experiences for one moment.

A number multiplied by the same number gives the square of that number For example five multiplied by five is equal to twenty five Thus twenty five is square of five The square multiplied by itself is called *'varg-vargit'* (square of square) of the original number. For example twenty five multiplied by twenty five is equal to six hundred twenty five. Thus six hundred twenty five is *'varg-vargit'* of five. Using this method if the said infinite divine happiness is square-squared infinite times. It still cannot equal the bliss of liberation

१८१. सिद्धस्स सुहो रासी, सव्वद्धा, पिंडिओ जइ हवेज्जा।
सोणंतवग्गभइओ, सव्वागासे ण माएज्जा॥१५॥

१८१. एक सिद्ध भगवान के सुख की राशि को तीनो काल के समयो से गुणित करने पर जो सुख–राशि प्राप्त होती है उसे यदि अनन्त वर्ग से विभाजित किया जाये, तब जो सुख–राशि भाग के रूप मे प्राप्त हो, वह सुख–राशि भी इतनी अधिक होती है कि सम्पूर्ण आकाश मे समाहित नही हो सकती।

181. If the quantum of bliss experienced by a *Siddha* is multiplied by the number of *Samayas* in all the three periods of time and the square root of the resultant number infinite times over is calculated, the resultant fraction of the said quantum of bliss is so large that it cannot be accommodated in the whole space.

दृष्टान्त द्वारा सुखो की उपमा

१८२. जह णाम कोइ मिच्छो, नगरगुणे बहुविहे वियाणंतो।
न चएइ परिकहेउं, उवमाए तहिं असंतीए॥१६॥

१८२. जैसे कोई म्लेच्छ–वनवासी पुरुष नगर के बहुत प्रकार के गुणो को जानता हुआ भी शब्दो से नगर के गुणो का वर्णन करने में समर्थ नही हो पाता, क्योकि वन मे वैसी कोई उपमा नही मिलती।

METAPHORIC EXPRESSION OF BLISS

182. A primitive aborigine cannot describe the attributes of a city in words because he does not come across any suitable metaphors in the forest.

१८३. इय सिद्धाणं सोक्खं, अणोवमं णत्थि तस्स ओवम्मं।
किंचि विसेसेणेत्तो, ओवम्ममिणं सुणह वोच्छं॥१७॥

१८३. उसी प्रकार सिद्धों का सुख अनुपम है। सांसारिक पदार्थों से उसकी कोई उपमा नहीं दी जा सकती। फिर भी (सामान्य जनों के बोध हेतु) विशेष रूप से उपमा द्वारा उसे समझाया जा रहा है।

183. In the same way the bliss of *Siddhas* is unparalleled and no suitable metaphors for it can be found in mundane things. Still an effort is being made to explain it with the help of some special metaphors (for the benefit of common people)

विवेचन—सूत्र १८२-१८३ मे सिद्धो के अनुपम सुख के लिए वन मे रहने वाले भील का दृष्टान्त दिया है। टीकाकारों ने इस स्थान पर निम्न दृष्टान्त का उल्लेख किया है–

एक राजा घूमने-फिरने का बडा शौकीन था। एक दिन अपने साथ कुछ सैनिक लेकर घोडे पर सवार होकर वह वन-विहार के लिए निकला। उसका घोडा पवनगामी था। हवा से बाते करता था। अत· देखते-देखते ही राजा बहुत आगे निकल गया और सैनिक बहुत पीछे छूट गये।

ग्रीष्म ऋतु की कडी धूप पड रही थी, हवा कानों व शरीर को जला डालना चाहती थी। पशु-पक्षी भी ठण्डे छायादार जगत मे शरण लिए पडे थे। ऐसे कठिन काल मे वह राजा अकेला पड गया और मार्ग भूल गया। घण्टो तक वह इधर-उधर भटकता हुआ मार्ग खोजता रहा, किन्तु मार्ग मिला ही नही। राजा थककर चूर-चूर हो गया। प्यास के मारे उसके प्राणो पर बन आई। ग्रीष्म की उस भयावह ऋतु में कही एक बूँद पानी भी उसे नही मिला। उसके प्राण छटपटाने लगे। अन्त मे थक-हारकर, उसने एक छायादार वृक्ष के नीचे ठहरकर विश्राम करना चाहा, किन्तु वह इतना अशक्त हो चुका था कि अश्व पर से उतर भी न सका। वह गिर पडा और मूर्च्छित हो गया।

सयोगवश घूमता हुआ एक वनवासी भील युवक उस स्थान पर आ पहुँचा। उसने देखा कि एक पथिक मूर्च्छित पडा है। पास ही उसका सुन्दर घोडा खडा है। उसने अनुमान लगाया–'यह पथिक प्यास से व्याकुल होकर ही मूर्च्छित हुआ है।' उसके पास शीतल जल था। जल के छीटे उसने राजा के मुख पर डाले। धीरे-धीरे राजा की चेतना लौटी। भील ने राजा को थोडा पानी पिलाया और बाद मे कुछ कन्द-मूल तथा रोटियाँ भी उसे खाने के लिए दी। इस प्रकार राजा के प्राणो की रक्षा हुई।

राजा को वे रूखी-सूखी रोटियाँ अपने छप्पन भोगो से भी अधिक सुस्वादु और अमृततुल्य लगी। भील के प्रति अत्यन्त कृतज्ञ होते हुए राजा ने कहा–"भैया ! आज तुमने मुझे नया जीवन दिया है। मुझ पर ऐसा उपकार किया है जिसे मै जीवनभर भुला नही सकता।"

भोले भील ने राजा के ये उद्‌गार सुनकर सहज भाव से उत्तर दिया–"अरे भाई, इसमें उपकार की क्या बात है। भूखे और प्यासे राहगीर को रोटी-पानी देना तो हमारा धर्म है।"

उत्तर सुनकर राजा गद्‌गद हो उठा। जगली कहे जाने वाले मनुष्य मे भी मानवता का कैसा उज्ज्वल रूप निखर रहा है। उसने स्नेहपूर्वक भील के कन्धे पर हाथ रखा और कहा–"भाई ! तुम्हारे इस नि.

स्वार्थ उपकार का बदला तो मै कभी चुका ही नही सकता। होने को मै राजा हूँ, किन्तु मै तुम्हे इस समय क्या दूँ? देखो, तुम कभी मेरे नगर मे अवश्य आना।''

''इसमे देने-लेने की क्या बात है भाई ! पानी और रोटी क्या मैंने आपके हाथ बेची है?'' भील मुस्कराता हुआ बोला।

राजा के नेत्रो मे कृतज्ञता के आँसू उमड आये। बोला-''अच्छा भाई, लेकिन तुम कभी नगर में मेरे महल पर अवश्य आना।''

भील ने राजा का आग्रह स्वीकार करते हुए कहा-''अच्छा, देखा जायेगा, कभी आऊँगा तो जरूर मिलूँगा। पर यह तो बता कि तेरा नाम-धाम क्या है? कैसे तेरा पता चलेगा? क्या तू मुझे देखकर पहचान लेगा?''

राजा को भील की भोली बातो को सुनकर हँसी आ गई, बोला-''अरे भाई ! तुम्हे क्यो नही पहचानूँगा? तुझे इस जीवन मे मै कभी भूल ही नही सकता। नगर मे आकर तू किसी से भी पूछ लेना कि राजा का घर कहाँ है? बस, मै तुझे मिल जाऊँगा।''

राजा अपने घोडे पर सवार होकर और अपने प्राणदाता भील से विदा लेकर नगर की ओर चल पडा। नगर का मार्ग उसने उस भील से पूछ लिया था। थोडी दूर जाने पर ही उसे अपने सैनिक भी मिल गये।

कुछ दिन बाद वह भील किसी काम से शहर गया। उसने सोचा-'चलो, आया ही हूँ तो उस राजा से मिल लूँ। बेचारा बार-बार कह गया था।' यह सोचकर उसने किसी से पूछा-''राजा का घर कौन-सा है?''

लोगो को उसकी मूर्खता पर बडी हँसी आई। एक ने कहा-''अरे, राजा का घर नही, महल कह।''

''अरे बाबा, महल ही सही, किन्तु वह है कहाँ, यह बताओ न।''

लोगो ने राजमहल का मार्ग बता दिया। वह भील सीधा धडधडाता हुआ वहाँ पहुँच गया। उसने देखा कि राजा का घर तो बहुत बडा है, ऊँचा है, सुन्दर है। बडा अच्छा लग रहा है। वह भीतर जाने के लिए आगे बढा तो द्वारपाल ने उसे डाँटकर रोकते हुए कहा-''अरे ! अरे ! कहाँ घुसा चला आता है?''

''यहाँ कोई राजा रहता है न?''

''हाँ, रहता है तो तुझे क्या? बडा आया राजा के पास जाने वाला। भाग यहाँ से मूर्ख, गँवार ।''

द्वारपाल न जाने उस भोले को कितना डाँटता-फटकारता और गालियाँ देता, किन्तु सयोगवश अपने महल के गवाक्ष मे बैठे राजा की दृष्टि उस भील पर पड गई। उसने द्वारपाल को रोका और स्वयं उठकर दौड़ता हुआ द्वार पर आ गया और उसे प्रेमपूर्वक हाथ पकडकर भीतर ले गया। द्वारपाल, दरबारी और दास-दासियाँ यह देखकर विस्मित हो गये।

मोक्ष सुखों की अनुपमयता
राज भवन में वनवासी
मिष्टान्न भोजन
संगीत नृत्य सुखानुभव
शब्दों से बताया नहीं जा सकता

चित्र परिचय-१२

Illustration No. 12

मोक्ष सुखों की अनुपमेयता

मोक्ष मे आत्मा कैसा सुख अनुभव करती है, इसको समझाने के लिए एक दृष्टान्त दिया गया है।

जगलो मे रहने वाला कोई वनवासी पुरुष राजा की मित्रता के कारण एकबार नगर मे आया। राजा ने उसे अपने सुन्दर सुसज्जित महलो मे ठहराया। महलो की चकाचौंध व सजावट देखकर वह चकित सा रह गया है। फिर राजा उसे अनेक प्रकार के मिष्ठान्न-पक्वान्न खिलाता है। स्वादिष्ट भोजन परोसता है और शीतल-सुगन्धित पेय आदि पिलाता है। भोजन के पश्चात् राजमहलो की कोमल शैय्या पर सोना, वहाँ नृत्य-गायन तथा दासियो की सेवा-चाकरी व विविध प्रकार के फलो व मधुर पेयो से स्वागत-सत्कार। इन सब अभूतपूर्व सुखो के अनुभव से वह मन ही मन बडा चकित-भ्रमित-सा हो गया। कुछ दिन राजभवन के सुखो का आनन्द लेकर वह अपने वन मे चला जाता है। वहाँ के वनवासी स्वजन-परिजन उससे पूछते है-तुमने वहाँ क्या खाया, पीया? कैसा स्वाद था उसका? कैसा सुख अनुभव किया? वनवासी उन सब भोगे हुए सुखो का वर्णन करना चाहता है, परन्तु उसके पास न तो शब्द है, न ही उपमा। वह उन अनुभूत सुखो का वर्णन नही कर पाता। बस यही कहता है, बहुत ही अनुपम सुख था। बडा ही आनन्द आया।

इसी प्रकार मोक्ष मे आत्मा को जिन अभूतपूर्व सुखो का अनुभव होता है, उनका वर्णन करने के लिए न तो पर्याप्त शब्द है न ही कोई यथार्थ उपमा है। इसलिए उन्हे अनुपमेय सुख कहकर बताया जाता है।

—सूत्र १८३ १८४

INCOMPARABLE BLISS OF LIBERATION

A story is narrated to explain the bliss experienced by a soul in the liberated state

An aborigine living in a jungle comes to a city to visit the king who is a friend The king took him to his beautiful and decorated palace for stay The aborigine was dumbfounded to see the grandeur and radiance of the palace When it was meal time he was served rich and tasty dishes and flavoured cold drinks After meals he enjoyed music and dance, was served a variety of fruit juices by maids, and enjoyed sleeping in the soft bed This unprecedented experience of pleasure astonished and intoxicated the aborigine Enjoying the stay for a few days he returned to the jungle There his curious friends and relatives asked him what he saw ? What he ate ? How was the taste ? How he enjoyed everything ? The aborigine wants to express his pleasurable experiences but fails to find words or metaphors to do so He was unable to express what he had experienced He just utters—"It was very good It was excellent It was fun "

Same is true for the unearthly spiritual bliss of a *Siddha* which is unique There is no suitable allegory or metaphor to convey it That is why it is called incomparable bliss

—Sutra 183 184

राजमहल की अद्भुत शोभा देखकर वह सीधासादा भील युवक भौचक्का-सा रह गया। राजा ने उसकी मालिश करवाई, स्नान कराया, सुन्दर मुलायम कपडे पहनाये। भोजन का समय जब हुआ तब रत्नजटित सोने के थालों मे अनेक प्रकार के स्वादिष्ट पकवान उसे परोसे गये। शीतल मधुर पेय पिलाये। भील के लिए यह सारी बाते इन्द्रजाल के समान ही थी।

भोजन के बाद राजा ने उसे अपने महल का शेष भाग भी दिखाया, जिसे देख-देखकर वह अपना भान ही भूल बैठा और उसे ऐसा अनुभव हुआ मानो वह किसी जादू नगरी अथवा परीलोक मे ही सैर कर रहा हो। उसके लिए यह अपने जीवन का प्रथम अनुभव था, जिसकी कल्पना भी उसने कभी न की होगी।

आनन्द मनाते हुए दो-चार दिन देखते-देखते बीत गये। किन्तु उसके बाद उसे अपने घर और परिवार की याद सताने लगी। उसे याद आने लगे अपने वे पर्वत और जगल के कन्द-मूल और फल, वह स्वतन्त्रता और शुद्ध वायु।

इसके अतिरिक्त उसके मन मे अपने माता-पिता तथा अन्य बधु-बान्धवो को इस विलक्षण सुख और आनन्द का अनुभव बताने की तीव्र लालसा भी जाग्रत हो उठी। बेचारा पहाडी भील तो था ही, नगर-सभ्यता से उसका क्या लेना-देना? अत शिष्टता-अशिष्टता का कुछ भी विचार किये बिना, वह बिना किसी से कहे, बिना राजा से मिले, अपनी लकुटिया उठाकर जगल की राह चल पडा।

एक नवीन आनन्दानुभूति के कारण उसके पैर पृथ्वी पर नही पड रहे थे। हवा मे उडता हुआ-सा वह जगलो मे जा पहुँचा। अपने स्वजन-साथियो से उसने सारी घटना का और जो कुछ भी उसने देखा, अनुभव किया, उसका वर्णन करने लगा। उत्सुक भीलो की भीड लग गई। उसने क्या देखा, क्या खाया, कैसा स्वाद था, कैसे रहा इत्यादि प्रश्नो का उत्तर देते-देते वह आखिर थक गया। वस्तुओ के नाम तो उसे याद थे नही, प्रश्नो के उत्तर मे वह इतना ही कहता रहा-"बहुत अच्छा, बहुत बढिया, बडा मजेदार था।"

वन मे पाई जाने वाली अनेक वस्तुओं के नाम ले-लेकर भील उससे पूछते-"क्या ऐसा ही था?" किन्तु वह उत्तर देता-"नही, इससे हजार गुना अधिक अच्छा था, लाख गुना अधिक स्वादिष्ट था वह!" और ऐसा कहते-कहते वह खुशी से नाच उठता था। कह देता था-"क्या था, कैसा था-कुछ न पूछो! अजीब था, बहुत बढिया।"

प्रकृति के सरल पुत्र उस भील युवक मे नागरिक सौदर्य, आनन्द तथा राजमहल के सुख और वैभव को व्यक्त करने की क्षमता नही थी। न ही उसके पास शब्द थे। न ही कोई उपमा थी। वह तो मन ही मन उन अनुभूतियो का आनन्द लेकर मग्न हो रहा था। उन अनुभूतियो को शब्दो द्वारा प्रकट करने मे वह समर्थ नहीं था।

सिद्ध भगवान को इसी प्रकार का अलौकिक आत्मानन्द तथा सुख है, जो अनुपम है। उसे किसी उपमा द्वारा बताया नहीं जा सकता।

Elaboration—Aphorisms 182 and 183 give the example of a primitive aborigine to explain the bliss of *Siddhas* However, the commentators have added the following story as an example—

A king was very fond of outings One day he went out riding a horse along with some soldiers to roam around in a forest His horse was very fast It had the speed of the wind Thus, the king soon went far ahead of the accompanying soldiers

It was the scorching sun of the summer season and the hot air was tormenting the body, specially the ears Animals and birds had also taken refuge in the shade. In such difficult conditions the king got isolated and lost his way For hours he roamed around in vain in search of an exit He was completely exhausted He was dying with thirst but could not find even a drop of water in that scorching summer afternoon. He felt as if he was going to die At last in a state of complete exhaustion he thought of stopping in the shade of a dense tree to rest But he had become so feeble that he could not even get down from the horse He fell on the ground and lost consciousness

Coincidentally an aborigine youth who was residing in that forest arrived there. He saw that a wayfarer was lying unconscious and his beautiful horse was standing nearby He at once realized that 'the wayfarer had lost his consciousness due to thirst' The aborigine carried cold water with him He sprinkled some water on the king's face. Slowly the king regained his consciousness The aborigine made him drink a little water and then gave some fruits and bread to eat Thus the king was saved

The king found the ordinary dry bread much more tasty and satiating than the rich and gourmet food he was used to. Expressing his gratitude to the aborigine, the king said—"Brother ! You have given me a new life today You have done me a favour that I cannot forget all my life "

The simple aborigine responded naturally—"Hey fellow ! Don't talk of gratitude. To provide food and water to a hungry and thirsty wayfarer is our duty"

This answer moved the king A surprisingly high degree of humanitarian values were evident in a person who was called a primitive. He placed his hand affectionately on the shoulder of the aborigine and said—"Brother ! I can never repay for this selfless obligation. Although I am a king, there is nothing I can give you at the moment I insist that whenever possible you must come to my city."

"Why do you talk of give and take ? Did I sell you the water and bread ?" The aborigine said with a smile

The king's eyes brimmed with tears of gratitude. He said—"All right, brother ! But I beseech you to come to my city and my palace "

Accepting the king's offer the aborigine said—"All right. But who knows the future However, if I happen to visit the city some time, I will certainly meet you. But tell me your name and address. How will I find you ? Will you recognize me when you see me ?"

The king laughed at this guileless statement and replied—"Hey brother ! How can I not recognize you ? I can never forget you in this life When you are in the city just ask anyone where is the house of the king ? That is enough and you will find me there "

The king sat on his horse, bid farewell to his aborigine saviour and left for his city He had asked the aborigine about the path to the city After he covered some distance he also found his soldiers.

Some days later, that aborigine went to the city for some work He thought—'Why not meet the king while I am in the city ? The poor chap had requested me many a time ' He asked some pedestrian—"Where is the house of the king ?"

People standing around laughed at his ignorance One of them said—"Stupid ! Don't say king's house, say king's palace "

"All right Let it be king's palace. But tell me where it is ?"

Someone showed him the way to the palace. The aborigine straight away went there and saw that the king's house was very large, high and beautiful It was very attractive When he stepped ahead to enter, the gatekeeper frowned and stopped him. He asked—"Stop there ! Where are you going ?"

"Doesn't some king live here ?"

"Yes, he lives here. So what ? You hardly qualify to meet the king. Go away, you fool, rustic . . !"

The guard would have further insulted and ill-treated the aborigine but luckily for him the king was sitting in the *verandah* and he happened to look down at his aborigine friend. He shouted at the guard and rushed to the gate. He affectionately held the aborigine's hand and took him inside the palace. The gatekeeper, courtiers, servants and maids all were taken aback.

The simple aborigine youth was dumbfounded to see the divine grandeur of the palace. The king arranged for his massage and bath and got him dressed in fine soft clothes. When it was meal time he was served rich and tasty dishes in gem studded golden plates He was also offered sweet and flavoured cold drinks For the aborigine all this was like a magic spell.

When the meals were over, the king took him around the palace. As the aborigine went around the palace and witnessed its gorgeousness he was stunned and felt as if he had come to some magical city or fairy land. It was his first experience of a king's palace and he could never imagine that even in his dreams.

Enjoying the stay, a few days passed unawares But after that he felt homesick and missed his family He thought of his mountain and forest and fruits and the freedom and the pristine air.

Besides these, he was filled with a burning desire to share his experience of this unique joy and pleasure with his parents and friends He was a simple aborigine of hilly area and was ignorant of the city culture. Not encumbered by any thought of social norms and etiquette, he took his staff and left without informing anyone or meeting the king

His newfound experience made him fleet-footed. He reached the forest as if floating in air. He started describing in detail the incident and what he saw and experienced. A crowd of curious aborigines gathered around asking him, what he saw, what he ate, how was the taste, how he enjoyed everything ? Answering all their questions he at last got tired. As he did not remember the names of all the things he had seen, he replied all questions uttering—"It was very good. It was excellent. It was fun."

His friends asked him pointing at various things available in the forest—"Was it like this ?" And he replied—"No ! Thousand times better than this. Hundreds of thousand times tasty than this." And he would start dancing with joy. Finally he would say—"Don't ask what it was or how it was ? It was strange but it was excellent."

A simple son of nature, that aborigine lacked the ability or knowledge to express in words the urban beauty and pleasure or the joy and grandeur of the palace. He neither had words nor any metaphors. He was happy enjoying reminiscences of his experiences. It was impossible for him to express those feelings in words.

Same is true for the unearthly spiritual bliss of a *Siddha* which is unique. There is no suitable allegory or metaphor to convey it in words.

१८४-८५. जह सव्वकामगुणियं, पुरिसो भोत्तूण भोयणं कोई।
तण्हा-छुहाविमुक्को, अच्छेज्ज जहा अमियतित्तो॥१८॥

इय सव्वकालतित्ता, अतुलं निव्वाणमुवगया सिद्धा।
सासयमव्वाबाहं, चिट्ठंति सुही सुहं पत्ता॥१९॥

१८४-१८५. जैसे कोई पुरुष अपने द्वारा चाहे गये पाँचो इन्द्रियो को तृप्त करने वाले सभी गुणो-विशेषताओं से युक्त यथेच्छित भोजन कर, भूख-प्यास से मुक्त होकर अमृतपान के समान अपरिमित तृप्ति का अनुभव करता है, उसी प्रकार सिद्ध भगवान सर्वकालतृप्त-सर्वदा परम तृप्तियुक्त, अनुपम शान्तियुक्त-सदा काल स्थिर रहने वाला तथा सभी विघ्न-बाधाओ से रहित अव्याबाध-परम सुख मे निमग्न रहते हैं।

184-185. If a person has tasted ambrosia and is free of all hunger and thirst, he feels amply satiated after eating desired food, having all qualities required to gratify all the five senses and in required quantity. In the same way a *Siddha* remains fully engulfed in the unobstructed and uninterrupted ultimate bliss that is ever satiating, extremely serene and absolutely permanent.

१८६. सिद्धत्ति य बुद्धत्ति य, पारगयत्ति य परंपरगयत्ति।
उम्मुक्ककम्मकवया, अजरा अमरा असंगा य॥२०॥

१८६. वे सिद्ध है-उन्होंने अपने सारे प्रयोजन साध लिए हैं। वे बुद्ध हैं, केवलज्ञान द्वारा समस्त विश्व का बोध उन्हें प्राप्त है। वे पारगत है, ससार-सागर को पार कर चुके हैं। वे परम्परागत हैं, वे परम्परा से प्राप्त मोक्ष के उपायों का अवलम्बन कर संसार-सागर के पार पहुँचे हुए हैं, वे उन्मुक्त-कर्मकवच हैं, जो कर्मों का कवच-आवरण उन पर लगा था, उससे वे मुक्त हो चुके है। वे अजर हैं, वृद्धावस्था से रहित हैं। अमर हैं, मृत्यु के पार के पहुँच गये हैं, तथा वे असंग हैं, सब प्रकार की आसक्तियो से तथा समस्त पर-पदार्थों के संसर्ग से रहित है।

186. They are *Siddhas* (perfect ones) as they have attained all their goals. They are *Buddhas* (enlightened ones) as they know all that is to know through omniscience. They are *Paragat* (accomplished ones) as they have crossed the ocean of mundane existence. They are *Paramparagat* (adept ones) as they have attained salvation from cycles of rebirth following the traditional

path. They are *Unmukt-karmakavach* (unveiled ones) as they are free of the armour like veil of *karmas* they had when they were born. They are *Ajar* (ageless) as they are immune to the process of ageing. They are *Amar* (immortal ones) as they have gone beyond death. And they are *Asang* (detached ones) as they are free of all attachment and involvement with all things other then the self.

१८७. णित्थिण्णसव्वदुक्खा, जाइजरामरणबंधणविमुक्का।
अव्वाबाहं सुक्खं, अणुहोंति सासयं सिद्धा॥२१॥

१८७. वे सिद्ध भगवान सब दुःखों को पार कर चुके हैं, जन्म, जरा तथा मृत्यु के बन्धन से मुक्त हैं। निर्बाध, शाश्वत सुख का अनन्त काल तक अनुभव करते रहते हैं।

187. They have gone beyond all miseries and are free of the bondage of birth, ageing and death. They experience unobstructed and uninterrupted spiritual bliss eternally.

१८८. अतुलसुहसागरगया, अव्वाबाहं अणोवमं पत्ता।
सव्वमणागयमद्धं, चिट्ठंति सुही सुहं पत्ता॥२२॥

● ओवाइयं समत्तं ●

१८८. वे सिद्ध भगवान अनुपम सुख-सागर मे लीन, बाधारहित अनुपम मुक्तावस्था को प्राप्त किये हुए अनागत काल में-भविष्य में सदा सुखों में स्थित रहते है।

● औपपातिकसूत्र समाप्त ●

188. Having attained the unobstructed unique state of liberation and engulfed in unfathomable ocean of beatitude they remain in the state of spiritual bliss for all times to come.

● AUPAPATIK SUTRA CONCLUDED ●

परिशिष्ट
APPENDIX

आगमों का अनध्यायकाल

(स्व. आचार्यप्रवर श्री आत्माराम जी महाराज द्वारा सम्पादित नन्दीसूत्र से उद्‌धृत)

स्वाध्याय के लिए आगमो में जो समय बताया गया है, उसी समय शास्त्रों का स्वाध्याय करना चाहिए। अनध्यायकाल मे स्वाध्याय वर्जित है।

मनुस्मृति आदि स्मृतियो मे भी अनध्यायकाल का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। वैदिक लोग भी वेद के अनध्यायो का उल्लेख करते हैं। इसी प्रकार अन्य आर्ष ग्रन्थों का भी अनध्याय माना जाता है। जैनागम भी सर्वज्ञोक्त, देवाधिष्ठित तथा स्वर-विद्या संयुक्त होने के कारण, इनका भी शास्त्रों मे अनध्यायकाल वर्णित किया गया है।

स्थानागसूत्र के अनुसार, दस आकाश से सम्बन्धित, दस औदारिक शरीर से सम्बन्धित, चार महाप्रतिपदा, चार महाप्रतिपदा की पूर्णिमा और चार सन्ध्या। इस प्रकार बत्तीस अनध्यायकाल माने गए हैं, जिनका संक्षेप में निम्न प्रकार से वर्णन है।

दसविहे अंतलिक्खिए असज्झाए पण्णत्ते, तं जहा—उक्कावाते, दिसिदाघे, गज्जिते, विज्जुते, निग्घाते, जुवते, जक्खालित्ते, धूमिता, महिता, रयउग्घाते।

दसविहे ओरालिए असज्झाए, तं जहा—अट्ठी, मंसं, सोणिते, असुतिसामंते, सुसाणसामंते, चंदोवराते, सूरोवराते, पडणे, रायवुग्गहे, उवस्सयस्स अंतो ओरालिए सरीरगे।

—स्थानांगसूत्र, स्थान १०

नो कप्पति निग्गंथाण वा, निग्गंथीण वा चउहिं महापाडिवएहिं सज्झायं करित्तए, तं जहा—आसाढपाडिवए, इंदमहपाडिवए, कत्तिअपाडिवाए सुगिम्हपाडिवए।

नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा, चउहिं संझाहिं सज्झायं करेत्तए, तं जहा—पढिमाते, पच्छिमाते, मज्झण्हे, अड्ढरत्ते।

कप्पइ निग्गंथाणं वा निग्गंथीण वा, चाउक्कालं सज्झायं करेत्तए, तं जहा—पुव्वण्हे अवरण्हे, पओसे, पच्चूसे।

—स्थानांगसूत्र, स्थान ४, उद्देशक २

आकाश सम्बन्धी दस अनध्याय

१. उल्कापात—तारापतन—यदि महत् तारापतन हुआ है तो एक प्रहर पर्यन्त शास्त्र-स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

२. **दिग्दाह**—जब तक दिशा रक्तवर्ण की हो अर्थात् ऐसा मालूम पडे कि दिशा मे आग-सी लगी है, तब भी स्वाध्याय नही करना चाहिए।

३. **गर्जित**—बादलो के गर्जन पर एक प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय न करे।

४. **विद्युत्**—बिजली चमकने पर एक प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय न करे।

किन्तु गर्जन और विद्युत् का अस्वाध्याय चातुर्मास मे नही मानना चाहिए। क्योकि वह गर्जन और विद्युत् प्राय ऋतु-स्वभाव से ही होता है। अत. आर्द्रा से स्वाति नक्षत्र पर्यन्त अनध्याय नही माना जाता।

५. **निर्घात**—बिना बादल के आकाश मे व्यन्तरादिकृत घोर गर्जना होने पर दो प्रहर तक अस्वाध्यायकाल है।

६. **यूपक**—शुक्ल पक्ष मे प्रतिपदा, द्वितीया, तृतीया को सन्ध्या की प्रभा और चन्द्रप्रभा के मिलने को यूपक कहा जाता है। इन दिनो प्रहर रात्रि पर्यन्त स्वाध्याय नही करना चाहिए।

७. **यक्षादीप्त**—कभी किसी दिशा मे बिजली चमकने जैसा, थोडे-थोडे समय पीछे जो प्रकाश होता है वह यक्षादीप्त कहलाता है। अतः आकाश मे जब तक यक्षाकार दीखता रहे तब तक स्वाध्याय नही करना चाहिए।

८. **धूमिका-कृष्ण**—कार्तिक से लेकर माघ मास तक का समय मेघो का गर्भमास होता है। इसमे धूम्र वर्ण की सूक्ष्म जलरूप धुंध पडती है। वह धूमिका-कृष्ण कहलाती है। जब तक वह धुंध पडती रहे, तब तक स्वाध्याय नही करना चाहिए।

९. **मिहिकाश्वेत**—शीतकाल मे श्वेत वर्ण की सूक्ष्म जलरूप धुंध मिहिका कहलाती है। जब तक यह गिरती रहे, तब तक अस्वाध्यायकाल है।

१०. **रज-उद्घात**—वायु के कारण आकाश मे चारो ओर धूल छा जाती है। जब तक यह धूल फैली रहती है, स्वाध्याय नही करना चाहिए।

औदारिक शरीर सम्बन्धी दस अनध्याय

११-१३. **हड्डी, मॉस और रुधिर**—पचेन्द्रिय, तिर्यंच की हड्डी, मॉंस और रुधिर यदि सामने दिखाई दे, तो जब तक वहाँ से यह वस्तुएँ उठाई न जाएँ, तब तक अस्वाध्याय है। वृत्तिकार आसपास के ६० हाथ तक इन वस्तुओं के होने पर अस्वाध्याय मानते है।

इसी प्रकार मनुष्य सम्बन्धी अस्थि, मॉंस और रुधिर का भी अनध्याय माना जाता है। विशेषता इतनी है कि इनका अस्वाध्याय सौ हाथ तक तथा एक दिन-रात का होता

है। स्त्री के मासिक धर्म का अस्वाध्याय तीन दिन तक तथा बालक एवं बालिका के जन्म का अस्वाध्याय क्रमशः सात एव आठ दिन पर्यन्त का माना जाता है।

१४. **अशुचि**–मल–मूत्र सामने दिखाई देने तक अस्वाध्याय है।

१५. **श्मशान**–श्मशान भूमि के चारों ओर सौ–सौ हाथ पर्यन्त अस्वाध्याय माना जाता है।

१६. **चन्द्रग्रहण**–चन्द्रग्रहण होने पर जघन्य आठ, मध्यम बारह और उत्कृष्ट सोलह प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय नही करना चाहिए।

१७. **सूर्यग्रहण**–सूर्यग्रहण होने पर भी क्रमश. आठ, बारह और सोलह प्रहर पर्यन्त अस्वाध्यायकाल माना गया है।

१८. **पतन**–किसी बडे मान्य राजा अथवा राष्ट्र–पुरुष का निधन होने पर जब तक उसका दाह–सस्कार न हो, तब तक स्वाध्याय नही करना चाहिए अथवा जब तक दूसरा अधिकारी सत्तारूढ न हो, तब तक शनै –शनैः स्वाध्याय करना चाहिए।

१९. **राजव्युद्ग्रह**–समीपस्थ राजाओ मे परस्पर युद्ध होने पर जब तक शान्ति न हो जाए, तब तक और उसके पश्चात् भी एक दिन–रात्रि स्वाध्याय नही करे।

२०. **औदारिक शरीर**–उपाश्रय के भीतर पचेन्द्रिय जीव का वध हो जाने पर जब तक कलेवर पडा रहे, तब तक तथा १०० हाथ तक यदि निर्जीव कलेवर पडा हो तो स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

२१–२८. **चार महोत्सव और चार महाप्रतिपदा**–आषाढ–पूर्णिमा, आश्विन–पूर्णिमा, कार्तिक–पूर्णिमा और चैत्र–पूर्णिमा ये चार महोत्सव है। इन पूर्णिमाओ के पश्चात् आने वाली प्रतिपदा को महाप्रतिपदा कहते हैं। इनमें स्वाध्याय करने का निषेध है।

२९–३२. **प्रातः, सायं, मध्याह्न और अर्ध–रात्रि**–प्रात सूर्य उगने से एक घड़ी पहले तथा एक घडी पीछे। सूर्यास्त होने से एक घडी पहले तथा एक घडी पीछे। मध्याह्न अर्थात् दोपहर में एक घडी पहले और एक घडी पीछे एवं अर्ध–रात्रि में भी एक घडी पहले तथा एक घडी पीछे स्वाध्याय नही करना चाहिए।

इस प्रकार अस्वाध्यायकाल टालकर दिन–रात्रि में चार काल का स्वाध्याय करना चाहिए।

INAPPROPRIATE TIME FOR STUDY OF AGAMS

Scriptures should be studied only at the appropriate time as prescribed in the *Agams*. Study of scriptures at a 'time inappropriate for studies' (*anadhyaya kaal*) is prohibited

Detailed description of *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies) is also included in *Smritis* (the corpus of *Sanatan Dharmashastra*) like *Manusmriti*. Vedic people also mention about the *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies) of the *Vedas*. This rule is applicable to other Aryan holy books. As Jain *Agams* are sermons of the Omniscient, ensconced by the *devas*, and phonetically composed, discussion about the *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies) is also included in the scriptures. For example ·

According to *Sthananga Sutra* there are thirty two slots of time defined as *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies)—ten related to sky, ten related to the gross physical body (*audarik sharira*), four relating to *mahapratipada* (the date following a specific full moon night), four relating to the date of the said full moon night, and four relating to *sandhya* (the four junctions of parts of the day, viz. morning, noon, evening, and midnight). They are briefly described as follows .

RELATING TO SKY

1. Ulkapat or Tarapatan—If a falling star or a comet is visible in the sky scriptures should not be studied for three hours following the incident.

2. Digdaha—As long as the sky looks crimson in any direction, as if there was a fire then study of scriptures should not be done.

3. Garjit—For three hours following thunder of clouds such studies are prohibited.

4. Vidyut—For three hours following lightening such studies are prohibited

However, the prohibition related to thunder and lightening is not applicable during the four months of monsoon. This is because

frequent thunder and lightening is an essential attribute of that season. Thus this prohibition is relaxed starting from *Ardra* till *Svati Nakshatra* (lunar mansion or 27/28 divisions of the ecliptic on the path of the moon).

5. Nirghat—For six hours following thunder without clouds (demonic or otherwise) such studies are prohibited.

6. Yupak—The conjunction of solar and lunar glows at twilight hour on first second and third days of the bright half of a month (*Shukla Paksha*) is called *Yupak*. During these dates such studies are prohibited during the first quarter of the night.

7. Yakshadeepti—Some times there is a lightning like intermittent glow visible in the sky. This is called *Yakshadeepti*. As long as such glow is visible in the sky such studies are prohibited.

8. Dhoomika-krishna—The months from *Kartik* to *Maagh* are months of cloud formation During this period smoky fog of suspended water particles is a frequent phenomenon. This is called *Dhoomika-krishna* As long as this fog exists such studies are prohibited.

9. Mihikashvet—The white mist during winter season is called *Mihikashvet*. As long as this exists such studies are prohibited.

10. Raj-udghat—High speed wind causes dust storm. This is called *Raj-udghat*. As long as the sky is filled with dust such studies are prohibited.

RELATING TO GROSS PHYSICAL BODY

11-13. Bone, flesh and blood—As long as bone, flesh and blood of five sensed animals are visible and not removed from sight such studies are prohibited. According to the commentator (*Vritti*) if such things are lying up to a distance of 60 yards the prohibition is effective.

This rule is applicable to human bones, flesh and blood with the amendment that the distance is 100 cubits and the effective period is one day and night. The period prohibited for studies is three days in case of a women in menstruation, seven days in case of male-child birth and eight days in case of a female-child birth.

14. Ashuchi—As long as excreta is visible and not removed from sight such studies are prohibited.

15. Smashan—Up to a distance of hundred yards in any direction from a cremation ground such studies are prohibited.

16. Chandra grahan—At the time of lunar eclipse such studies are prohibited for eight, twelve, or sixteen hours

17. Surya grahan—At the time of solar eclipse such studies are prohibited for eight, twelve, or sixteen hours.

18. Patan—On the death of a king or some other nationally eminent person such studies are prohibited as long as he is not cremated. Even after that, the period of study is kept limited as long as his successor does not take over

19. Raaj-vyudgraha—During a war between neighbouring states such studies are prohibited as long as peace does not prevail. Studies should be resumed only 24 hours after peace is established.

20. Audarik Sharir—In case a five sensed animal dies or is killed in an *upashraya* (place of stay for ascetics) such studies are prohibited as long as the dead body is not removed. This prohibition also applies if a dead body is lying within 100 yards of the place of stay

21-28. Four Mahotsavas and four Mahapratipada—*Ashadh, Ashvin, Kartik*, and *Chaitra purnimas* (the full moon days of these four months) are called great festival days The days after these festival days are called *Mahapratipada*. On all these days such studies are prohibited.

29-32. Sandhya—During the twenty four minutes preceding and following the four junctions of parts of the day, viz morning, noon, evening, and midnight such studies are prohibited.

Studies of scriptures or other holy books should be done avoiding all these *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies).

Appendix-2

Technical Terms

AUPAPATIC SUTRA

The alphabetical index of technical terms according to aphorism number

(A)

aagar dharma = householder's code (57)

Aaigaranam (Aadikaranam) = the first propounders of Jainism (20)

Aaigare (Aadikar) = the first propounder of the *shrut dharma* (Jainism) of his time [16 (a)]

aak = a plant yielding fine fibre (10)

aakar = settlement near a mine (53, 69, 70, 71, 72, 73, 75, 76, 117, 120, 121, 122, 123, 125, 130)

aaram = entertainment centers [1 (b)]

Abaddhik = a group of dissenters (122)

abharan vidhi (abharan vihim) = art of making ornaments, art of adornment (107)

Abhayadayanam (Abhayadayakanam) = those who dispel fear (20)

Abhayadaye (Abhayadayak) = he who dispels fear [16 (a)]

abhigam = codes of courtesy meant for a religious assembly (54, 55)

abhiksha laabh = to resolve to accept food only if it does not fall in the category of *bhiksha laabh* [30 (c)]

abhinibodhik (mati) jnana vinaya [30 (g)]

Abhiyogik gods = servant gods (121)

abhyahrit (abhihade) = food that is brought to the place of stay of an ascetic and given to him (96)

abhyakhyan = blaming falsely [56 (b), 87, 123]

abhyakhyan viraman = to abstain from blaming falsely [56 (b)]

abhyangan = rubbing of oils, creams and pastes (48)

abhyantar tap [30 (f)]

abhyasavartita = to sit still near spiritual guides and noble persons [30 (g)]

abhyutthan = to stand up to show respect to elders and masters when they arrive [30 (g)]

Achal (Ayal) = the unwavering [16 (a), 20]

acharya = head of the order [30 (g), 117]

achhatrak = giving up use of umbrella (116)

achit = non-living (28), free of living organisms (54, 55)

Achuyt kalp = name of a dev-lok, the twelfth heaven (37, 120, 121, 124, 161, 163)

adan-bhand-patra nikshepan = maintaining ascetic equipment including bowls (27)

adantavan = not cleaning teeth (116)

adattadan = taking without being given, act of stealing [56 (b), 57, 123, 125]

adattadan viraman = to abstain from taking without being given, to abstain from acts of stealing [56 (b)]

Adhai Dveep = the area inhabited by human beings (37)

adhikaran = means (124)

adho-lok = lower world (37)

adhyavapur (ajjhoyar) = food the quantity of which has been increased during cooking in anticipation of an ascetic's arrival (96)

adhyavasaya = assiduity (118)

adhyavasit (ajjhovavajjihit) = infatuation (111)

adrisht laabh = to resolve to accept food not seen earlier or from a donor never seen before [30 (c)]

agar (aagaar) = householder's life (23)

Agar = aloe wood, Aquillaria agallocha, fragrant herb used as incense [2 (a), 79]

Agni-kumar = a class among bhavan-vasi gods (34, 37)

aharak sharira = telemigratory body (146)

ahat = undamaged (48)

ahvaniya = suitable for charitable deeds [2 (b)]

ajar = ageless (187)

